रामजस-कालिज दिल्ली के भूतपूर्व संस्कृत-विभागाध्यक्ष,

पाणिनीय व्याकरण के अद्वितीय विद्वान्,

स्वर्गीय गुरुवर्य,

श्रद्धेय पं० गंगाराम जी शर्मा, एम०ए०, शास्त्री

की

पुण्य स्मृति में

कृतज्ञतापूर्वक सादर समर्पित

प्राक्कथन

डा० रामगोपाल के इस ग्रन्थ को इसके अधिकारी पाठकों के उपयोगार्थ प्रस्तुत करते हुए मुझे हार्दिक प्रसन्नता प्रतीत होती है, कारण, भारत की राष्ट्रभाषा हिन्दी में वैदिक भाषासंबंधी विशद जानकारी प्राप्त करा सकने वाले ग्रन्थ के निर्माण करने का यह सर्व-प्रथम और पर्याप्त रूप में सफल प्रयास है। इस ग्रन्थ के महत्त्व का प्रतिपादन करने वाला यह हेतु भारत की भाषाओं में केवल हिन्दी तक ही सीमित न रह कर उक्त सभी भाषाओं पर लागू होता है।

प्राचीन समय में वेद की एक-एक शाखा से विशेषतः सम्बन्धित होने के कारण प्रातिशाख्य कहे जाने वाले ग्रन्थों में अवश्य वैदिक भाषा के स्वरूप का उपवर्णन पाया जाता है, परन्तु एक तो वह उक्त प्रकार से एक-एक शाखा की ही परिधि के अन्दर रहता है, और साथ ही, वह ध्वनि-निरूपण, सन्धि तथा पदपाठ की किन्हीं विशेषताओं के क्षेत्र से आगे नहीं बढ़ पाता। व्याकरण के आदित्य-स्वरूप आचार्य पाणिनि ने अपने शब्दानु-शासन के आठ अध्यायों में भिन्न-भिन्न प्रकरणों के अनुसार वैदिक भाषा की सभी विशेषताओं का उल्लेख करते जाने का अत्यन्त महत्त्वपूर्ण प्रयत्न किया है। ऐसा होते हुए भी उनकी अष्टाध्यायी को विशुद्ध वैदिक व्याकरण नहीं कहा जा सकता। क्योंकि उनके नियम-निरूपण का प्रधान क्षेत्र था उनके समय के विद्वन्-मण्डल के मध्य मे व्यवहार पाने वाली संस्कृत भाषा का शिष्ट अर्थात् प्रामाणिक प्रयोग, जिससे किसी भी अंश मे भिन्न रूप में पाये जाने वाले वैदिक प्रयोग को उन्होंने व्यत्ययमात्र के रूप में निर्दिष्ट किया है, अपने मुख्य लक्ष्य के रूप में नहीं। उक्त आचार्य के समय से लेकर आज दिन तक जो कुछ भी संस्कृत में अथवा भारत की दूसरी उत्तरकालीन भाषाओं मे व्याकरणसम्बन्धी लेख-कार्य हुआ है, उसमें भी प्रथम तो वैदिक भाषा का प्रवेश है ही नहीं, और यदि कहीं कहीं हुआ भी है, तो वह उन्हीं आचार्य-प्रवर की कही बातों को व्याख्या आदि के रूप में ही हुआ है। इस लिए प्रस्तुत प्रयास अत्यन्त विशिष्ट तथा महनीय है।

प्राक्कथन

इस ग्रन्थ में एक ओर जहां पाणिनीय व्याकरण के साथ अन्य शिक्षा तथा व्याकरणसम्बन्धी प्राचीन ग्रन्थों की तुलना की गई है, वहां साथ ही आधुनिक पश्चिमी भाषा-शास्त्रियों की अभिमत धारणाओं का भी तुलनात्मक रीति से अंकित कर दिया गया है। इस कारण इस ग्रन्थ के पाठ द्वारा प्राचीन प्रणाली से व्याकरण-शास्त्र के पढ़ने पढ़ाने के कार्य में लगा हुआ विद्यारसिक वर्ग भी अपने शास्त्र से सम्बन्धित उक्त आधुनिक पश्चिमी मान्यताओं से भली भाँति परिचित हो सकेगा।

अभी इस ग्रन्थ का प्रथम भाग प्रकाशित हो रहा है जिस के छ अध्यायों में वैदिक ध्वनि सन्धि पद-पाठ, नामिक समास तथा तद्धित प्रकरणों का समावेश हुआ है। प्रत्येक प्रकरण के अन्त में जो टिप्पण दिए गए हैं, वे भी बहुत उपयोगी हैं। उनमें तुलना के लिए प्रस्तुत किए गए प्राचीन ग्रन्थों के केवल पते ही नहीं दिए गए अपितु उनके सूत्रों आदि का भी उद्धृत कर दिया गया है। इससे उक्त मूल ग्रन्थों के साथ मिलान करके अध्ययन करने के लिए पाठकों के पास यदि वे ग्रन्थ नहीं भी होंगे तो भी उनको इन टिप्पणों के द्वारा पूरा लाभ हो सकेगा। आशा है वे सब लोग अध्यापक भी और छात्र भी, जिनके उद्देश्य से इस उत्तम ग्रन्थ के योग्य लेखक ने बड़े परिश्रमपूर्वक इसका निर्माण किया है इससे पूरा पूरा लाभ उठा सकेंगे।

विश्वेश्वरानन्द वैदिक शोध संस्थान
साधु आश्रम, होशियारपुर।
विश्वबन्धु
४-८-१९६५

भूमिका

भारत में वैदिकभाषा के अध्ययन का इतिहास अतिप्राचीन है और वास्तव म भारतीय व्याकरण-शास्त्र का इतिहास वैदिकभापा के अध्ययन से प्रारम्भ होता है। जब वैदिक मन्त्रों की भाषा दुरूह तथा कठिन प्रतीत होने लगी, तब इनके व्याख्यान का प्रयास प्रारम्भ हुआ। ब्राह्मणों में वैदिक व्याख्यान का आदि रूप उपलब्ध होता है। शाकल्य प्रभृति पदकारों ने वैदिक पदों के विश्लेषण द्वारा इनके व्याख्यान को सरल करने का स्तुत्य प्रयास किया। पदपाठ के आधार पर शौनक, कात्यायन आदि प्रातिशाख्यकारों ने वैदिक पदो के शुद्ध उच्चारण, सन्धि तथा स्वर आदि के सम्बन्ध में नियम बनाये। वैदिक पदों के अर्थबोध के निमित्त निघण्टुनामक वैदिककोप का संकलन किया गया। नैरुक्तों ने अपने-अपने ढंग से निघण्टु में संकलित वैदिक पदों का निर्वचन किया। यास्कीय निरुक्त के अनेक वाक्यो से यह स्पष्ट होता है कि यास्क से पूर्व अनेक प्रसिद्ध नैरुक्त तथा वैयाकरण हो चुके थे और व्याकरणशास्त्र का अध्ययन भी इतनी प्रगति कर चुका था कि निरुक्त उसका पूरक माना जाता था। इसमें सन्देह नही कि यास्क के पूर्ववर्ती वैयाकरणों ने वैदिकभापा की विशेपताओं पर अवश्य ही विचार किया होगा। परन्तु खेद का विषय है कि यास्क के पूर्ववर्ती सभी नैरुक्तों तथा वैयाकरणों का नाम-मात्र अवशिष्ट है। और यास्कीय निरुक्त तथा पाणिनीय व्याकरण के अतिरिक्त इस विषय पर कोई प्राचीन ग्रन्थ नही मिलता है। आधुनिक विद्वानों के मतानुसार, पाणिनीय व्याकरण यास्कीय निरुक्त से अर्वाचीन है। मेरा यह मत है कि पाणिनीय व्याकरण तैत्तिरीय-प्रातिशाख्य, ऋग्वेद-प्रातिशाख्य, वाजसनेयि-प्रातिशाख्य तथा अथर्ववेद-प्रातिशाख्य (शौनकीया चतुराध्यायिका) से भी अर्वाचीन है और पाणिनीय सूत्रों के साथ इन प्रातिशाख्यों के नियमों की तुलना से इस मत का समर्थन होता है (दे० प्रथम तथा द्वितीय अध्याय की टिप्पणिया)। परन्तु डा० सूर्यकान्त द्वारा सम्पादित अथर्वप्रातिशाख्य पाणिनीय व्याकरण, वार्तिक तथा पातञ्जल महाभाष्य से भी अर्वाचीन है।

यास्क के समय तक वैदिकभाषा के साथ-साथ तत्कालीन लौकिक संस्कृत के रूपों पर भी तुलनात्मक विचार करने की प्रवृत्ति का उद्भव हो चुका था। अत

एव यास्क अपने निरुक्त में अनेक बार कहता है कि वैदिकभाषा में (अन्वध्यायम्) और तत्कालीन लौकिक सस्कृत (भाषायाम्) में ऐसा प्रयोग भेद है। तु०— निरुक्त १ ४—'नेति प्रतिषेधार्थीयो भाषायाम् । उभयमन्वध्यायम् ।'' १ ५— शश्वदिति विचिकित्सार्थीयो भाषायाम्। । नूनमिति विचिकित्सार्थीयो भाषायाम्। उभयमन्वध्यायम् ।' यद्यपि व्याकरण को मुख्य वेदाङ्ग माना गया है और वैदिक शब्दों की व्याकृति ही इस का मौलिक प्रयोजन रहा होगा तथापि ज्यों-ज्यों इस शास्त्र का विकास होता गया तत्कालीन लौकिक सस्कृत के रूपों का विवेचन भी इसका अभिन्न अङ्ग बनता गया। यही कारण है कि पाणिनीय व्याकरण में वैदिकभाषा तथा तत्कालीन लौकिक सस्कृत का समन्वित वर्णन किया गया है और इसके अधिकतर सूत्र वैदिक तथा लौकिक सस्कृत दोनों के लिये समान रूप से लागू होते हैं। वास्तव में वैदिक तथा लौकिक सस्कृत में आधारभूत मौलिक समानता है और केवल विकास-क्रम से उत्पन्न होने वाली विशेषताओं का अन्तर है। उदाहरणार्थ यदि ऋग्वेद और हितोपदेश की भाषाओं की तुलना की जाय तो इनमें बहुत विशाल अन्तर प्रतीत होता है। परन्तु ऐतिहासिक क्रम से भाषा के विकास का अन्वीक्षण करने से स्पष्ट होता है कि वैदिकभाषा की विशेषताए धीरे धीरे क्षीण होती गईं और अन्तत यह लौकिक सस्कृत की धारा में विलीन हो गई। प्राचीन वैदिकभाषा की शब्दावलि अशत भिन्न है और इसमें कुछ ऐसे शब्द मिलते हैं जो उत्तरकालीन सस्कृत में प्रयुक्त नहीं किये गये हैं। वैदिक नामों और आख्यातों के कुछ ऐसे विरल रूप भी मिलते हैं जो लौकिक सस्कृत में सर्वथा अप्राप्य हैं। इम इत्यादि अनेक वैदिक निपातों का लौकिक सस्कृत में कोई प्रयोग नहीं मिलता है। लौकिक सस्कृत के तुमुन् प्रत्यय के अर्थ में वैदिकभाषा में आधा दर्जन से अधिक प्रत्ययों का प्रयोग मिलता है। लेट् लकार का प्रयोग केवल वैदिकभाषा में मिलता है और अन्य लकारों के प्रयोग के सम्बन्ध में भी वैदिक तथा लौकिक सस्कृत में विशेष भेद है। उपसर्गों के प्रयोग के विषय में भी वैदिक और लौकिक सस्कृत का अन्तर है। इसी प्रकार सन्धि नियमों के सम्बन्ध में भी वैदिकभाषा की अपनी कुछ विशेषताए हैं। उदात्तादि स्वर भी प्राचीन वैदिकभाषा की विशेषता है। सक्षेप में यह कहा जा सकता है कि रूप-रचना तथा अन्य विशेषताओं की दृष्टि से वैदिकभाषा लौकिक सस्कृत से अधिक सम्पन्न है अर्थात् वैदिकभाषा में प्रायेण वे सब रूप मिलते हैं जो लौकिक सस्कृत में

प्रयुक्त होते हैं, और इनके अतिरिक्त वैदिकभापा में ऐसे रूप तथा प्रयोग भी उपलब्ध होते हैं जो लौकिक संस्कृत में अप्राप्य हैं। परन्तु वैदिकभापा की इन विशेपताओं का उत्तरोत्तर ह्रास होता गया। ऋग्वेद की भापा की तुलना में अथर्ववेद, यजुर्वेद तथा ब्राह्मणों की भापा में उपर्युक्त वैदिक विशेपताएं न्यूनतर हैं और कल्पसूत्रों की भापा लगभग लौकिक संस्कृत के समान है। अत एव वैदिक तथा लौकिक सस्कृत की समानताओं पर निरन्तर दृष्टि रखने वाले पाणिनि प्रभृति आचार्य साधारण नियमों का विधान करने के अतिरिक्त वैदिक तथा तत्कालीन लौकिक संस्कृत की विशेपताओं का भी उल्लेख करते हैं। पाणिनीय व्याकरण के जो विशेप नियम केवल तत्कालीन लौकिक संस्कृत के लिये लागू होते हैं, उनके साथ पाणिनि "भापायाम्" जोड़ देता है (तु० पा० ३,२,१०८; ४,१,६२, ६, १, १८१, ७,२,८८; ८,२,९८) और इसके अतिरिक्त उस समय भिन्न-भिन्न प्रदेशों मे बोली जाने वाली संस्कृत-भापा की विशेषताओं की ओर भी पाणिनि संकेत करता है, यथा—उदीचाम् (पा० ३,४,१९, ४,१,१३०.१५३. १५७; ६, ३, ३२; ७, २,४६), उशीनरेपु (पा० ४,२,११८), प्राचाम् (पा० ३,१,९०; ४,१,१७.१६०; ४,२,१२०. १२३. १३९, ७,३,१४. २४; ८,२,८६), प्राच्यभरतेपु (पा० २,४,६६; ४,२, ११३; ८,३, ७५), सौवीरेषु (पा० ४, १, १४८), सौवीर-साल्व-प्राक्षु (पा० ४,२,७६)। परन्तु तत्कालीन लौकिक संस्कृत की तुलना में वैदिकभापा की विशेपताओं का निर्देश करने वाले सूत्र अधिक हैं। जो सूत्र साधारणतया वैदिक (मन्त्रों तथा ब्राह्मणों की) भापा की विशेषता बतलाते हैं, उनके साथ पाणिनि "छन्दसि" जोड़ देता है। पाणिनीय व्याकरण के सौ से अधिक सूत्रों में "छन्दसि" का प्रयोग मिलता है और दर्जनों सूत्रों में इसकी अनुवृत्ति चलती है। "छन्दसि" के द्वारा सामान्य संकेत करके ही पाणिनि ने वैदिक भापा के विवेचन को अस्पष्ट नहीं छोड़ा है, अपितु मन्त्रभाग (तु० "मन्त्रे"—पा० २,४, ८०; ३,२, ७१, ३,३,९६; ४, ४, १२५, ६, १, १५१.२१०, ६, ३, १३१; ६, ४, ५३; "मन्त्रेपु"—पा० ६, ४, १४१; "निगमे—पा० ६, ३, ११३; ६,४, ९; ७, २, ६४, ७, ३, ८१; ७, ४, ७४) तथा ब्राह्मणभाग (तु० "ब्राह्मणे"—पा० २, ३, ६०; "अमन्त्रे"—पा० ३, १, ३४) की भापा की विशेपताओं का पृथक् उल्लेख भी किया है। और पाणिनि ने वैदिक वाङ्मय के विभिन्न ग्रन्थों की भापा की विशेपताओं का भी स्पष्ट निर्देश किया है, यथा—"ऋचि" (पा०

एव यास्क अपने निरुक्त में अनेक बार कहता है कि वैदिकभाषा में (अन्वध्यायम्) और तत्कालीन लौकिक संस्कृत (भाषायाम्) में ऐसा प्रयोग भेद है। द्र०— निरुक्त १ ४- 'नति प्रतिषेधार्थीयो भाषायाम्। उभयमन्वध्यायम्।" १, ५- शश्वदिति विचिकित्सार्थीयो भाषायाम्। । नूनमिति विचिकित्सार्थीयो भाषायाम्। उभयमन्वध्यायम् । यद्यपि व्याकरण को मुख्य वेदाङ्ग माना गया है और वैदिक शब्दों की व्याकृति ही इस का मौलिक प्रयोजन रहा होगा तथापि ज्यों-ज्यों इस शास्त्र का विकास होता गया तत्कालीन लौकिक संस्कृत के रूपों का विवेचन भी इसका अभिन्न अङ्ग बनता गया। यही कारण है कि पाणिनीय व्याकरण में वैदिकभाषा तथा तत्कालीन लौकिक संस्कृत का समन्वित वर्णन किया गया है और इसके अधिकतर सूत्र वैदिक तथा लौकिक संस्कृत दोनों के लिये समान रूप से लागू होते हैं। वास्तव में वैदिक तथा लौकिक संस्कृत में आधारभूत मौलिक समानता है और केवल विकासक्रम से उत्पन्न होने वाली विशेषताओं का अन्तर है। उदाहरणार्थ यदि ऋग्वेद और हितोपदेश की भाषाओं की तुलना की जाय तो इनमें बहुत विशाल अन्तर प्रतीत होता है। परन्तु ऐतिहासिक क्रम से भाषा के विकास का अन्वीक्षण करने से स्पष्ट होता है कि वैदिकभाषा की विशेषताएं धीरे-धीरे क्षीण होती गई और अन्ततः यह लौकिक संस्कृत की धारा में विलीन हो गई। प्राचीन वैदिकभाषा की शब्दावलि अद्भुत भिन्न है और इसमें कुछ ऐसे शब्द मिलते हैं, जो उत्तरकालीन संस्कृत में प्रयुक्त नहीं किये गये हैं। वैदिक नामों और आख्यातों के कुछ ऐसे विरल रूप भी मिलते हैं जो लौकिक संस्कृत में सर्वथा अप्राप्य हैं। तुम् इत्यादि अनेक वैदिक निपातों का लौकिक संस्कृत में कोई प्रयोग नहीं मिलता है। लौकिक संस्कृत के तुमुन् प्रत्यय के अर्थ में वैदिकभाषा में आधा दर्जन से अधिक प्रत्ययों का प्रयोग मिलता है। लेट् लकार का प्रयोग केवल वैदिकभाषा में मिलता है और अन्य लकारों के प्रयोग के सम्बन्ध में भी वैदिक तथा लौकिक संस्कृत में विशेष भेद है। उपसर्गों के प्रयोग के विषय में भी वैदिक और लौकिक संस्कृत का अन्तर है। इसी प्रकार सन्धि नियमों के सम्बन्ध में भी वैदिकभाषा की अपनी कुछ विशेषताएं हैं। उदात्तादि स्वर भी प्राचीन वैदिकभाषा की विशेषता है। संक्षेप में यह कहा जा सकता है कि रूप-रचना तथा अन्य विशेषताओं की दृष्टि से वैदिकभाषा लौकिक संस्कृत से अधिक सम्पन्न है अर्थात् वैदिकभाषा में प्रायः वे सब रूप मिलते हैं जो लौकिक संस्कृत में

कौ० के वैदिक-प्रकरणम् तथा स्वर-प्रकरणम् में वैदिकभाषा-सम्बन्धी नियमों का संग्रह करके उन का व्याख्यान किया है। इस में सन्देह नहीं कि भट्टोजिदीक्षित ने काशि० इत्यादि पूर्ववर्ती ग्रन्थों से पूर्ण सहायता ली है, तथापि अनेक स्थलों पर भट्टोजिदीक्षित का व्याख्यान काशि० के व्याख्यान से अधिक समीचीन है (दे० पृ० ३७० पर टि० ७०)। यद्यपि कहीं-कहीं काशि० तथा सि० कौ० दोनों का व्याख्यान स्वीकार्य नहीं है (दे० पृ० ३७९ पर टि० १७४), तथापि इन दोनों में दिये गये व्याख्यान वैदिकभाषा के विद्यार्थियों के लिये उपयोगी हैं। उवट, महीधर तथा सायण प्रभृति वैदिक भाष्यकारों ने अपने-अपने भाष्यों में पाणिनीय व्याकरण के आधार पर वैदिक भाषा की समस्याओं का समाधान किया है और अनेक वैदिक शब्दों के व्याख्यान में सायण आदि का काशि० तथा सि० कौ० से मतभेद है (दे० पृ० ३७९, टि० १७४; पृ० ४६६, टि० ७९; द्वितीय भाग, सप्तम अध्याय की टि० २४५, इत्यादि)। काशि० तथा सि० कौ० के अधिकतर भारतीय संस्करणों में वैदिक उदाहरणों का शुद्ध तथा सप्रमाण रूप देने का प्रयास नहीं किया गया है (उदाहरणार्थ दे० पा० ८, २, ९१ पर काशि० तथा सि० कौ० में वैदिक "व्रीहि" के अशुद्ध रूप; पृ० १५०, टि० २४ ङ)। इन ग्रन्थों के ऐसे संस्करणों की आवश्यकता है जिन में वैदिक उदाहरण शुद्ध रूप में, सस्वर तथा प्रमाण-सहित दिये गये हों।

उपर्युक्त संक्षिप्त परिचय से स्पष्ट है कि प्राचीन भारतीय विद्वानों ने वैदिक भाषा की विशेषताओं का व्याख्यान करने में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है। यह नितान्त सत्य है कि प्राचीन भारतीय विद्वानों के वैदिक भाषा-सम्बन्धी अध्ययनों के सम्यक् ज्ञान के विना कोई भी व्यक्ति वैदिकभाषा को पूर्णतया जानने का दावा नहीं कर सकता। इस के साथ यह भी मानना पड़ेगा कि वैदिक भाषा सम्बन्धी आधुनिक अनुसन्धानों के ज्ञान के विना भी वैदिकभाषा का ज्ञान अपूर्ण रहता है और तत्सम्बन्धी दृष्टिकोण संकीर्ण रहता है।

आधुनिक युग में जब पाश्चात्य विद्वान् वैदिक वाङ्मय के अनुशीलन में रुचि लेने लगे, तो प्रारम्भ में वे सायणादि के भाष्यों के आधार पर ही वैदिकभाषा को समझने का प्रयास करते थे। और विल्सन द्वारा अंग्रेजी में अनूदित ऋग्वेद इस प्रवृत्ति का परिचायक है। परन्तु कुछ काल तक वैदिक ग्रन्थों का

१ ३ १३३, ७ ४, ३९) ऋभुः" (पा० ८, ३ ८), यजुषि" (पा० १, १ ११७, ८ ३ १०४), यजुषि काठके" (पा० ७ ४ ३८)। इस के अतिरिक्त पाणिनि ने वैदिक रूपों के विषय में इतनी सूक्ष्मता से विचार किया है कि वैदिक पाद के अन्त में (तु० पा० ७ १ ५७ चतुर्थ अध्याय टि० २२७) और पाद के मध्य में (तु० पा० ८,३ १०) किस प्रकार के रूप प्रयुक्त होते हैं। ऋग्वेद की भाषा की कुछेक प्रमुख विशेषताओं पर पाणिनि ने विशेष ध्यान दिया है यथा—पा० ८ २,१०२ में ऋ० १० १२९, ५ में प्रयुक्त प्लुति के स्वर क सम्बन्ध में (दे० अनु० ४५) पा० ७ १ ४३ में ऋ० ८, २, ३७ के यजध्वैनम्" के सम्बन्ध में (दे० वदिक व्याकरण के द्वितीय भाग में अनु० २१८ तथा सप्तम अध्याय की टि० ५८) इस के अतिरिक्त दे० उपर्युक्त 'ऋचि' तथा ऋभु'। वैदिक भाषा की जो सूक्ष्म विशेषताएं पाणिनि के सूत्रों द्वारा अस्पृष्ट रह गई थीं उन में से बहुत सी विशेषताओं की ओर कात्यायन ने अपने वार्तिकों में संकेत किया है (दे० सि० कौ० का 'वैदिक-प्रकरणम्")। मैं उन विद्वानों से पूर्णतया सहमत नहीं हूं जो यह मानते हैं कि संस्कृत-भाषा के क्रमिक विकास के कारण उस में जो नये परिवर्तन आ गये थे उन का समाधान करने के लिये वार्तिक बनाये गये। वस्तु स्थिति यह है कि पाणिनीय व्याकरण वैदिक तथा लौकिक संस्कृत के शब्दों के सम्बन्ध में उपदेश करने का दावा करता है। अत एव वैदिक तथा लौकिक संस्कृत के जो शब्द पाणिनि की दृष्टि से ओझल रह गये थे उन के समाधान क लिये कात्यायन ने वार्तिक बनाये और इस प्रकार पाणिनीय व्याकरण को अधिक उपयोगी बनाया। पतञ्जलि ने अपने महाभाष्य में वैदिक भाषा-सम्बन्धी बहुत से सूत्रों तथा वार्तिकों का स्पष्ट व्याख्यान किया है और अनेक मन्त्र अंशतः उद्धृत किये हैं। पा० ३ १ ८५ 'व्यत्ययो बहुलम्" के व्याख्यान में पतञ्जलि ने एक कारिका भी दी है (दे० वदिक व्याकरण द्वितीय भाग सप्तम अध्याय की टि० ७१)। काशिकावृत्ति ने सूत्र वार्तिक तथा महाभाष्य के आधार पर वैदिक भाषा सम्बन्धी नियमों का विशद व्याख्यान किया है और वदिक वाङ्मय से उपयुक्त उदाहरण उद्धृत किये हैं। परन्तु काशि० में उद्धृत कतिपय वैदिक उदाहरणों का स्रोत मृग्य है यथा—पा० ७ १ १०— 'बहुलं छन्दसि' पर काशि० कहती है 'अत इत्युक्तमनतोऽपि भवति-नद्यैरिति"। वर्तमान वैदिक वाङ्मय में नद्यै" रूप नहीं मिलता है। भट्टोजिदीक्षित ने सि०

कौ॰ के वैदिक-प्रकरणम् तथा स्वर-प्रकरणम् में वैदिकभाषा-सम्बन्धी नियमों का संग्रह करके उन का व्याख्यान किया है। इस में सन्देह नहीं कि भट्टोजिदीक्षित ने काशि॰ इत्यादि पूर्ववर्ती ग्रन्थों से पूर्ण सहायता ली है, तथापि अनेक स्थलों पर भट्टोजिदीक्षित का व्याख्यान काशि॰ के व्याख्यान से अधिक समीचीन है (दे॰ पृ॰ ३७० पर टि॰ ७०)। यद्यपि कहीं-कहीं काशि॰ तथा सि॰ कौ॰ दोनों का व्याख्यान स्वीकार्य नहीं है (दे॰ पृ॰ ३७९ पर टि॰ १७४), तथापि इन दोनों में दिये गये व्याख्यान वैदिकभाषा के विद्यार्थियों के लिये उपयोगी हैं। उवट, महीधर तथा सायण प्रभृति वैदिक भाष्यकारों ने अपने-अपने भाष्यों में पाणिनीय व्याकरण के आधार पर वैदिक भाषा की समस्याओं का समाधान किया है और अनेक वैदिक शब्दों के व्याख्यान में सायण आदि का काशि॰ तथा सि॰ कौ॰ से मतभेद है (दे॰ पृ॰ ३७९, टि॰ १७४; पृ॰ ४६६, टि॰ ७९, द्वितीय भाग, सप्तम अध्याय की टि॰ २४५, इत्यादि)। काशि॰ तथा सि॰ कौ॰ के अधिकतर भारतीय संस्करणों में वैदिक उदाहरणों का शुद्ध तथा सप्रमाण रूप देने का प्रयास नहीं किया गया है (उदाहरणार्थ दे॰ पा॰ ८, २, ९१ पर काशि॰ तथा सि॰ कौ॰ में वैदिक "व्रीहि" के अशुद्ध रूप; पृ॰ १५०, टि॰ २४ छ)। इन ग्रन्थों के ऐसे संस्करणों की आवश्यकता है जिन में वैदिक उदाहरण शुद्ध रूप में, सस्वर तथा प्रमाण-सहित दिये गये हों।

उपर्युक्त संक्षिप्त परिचय से स्पष्ट है कि प्राचीन भारतीय विद्वानों ने वैदिक भाषा की विशेषताओं का व्याख्यान करने में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है। यह नितान्त सत्य है कि प्राचीन भारतीय विद्वानों के वैदिक भाषा-सम्बन्धी अध्ययनों के सम्यक् ज्ञान के बिना कोई भी व्यक्ति वैदिकभाषा को पूर्णतया जानने का दावा नहीं कर सकता। इस के साथ यह भी मानना पड़ेगा कि वैदिक भाषा सम्बन्धी आधुनिक अनुसन्धानों के ज्ञान के बिना भी वैदिकभाषा का ज्ञान अपूर्ण रहता है और तत्सम्बन्धी दृष्टिकोण संकीर्ण रहता है।

आधुनिक युग में जब पाश्चात्य विद्वान् वैदिक वाङ्मय के अनुशीलन में रुचि लेने लगे, तो प्रारम्भ में वे सायणादि के भाष्यों के आधार पर ही वैदिकभाषा को समझने का प्रयास करते थे। और विल्सन द्वारा अंग्रेजी में अनूदित ऋग्वेद इस प्रवृत्ति का परिचायक है। परन्तु कुछ काल तक वैदिक ग्रन्थों का

अनुशीलन करने के पश्चात् योरोपीय संस्कृतज्ञों को सायणादि भारतीय भाष्यकारों के व्याख्यान से असन्तोष होने लगा। और वे सायणादि भाष्यकारों की इस पद्धति को दोषपूर्ण समझने लगे कि वैदिकभाषा की अधिकतर गुत्थियों को सुलझाने के लिये 'व्यत्ययो बहुलम्" छन्दसि बहुलम्" वा छन्दसि" इत्यादि पाणिनीय सूत्रों का अन्धाधुन्ध प्रयोग किया जाता है और स्पष्ट अर्थ न सूझने पर एक ही शब्द के अनेक वैकल्पिक तथा काल्पनिक अर्थ सुझा दिये जाते हैं। ऐसे व्याख्यानों से तो यह सिद्ध होगा कि वैदिकभाषा में कोई निश्चित नियम नहीं हैं और वैदिक मन्त्रों का कोई निश्चित अर्थ नहीं है। पाश्चात्य विद्वानों ने यह सिद्धान्त रक्खा कि अन्य भाषाओं की भांति वैदिकभाषा में भी निश्चित नियम हैं और वैदिकमन्त्रों का निश्चित अर्थ है जिसका निर्णय स्वयं वेद की सहायता से किया जा सकता है और बाह्य भाष्यों के आधार पर नहीं। अत एव रॉट प्रभृति पाश्चात्य विद्वानों ने यह अभिमत प्रस्तुत किया कि वैदिकभाषा को समझने के लिये सायण प्रभृति भारतीय भाष्यकारों का अन्धानुकरण व्यर्थ है और इसके लिये वैदिकभाषा के स्वतन्त्र अध्ययन की आवश्यकता है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये पाश्चात्य विद्वानों ने अन्तःसाक्ष्य के आधार पर वैदिकभाषा का स्वतन्त्र अनुशीलन आरम्भ किया। और इस पद्धति के अनुसार रॉट ने वैदिकभाषा के अध्ययन में जो महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है वह St Petersburg Wort erbuch' (S P W दे० संक्षेप-सूची) के रूप में चिर-स्मरणीय रहेगा। इस ग्रन्थ ने वैदिकभाषा के अध्ययन को एक नया दृष्टिकोण प्रदान किया। इसमें प्रत्येक वैदिक शब्द का तुलनात्मक तथा ऐतिहासिक विवेचन किया गया है। इस कोष में लौकिक संस्कृत के शब्दों का विवेचन बोटलिंक द्वारा किया गया है। रॉट के पश्चात् अनेक आधुनिक विद्वानों ने वैदिकभाषा के विभिन्न पक्षों का स्वतन्त्र तथा सुव्यवस्थित अध्ययन प्रस्तुत किया है। ग्रासमैन ने अपने प्रसिद्ध ग्रन्थ Wort erbuch Zum Rigveda' (W Z R) में ऋग्वेद के प्रत्येक शब्द के प्रयोग अर्थ तथा व्याकरणविषयक वैशिष्ट्य पर विचार किया है। वैदिकभाषा के अध्ययन के इतिहास में यह अनुपम ग्रन्थ है और ऋग्वेद से भिन्न वैदिकग्रन्थों के शब्दों के व्याख्यान के लिये भी ऐसे कोष की परम आवश्यकता है। हैट्निक ने Das Altindische Verbum' (Alt V) में और अवरी ने Verb-Inflection in Sanskrit" (Avery J A O S Vol X, pp 219-

324) में वैदिकभाषा के आख्यातों के सम्बन्ध में महत्त्वपूर्ण अनुसन्धान किया है। डेल्ब्रिक प्रणीत "Altindische Syntax" (Alt. S.) वैदिकभाषा की वाक्य-रचना पर प्रकाश डालता है। वैदिकभाषा में प्रयुक्त नामिक रूपों के सम्बन्ध में लैन्मैन का लेख "Noun-Inflection in the Veda" (Lanman, J. A. O. S., Vol. X, pp. 325-602) विशेषतया उल्लेखनीय है। ह्विट्ने ने अपने सुप्रसिद्ध ग्रन्थ "Sanskrit Grammar" (Skt. Gr.) में लौकिक संस्कृत के साथ-साथ वैदिकभाषा के नियमों और विशेषताओं का सुव्यवस्थित तथा तथ्य-युक्त परिचय दिया है और इस व्याकरण के परिशिष्ट-रूपी पृथक् पुस्तक "The Roots, Verb-forms and Primary Derivatives of the Sanskrit Language" (Roots) में वैदिक तथा लौकिक संस्कृत के धातु-रूपों का प्रामाणिक वर्णन किया है। ओल्डनबर्ग ने "Die Hymnen des Rigveda Metrische und textgeschichtliche Prolegomena" (Prolegomena) तथा "Rigveda. Textkritische und exegetische Noten" (Rig. Noten) में ऋग्वेद के छन्द तथा भाषा की प्रमुख विशेषताओं पर विद्वत्तापूर्ण विचार किया है। गैल्डनर तथा पिशल ने "Vedische Studien" (Ved. St.) में चुने हुए कठिन वैदिक शब्दों के अर्थों पर अनुसन्धान किया हैं। वाकरनागल ने अपने विशाल ग्रन्थ "Altindische Grammatik" (Alt. Gr.) में वैदिक तथा लौकिक संस्कृत का ऐतिहासिक तथा तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया है। मोनियर-विलियम्स ने अपने सुविख्यात कोष " A Sanskrit-English Dictionary" (MWD.) में वैदिक तथा लौकिक संस्कृत के शब्दों के सम्बन्ध में प्रामाणिक तथ्य प्रस्तुत किये हैं और महत्त्वपूर्ण शब्दों के अर्थों के विषय में पाश्चात्य तथा प्राच्य पण्डितों के मतों का संक्षिप्त निर्देश किया है। आर्नोल्ड ने "Vedic Metre" (Ved. Mtr.) में वैदिक छन्दों का सूक्ष्म अध्ययन किया है। डा० विश्वबन्धु-कृत "वैदिक-पदानुक्रम-कोषः" में सम्पूर्ण वैदिक वाङ्मय के पदों का निश्चित परिचय दिया गया है और टिप्पणियों में महत्त्वपूर्ण पदों का विवेचन भी किया गया है। वैदिक-भाषा-सम्बन्धी अनुसन्धान के लिए यह कोष परम उपयोगी है। उपर्युक्त विद्वानों के अतिरिक्त अनेक आधुनिक विद्वानों ने वैदिक भाषा की विशेषताओं का गहन अनुशीलन करके महत्त्वपूर्ण अनुसन्धान किये हैं। परन्तु यहां पर उन सब का उल्लेख असम्भव है।

उन्नीसवीं शताब्दी के अन्त तक प्रणीत संस्कृत-व्याकरणों में वैदिक तथा लौकिक संस्कृत का परिचय एक ही ग्रन्थ में साथ-साथ दिया जाता रहा। बीसवीं शताब्दी के प्रारम्भ में वैदिकभाषा के लिये स्वतन्त्र रूप से पृथक् व्याकरण लिखने की प्रवृत्ति का प्रादुर्भाव हुआ। और १९१० ई० में मैक्डानल प्रणीत Vedic Grammar" (Ved Gr) के प्रकाशन से इस दिशा में प्रथम प्रयास का श्रीगणेश हुआ। इस के छ वर्ष पश्चात् १९१६ ई० में मैक्डानल के द्वितीय ग्रन्थ A Vedic Grammar for Students" (Ved Gr Stu) का प्रकाशन हुआ। यद्यपि मैक्डानल का द्वितीय ग्रन्थ अधिकांश में प्रथम ग्रन्थ का सक्षेप-मात्र है तथापि विद्वान् लेखक ने द्वितीय ग्रन्थ में उपयोगी परिवर्तन तथा परिवर्धन भी किये हैं और कुछ प्रकरण ऐसे भी जोड़े हैं जो प्रथम ग्रन्थ में नहीं थे (यथा—वाक्यरचना और छन्द)। १९५२ ई० में रैनू द्वारा प्रणीत Grammaire de la Langue Vedique" (Gr Lg Ved) का प्रकाशन हुआ। इन व्याकरणों में वैदिक-भाषा सम्बन्धी आधुनिक अनुसन्धानों का सारांश दिया गया है। अंग्रेजी भाषा जानने वाले वैदिक विद्यार्थियों में मैक्डानल के दोनों व्याकरण गत पचास वर्षों से सर्वप्रिय रहे हैं। परन्तु इन व्याकरणों में वैदिक-भाषा का सारा वर्णन पाश्चात्य पद्धति से किया गया है और प्राचीन भारतीय विद्वानों ने वदिक-भाषा के वर्णन में जो महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है उस की पूर्ण उपेक्षा की गई है। इस का परिणाम यह है कि जिन विद्यार्थियों का ज्ञान इन व्याकरणों तक सीमित है वे वदिक भाषा की विशेषताओं से तो परिचित हो जाते हैं परन्तु पदपाठ प्रातिशाख्यों तथा सायणादि के वदिक भाष्यों को समझने में उन्हें अवश्य काठिन्य होता है। अत एव एक ऐसे वदिक व्याकरण की आवश्यकता थी जिस में पद-पाठ, पाणिनीय व्याकरण प्रातिशाख्यों तथा वैदिकभाष्यों के मतों के साथ साथ आधुनिक अनुसन्धानों का समन्वित सार प्रस्तुत किया गया हो ताकि ऐसे वदिक व्याकरण की सहायता से विद्यार्थी वैदिक भाषा-सम्बन्धी प्राचीन भारतीय मत तथा आधुनिक अनुसन्धानों से परिचित हो सकें। इसी अभाव की पूर्ति के लिये प्रस्तुत वैदिक व्याकरण की रचना का संकल्प किया गया था और उसका प्रथम भाग आज विद्वद्वृन्द के कर-कमलों में समर्पित है। आशा है कि भगवत्कृपा और उदार निष्पक्ष तथा गुणग्राही मनीषियों के आशीर्वाद से द्वितीय भाग भी शीघ्र प्रकाशित हो सकेगा।

भूमिका

ह्विटने ने अपने संस्कृत-व्याकरण की भूमिका में लिखा है कि प्रत्येक व्याकरण अवश्य ही अधिकाश में पूर्ववर्ती व्याकरणों पर आधारित होता है।

प्रस्तुत वैदिक व्याकरण को इस साधारण नियम का अपवाद तो नही माना जा सकता, परन्तु इतना अवश्य कहा जा सकता है कि इस व्याकरण की रचना में पूर्ववर्ती व्याकरणों से पूर्ण सहायता लेने के साथ-साथ वैदिक कोषों, अनुसन्धानात्मक लेखों, प्रातिशाख्यों, वैदिकभाष्यों तथा मूल वैदिक ग्रन्थों का पूर्ण उपयोग किया गया है। इस व्याकरण में सभी उदाहरणों को मूल वैदिक ग्रन्थों से मिलाकर उद्धृत किया गया है और जहां कहीं पूर्ववर्ती व्याकरणों के उदाहरणों या नियमों से मेरा मत-भेद है, वहां पर इस बात की ओर संकेत किया गया है, यथा—पृ० ४८, ४९, ७६, १४६, १५९, १६५, १६६, १६८, १६९, २७६, ३८२ इत्यादि पर मैक्डानल के वैदिक व्याकरण के कतिपय ऐसे स्थलों की ओर संकेत किया गया है, जिन में मेरे मतानुसार संशोधन की आवश्यकता है। वैदिक व्याकरण में वैदिक पदों के अनेक ऐसे उदाहरण दिये गये हैं जो पूर्ववर्ती वैदिक व्याकरणों में नहीं दिये गये थे; यथा— एतद्, एन, अन्य, इतर तथा सर्व इत्यादि सर्वनामों के रूपों की तुलना कीजिए। परन्तु पूर्ववर्ती व्याकरणों में उद्धृत जिन वैदिक उदाहरणों का मूल स्रोत मुझे नहीं मिला है उन के सम्बन्ध में मैंने अपनी असमर्थता प्रकट की है; यथा दे०— पृ० ३७२ टि० ९०, पृ० ३९५ टि० २९४, पृ० ३८९ टि० २३८, पृ० ३७३ टि० १०२, पृ० ३६६ टि० ३५-३६, पृ० १६३ टि० ६७ ग, पृ० ३९७ टि० ३००। जो वैदिक रूप बहुत से ग्रन्थों में मिलते हैं उन के सामने ग्रन्थ-नाम का निर्देश नही किया गया है। परन्तु जो रूप वैदिकभाषा में विरल हैं या किसी एक ही ग्रन्थ में मिलते हैं उनके सामने कोष्ठक में ग्रन्थ-नाम का निर्देश किया गया है; यथा— पृ० २४० युवोः (ऋ०), पृ० २४१ युवे (अ० ७,१०९,५), पृ० २३९ युष्माः (वा० सं० १,१३; ११,४७), पृ० २५४ द्रोण्णः (शत० ब्रा० ३, ८, ३, १७)। जिस किसी वैदिक उदाहरण के व्याकरण-सम्बन्धी व्याख्यान के विषय में मतभेद है, उस का संक्षिप्त परिचय टिप्पणियों में निष्पक्ष रूप से दिया गया है और आवश्यकतानुसार लेखक ने अपना मत भी व्यक्त किया है।

पाठकों की सुविधा के लिये अंग्रेजी, जर्मन तथा फ्रैञ्च भाषा में लिखित ग्रन्थों का स्थल-निर्देश पाश्चात्य-पद्धति के अनुसार रोमन-लिपि में किया गया है

और ग्रन्थों के नाम तथा संक्षेप भी रोमन लिपि में दिये गये हैं। ऋग्वेदादि जो वैदिक ग्रन्थ स्वरांकित हैं उनसे उद्धृत पद स्वर चिह्नों के साथ दिये गये हैं और इस व्याकरण में हम ने स्वर चिह्न लगाने की उस पद्धति का ग्रहण किया है जो ऋ० अ०, वा० सं० तै० सं० तथा तै० ब्रा० में प्रचलित है अर्थात् उदात्त के लिये कोई स्वर चिह्न नहीं लगाया जाता है और यथानियम अनुदात्त तथा स्वरित का चिह्न प्रयुक्त किया जाता है (कहीं-कहीं अनुदात्त का चिह्न भी नहीं लगाया जाता है इत्यादि विस्तृत नियम वैदिक व्याकरण के "स्वर प्रकरणम्" में मिलेंगे)। अत एव सा०, मै० सं०, का० सं० तथा शत० ब्रा० से उद्धृत पदों को भी उपर्युक्त ऋग्वेदादि में प्रचलित पद्धति के अनुसार स्वरांकित किया गया है क्योंकि ऋग्वेदादि में प्रचलित पद्धति वैदिक वाङ्मय के अधिकतम ग्रन्थों में अपनायी गई है। इसलिये प्रधानता के आधार पर हम ने इस पद्धति का ग्रहण किया है और आधुनिक विद्वानों के पथ का अनुसरण नहीं किया है जिसके अनुसार केवल उदात्त तथा स्वतन्त्र स्वरित (Independent Svarita) का चिह्न लगाया जाता है। इस ग्रन्थ में वैदिक पदों का स्वर मूल वैदिक प्रयोग के अनुसार ही दिखलाया गया है उदाहरणार्थ यदि किसी सम्बोधन या आख्यात पद के सभी वैदिक प्रयोग सर्वानुदात्त हैं तो उन्हें सर्वानुदात्त ही दिखलाया गया है यथा पृ० ३११ पर <u>रथ्या</u> <u>रथ्य</u>। वैदिक व्याकरण में प्रयुक्त महत्त्वपूर्ण पदों की अनुक्रमणी सम्पूर्ण व्याकरण के अन्त में जोड़ी जायगी।

इस बात पर पूरा ध्यान दिया गया है कि मुद्रण की कोई अशुद्धि न रहने पाये और यह विशेष प्रसन्नता तथा गौरव का विषय है कि इतने स्वर चिह्नों तथा अङ्कों के होते हुए भी मुद्रण की अशुद्धियां लगभग नगण्य हैं। बीस के लगभग जो अशुद्धियां रह गई हैं उनका शुद्धिपत्र जोड़ दिया गया है। परन्तु मुद्रण के समय मशीन में ए ऐ आदि की मात्राएं तथा हलन्त चिह्नों के टूटने से जो शब्द कहीं-कहीं अज्ञात विकृत हो गये हैं उन्हें अशुद्धियों में नहीं गिनाया गया है क्योंकि पाठकों को इनसे कोई भ्रान्ति नहीं हो सकती। विश्वेश्वरानन्द वैदिक शोध-संस्थान प्रेस तथा पं० देवदत्त शास्त्री ने इस ग्रन्थ के शुद्ध मुद्रण में मुझे सराहनीय सहयोग दिया है जिसके लिये मैं इनका आभारी हूं।

जिन विद्वानों के ग्रन्थों तथा लेखों से हम ग्रन्थ की रचना में सहायता ली गई है टिप्पणियों में उन सबका यथावत् उल्लेख किया गया है और उन

भूमिका

सबके प्रति मैं पुनः अपनी कृतज्ञता प्रकट करता हूं। डा० विश्वबन्धु के प्रति विशेष आभार का प्रदर्शन करना मैं अपना सुखद कर्त्तव्य समझता हूं, क्योंकि इन्होंने अपने सुविख्यात "वैदिकपदानुक्रमकोषः" के द्वारा दिये गये साहाय्य के अतिरिक्त वैदिक व्याकरण के लिये प्राक्कथन लिख कर मुझे विशेषतया अनुगृहीत किया है। अन्ततः मैं अपने श्रद्धेय गुरुवर्य स्वर्गीय पं० गंगाराम शर्मा तथा स्वर्गीय डा० लक्ष्मीधर के प्रति अपनी विनम्र श्रद्धाञ्जलि समर्पित करता हूं जिनके अमर आशीर्वाद से इस ग्रन्थ की रचना सम्भव हो सकी है। पं० गंगाराम शर्मा ने जिस स्नेह तथा सौहार्द से मुझे पाणिनीय व्याकरण के मर्म समझाये उसके बिना संस्कृतभाषा का मौलिक ज्ञान असम्भव था। भाषा के मौलिक ज्ञान के अभाव में विद्यार्थी प्रायः अनुवादों के अनुचर बने रहते हैं। डा० लक्ष्मीधर ने जिस ऐतिहासिक, आलोचनात्मक, तुलनात्मक तथा निष्पक्ष दृष्टिकोण का उद्बोधक दर्शन प्रदान किया उसके बिना वैदिक व्याकरण का वर्तमान रूप असम्भव था। दिल्ली-विश्वविद्यालय के संस्कृत एम० ए० में लब्धांकों का नया रेकार्ड स्थापित करने और पं० रघुवरदयाल-स्मारक-स्वर्णपदक तथा पं० गौरीशंकर-जेतली-स्वर्ण-पदक प्राप्त करने का जो उत्कर्ष मुझे प्राप्त हुआ उसका श्रेय श्रद्धेय गुरुवर्यों के प्रेरणापूर्ण वैदुष्य तथा विद्यावर्धक प्रोत्साहन को ही है। दिल्ली-विश्वविद्यालय के आल-इण्डिया-रिसर्च-फैलो के रूप में डा० लक्ष्मीधर के पुनीत चरणों में बैठ कर दो वर्ष तक इनकी ज्ञानधारा से तृप्ति प्राप्त करने का जो अनुपम अवसर प्राप्त हुआ और इनके विद्वत्तापूर्ण पथ-प्रदर्शन के फलस्वरूप दिल्ली-विश्वविद्यालय की प्रथम संस्कृत पी-एच० डी० उपाधि प्राप्त करने का जो गौरवपूर्ण सुयोग मिला उसके लिये मैं सर्वदा कृतज्ञ रहूंगा।

इस ग्रन्थ में सुधार के प्रत्येक सुझाव का मैं सहर्ष स्वागत करूंगा और आगामी संस्करण में सभी उपयोगी सुझावों के लिये विद्वानों के प्रति कृतज्ञता का प्रकाशन करूंगा।

पंजाब-विश्वविद्यालय,

चण्डीगढ़.

रामगोपाल

१ जून, १९६५.

विषय-सूची

संक्षेप-सूची

अ०=अथर्ववेदसंहिता (शौनकशाखा)
अदा०=अदादिगण
अनु०=अनुच्छेद (Paragraph)
अ प्रा =अथर्ववेदप्रातिशाख्य (ह्विटने-सम्पादित)
अ० प्रा० (सूर्यकान्त) = अथर्वप्रातिशाख्य (डा० सूर्यकान्त-सम्पादित)
अमो० शि०=अमोघानन्दिनी शिक्षा
अव्य०=अव्यय
अस०=अव्ययीभावसमास
आ०=आत्मनेपद
आप० गृ० सू०=आपस्तम्बगृह्यसूत्र
आप० ध० सू०=आपस्तम्बधर्मसूत्र
आप० श्रौ० सू =आपस्तम्बश्रौतसूत्र
आलि =आलिङ्
आश्व० गृ सू =आश्वलायनगृह्यसूत्र
आश्व० श्रौ० सू =आश्वलायनश्रौतसूत्र
इ० या =इण्डो योरोपीय (मूलभाषा)
उ या उ० पु०=उत्तम पुरुष
उप०= उपनिषद्
उप स०=उपपदसमास
ऋ =ऋग्वेदसंहिता
ऋ० प्रा =ऋग्वेदप्रातिशाख्य
ए०=एकवचन
ऐ० आ =ऐतरेयारण्यक
ऐ उप =ऐतरेयोपनिषद्
ऐ० ब्रा =ऐतरेयब्राह्मण
क० प्र =कर्मप्रवचनीय
कपि० स =कपिष्ठलसंहिता
कवा०=कर्मवाच्य
कान =कानजन्त
काशि०=काशिकावृत्ति
का० शि०=कात्यायनी शिक्षा
का० श्रौ०=कात्यायनश्रौतसूत्र
का स०=काठकसंहिता
के० शि०=केशवी शिक्षा
कौ० उप०=कौषीतकि उपनिषद्
कौ० ब्रा०=कौषीतकि-ब्राह्मण
कौशि =कौशिकसूत्र
क्रि०=क्रियापद
क्रि० वि०=क्रियाविशेषण
क्र्या०=क्र्यादिगण
क्त =क्तवन्त
खि०=खिलसूक्त
ग० स =गतिसमास
गृ सू०=गृह्यसूत्र
गो० गृ० सू =गोभिलगृह्यसूत्र
गो० ब्रा =गोपथब्राह्मण
गौ० ध सू०= गौतमधर्मसूत्र
च =चतुर्थी विभक्ति
चु =चुरादिगण
छा० उप =छान्दोग्योपनिषद्
जु =जुहोत्यादिगण
जै० ब्रा =जैमिनीयब्राह्मण
जै० स =जैमिनीयसंहिता
टि०=टिप्पणी

तना०=तनादिगण
त० बो०=तत्त्वबोधिनी टीका (सि० कौ० पर)
त० स०=तत्पुरुषसमास
तु०=तुलना कीजिये
तुदा०=तुदादिगण
तृ०=तृतीया विभक्ति
तै० आ०=तैत्तिरीयारण्यक
तै० प्रा०=तैत्तिरीयप्रातिशाख्य
तै० ब्रा०=तैत्तिरीयब्राह्मण
तै० सं=तैत्तिरीयसंहिता
दि०=दिवादिगण
दे०=देखिये
द्वि०=द्विवचन
द्विती०=द्वितीया विभक्ति
ध० सू०=धर्मसूत्र
धापा०= पाणिनीयधातुपाठ
न०=नपुंसकलिङ्ग
ना०=नामपद
ना० धा०=नामधातु
नि०=निपात
प०=परस्मैपद
पं०=पंचमी विभक्ति
पं० ब्रा०=पंचविंशब्राह्मण
पपा०=पदपाठ
पा०=पाणिनीयाष्टाध्यायी
पाभे०=पाठभेद
पा० शि०=पाणिनीयशिक्षा
पुं०=पुँल्लिङ्ग
पृ०=पृष्ठ
पै० सं०=पैप्लादसंहिता
प्रथ०=प्रथमा विभक्ति
प्र० या प्र० पु०=प्रथम पुरुष
प्र० सू०=प्रतिज्ञासूत्र
प्रा० शि०=प्रातिशाख्यशिक्षा
ब० या बहु०=बहुवचन
बस०=बहुव्रीहिसमास
बृ० उप०=बृहदारण्यकोपनिषद्
बृ० दे०=बृहद्देवता
बौ० गृ० सू०=बौधायनगृह्यसूत्र
बौ० श्रौ० सू०=बौधायनश्रौतसूत्र
ब्रा०=ब्राह्मणग्रन्थ
भा० गृ० सू०=भारद्वाजगृह्यसूत्र
भा० श्रौ० सू०=भारद्वाजश्रौतसूत्र
भा० वि०=भाषाविज्ञान (डा० मंगलदेव शास्त्रिकृत)
भ्वा०=भ्वादिगण
म० या म० पु०=मध्यमपुरुष
महाभा०=महाभाष्य (पातञ्जल)
मा० गृ० सू०=मानवगृह्यसूत्र
मा० शि०=माण्डूकीशिक्षा
मा० श्रौ० सू०=मानवश्रौतसूत्र
मु० उप०=मुण्डकोपनिषद्
मै० सं०=मैत्रायणीसंहिता
य०=यजुर्वेद
या० शि०=याज्ञवल्क्यशिक्षा
रुधा०=रुधादिगण
ल० शि०=लघुमाध्यन्दिनीयशिक्षा
ल० शे०=लघुशब्देन्दुशेखर
ला० श्रौ०=लाट्यायनश्रौतसूत्र
लि०=लिट्
लु०=लुङ्

लृ =लृट्
ले॰=लेट्
लो॰=लोट्
लो शि॰=लोमशी शिक्षा
व प्र॰ शि =वर्णरत्नप्रदीपिका शिक्षा
वा॰ प्रा =वाजसनेयिप्रातिशाख्य
वा॰ स =वाजसनेयिसंहिता(माध्यन्दिनी)
वा॰ स का॰=वाजसनेयिसंहिता (काण्व शाखा)
वि =विशेषण
विमू या वि॰ मू =विधिमूलक लकार (Injunctive)
विलि॰=विधिलिङ्
वै =वैदिक
वै गृ सू =वैखानसगृह्यसूत्र
वै॰ प को =वैदिकपदानुक्रमकोष (डा॰ विश्वबन्धुकृत)
वै स्व॰ मी =वैदिकस्वरमीमांसा (प॰ युधिष्ठिरमीमांसककृत)
शत्र =शत्रन्त
श ब्रा॰ या शत॰ ब्रा =शतपथब्राह्मण
शां आ =शाङ्खायनारण्यक
शां गृ॰ सू॰=शाङ्खायनगृह्यसूत्र
शां॰ श्रौ॰ सू =शाङ्खायनश्रौतसूत्र
शान =शानजन्त या शाननन्त
शि॰ स=शिक्षासंग्रह (प॰ युगलकिशोर व्याससम्पादित)
श्रौ॰ सू॰=श्रौतसूत्र
श्वे॰ उप =श्वेताश्वतरोपनिषद्
ष॰=षष्ठी विभक्ति
ष॰ ब्रा =षड्विंशब्राह्मण
सं =संहिता
स॰=सप्तमी विभक्ति
सना =सर्वनाम
स॰ श्रौ॰ सू॰=सत्याषाढश्रौतसूत्र
सम्बो =सम्बोधन
सा॰=सामवेद
सि कौ॰=वैयाकरणसिद्धान्तकौमुदी (बालमनोरमातत्त्वबोधिनीटीका सहित मोतीलाल बनारसीदास दिल्ली)।
स्त्री =स्त्रीलिङ्ग
स्वा =स्वादिगण
हि॰ गृ॰ सू =हिरण्यकेशिगृह्यसूत्र

AIOC = All India Oriental Conference (Proceedings)
Alt S = Altindische Syntax von B Delbruck Halle 1888
Alt V = Das Altindische Verbum von B Delbruck, Halle 1874
A Prat or Pr = The Atharva Veda Prātiśākhya translated by W D Whitney (JAOS Vol VII)
Arm = Armenian
Av = Avesta
Avery = Verb Inflection in Sanskrit by J Avery (JAOS Vol X, pp 219–324)

संक्षेप-सूची

Critical Studies = Critical Studies in the phonetic observations of Indian grammarians by S Varma, London, 1929.

f. n = footnote.

Germ. = German.

Gk. = Greek.

Goth. = Gothic.

Gr. Lg. Ved. = Grammaire de la Langue Vèdique par L. Renou, Paris, 1952.

H. S. L. = A History of Sanskrit Literature by A. A. Macdonell, Fifth Edition Delhi, 1958.

Hitt. = Hittite.

HOS. = Harvard Oriental Series.

Ind. Stu. = Indische Studien, herausgegeben von A Weber

I-Ir = Indo-Iranian.

Ind V. K. = India of Vedic Kalpa Sūtras by Ram Gopal, Delhi, 1959.

JAOS = Journal of the American Oriental Society.

Lat = Latin

Ling. Intr. = Linguistic Introduction to Sanskrit by B K. Ghosh, Calcutta, 1937.

Lith. = Lithunian.

MWD. = A Sanskrit-English Dictionary by Sir Monier Monier-Williams, Reprint of IInd Edition Oxford, 1956.

N = Note

N. I. V. = Noun-Inflection in the Veda by C. R Lanman (JAOS, Vol. X, pp. 325-601).

O. Sl. = Old Slavonic.

N V. N. = Notes on Vedic Noun-Inflection by F. B. J Kuiper.

p = page.

Phon. An Ind = Phonetics in ancient India by W S. Allen, Oxford, 1953.

Prolegomena = Die Hymnen des Rigveda, I Metrische und textgeschichtliche Prolegomena von H Oldenberg, Berlin, 1888

Rig Noten = Rigveda Textkritische und exegetische Noten von H Oldenberg Berlin, 1909–12

Roots = The Roots Verb Forms and Primary Derivatives of the Sanskrit Language by W D Whitney, Reprint Delhi 1963

SBE = Sacred Books of the East.

Skt Gr = Sanskrit Grammar by W D Whitney, Seventh Issue, 1950

Skt Lg = The Sanskrit Language by T Burrow, London 1955

SPW = *Sanskrit Worterbuch von O Bohtlingk* und R. Roth St Petersburg 1852–1875 (popularly called St Petersburg Worterbuch)

Tait Prat or Pr = The Taittiriya Prātiśākhya translated by W D Whitney (JAOS Vol IX)

Ved Gr = Vedic Grammar by A A Macdonell Strassburg 1910

Ved Gr Stu = A Vedic Grammar for Students by A A Macdonell, Oxford 1916

Ved Mtr = Vedic Metre in its historical development by E V Arnold, Cambridge 1905

Ved Stu = Vedische Studien von R Pischel und K. Geldner Stuttgart 1889–1901

Ved Skt S = Vedische und Sanskrit-Syntax von J Speyer Strassburg, 1896

W Z R = Worterbuch Zum Rigveda von H Grassmann, Leipzig 1873

Zd = Zend

ZDMG = Zeitschrift der Deutschen Morgenlandischen Gesellschaft

शुद्धि-पत्र

पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
७६	३ (नीचे से)	अनुमार	अनुस्वार
८३	१८	भुवन्तूक्षर्ण	भुवन्तूत्तर्णः
८४	७	इन्द्र	इन्द्रं
११७	१२	देवर्ष्पिट्	देवीष्पट्
१२२	१९	द्रूडाश्	दूडाश्
१३१	१६	तन्वंम्	तुन्वंम्
१३१	१८	विभ्र्वम्	विभ्र्वम्
१९९	८	प्र० ए०	प्रथ० ए०
२०५	१३	टि० ९०	अनु० ९०
२०६	२ (नीचे से)	इतिं मीळ्हुषे	इतिं मीळ्हुषें
२१६	८ (नीचे से)	द्यावापृथिवी	द्यावापृथिवी
२२०	१२	अक्ताङ्ग	अशक्ताङ्ग
२२१	२	अजादि । असर्वनामस्थान	अजादि असर्वनामस्थान
२२५	२ (नीचे से)	उरु-व्यञ्च्	उरु व्यञ्च्
२३२	१०	द्वि०	द्विती०
२३४	४	पादः	पार्दः
२३५	९	द्वि०	द्विती०
२३६	१२	उपर्वुध	उपर्वुधं
२८७	१४	प्रियाणाम्	प्रियाणाम्
२९३	१३	स० ए०	स० व०
३१६	११	प्र० ए०	प्रथ० ए०
३१९	९	प्रातिपादिकों	प्रातिपदिकों

प्रथमोऽध्यायः

ध्वनि-प्रकरणम्

१. वर्ण-समाम्नायः (Alphabet)

१. वैदिक भाषा के वर्ण-समाम्नाय में बावन ऐसे वर्ण मिलते है जिन का लिखित आकार निश्चित है, और इन के अतिरिक्त भी कुछ विशिष्ट ध्वनिया हैं जिन का पूर्ण वर्णन नीचे किया गया है[१]। इस सम्बन्ध मे यह तथ्य विशेषतया उल्लेखनीय है कि ळ, ळ्ह को छोड़ कर शेष पचास वर्ण लौकिक संस्कृत में भी ज्यों के त्यों मिलते है। इन निश्चित आकार वाले बावन वर्णों मे से तेरह स्वर और उन्तालीस व्यञ्जन है। जिन वर्णों के उच्चारण मे अन्य वर्णों की सहायता अपेक्षित न हो, उन्हें स्वर कहते हैं और जिन वर्णों का उच्चारण स्वरों पर आश्रित हो वे व्यञ्जन कहलाते हैं[१क]। स्वरों तथा व्यञ्जनो का विस्तृत वर्णन निम्नलिखित है।

२. **स्वर (Vowels)**—वैदिक भाषा के स्वरों को दो श्रेणियों मे प्रविभक्त किया जाता है—(१) समानाक्षर और (२) सन्ध्यक्षर। अ आ इ ई उ ऊ ऋ ॠ ऌ समानाक्षर (Simple Vowels) कहलाते है और ए ओ ऐ औ के लिए सन्ध्यक्षर (Diphthongs) संज्ञा का प्रयोग किया जाता है। प्रातिशाख्यो में इन सब के लिए स्वर तथा अक्षर दोनो संज्ञाओं का प्रयोग मिलता है। परन्तु पाणिनीय व्याकरण मे इनके लिए अच् प्रत्याहार का प्रयोग किया गया है। इन स्वरो मे अ इ उ ऋ ऌ ह्रस्व हैं और शेष सब दीर्घ है। जिस स्वर के उच्चारण में एक मात्रा का समय लगता है उसे ह्रस्व कहते हैं और जिस के उच्चारण में दो मात्रा का समय लगे वह दीर्घ कहलाता है। यह बात विशेषतया उल्लेखनीय है कि ऌ का दीर्घ नहीं मिलता है[१]। जब किसी स्वर के उच्चारण मे तीन[१क] मात्रा का समय लगे, तब उसे प्लुत कहते हैं। लेखबद्ध

संहिताओं में प्लुति के बहुत थोड़े उदाहरण मिलते हैं यथा—ऋ० प्रा० (१ ३१) के अनुसार ऋ० में प्लुति के केवल तीन (१० १२९ ५ १ १४ १) उदाहरण मिलते हैं। अ० प्रा० (१ १०५) के अनुसार अ० में प्लुति के पन्द्रह उदाहरण मिलते हैं। वा० प्रा० (२,५० ५४) ने वा० सं० (८ १० २३ ८ ४९ ३३,७४ ४०,१७) में प्लुति के सात उदाहरण बतलाए हैं। तै० सं० में प्लुति के लगभग चालीस उदाहरण मिलते हैं (दे० JAOS IX p 323)। प्लुत प्रयोगों के सम्बन्ध में देखिए अनु० ४५क।

३ व्यञ्जन—वैदिक भाषा में निम्नलिखित व्यञ्जनों का प्रयोग मिलता है।

(क) स्पर्श —
- (१) कवर्ग—क् ख् ग् घ् ङ्।
- (२) चवर्ग—च् छ् ज् झ् ञ्।
- (३) टवर्ग—ट् ठ् ड् (ळ)[१] ढ् (ळ्ह)[१] ण्।
- (४) तवर्ग—त् थ् द् ध् न्।
- (५) पवर्ग—प् फ् ब् भ् म्।

(ख) अन्तस्था —य् र् ल् व्।

(ग) ऊष्माण[२]—श् ष् स् ह।

(घ) अयोगवाह[३]—विसर्जनीय (ः) जिह्वामूलीय (ᳵक ᳵख) उपध्मानीय (ᳶप, ᳶफ) अनुस्वार[४] (ं) यम तथा नासिक्य अयोगवाह कहलाते हैं। यमों का व्याख्यान भिन्न भिन्न प्रकार से किया गया है। भट्टोजिदीक्षित का कथन है कि वर्गों के आद्य चार वर्णों में से किसी एक से परे जब किसी भी वर्ग का पञ्चम वर्ण आए तब उनके मध्य पूर्व वर्ण के सदृश जो ध्वनि होता है उसे यम कहते हैं। ऋ० प्रा० कहता है कि अनुनासिक स्पर्शों से पूर्व आने वाले अननुनासिक स्पर्शों की यमापत्ति होती है यथा—पलिक्नी (ऋ० ५,२,४) चख्नथुः, जग्मतुः (ऋ० १० ४० १४) गृभ्णाति (ऋ० ७,९९ ४) परिज्मानम् (ऋ० १ २० ३) तथा अप्नस्वतीम् (ऋ० १ ११२ ४) में क्रमशः क् ख् ग् घ् ज् प् के सदृश ध्वनियाँ यम कहलाती हैं। पूर्व वर्ण से जुड़ी होने के कारण इस ध्वनि को यम (अर्थात् यमल twin) कहते हैं। कुछ प्रातिशाख्यकार यम को एक आगम

मानते हैं। यमों के स्वरूप तथा संख्या के विषय में विस्तृत विवेचन पीछे टिप्पणी में देखिए[५]।

(ट) **नासिक्य**—कुछ आचार्य पूर्ववर्ती हकार तथा परवर्ती अनुनासिक स्पर्श के मध्य एक नासिक्य ध्वनि का आगम मानते हैं, यथा—अह्नाम्[६]।

२. उच्चारण (Pronunciation)

४. **उच्चारण**—अति प्राचीन काल में वेदों के शुद्ध उच्चारण को विशेष महत्त्व दिया गया है। शुद्ध उच्चारण की अविच्छिन्न परम्परा के अक्षुण्ण प्रभाव से सहस्रों वर्षों तक लिपिबद्ध किए बिना भी श्रुति की अनुपम रक्षा होती रही है। शत० ब्रा० का मत है कि असुर लोग अशुद्ध उच्चारण के कारण पराभूत हुए थे, इस लिए ब्राह्मण कदापि वाणी को म्लेच्छित न करें[७]। प्रातिशाख्यों तथा शिक्षाग्रन्थों में वर्णों के शुद्ध उच्चारण की विधि के साथ-साथ उच्चारण-सम्बन्धी दोषों का विवरण भी दिया गया है। प्रातिशाख्य, शिक्षा, व्याकरण तथा शिष्ट वैदिक पण्डितों की परम्परागत पारायण-विधि के द्वारा वैदिक ध्वनियों के शुद्ध उच्चारण को जानने में हमें पर्याप्त सहायता मिलती है। पाश्चात्य संस्कृतज्ञों के मतानुसार, जो संस्कृत शब्द प्राचीन काल में ग्रीक आदि विदेशी भाषाओं में लिखे गए थे, वे भी संस्कृत ध्वनियों के पूर्वकालीन उच्चारण पर कुछ प्रकाश डालते हैं[८]। मैक्डानल का मत है कि वैदिक संहिताओं की भाषा के ध्वनि-परिवर्तन सम्बन्धी आभ्यन्तर प्रमाण तथा भाषा-विज्ञान से उपलब्ध बाह्य प्रमाण के आधार पर हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि संहिता-काल में वैदिक ध्वनियों का उच्चारण प्रायेण वैसा ही था जैसा कि पाणिनि के काल में[११]। प्रातिशाख्य, शिक्षा, व्याकरण, वैदिक परम्परा तथा तुलनात्मक भाषा-विज्ञान के द्वारा वैदिक ध्वनियों के उच्चारण के सम्बन्ध में जो तथ्य उपलब्ध होते हैं, उन्हें यहां संक्षेपतः प्रस्तुत किया गया है।

५. **स्वरोच्चारण**—प्रत्येक भाषा का स्वरूप उस के स्वरों के उच्चारण पर विशेषतः आधारित होता है। इस लिये स्वरों के उच्चारण का प्रभाव व्यञ्जनों के उच्चारण पर भी कुछ अंश तक अवश्य ही पड़ता है।

स्वरों के शुद्ध उच्चारण पर ध्यान देना अत्यन्त आवश्यक है। आधुनिक भारतीय भाषाओं में कुछ स्वरों का उच्चारण विभिन्न प्रकार से किया जाता है और वैदिक ध्वनियों का उच्चारण भी कुछ लोग उसी प्रकार करते हैं। परन्तु ऐसा करना अनुचित है और वैदिक ध्वनियों का उच्चारण वैदिक ध्वनि सिद्धान्तों के अनुसार ही करना चाहिए। यहाँ पर प्रत्येक स्वर के प्रयत्न तथा स्थान आदि पर विचार किया गया है। व्यञ्जनोच्चारण के प्रसङ्ग में प्रयत्नों पर विस्तृत विवेचन किया गया है। स्वरों के प्रयत्नों के विषय में टि० ३४ ३७ ३८ तथा ४१ देखिए।

(क) अ—अ का उच्चारण स्थान निःसन्देह कण्ठ है। परन्तु इस के आभ्यन्तर प्रयत्न का विषय विशेषतया विचारणीय है। अ० प्रा० (१,३६) तथा वा० प्रा० (१ ७२) के अनुसार अ का आभ्यन्तर प्रयत्न संवृत है। और पाणिनीय सूत्र (८ ४ ६८) तथा अष्टाध्यायी के व्याख्याकार भी इस मत की पुष्टि करते हैं। पाश्चात्य विद्वानों का मत है कि संस्कृत शब्दों के ग्रीक उच्चारण में भी अ के प्राचीनकालीन संवृत उच्चारण का समर्थन होता है[२९]। यद्यपि लिखित ऋ० में ए तथा ओ के पश्चात् प्रायः (दे० अनु० ४४) अ का पूर्वरूप हो जाता है तथापि छन्द परिमाण की दृष्टि से ऐसे पूर्वरूप के लिये कोई औचित्य नहीं दीख पड़ता। इस से प्रतीत होता है कि ऋचाओं के रचनाकाल में अ का आभ्यन्तर प्रयत्न संभवतः विवृत रहा होगा।

(ख) आ—आ का उच्चारण स्थान कण्ठ है और इसका आभ्यन्तर प्रयत्न साधारणतया विवृत माना जाता है। परन्तु अ० प्रा० (१,३५) आ का प्रयत्न विवृततम मानता है।

(ग) इ ई—इन दोनों स्वरों का उच्चारण-स्थान तालु और आभ्यन्तर प्रयत्न विवृत है।

(घ) उ ऊ—इन दोनों स्वरों का उच्चारण-स्थान ओष्ठ और आभ्यन्तर प्रयत्न विवृत है। तै० प्रा० का मत है कि उवर्ण के उच्चारण में ओष्ठ उपसंहृत (संश्लिष्ट हो कर आगे की ओर निकले हुए) होते हैं[३३]।

(ङ) ऋ, ॠ, ऌ—ऋकार तथा ऌकार के उच्चारण के विषय मे आचार्यों में बहुत मतभेद है। ऋ० प्रा० (१, ४१) के अनुसार ऋकार तथा ऌकार का उच्चारण-स्थान जिह्वामूल है। वा० प्रा० (१,६५) तथा ऋक्तन्त्र (४) भी ऋकार को जिह्वामूलीय मानते हैं। तै० प्रा० (२, १८) का मत है कि ऋ, ॠ तथा ऌ के उच्चारण मे जिह्वा का अग्रभाग वर्त्स्व (दन्तपङ्क्ति के ऊपर उभरे हुए प्रदेश) से उपसंहृत (अधिक सन्निकृष्ट) होता है। परन्तु पा० शि० ऋकार को मूर्धन्य और ऌकार को दन्त्य मानती है[१४]। वा० प्रा० (१, ६९) भी ऌकार को दन्त्य मानता है। ऋकार तथा ऌकार को सवर्ण घोषित करने वाला वार्तिक प्रातिशाख्यों के इस मत का समर्थन करता है कि इन दोनों स्वरों का उच्चारण-स्थान सिद्धान्ततः एक ही माना जाता है[१५]।

आजकल उत्तर भारत में ऋ का उच्चारण प्रायेण रि के सदृश तथा ऌ का उच्चारण लृि के सदृश किया जाता है। परन्तु दक्षिण भारत मे अनेक विद्वान् ऋ का उच्चारण रु के सदृश करते हैं और प्राचीन काल मे भी वहा इस प्रकार का उच्चारण रहा होगा। इस लिये अनेक दक्षिण-भारतीय शिलालेखों मे ऋ के स्थान पर रु मिलता है[१६]। ऋ० प्रा० (१४, ३८) ने ऋकार के सरेफ उकार-सदृश रु उच्चारण को एक दोष माना है। प्राचीन पाण्डुलिपियो तथा विदेशी भाषाओ मे लिखे गए संस्कृत-शब्दों के उच्चारण से ज्ञात होता है कि प्राचीन काल मे भी ऋ का उच्चारण अंशतः 'रि' के सदृश होता था[१७]। उत्तरकालीन भारतीय भाषाओं में संस्कृत ऋ के स्थान पर इकार तथा उकार वाली ध्वनियों के विकास से प्रतीत होता है कि अति प्राचीनकाल से ऋ के उच्चारण मे दोनो प्रकार की प्रवृत्तिया विद्यमान रही होगी, यथा—घृत=घी, शृगाल=सियार, ऋक्ष=रीछ; परन्तु वृक्ष=रूख, पृच्छा=पूछ, वृद्ध=बूढा। कतिपय वैदिक शाखाओ मे ऋ का उच्चारण रे के सदृश भी किया जाता था[१८]।

मूलतः ऋ तथा ऌ क्रमशः रेफ तथा लकार की स्वरीभूत ध्वनिया थीं। अत एव प्रातिशाख्य तथा शिक्षा ऋ तथा ऌ में क्रमशः र् तथा ल् का अंश स्वीकार करते है[१९]। अवेस्ता में वैदिक ऋ का प्रतिनिधि ərə है, यथा— भृत= अवेस्ता का bərəta.

अनेक पाश्चात्य विद्वानों का मत है कि शैत्यद्ध ऋग्वेदसंहिता के अनेक मन्त्रों में ऋ के लिए भी ह्रस्व ध्वनि अ का प्रयोग मिलता है और इस लिए ऐसे स्थलों पर छन्दःपरिमाण की दृष्टि से उस का दीर्घ उच्चारण ही उचित है यथा—मृड् धातु के क्रिया रूपों में तथा तृह् और दृह् धातुओं के क्तान्त रूपों (तृळ्ह, दृळ्ह) में छन्दःपरिमाण की दृष्टि से ऋ के स्थान पर अ का उच्चारण वाञ्छनीय है और इसी प्रकार नृणाम् तथा तिसृणाम् (ऋ० ५ ६९ २) में ऋ के स्थान पर अ का उच्चारण उचित माना जाता है[१]।

ऋ० प्रा० तथा अ० प्रा० के अनुसार ऋ के पूर्वार्द्ध में रेफ का तत्त्व है (दे० टि १९)।

(घ) ए ओ ऐ औ—प्रातिशाख्यों में ये चारों स्वर सन्ध्यक्षर (Diphthongs) कहलाते हैं। पाणिनीय व्याकरण में ए ओ (तथा अ) गुण-सञ्ज्ञक और ऐ औ (तथा आ) वृद्धिसञ्ज्ञक हैं। चारों सन्ध्यक्षरों का आभ्यन्तर प्रयत्न साधारणतया विवृत माना जाता है। अ० प्रा० (१ ३४) ए ओ का प्रयत्न विवृततम मानता है। ऋ० प्रा० (१ ४२ ४७) के अनुसार ए तथा ऐ का उच्चारण-स्थान तालु और ओ तथा औ का उच्चारण-स्थान कण्ठ है। अन्यत्र ऋ० प्रा० (१३ ३८) में कहा गया है कि कतिपय आचार्य सन्ध्यक्षरों को सन्ध्यानि (सन्धि से उत्पन्न) मानते हैं और तदनुसार प्रत्येक सन्ध्यक्षर के उच्चारण-स्थान दो हैं। इस से आगे ऋ० प्रा० (१३ ३९) ने शाकटायन का मत उद्धृत किया है जिसके अनुसार ए तथा ऐ का पूर्वार्द्ध अकार और उत्तरार्द्ध इकार है और इसी प्रकार ओ तथा औ का पूर्वार्द्ध अकार और उत्तरार्द्ध उकार है। शिक्षाग्रन्थ भी इस मत का अनुसरण करते हैं। अत एव पा० शि० ए ऐ को कण्ठतालव्य और ओ औ को कण्ठोष्ठ्य मानता है और सन्ध्यक्षरों में सहित स्वरों की मात्रा के सम्बन्ध में यह शिक्षा करता है— 'एकार तथा ओकार में कण्ठ्य (अ) की अर्धमात्रा होनी चाहिए और ऐकार तथा औकार में कण्ठ्य की एक मात्रा होनी चाहिए। इन दो का प्रयत्न विवृत और संवृत है'[१११]। अ० प्रा० के अनुसार यद्यपि चारों सन्ध्यक्षरवर्ण स्वरों के संयोग से बने हैं तथापि स्थानविधि (उच्चारण-स्थान) की दृष्टि से ए तथा ओ की वृत्ति एकवर्ण (Monophthong) के सदृश है परन्तु

ऐ तथा औ की वृत्ति एकवर्ण के समान नहीं है[१३]। इसी प्रकार ऋ० प्रा० ने भी उच्चारण-सम्बन्धी विशेषता की दृष्टि से ए ओ तथा ऐ औ के मध्य भेद बतलाया है[१४]। ए ओ की एकवर्णवत् वृत्ति को स्वीकार करते हुए तै० प्रा० और वा० प्रा० केवल ऐ औ के अवयवात्मक तत्त्वों का वर्णन करते हैं, परन्तु इस सम्बन्ध में वे ए ओ का उल्लेख नहीं करते हैं। तै० प्रा० कहता है कि ऐ तथा औ के आदि भाग में अर्धमात्रा उस अकार की है जिस का प्रयत्न संवृततर है और ऐ में शेष डेढ़ मात्रा इकार की तथा औ में उकार की है[१५]। वा० प्रा० के अनुसार ऐ औ में पूर्व-मात्रा कण्ठ्य (अकार की) है और उत्तर मात्रा क्रमशः तालु और ओष्ठ की है[१६]। प्रातिशाख्यों के उक्त नियमों से ज्ञात होता है कि प्रातिशाख्यों के काल में ए तथा ओ का उच्चारण एकवर्ण (monophthong) के सदृश होता था। प्रतीत होता है कि संहिताकाल में भी ए तथा ओ का उच्चारण एकवर्णवत् होने लगा था, क्योंकि ए तथा ओ से परे आने वाले अ का पूर्वरूप करने की प्रवृत्ति का उपक्रम संहिता-काल में ही हो चुका था (दे० द्वितीय अध्याय में अभिनिहित-सन्धि)। प्राकृत आदि अन्य भाषाओं में लिए गए संस्कृत-शब्दों के उच्चारण से भी यह स्पष्ट होता है कि ए तथा ओ का उच्चारण एकवर्णवत् होने लगा था[१७]।

कुछ विशेष प्रकार के याज्ञिक पाठों में अर्ध ओकार के प्रयोग का उल्लेख मिलता है[१८]। परन्तु वैदिक भाषा में साधारणतया इस प्रकार के अर्ध ओकार के प्रचलन का कोई संकेत नहीं मिलता है।

इस में सन्देह नहीं कि मूलतः ए तथा ओ दोनों सन्ध्यक्षर थे, क्योंकि अकार के साथ इकार तथा उकार की सन्धि से क्रमशः ए तथा ओ बनते हैं। तुलनात्मक भाषा-विज्ञान से भी इस मत का समर्थन होता है, यथा—वेद "मैं जानता हूं"=Av. Vaēdā, Goth. wait; ओजस्=Av. aogarə, Lat. augustus.

आज कल ऐ औ का उच्चारण क्रमशः अइ अउ के सदृश होता है और प्रातिशाख्यों के काल में भी इन का उच्चारण लगभग इसी प्रकार का था। परन्तु मूलतः ऐ औ क्रमशः आइ आउ का प्रतिनिधित्व करते हैं, क्योंकि सन्धि में ऐ औ का क्रमशः आय् आव् बनता है।

(छ) अनुनासिक स्वर—स्वरों के शुद्ध रूप के अतिरिक्त इन के अनुनासिक रूप भी आँ ईं ऊँ इत्यादि भी मिलते हैं। अनुनासिक स्वर का उच्चारण अपने मुख्य स्थान (तालु कण्ठ आदि) तथा नासिका द्वारा किया जाता है (दे० टि० ५१)।

६ व्यञ्जनोच्चारण—व्यञ्जनों के उच्चारण के विषय में हम इन के काल (मात्रा) प्रयत्न तथा स्थान आदि का पूर्ण विवेचन करेंगे।

मात्रा—अ० प्रा० (१ ६०) व्यञ्जन का उच्चारण-काल एक मात्रा मानता है। परन्तु दूसरे प्रातिशाख्य तथा वैयाकरण व्यञ्जन का उच्चारण-काल अर्धमात्रा मानते हैं[११]।

प्रयत्न दो प्रकार के माने गए हैं—आभ्यन्तर तथा बाह्य। व्यञ्जनों के उच्चारण के सम्बन्ध में इन का ज्ञान अत्यावश्यक है।

(क) आभ्यन्तर प्रयत्न—आभ्यन्तर प्रयत्न[१] के आधार पर व्यञ्जनों को निम्नलिखित श्रेणियों में विभक्त किया जाता है—

स्पर्श—कवर्ग चवर्ग टवर्ग तवर्ग तथा पवर्ग का आभ्यन्तर प्रयत्न स्पृष्ट है और ये स्पर्श (mutes or stops) कहलाते हैं[१२]।

ईषत्स्पृष्ट—य र ल व का आभ्यन्तर प्रयत्न ईषत्स्पृष्ट है[१३] और ये अन्तःस्था कहलाते हैं[१४]। कुछ ग्रन्थों में अन्तस्था पाठ भी मिलता है परन्तु अन्तःस्था पाठ अधिक प्रामाणिक है। दे० विसर्जनीय-सन्धि।

ईषद्विवृत—ऊष्मा का आभ्यन्तर प्रयत्न ईषद्विवृत माना जाता है[१५]। ऊष्म संज्ञा के व्याख्यान के सम्बन्ध में टि० ४ देखिए।

विवृत तथा संवृत—हम यह पहले बता चुके हैं कि अ का आभ्यन्तर प्रयत्न संवृत और अन्य स्वरों का आभ्यन्तर प्रयत्न विवृत माना जाता है।

(ख) बाह्य प्रयत्न—बाह्य प्रयत्नों[१६] के आधार पर भी व्यञ्जनों को कई श्रेणियों में विभक्त किया जाता है। यद्यपि भट्टोजिदीक्षित ने कैयट का अनुसरण करते हुए—विवार संवार, श्वास नाद घोष अघोष अल्पप्राण, महाप्राण के साथ उदात्त, अनुदात्त तथा स्वरित को भी बाह्य प्रयत्नों में गिनाया है परन्तु पतञ्जलि ने उदात्त आदि स्वरों को प्रयत्नों में नहीं माना है[१७] और आठ बाह्य प्रयत्नों का उल्लेख किया है। ऋ० प्रा० ने इन प्रयत्नों

का निम्नलिखित वर्णन किया है—"जब वक्ता बोलने की चेष्टा करता है, तब फेफड़ों से निकला हुआ प्राणनामक वायु कण्ठ-विवर (Larynx) के खुले रहने पर श्वासता को प्राप्त होता है और कण्ठ-विवर के संकुचित रहने पर नादता को प्राप्त होता है। जब कण्ठ-विवर साम्यावस्था में हो अर्थात् विवार और संकोच के मध्य की अवस्था में हो, तब प्राण श्वासता तथा नादता दोनों को प्राप्त होता है। श्वासता, नादता तथा उभयात्मिका अवस्था—ये तीन सब वर्णों की प्रकृतियां हैं। अघोष वर्णों की प्रकृति श्वास है और शेष अर्थात् सघोष वर्णों की प्रकृति नाद है। वर्गों के चतुर्थ वर्ण (घ् झ् ढ् ध् भ्) तथा ह् की प्रकृति श्वास तथा नाद दोनों है"[३७]।

तै० प्रा० भी शब्दोत्पत्ति का वर्णन करते हुए इन प्रयत्नों के विषय में इसी प्रकार के विचार व्यक्त करता है—"शरीरस्थ वायु की प्रेरणा से कण्ठ और उर के सन्धान (मध्यदेश) में ध्वनि की उत्पत्ति होती है। उर, कण्ठ, सिर, मुख तथा नासिका उस ध्वनि को स्पष्टतया प्रतिध्वनित कराने वाले स्थान हैं। जब कण्ठ संकुचित (संवृत) होता है, तब नादसंज्ञक ध्वनि उत्पन्न होती है। जब कण्ठ खुला (विवृत) होता है, तब श्वास-संज्ञक ध्वनि उत्पन्न होती है। जब कण्ठ संवृत और विवृत के मध्य की अवस्था में होता है, तब हकार-संज्ञक ध्वनि (जो ह् घ् झ् ढ् ध् भ् का अनुप्रदान है) उत्पन्न होती है। वर्णों की ये तीन प्रकृतियां हैं। स्वरों तथा सघोष वर्णों में अनुप्रदान (मूलकारण) नाद है, ह् घ् झ् ढ् ध् भ् में अनुप्रदान हकार है; अघोष वर्णों में अनुप्रदान श्वास है, और वर्गों के प्रथम वर्णों (क् च् ट् त् प्) में अन्य अघोष वर्णों से अधिक श्वास अनुप्रदान होता है"[३८]।

प्रत्येक वर्ग के प्रथम तथा द्वितीय वर्ण, श् ष् स् , विसर्जनीय, जिह्वामूलीय, उपध्मानीय और अनुस्वार **अघोष** (surds) कहलाते हैं और शेष व्यंजन **सघोष** (sonants) कहलाते हैं[३९]। ऊष्म तथा वर्गों के द्वितीय और चतुर्थ वर्ण प्रातिशाख्यों में **सोष्माणः** (aspirates) कहलाते हैं[४०]। वरदराज ने आठ बाह्य प्रयत्नों का निम्नलिखित सरल विभाजन किया है[४१]—

विवार, श्वास, अघोष—वर्गों के प्रथम तथा द्वितीय वर्ण और श् ष् स् के बाह्य प्रयत्न विवार, श्वास और अघोष हैं।

सघोष, नाद घोष—वर्गों के तृतीय, चतुर्थ तथा पञ्चम वर्ण और य् र् ल् व् ह् के बाह्य प्रयत्न सघोष, नाद घोष हैं।

अल्पप्राण—वर्गों के प्रथम तृतीय तथा पञ्चम वर्ण और य् र् ल् व् अल्पप्राण प्रयत्न वाले हैं।

महाप्राण—वर्गों के द्वितीय तथा चतुर्थ वर्ण और श् ष् स् ह् महाप्राण प्रयत्न वाले हैं।

(ग) **स्थान तथा करण**—वर्णों के उच्चारण को भलीभाँति समझने के लिये उन के स्थान तथा करण का पूर्ण ज्ञान आवश्यक है। जिन स्थलों पर आभ्यन्तर प्रयत्न के लिये करण शब्द का प्रयोग किया गया है उनके लिये टि० ३१ तथा ३५ देखिए। इस के अतिरिक्त त० प्रा० स्थान और करण के भेद को निम्नलिखित प्रकार से स्पष्ट करता है—‘स्वरों का स्थान वह (मुखभाग) है, जहाँ उपसंहार (approximation) होता है और उन का करण वह (मुखावयव) है जो उपसंहार करता है। अन्य वर्णों (अर्थात् व्यञ्जनों) का स्थान वह (मुखभाग) है जहाँ स्पर्श (contact) होता है और उन का करण वह (मुखावयव) है जिस के द्वारा स्पर्श करता है’[४१]। इस का उदाहरण आगे कवर्ग की उत्पत्ति में भी स्पष्टतया दिया गया है।

कवर्ग—अनेक प्रातिशाख्यों तथा शिक्षाओं के अनुसार कवर्ग का उच्चारण-स्थान जिह्वामूल है[४२]। अ० प्रा० जिह्वामूलीय वर्णों (कवर्ग आदि) का करण हनुमूल मानता है परन्तु इसके विपरीत त० प्रा० हनुमूल को कवर्ग का स्थान और जिह्वामूल को करण मानते हुए कहता है कि कवर्ग की उत्पत्ति के समय जिह्वामूल के द्वारा अध्येता हनुमूल पर स्पर्श करता है[४३]। चन्द्रगोमी भट्टोजिदीक्षित तथा कतिपय अन्य वैयाकरण कवर्ग का स्थान कण्ठ मानते हैं और इन वर्णों के लिये कण्ठ्य संज्ञा का प्रयोग करते हैं[४४]।

चवर्ग—प्रातिशाख्य शिक्षा तथा वैयाकरणों के अनुसार चवर्ग का स्थान तालु है और अ० प्रा० तथा तै० प्रा० जिह्वा के मध्य भाग को चवर्ग का

करण मानते हैं[५६]। तालु-स्थान होने के कारण चवर्ग के वर्ण तालव्य कहलाते हैं।

टवर्ग—टवर्ग का स्थान मूर्धा है और ये वर्ण इसी लिये मूर्धन्य कहलाते हैं[४७]। ळ तथा ळ्ह भी मूर्धन्यो मे गिने जाते हैं। कुछ प्रातिशाख्यो के अनुसार, टवर्ग के उच्चारण के समय वक्ता जिह्वा को पीछे की ओर मोड़ कर जिह्वाग्र से मूर्धा का स्पर्श करता है[४७क]। अत॰ टवर्ग का करण जिह्वाग्र है। तै॰ प्रा॰ के त्रिभाष्यरत्न का मत है कि मूर्धन् शब्द मुख-विवर के उपरिभाग का वाचक है।

तवर्ग—कतिपय प्रातिशाख्यो के अनुसार, तवर्ग का स्थान दन्तमूल और करण जिह्वाग्र है, परन्तु अनेक प्रातिशाख्यकार, शिक्षाकार तथा वैयाकरण इन वर्णों का स्थान दन्त मानते हैं[४८]। अत एव ये वर्ण दन्त्य कहलाते हैं।

पवर्ग—सभी आचार्य पवर्ग का स्थान ओष्ठ मानते हैं और वा॰ प्रा॰ के अनुसार पवर्ग का करण भी ओष्ठ है, परन्तु अ॰ प्रा॰ तथा तै॰ प्रा॰ के भाष्यकारों का मत है कि पवर्ग का स्थान **उत्तरोष्ठ** और करण अधरोष्ठ है[४९]।

(घ) **अनुनासिक स्पर्श**—वर्गों के पञ्चम वर्ण अर्थात् ङ् ञ् ण् न् म् अनुनासिक[५०] कहलाते हैं। इन का उच्चारण अपने वर्गसम्बन्धी स्थान तथा नासिका द्वारा होता है[५१]। अनुनासिक का स्थान तथा करण समान माना जाता है (दे॰ टि॰ ४९)।

(ङ) **अन्तस्थाः**—य् र् ल् व् के उच्चारण के सम्बन्ध मे वैदिक संहिताओ की अनेक विशेषताएं हैं। अत इन सब विशेषताओ पर पूर्ण ध्यान देना अत्यावश्यक है।

य्—सभी प्रातिशाख्यकार, शिक्षाकार तथा वैयाकरण य् का स्थान तालु मानते है। तै॰ प्रा॰ (२,४०) का कथन है कि यकार के उच्चारण के समय जिह्वा के मध्यभाग के किनारों से वक्ता तालु का स्पर्श करता है। प्रतीत होता है कि कालान्तर मे कतिपय यजुर्वेदी यकार का

उच्चारण जकार के समान करने लगे थे। इसलिये या० शि० का मत है कि पदादि पदादि गयाग तथा अवग्रह में 'ज' और इस से भिन्न 'य' माना जाता है[१३]।

(च) व्—वकार के उच्चारण-स्थान के सम्बन्ध में बहुत मतभेद मिलता है। ऋ० प्रा० (१ ४७) तथा वा० प्रा० (१ ७) के अनुसार वकार का स्थान ओष्ठ है और आगे चल कर वा प्रा (१ ८१) दन्ताग्र को ओष्ठ वकार का करण मानता है। त प्रा० का मत है कि ओष्ठान्तों (ओठों के किनारों) तथा दान्तों से वकार का उच्चारण किया जाता है[१४]। दान्त तथा ओष्ठ दोनों के द्वारा उच्चारण होने के कारण शिक्षा-ग्रन्थों तथा व्याकरणों में वकार का स्थान दन्तोष्ठ माना गया है और इसी लिये यह दन्तोष्ठ्य कहलाता है[१५]।

(छ) य व् का उच्चारण वैशिष्ट्य—यद्यपि लौकिक भाषा में य व का उच्चारण सर्वत्र लिखित पाठ के अनुसार क्रमश य व ही किया जाता है तथापि लेखबद्ध वैदिक संहिताओं में अनेक स्थलों पर य् व् का उच्चारण क्रमश इय् उव् उचित माना जाता है। इस मत के समर्थन में निम्न लिखित प्रमाण प्रस्तुत किये जा सकते हैं—

(१) ऋ प्रा० कहता है कि पाद में छन्द परिमाण की दृष्टि से जहां अक्षर की न्यूनता दीख पड़े वहां पाद को पूरा करने के लिए मिले अक्षरों (एकाक्षरीभावान्) को पृथक् पृथक् कर देना चाहिए, और संयुक्त व्यञ्जनों में आने वाले य् व को उन के सदृश स्वर (अर्थात् क्रमश इ उ) के द्वारा संयुक्त व्यञ्जनों से व्यवहित करे। अर्थात् य व् के स्थान पर क्रमश इय् उव् का उच्चारण करना चाहिए यथा—प्रेता जयता नर = प्र इता जयता नर (ऋ १० १०३ १३)। त्र्यंबकं यजामहे = त्रियम्बकं यजामहे (ऋ ७ ५९ १२)[१६]। ये दोनों उदाहरण गायत्री छन्द के पाद हैं।

(२) इकारान्त तथा उकारान्त प्रातिपदिकों के विभक्त्यन्त रूपों में अनेक बार य् व के स्थान पर क्रमश इय् उव् भी मिलते हैं। पा० ६ ४ ७७ पर कात्यायन ने इयङुवङ्प्रकरणे

तन्वादीनां छन्दसि बहुलमुपसंख्यानम्" (काशिकापाठ) वार्तिक के द्वारा इस मत का समर्थन किया है और पतञ्जलि ने इस के व्याख्यानार्थ निम्नलिखित उदाहरण प्रस्तुत किए हैं—तुन्वं पुषेम (ऋ० १०,१२८,१) =तुनुवं पुषेम (तै० सं ४,७,१४ १), विश्वं पश्य=विषुवं पश्य; स्वुर्गं लोकम् (अ० १८, ३, ४) =सुवुर्गं लोकम् (तै० सं० ५,३, ७, १), त्र्यम्बकं यजामहे (ऋ० ७, ५९, १२) =त्रियम्बकं यजामहे। इन उदाहरणों के विषय मे नागेश कहता है कि ऋग्वेदियों का पाठ यणादेश वाला है और यजुर्वेदियों का पाठ उवङ्विशिष्ट है। पाणिनि ने "छन्दस्युभयथा" (६, ४, ८६) सूत्र द्वारा यह स्वीकार किया है कि वेद में भू तथा सुधी से परे विभक्ति का अच् आने पर इन के ऊ तथा ई को यण् तथा इयङुवङ् दोनों प्रकार के विकार देखने मे आते हैं। इस के उदाहरणार्थ काशिका तथा सि० कौ० ने निम्नलिखित मन्त्रभाग उद्धृत किए हैं—वनेषु चित्रं विभ्वं विशेविशे (ऋ० ४, ७, १), वनेषु चित्रं विभुवं विशेविशे (तै० सं० १, ५, ५, १)। सुध्यो३ नव्यमग्ने (ऋ० ६,१,७), सुधियो नव्यमग्ने (तै० ब्रा० ३,६,१०,३)।

(३) ऋग्वेदसंहिता के इस प्रकार के य् व् के स्थान पर कृष्णयजुर्वेद की संहिताओं में—और विशेषतया तै० सं० में—क्रमश इय् उव पाठ मिलते हैं, यथा उपरिनिर्दिष्ट उदाहरण के अनुसार ऋ० के विभ्वम् के स्थान पर तै० सं० में विभुवम् पाठ मिलता है। तै० सं० (६,१, २, ५-६) ऋ० (५,५०,१) के मन्त्र को निम्नप्रकार से परिवर्तित रूप मे उद्धृत करती है—

> विश्वे॑ दे॒वस्य॑ ने॒तुर्मर्तो॑ वृणीत स॒ख्यम् ।
> विश्वे॑ रा॒य इ॑षुध्यसि द्यु॒म्नं वृ॑णीत पु॒ष्यसे॑ ॥

और आगे तै० सं० इस मन्त्र की अक्षर-संख्या पर विवेचन करते हुए कहती है—"सप्ताक्षरं प्रथमं पदमष्टाक्षराणि त्रीणि।" तै० सं० के इस कथन के अनुसार इस मन्त्र के द्वितीय पाद में आठ अक्षर है, परन्तु लेखबद्ध संहिता के अनुसार द्वितीय पाद में केवल सात अक्षर है। इस से अनुमान होता है कि प्राचीन काल में इस पाद के 'सुख्यम्' का उच्चारण 'सुखियम्' किया जाता होगा। ऋ० प्रा० का उपर्युक्त नियम इस

(ऋ० ७,७५,३), त्वम् (ऋ० १०,१५,१३), त्वम् (ऋ० १,४८,१२)। परन्तु जब ये सर्वनाम ह्रस्व स्वर के पश्चात् आएं, तब इन का उच्चारण लिखित रूप के अनुसार ही माना जाता है। इसी प्रकार दीर्घ स्वर के पश्चात् त्व–सर्वनाम का उच्चारण तुव–माना जाता है, परन्तु ह्रस्व स्वर के पश्चात् इस का उच्चारण लिखित रूप के अनुसार ही होता है; यथा—ब्रह्मा त्वं: (ऋ० १०, ७१, ११) =ब्रह्मा तुवः। (ग) दीर्घ स्वर से परे आने वाले ज्यायस्–के प्रथम 'य्' और पाद के प्रारम्भ में तथा दीर्घ स्वर से परे आने वाले ज्या–तथा ज्याका–के य् के स्थान पर इय् उच्चारण उचित माना जाता है[५८क], यथा—स्वस्रे ज्यायस्यै (ऋ० १,१२४,८), ज्या इयम् (ऋ० ६, ७५, ३); ज्याका अधि (ऋ० १०, १३३,१)।

(ज) र्—रेफ के उच्चारण के सम्बन्ध में प्रातिशाख्यों तथा शिक्षाग्रन्थों में बहुत मतभेद है। अनेक प्रातिशाख्यकार तथा शिक्षाकार रेफ का उच्चारण-स्थान दन्तमूल मानते हैं[५९]। वा० प्रा० जिह्वाग्र को रेफ का करण मानता है और तै० प्रा० का कथन है कि रेफ के उच्चारण के समय जिह्वाग्र के मध्य भाग से दन्तमूलों के पीछे अर्थात् उपरिभाग में स्पर्श किया जाता है[६०]। कतिपय आचार्य रेफ का उच्चारण-स्थान वर्त्स ('दन्तपंक्ति के ऊपर का उच्च-प्रदेश'—त्रिभाष्यरत्न) मानते हैं[६१]। कुछ शिक्षाकार तथा वैयाकरण रेफ का स्थान मूर्धा मानते हैं[६२]। अनेक विद्वानों का मत है कि रेफ के प्रभाव से 'न्' का 'ण्' में परिणत होना रेफ के मूर्धन्यत्व का ज्ञापक है[६३]।

(झ) ल्—लकार के उच्चारण स्थान के सम्बन्ध में भी प्रातिशाख्यों और शिक्षाग्रन्थों में मतभेद मिलता है। ऋ० प्रा० (१,४५) तथा तै० प्रा० (२,४२) के अनुसार, लकार का स्थान दन्तमूल है। परन्तु वा० प्रा०, पा० शि० तथा अनेक वैयाकरणों के मतानुसार, लकार का उच्चारण-स्थान दन्त है[६४]।

(ञ) **अनुनासिक अन्तस्था**—य् व् ल् के अनुनासिक रूप यँ् वँ् लँ् भी मिलते हैं। इन का उच्चारण अपने स्थान, तालु आदि, तथा नासिका के द्वारा किया जाता है (दे० टि० ५१)।

७ ऊष्माण (श् ष् स् ह्)

श्—प्रातिशाख्यों शिक्षाओं तथा वैयाकरणों के मतानुसार, श तालव्य ध्वनि है (दे० टि० ४६) और सन्धि नियमों से भी इस मत की पुष्टि होती है (दे० अनु० ५०)।

ष्—षकार का उच्चारण-स्थान निःसन्देह मूर्धा है। मूर्धन् शब्द का अर्थ इसके उच्चारण के सम्बन्ध में मतभेद हुए हैं। षकार के करण का विचार करते हुए अ० प्रा० (१.२३) कहता है कि षकार के उच्चारण के समय जिह्वा मुड़कर द्रोणिका (trough नाद) के आकार की बन जाता है। इस प्रकार की जिह्वा षकार का करण है। शुक्लयजुर्वेदसम्बन्धी शिक्षाग्रन्थों में दिये गये नियमों से ज्ञात होता है कि उन ग्रन्थों की रचना से पूर्व ष् के स्थान पर ख् का उच्चारण करने की प्रवृत्ति प्रारम्भ हो चुकी थी[५४]। इन नियमों के अनुसार बहुत से शुक्लयजुर्वेदी षकार का उच्चारण प्रायः खकार के समान करते हैं। परन्तु यह प्रवृत्ति उत्तर कालीन है और प्रातिशाख्यों के सिद्धान्तों के प्रतिकूल है।

स्—अधिकतर प्रातिशाख्यकार, शिक्षाकार तथा वैयाकरण तकार और सकार का उच्चारण-स्थान समान मानते हैं। इसलिये सकार के उच्चारण के सम्बन्ध में प्रायः वही मतभेद है जो तकार के सम्बन्ध में मिलता है। ऋ० प्रा० के अनुसार, सकार का स्थान दन्तमूल है, परन्तु कात्यायन प्रभृति अन्य आचार्य सकार को दन्त्य मानते हैं (दे० टि० ६४)।

ह्—अधिकतर प्रातिशाख्यकार, शिक्षाकार तथा वैयाकरण हकार का उच्चारण-स्थान कण्ठ मानते हैं, परन्तु ऋ० प्रा० का कथन है कि कतिपय आचार्य हकार तथा विसर्जनीय का स्थान उरस् (छाती) मानते हैं[५५]। तै० प्रा० कहता है कि कतिपय आचार्यों के मतानुसार हकार का स्थान वही है जो उसके परवर्ती स्वर के आदिम भाग का है[५६]।

८ अयोगवाह

(क) विसर्जनीय—अधिकतर आचार्य विसर्जनीय का उच्चारण-स्थान कण्ठ मानते हैं[५७]। परन्तु कतिपय आचार्य हकार के समान विसर्जनीय को भी औरस्य मानते हैं (दे० टि० ६६)। कतिपय आचार्यों का मत है कि विसर्जनीय का उच्चारण-स्थान वही है जो इसके पूर्ववर्ती स्वर के अन्तिम भाग का है[५८]।

(ख) **जिह्वामूलीय**—जिह्वामूलीय के नाम से ही स्पष्ट है कि इस का स्थान जिह्वामूल है। जिह्वामूलीय का करण हनुमूल माना जाता है (दे० टि० ४४)।

(ग) **उपध्मानीय**—उपध्मानीय का उच्चारण-स्थान ओष्ठ है और इस का करण भी ओष्ठ ही माना जाता है (दे० टि० ४९)। पा० शि० के अनुसार अयोगवाह-ध्वनियों का स्थान वही है जो इन के पूर्ववर्ती स्वर का है (दे० टि० ६९)।

(घ) **अनुस्वार, यम, नासिक्य**—इन अयोगवाह-ध्वनियों के उच्चारण में नासिका की प्रधानता रहती है। लगभग सभी आचार्य इन का उच्चारण-स्थान नासिका मानते हैं[७०]। वा० प्रा० (१,८०-८३) के अनुसार, अनुस्वार का करण हनुमूल, यमों का करण नासिकामूल और नासिक्य का करण नासिका है। तै० प्रा० का मत है कि यमों का स्थान केवल नासिका या मुखसहितनासिका है और इन का करण अपने-अपने वर्ग के करण के समान होता है[७१]।

संयोगविषयक उच्चारण-वैशिष्ट्य

१. **स्वरभक्ति**—प्रातिशाख्यों तथा शिक्षा-ग्रन्थो के अनुसार, परवर्ती व्यञ्जन के साथ रेफ का संयोग होने पर संयुक्त व्यञ्जनों के मध्य एक ह्रस्व स्वर के अंश का उच्चारण किया जाता है। उसे स्वरभक्ति अर्थात् "स्वर के भाग" की संज्ञा दी जाती है। अ० प्रा० का मत है कि रेफ से परे जब कोई ऊष्म आए और उस ऊष्म से परे कोई स्वर हो, तब रेफ तथा ऊष्म के मध्य अर्ध अकार का आगम होता है, परन्तु कतिपय आचार्य ऐसी स्थिति में अकार के चतुर्थ भाग का आगम मानते है, और रेफ से परे ऊष्म से भिन्न व्यञ्जन आने पर वे रेफ के पश्चात् $\frac{1}{2}$ या $\frac{1}{4}$ अकार की स्वरभक्ति मानते हैं[७२], यथा— दुर्शः, बुर्हिः, अुर्यमा, पर्वं, धर्मणा। ऋ० प्रा० तथा तै० प्रा० के अनुसार, रेफ के साथ अन्य व्यञ्जन या ऊष्म के संयोग में ऋकार के सदृश स्वर-भक्ति होती है[७३], यथा कर्हि, अुर्कम्। वा० प्रा० का मत है कि 'र्' से

परे ऋकार-सदृश और लृ से परे लकार सदृश स्वरभक्ति का उच्चारण होता है[७४], यथा—गार्हपत्य, क्लृप्त-वलृश । ऋ० प्रा० का कथन है कि कतिपय आचार्य स्वरभक्ति का रूप पूर्वस्वर या उत्तरस्वर के अनुसार मानते हैं—अर्थात् स्वरभक्ति को केवल अकाररूप वाली ही नहीं अपितु पूर्वस्वर या उत्तरस्वर के अनुसार इकाररूप या उकाररूप वाली भी मानते हैं[७५]। 'गुरुर्वलिश' (गुरुर्वलश) उदाहरण में स्वरभक्ति के इकाररूप उच्चारण को शुद्ध मानते हुए, मा० शि० स्वरभक्ति के अकाररूप तथा उकाररूप उच्चारणों को सदोष मानती है और उनका निषेध करती है[७६]। र् तथा ल् के साथ संयुक्त होने वाले ऊष्मों के अनुसार, या० शि० स्वरभक्ति के पाँच भेद मानती है और स्वरभक्ति के इकाररूप, उकाररूप तथा ग्रस्त उच्चारण के दोषों का निषेध करती है[७७]। के० शि० के अनुसार स्वरभक्ति का एकाररूप उच्चारण शुद्ध है यथा— दर्शतम् = दरेशतम्, पर्षायेन = परेषायेन शाखल्श = शाखरेश द्वार्षीत् = द्वारेषीत्[७८]। कतिपय आचार्य विशेष परिस्थितियों में स्वरभक्ति का अभाव मानते हैं और कुछ अन्य आचार्य इस का सर्वत्र अभाव मानते हैं[७९]। स्वरभक्ति के सम्बन्ध में प्रस्तुत किये गये मतों से प्रतीत होता है कि वैदिक शाखा-परम्परा तथा देश भेद के कारण प्राचीन काल में भी उच्चारण भिन्नता अवश्य रही होगी।

इस सम्बन्ध में पाश्चात्य विद्वानों का मत है कि छन्दपरिमाण की दृष्टि से ऋग्वेद में रेफ तथा अन्य संयुक्त व्यञ्जनों के मध्य प्रायेण एक अतिह्रस्व स्वर का उच्चारण करना चाहिए, यथा-दुर्गंत- इन्द्र-, प्र-[८०]। इसी प्रकार जब किसी व्यञ्जन से परे य् व् या म् आये, तो अनुनासिक स्पर्श तथा अन्य संयुक्त व्यञ्जन के मध्य एक अतिह्रस्व स्वर का उच्चारण कुछ विशेष परिस्थितियों में छन्द परिमाण की दृष्टि से वाञ्छनीय है[८०क] यथा-युग्म, ग्मा इत्यादि।

१० अभिनिधान—प्रातिशाख्यों तथा शिक्षाग्रन्थों में अभिनिधान का वर्णन मिलता है। अ० प्रा० (१४८) के अनुसार अभिनिधान के लिए आस्थापित संज्ञा का प्रयोग भी किया जाता है। अभिनिधान का

शाब्दिक अर्थ है—समीप स्थापित करना। दो समीपवर्ती व्यञ्जनों के उच्चारण-सान्निध्य में जब पूर्व व्यञ्जन की ध्वनि कुछ दब सी जाती है, उसे अभिनिधान कहते है। ऋ० प्रा० (६,१७) के अनुसार जब सन्धि में स्पर्श परे होने पर पूर्ववर्ती स्पर्शों तथा (रेफवर्जित) अन्तस्था वर्णों का उच्चारण उनकी ध्वनि को कुछ दबा कर किया जाता है, उसे अभिनिधान कहते हैं; यथा—अ॒र्वाग्दे॒वा. में द् से पूर्व ग् का और म॒रुद्भिः में भ् से पूर्व द् का उच्चारण अभिनिहित है। अ० प्रा० (१,४३) का मत है कि व्यञ्जन का विधारण (पृथक् धारण) अभिनिधान है और अभिनिहित ध्वनि दबी हुई (पीडित), दुर्बलतर (सन्नतर) और श्वास तथा नाद से हीन होती है। और इस से आगे अ० प्रा० (१,४४-४७), स्पर्श परे रहते हुए और पदान्त तथा अवग्रह में स्पर्श का अभिनिधान, ऊष्म परे रहते हुए लकार का अभिनिधान, और हकार परे रहते हुए ङ् ण् न् का अभिनिधान मानता है। ऋ० प्रा० (६, १८-१९) अवसान में स्पर्शों का अभिनिधान मानता है और कहता है कि स्वकीय वर्ण परे रहते अननुनासिक तथा अनुनासिक अन्तस्था वर्णों का अभिनिधान होता है; यथा—वाक्, यँय् य॒यँ यु॒जंम्। ऋ० प्रा० (६, २०-२२) में उद्धृत शाकल्य के मतानुसार, ऊष्म परे रहते लकार का अभिनिधान होता है और पदादि य् र् व् तथा ऊष्म परे रहते क् से म् तक के पदान्तीय स्पर्शों का अभिनिधान होता है। परन्तु व्याडि आचार्य (ऋ० प्रा० ६, ४३-४४) का मत है कि, सिवाय उस परिस्थिति के जब परवर्ती व्यञ्जन का द्वित्व हुआ है या स्पर्श से पूर्व कोई स्वर या रेफ है, अभिनिधान का सर्वत्र लोप अर्थात् अभाव होता है।

११. ध्रुव—ऋ० प्रा० (६, ३९-४२) अभिनिधान के प्रसङ्ग में ध्रुव का भी वर्णन करता है। इस प्रातिशाख्य के अनुसार, सघोष व्यञ्जन के अभिनिधान के तुरन्त पश्चात् उसी अभिनिधान के समान उच्चारणकाल वाले नाद (resonance) का आगम होता है उसे ध्रुव कहते हैं, यथा—अ॒र्वाग्दे॒वा. (ऋ १०,१२९,६)। अघोष अभिनिधान से पीछे आने वाला ध्रुव सुनाई नही पड़ता और अनुनासिक अभिनिधान से पीछे आने वाले ध्रुव का उच्चारण नासिका से होता है। अन्तस्था के पीछे आने वाला ध्रुव अन्तस्था-स्वरूप वाला ही होता है।

प्रथमोऽध्यायः

१२.(क) स्फोटन—संयोगविषयक उच्चारण-वशिष्ट्य में स्फोटन का व्याख्यान आवश्यक है। अ० प्रा० (२ ३८) के अनुसार, संहिता में वर्ग विपर्यय होने पर (अर्थात् पूर्वस्थानीय वर्ग के वर्ण से पूर्व परस्थानीय वर्ग का वर्ण आने पर) स्फोटन होता है यदि पूर्व वर्ण विराम (पदान्त) में हो। अ० प्रा० (१, १०३) के व्याख्याकार ने स्फोटन के लिए स्पर्शक शब्द का प्रयोग किया है। स्फोटन एक प्रकार की आंशिक स्वर-ध्वनि है जो पूर्ववर्ती व्यञ्जन के उच्चारण को व्यक्त करती है। अ० प्रा० (१, १०३) के अनुसार स्फोटन का काल ह्रस्व अकार के अष्टम भाग के समान है यथा— यद्गाग्रुते" (अ० ९ १० १) में कवर्ग के गकार से पूर्व तवर्ग का दकार वर्गविपर्यय का उदाहरण है। इस दकार तथा गकार के उच्चारण के मध्य स्फोटन है। इसी प्रकार अनुष्टुप्त्र्यम्" (अ० ८,९, २०) में स्फोटन है।

वा० प्रा० (४ १६३) का मत है कि स्पर्श के परे कवर्ग (अर्थात् कवर्ग के किसी भी वर्ण) के रहते हुए स्फोटन करना विकल्प से दोष माना जाता है यथा—काण्डात्काण्डात्। इस सूत्र पर भाष्य करते हुए उवट स्फोटन का व्याख्यान निम्न प्रकार से करता है— स्फोटन नाम पिण्डीभूतस्य संयोगस्य पृथगुच्चारणम्। स्फोटनाख्यो दोषो वा न दोष।' व प्र० शि० १८५ १८६ (शि स पृ० १३३) ने भी स्फोटन का यही व्याख्यान किया है।

(ख) कर्षण—स्फोटन का अपवाद बतलाते हुए अ० प्रा० (२ ३९) कहता है कि जब वर्गविपर्यय में चवर्ग से पूर्व टवर्ग आये तब स्फोटन न होकर काउविप्रकर्ष (संयोग के उच्चारण काल का दीर्घीकरण 'घसीटना") होता है और इसे कर्षण कहते हैं यथा—षण्णाता (अ ८,९ १६)।

१३ वर्णक्रम (द्वित्व Doubling of Consonants)

प्रातिशाख्यों ने व्यञ्जनों के उच्चारण के सम्बन्ध में एक और विशेषता का वर्णन किया है जिस के अनुसार विशेष पारस्थितियों में कुछ व्यञ्जनों का द्वित्व कर दिया जाता है। इस उच्चारण-वशिष्ट्य के लिए ऋ० प्रा (६, १) ने क्रम और तै प्रा० (२४ ६) ने वर्णक्रम" संज्ञा का प्रयोग

किया है जब कि तै० प्रा० (१४,१), वा० प्रा०, अ० प्रा० और पा० कहते हैं कि व्यञ्जन का दो बार उच्चारण अर्थात् द्वित्व हो जाता है। यद्यपि वर्णक्रम के सम्बन्ध में अनेक मत-भेद मिलते हैं, तथापि इन सब ग्रन्थों के अनुसार वर्णक्रम के प्रमुख सिद्धान्त निम्नलिखित हैं—

(क) स्वर के पश्चात् जो संयुक्त व्यञ्जन आते हैं उनमें से प्रथम व्यञ्जन का द्वित्व हो जाता है[८१]। यथा—आ त्वा (ऋ० ८, ६८, १), उरु प्रथस्व (तै० सं० १, १,८,१); पूरुषः (अ० ४,७,५)।

(ख) यदि स्वर से परे आने वाले संयुक्त व्यञ्जनों के आदि में र् तथा ह् आए तो इन का द्वित्व नहीं होता है और संयोग में इन के पश्चात् आने वाले व्यञ्जन का द्वित्व होता है[८२]; यथा—अर्घ्येण (तै० ७,५, ९,१); ब्राह्म्योः (वा० सं० २४,१)।

(ग) इसी प्रकार संयोग में ऊष्म तथा अन्तस्था वर्णों के पश्चात् आने वाले स्पर्शों का द्वित्व होता है और स्वर से परे संयोग के आदि में आने वाले ऊष्म तथा अन्तस्था वर्णों का द्वित्व नहीं होता है[८३], यथा—अश्मा (वा० सं० १८, १३); उल्बम् (ऋ० १०,५१,१)।

(घ) वर्गों के द्वितीय तथा चतुर्थ वर्णों को द्वित्व प्राप्त होने पर, द्वितीय वर्ण का द्वित्व वर्ग के प्रथम वर्ण से और चतुर्थ का द्वित्व वर्ग के तृतीय वर्ण के द्वारा किया जाता है[८४]; यथा—विकख्याय (वा० सं० ११, २०); अर्द्धम् (ऋ० ७, १८,१६)।

(ङ) संयोग के आदि में न होने पर भी पद या पदान्त के स्वर से परे आने वाले छ् का द्वित्व हो जाता है, और उपर्युक्त नियम (घ) के अनुसार छ् से पूर्व च् का उच्चारण किया जाता है[८५], यथा—आयच्छन्दय. (तै० सं० ४, ५, ३,२); उप च्छायाम् (ऋ० ६,१६,३८)।

(च) ह्रस्व स्वर के पश्चात् आने वाले ङ् न् से परे स्वर आने पर उन का द्वित्व हो जाता है [दे० अनु० ५१क तथा ४२क]। वैदिक वाङ्मय में पदान्तीय ण् का उदाहरण नहीं मिलता है।

प्रथमोऽध्याय.

(छ) विसर्जनीय जिह्वामूलीय, उपध्मानीय तथा अनुस्वार का द्वित्व नहीं होता है तीन या अधिक संयुक्त व्यञ्जन आने पर द्वित्व नहीं होता है, संयोग में सवर्ण व्यञ्जन परे आने पर भी द्वित्व नहीं होता ह, ष् स् से परे स्वर आने पर द्वित्व का निषेध किया जाता है, कतिपय आचार्यों के मतानुसार दीर्घ स्वर से परे आने वाले संयुक्त व्यञ्जन का द्वित्व नहीं होता अन्य आचार्यों के अनुसार अवसान में द्वित्व नहीं होता और शाकल्य के मतानुसार कहीं पर भी द्वित्व नहीं होता है[९ङ] ।

अक्षर-विभाजन (Syllabication)

१४ प्रातिशाख्यों ने अक्षर (Syllable) के स्वरूप पर विचार किया है और यह निश्चय करने का प्रयास किया है कि शब्द में आने वाले अक्षरों का विभाजन किस आधार पर किया जा सकता है। प्रातिशाख्यों के मतानुसार स्वर ही अक्षर का मूल आधार है। इस लिए स्वर अकेला या व्यञ्जन के साथ मिल कर अक्षर बनता है परन्तु स्वर के आश्रय के बिना अकेला व्यञ्जन अक्षर नहीं बन सकता और अक्षर में वह स्वर का अङ्ग बन कर रहता है[९१] । अक्षर विभाजन के सम्बन्ध में प्रातिशाख्यों ने निम्नलिखित सिद्धान्तों का प्रतिपादन किया है—

(क) प्रारम्भ तथा मध्य में आने वाले व्यञ्जन परवर्ती स्वर के और अवसान में आने वाले व्यञ्जन पूर्ववर्ती स्वर के अङ्ग बनते हैं[९२क] यथा—वाक् मो, इ/वा/यं (=इवायं), इ/मान् (=इमान्) ऊक् ।

(ख) स्वरों के मध्य में आने वाले संयुक्त व्यञ्जनों का प्रथम व्यञ्जन पूर्ववर्ती स्वर का अङ्ग बनता है[९२ख] यथा—अन्/त (=अन्त)।

(ग) यम स्वरभक्ति तथा क्रम से उत्पन्न होने वाला व्यञ्जन पूर्ववर्ती स्वर का अङ्ग बनता है[९२ग] यथा—रुक्क्/मम् (=रुक्क्मम्) अग्ग्/नि (=अग्ग्नि) अर्क/क (=अर्क्क)।

(घ) जिस व्यन्जन का क्रम के नियम से द्वित्व होता है उस से परे स्पर्श रहने पर वह क्रमज व्यञ्जन के साथ पूर्ववर्ती स्वर का अङ्ग बनता है परन्तु अन्तस्था तथा ऊष्म वर्ण परे रहने पर वह परवर्ती स्वर का अङ्ग बनता है[८२घ]; यथा—पाऽप्प्/ण्यां (=पाप्ण्यां), अद्/ध्य्/व्/सा/यं (=अद्ध्य्वसायं), अश्/श्लों/ण/या (=अश्श्लोंणया), वृत्/त्सः (=वृत्त्सः)।

(ङ) अनुस्वार तथा विसर्जनीय पूर्ववर्ती स्वर के अङ्ग बनते हैं[८२ङ]; यथा—अन्/तः (=अन्तः), हं/स· (हंसः)।

३. प्रयोगात्मक तथा तुलनात्मक विवेचन

पाश्चात्य संस्कृतज्ञों ने वैदिक ध्वनियों के प्रयोग तथा तुलनात्मक इतिहास के सम्बन्ध में सराहनीय अनुसन्धान किया है। निम्नलिखित पंक्तियों में उन अनुसन्धानों का निष्कर्षमात्र अति संक्षेप रूप से प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है।

१५. **समानाक्षर—**

अ—इस ध्वनि का वैदिक भाषा में सर्वाधिक प्रयोग मिलता है और आ की तुलना में अ का प्रयोग दुगने से भी अधिक है। अधिकतर पाश्चात्य विद्वानों का मत है कि वैदिक ध्वनि अ साधारणतया इण्डोयोरोपीय मूल भाषा की ă ĕ ŏ ध्वनियों का प्रतिनिधित्व करती है[८३], यथा—

अ=ă—अज्र "खेत"=Lat. *ager*, Engl. acre.

अ=ĕ—अस्ति "है"=Lat. *est*; मध्य=Lat. *medius*.

अ=ŏ—अवि "भेड़"=Lat. *ovis*.

इस के अतिरिक्त अ मूलभाषा के सघोष नासिक्य (sonant nasal) के स्थान पर भी आता है, जहा यह अनुदात्त अक्षर (अन् अम्) के ह्रसित रूप (reduced form) का प्रतिनिधित्व करता है; यथा—असि–"तलवार"=Lat. *ensis*; शतम् "सौ"=Lat. *centum*, Goth. *hund*, √गम् से गत तथा √मन् से मत इत्यादि।

आ—यह ध्वनि इण्डो-योरोपीय मूल भाषा की ā ē ō ध्वनियों का प्रतिनिधित्व करती है, यथा—

आ=ā—मातृ 'माँ"=Lat *māter*

आ=ē—सामि 'आधा"=Lat *semi*

आ=ō—आस् 'मुख"=Lat *ōs*

सन्धि में यह ध्वनि दो अकारों के एकादेश को प्रकट करती है यथा—इह+अस्ति=इहास्ति। अ के सदृश आ प्राय सघोष नासिक्य के स्थान पर भी आता है यथा—√खन् से खात √जन् से जात इत्यादि।

इ—इस ध्वनि का वैदिक भाषा में प्रचुर प्रयोग मिलता है। यह इण्डो योरोपीय मूल भाषा की i ध्वनि का प्रतिनिधित्व करती है यथा—रिञ्चन्ति 'वे छोड़ते हैं"=Lat. *linquunt* धातुओं तथा प्रत्ययों में इ प्रायेण ए तथा य की ह्रासावस्था ((low grade) का प्रतिनिधि है यथा—√विद् 'जानना" से बने वेद रूप में धातु उदात्तसहित है और विद्म में धातु उदात्तरहित है। इस के अतिरिक्त आकारान्त धातुओं में आ की ह्रासावस्था में इस के स्थान पर इ वर्ण आता है, यथा—√शास् से बने शास्मि के साथ शिष्ट की तुलना कीजिये। इसी प्रकार √स्था से स्थित और √धा से हित बनते हैं।

ई—इ की तुलना में ई का प्रयोग बहुत कम है। ई वर्ण इण्डो-योरोपीय मूल भाषा की ī ध्वनि का प्रतिनिधित्व करता है यथा—जीव 'जीवित' =Lat *vivus* सन्धि में ई दो इकारों के एकादेश को प्रकट करता है यथा—ईषु =इ+इष्+उस (लि॰ प्र॰ पु॰ ब)।

इस के अतिरिक्त ई प्रायेण या की ह्रासावस्था (low grade) में या के स्थान पर आता है, यथा—√अश् 'प्राप्त करना" से बने अश्याम् रूप के साथ अशीमहि की तुलना कीजिये। इसी प्रकार √ज्या से बने ज्यायस् और जीत (अ॰) की तुलना कीजिये[७]।

उ—इ की तुलना में उ का प्रयोग अल्पतर है । परन्तु ऊ की तुलना में उ का प्रयोग कई गुना है। उ ध्वनि इण्डोयोरोपीय मूल भाषा की u ध्वनि का प्रतिनिधित्व करती है; यथा—रुधिर "लाल" =Lat. *ruber*; स्नुषा "पुत्रवधू" =Lat. *nurus*, O. sl. *snŭcha*. इसके अतिरिक्त ओ तथा व की ह्रासावस्था (low grade) में उ इन के स्थान पर आता है; यथा— √युज् से बने योग के साथ युग की तुलना कीजिये । इसी प्रकार √स्वप् से बने स्वप्न तथा सुप्त पर ध्यान दीजिये ।

ऊ—ऊ का प्रयोग उ की अपेक्षा कई गुना कम है और ई से भी इस का प्रयोग बहुत कम है । यह ध्वनि इण्डोयोरोपीय मूल भाषा की ū ध्वनि का प्रतिनिधित्व करती है, यथा—धूम "धूँआ" =Lat. *fūmus*, O. sl. *dymŭ*. इसके अतिरिक्त औ तथा वा की ह्रासावस्था (low grade) में इन के स्थान पर ऊ आता है; यथा—स्वादते के साथ सुषूदति की तुलना कीजिए । इसी प्रकार √धौ से बने धावति के साथ क्तान्त रूप धूत की तुलना करनी चाहिए । सवर्णदीर्घ सन्धि मे ऊ दो उकारों का प्रतिनिधित्व भी करता है, यथा—सूक्तम्=सु+उक्तम् ।

ऋ—वैदिक भाषा में ऋ का प्रयोग लगभग ऊ के प्रयोग के बराबर है । जैसा कि पहले बतलाया जा चुका है, प्रातिशाख्यकार ऋ में र् का तत्त्व मानते हैं । वैदिक ऋ की तुलना में अवेस्ता मे ərə मिलता है । इसलिये इस सम्बन्ध में आधुनिक भाषा-शास्त्रियों का मत है कि वास्तव मे र् का स्वरीकृत (vocalised) रूप ही ऋ है। अर् तथा र की ह्रासावस्था (low grade) में इन के स्थान पर ऋ हो जाता है । अर् तथा ऋ के परिवर्तन के उदाहरण प्रायेण "-तृ" अन्त वाले प्रातिपदिकों के रूपों में मिलते हैं, और र तथा ऋ के परिवर्तन के उदाहरण प्रायेण धातुओं के तिङन्त रूपों में मिलते हैं, यथा—जनितृ "पैदा करने वाला" से बने जनितरि, जनितारं. और जनितृभ्याम् की तुलना कीजिये । इसी प्रकार √कृ से

बने युक्ते और कृत √ग्रभ से बने ग्रभं और गृभीत तथा गृभं और गृभ्णामि की तुलना करनी चाहिए।

ऋ—ऋ की तुलना म ऋ का प्रयोग बहुत कम है और इस का प्रयोग केवल ऋकारान्त (पुं० स्त्री०, नपुं०) प्रातिपदिकों की द्वितीया तथा षष्ठी विभक्ति के बहुवचन म और ऋकारान्त (नपुं०) की प्रथमा तथा द्वितीया विभक्ति के बहुवचन म मिलता है। ऋ० प्रा० (१३ ३४) तथा अ प्रा (१ ३८) के अनुसार ॠ के पूर्वार्द्ध म 'र्' का तत्त्व है। आधुनिक भाषाशास्त्रियों के मतानुसार अर् की दीर्घ ह्रासावस्था (lengthened low grade) म ऋ के स्थान पर ॠ आता है यथा— पितृ से बने पितरम् और पितॄन् की तुलना कीजिये।

ऌ—ऌ का प्रयोग-क्षेत्र अत्यधिक सीमित है। और √कृप् 'समर्थ होना" (पाश्चात्य विद्वानों के अनुसार √कल्प्) से बने कुछ तिङन्त तथा कृदन्त रूपों म ऌ का प्रयोग मिलता है यथा—चाक्ऌपु चाक्ऌप्रे, चीक्ऌपाति, क्ऌप्त क्ऌप्ति। इनके अतिरिक्त इस धातु मे 'ऌ' वाले रूप कल्पस्व कल्पे इत्यादि भी बनते है। ऋ० प्रा० के प्रारम्भिक पद्य (९) में कहा गया है कि ऌकार पदों के आदि तथा अन्त म नहीं आता है। पाश्चात्य विद्वान् ऌ को ल् का स्वरीकृत (vocalised) रूप और अल की ह्रासावस्था (low grade) म इसका प्रतिनिधि मानते हैं यथा—कल्पे और क्ऌप्ति की तुलना कीजिये। हम पहले यह बतला चुके हैं कि प्रातिशाख्यकार ऌ में ल् का तत्त्व मानते हैं।

१६ सन्ध्यक्षर—

ए—अन्य सन्ध्यक्षरों की तुलना में ए का प्रयोग सर्वाधिक है। यह ध्वनि इण्डो-योरोपीय मूलभाषा के सन्ध्यक्षर ăi, ĕi तथा ŏi का प्रतिनिधि है, यथा—एधस् 'ईन्धन' =Av *aesma* Gk. a' ithō एति 'जाता है" =Lith *eiti* ते 'वे' =Gk. toi गुणसन्धि से बना ए अ आ के साथ इ ई के एकत्व का परिचायक है। कुछ शब्दों म यह अक्षर द, ध् ह से पूर्व आने वाली उस इण्डोइरानियन ध्वनि az का प्रतिनिधित्व करता है जो अब तक अवेस्ता म सुरक्षित है, यथा मेधा

=Av. mazdaә; नेदीयस् =Av, nazdyō; देहि =Av. dazdi. √अस् धातु से बने रूप एधि का व्याख्यान भी इसी आधार पर किया जाता है।

ओ—प्रयोग की दृष्टि से ए के पश्चात् ओ का स्थान आता है। ओ का अधिकतर प्रयोग पदों के मध्य में मिलता है। पदों के आदि तथा अन्त में इसका प्रयोग बहुत कम है। ओ इण्डो-योरोपीय मूलभाषा के सन्ध्यक्षर ău, ĕu तथा ŏu का प्रतिनिधित्व करता है; यथा ओजस् "बल" =Av. aogarә (तु० Lat. *augustus*), बोधामि "मैं समझता हू" =Gk. *peútho-mai*, लोक =Lith *laũkas*. गुण-सन्धि में अ आ और उ ऊ के एकरूप आदेश से ओ बनता है। भकारादि विभक्तियो से पूर्व और यकारादि तथा वकारादि तद्धित प्रत्ययों से पूर्व –अस् अन्त वाले शब्दो के रूपों मे ओ इण्डो-इरानियन ध्वनि az का प्रतिनिधित्व करता है, यथा— द्वेषोभिः (द्वेषस्+भिस्), अंहोयु (अंहस्+यु), तथा सहोवन् (सहस्+वन्)। षष् पूर्वपद वाले समासो मे भी ओ az का प्रतिनिधि है, यथा—षोडश (षष्+दश) और षोढा (षष्+धा)। इसी प्रकार वोढुम् (वह्+तुमुन्) में ओ az का प्रतिनिधि है।

ऐ औ—इन दोनों सन्ध्यक्षरो का प्रयोग अन्य स्वरों की तुलना मे बहुत कम मिलता है और औ का प्रयोग सब से कम है। तद्धितप्रत्ययान्त पदो से अन्य पदो के प्रारम्भ मे इन का प्रयोग अतीव विरल है। अ आ के साथ ए ओ की एकरूपसन्धि होने पर क्रमश ऐ औ बनते हैं। और जब ऐ औ से परे कोई स्वर आए तो इन को क्रमश. आय् आव् आदेश होता है। इसलिये आधुनिक भाषा-शास्त्री ऐ औ को क्रमशः āi āu इ० यो० मूल ध्वनियों का प्रतिनिधि मानते है, यथा— नौ "नाव" =Gk. *naus*, Lat. *navis*, द्यौः "आकाश" =Gk. *Zeús*; गौः "गाय" =Gk. *Boûs*.

स्वरावस्था-विकृति (Vowel gradation)

१७. इण्डो-योरोपीय परिवार की भाषाओं की यह एक विशेषता है कि सुबन्त, तिङन्त, तद्धित तथा कृदन्त रूपो की रचना के समय मूल स्वरो

की अवस्था में कई प्रकार के विकार होते हैं। इस स्वरावस्था विकृति के लिए जर्मनभाषा में Ablaut और इगलिशभाषा में Vowel gradation संज्ञा का व्यवहार किया जाता है। इस स्वरावस्था विकृति के लिए कतिपय भारतीय विद्वान् अपश्रुति संज्ञा का व्यवहार करते हैं, परन्तु मैं उनसे सहमत नहीं हूँ क्योंकि संस्कृतभाषा के प्रयोग तथा व्याकरण के आधार पर अपश्रुति शब्द से ऐसा कोई अर्थ नहीं निकल सकता। संस्कृत वैयाकरण अतिप्राचीन काल में भी इस प्रकार की स्वरावस्थाविकृति से परिचित थे और उन्होंने इस सम्बन्ध में गुण वृद्धि सम्प्रसारण आदि संज्ञाओं का प्रयोग किया। पाश्चात्य भाषा शास्त्रियों तथा संस्कृत वैयाकरणों के दृष्टिकोण में मुख्य भेद यह है कि संस्कृत वैयाकरण स्वरों की ह्रस्वावस्था (इ उ ऋ लृ) को साधारण अवस्था (normal grade) मान कर उस के आधार पर गुण, वृद्धि आदि अवस्था विकृति का व्याख्यान करते हैं (दे० पा० १ १ ३)। और इस के विपरीत पाश्चात्य भाषा-शास्त्री गुण (अ ए ओ अर् अल्) को साधारण अवस्था (normal grade) मान कर उस के आधार पर ह्रासावस्था (low grade) तथा वृद्धि अवस्था (lengthened grade) आदि का व्याख्यान करते हैं। इस पक्ष के समर्थन में उनकी प्रधान युक्ति यह है कि स्वरावस्था विकृति मुख्यतः उदात्त स्वर के स्थान परिवर्तन के कारण होती है क्योंकि उदात्त ही पद का प्रमुख स्वर माना जाता है। जब तक किसी पूर्ण अक्षर पर उदात्त स्वर रहता है तब तक वह अक्षर आवृत रहता है। परन्तु जब उदात्त के स्थान-परिवर्तन के कारण अक्षर अनुदात्त हो जाता है तब वह ह्रासावस्था (low grade) को प्राप्त होता है। क्योंकि उदात्त स्वर से युक्त अवस्था में ही अक्षर पूर्ण माना जाता है और उदात्त स्वर प्रायेण गुण अवस्था में ही पाया जाता है इसलिए पाश्चात्य भाषाशास्त्री गुण (अ ए ओ अर् अल्) को साधारण अवस्था मानते हैं। इस सम्बन्ध में √जि से को निम्नलिखित उदाहरणों पर ध्यान दीजिए—

(१) साधारण अवस्था (Normal grade)—जेतुम् जयति।

(२) वृद्धि अवस्था (Strengthened or lengthened grade or Dehnstufe)—अजैषम्, जैषुः (अ०)।

(३) ह्रासावस्था (Low grade)—जित।

यद्यपि संस्कृत वैयाकरणों ने इ उ ऋ लृ को साधारण अवस्था मान कर गुण, वृद्धि आदि का व्याख्यान किया है, तथापि गुण और उदात्त का पारस्परिक घनिष्ठ सम्बन्ध उनकी दृष्टि से ओझल नहीं था। पाणिनि (३,४,७८.९२) ने धातुओं से परे आने वाले उन प्रत्ययो को जो धातु के इ उ ऋ को अवश्य गुण करते हैं पित् किया है; यथा—शप्, तिप्, सिप्, मिप् और लोट् के उत्तम पुरुष का आट् आगम। और ३,१,४ में पाणिनि ने पित् प्रत्यय को अनुदात्त बनाकर पद के उदात्त का स्थान धातु के गुण अक्षर पर निश्चित कर दिया है। इसी प्रकार के बहुत से अन्य उदाहरण भी मिलते हैं। नीचे विभिन्न स्वरावस्थाओं का संक्षिप्त वर्णन किया गया है।

गुण (ए ओ अर् अल्) की अवस्थाएं

१८. (क) ह्रासावस्था (Low grade) इ उ ऋ लृ—धातुओ से बने तिङन्त तथा कृदन्त रूपों में जहा पर ए ओ अर् अल् आते हैं वहा उन पर प्रायेण उदात्त आता है। यह गुण की साधारण अवस्था है। परन्तु जिन रूपो में उदात्त का स्थान-परिवर्तन हो जाता है, उन में गुण अर्थात् ए ओ अर् अल् के स्थान पर क्रमश. इ उ ऋ लृ हो जाते हैं। पाश्चात्य भाषा-शास्त्री उदात्त स्वर के आधारभूत गुण को साधारण अवस्था (normal grade) मानते हुए इ उ ऋ लृ को गुण (अर्थात् क्रमश. ए ओ अर् अल्) की ह्रासावस्था (Low grade) मानते हैं; यथा— √इ से बने रूप एमि तथा इमः, √आप् से बने रूप आप्नोमि तथा आप्नुमः; √दृश् से बने रूप ददर्श तथा ददृशुः; और √कृप् से बने रूप कल्पते तथा चक्लृपे इस सम्बन्ध में ध्यान देने योग्य हैं। जैसा कि हम पहले बतला चुके हैं, संस्कृत वैयाकरणों के मतानुसार उपर्युक्त उदाहरणों में मूल अक्षर इ उ ऋ लृ के आधार पर गुण अर्थात् गौण अक्षर ए ओ अर् अल् का व्याख्यान किया जाता है (दे० पा० ७,३,८४.८६)।

(ख) वृद्धि अवस्था (Lengthened grade) ऐ औ आर्— अनेक सुबन्त, तद्धित तिङन्त तथा कृदन्त रूपों में गुण के स्थान पर वृद्धि (ऐ औ आर्) मिलती है। पाश्चात्य भाषाशास्त्री इस प्रकार के ऐ औ आर् को गुण (अर्थात् क्रमश: ए ओ अर्) की वृद्धि अवस्था (Lengthened grade) मानते हैं। यह वृद्धि सदा उसी अक्षर पर होती है जहाँ गुण होता है। इस के निम्नलिखित उदाहरण उल्लेखनीय हैं—

(१) सुबन्तरूप—गौ, द्यौ।

(२) तद्धितरूप—शौचिद्रथ (सुचिद्रथ का अपत्य), श्रौत्र (श्रोत्र सम्बन्धी), हैरण्य (हिरण्य का)।

(३) तिङन्तरूप—√यु से यौमि √स्तु से स्तौमि; √नी से नैषुं, अनैषम्, √भृ से अभार्षम्।

(४) कृदन्तरूप—√कृ से कारक √भृ से भार्य।

(ग) गुण तथा वृद्धि की ह्रासावस्था— (Low grade) ई, ऊ ईर्, ऊर्—गुण (ए ओ अर्) तथा वृद्धि (ऐ औ आर्) दोनों प्रकार के अक्षरों की ह्रासावस्था में इन के स्थान पर कहीं कहीं यथाविधि ई, ऊ ईर् ऊर् भी आ सकते हैं, यथा— √भी से बिभेमि (गुण) और बिभाय (वृद्धि) की तुलना में भीत बनता है। इसी प्रकार √ह्वे से होमि और जुहाव की तुलना में हूत √तॄ से तरति, ततार तथा तिरते की तुलना में तीर्ण √स्तॄ से तस्तर और तस्तार की तुलना में स्तीर्ण और √पॄ से पिपर्ति तथा पपार की तुलना में पूर्ण इत्यादि रूप बनते हैं।

(घ) ह्रासावस्था के अक्षर ई, ऊ ईर् ऊर् का पुनर्ह्रास— उपर्युक्त ह्रासावस्था वाले अक्षरों (ई ऊ ईर् ऊर्) का पुनर्ह्रास होने पर इनके स्थान पर ह्रस्व अक्षर इ उ ऋ आ जाते हैं। यह पुनर्ह्रास उस अवस्था में होता है जब उपर्युक्त ई ऊ ईर् या ऊर् वाले शब्द का उदात्त समास या सम्बोधन में अपने साधारण स्थान से हट कर शब्द के प्रथम अक्षर पर चला आता है, यथा समास में—√शी से बना रूप निशिता 'रात्रि', √पू से बने रूप सूर्तिका की तुलना में सुपुति

"अच्छा जाना"; √स्तृ से बने रूप स्तीर्णि की तुलना में अस्तृत; √ह्वे "बुलाना" से बने रूप हूर्हि की तुलना में आहुनि इत्यादि उदाहरण ध्यान देने योग्य है। इसी प्रकार [illegible] में—द्रुणी से द्रुवि और [illegible] से इयर्तु इत्यादि उदाहरण उल्लेखनीय है। इसके अतिरिक्त उन आख्यात रूपों में जिनमें द्वित्व के कारण उदात्त अपने साधारण स्थान से हट जाता है, ई, ऊ, ईर्, ऊर् को इ, उ, ऋ के रूप में पुनर्ह्रास प्राप्त होता है, यथा—√पृ "भरना" से पूर्ण तथा पूर्त की तुलना में पिपृताम् बनता है।

य व र की ह्रासावस्था (Low grade) सम्प्रसारण

१९. पाणिनीय व्याकरण (१,१,४५) के अनुसार, य् व् र् के स्थान पर क्रमशः प्रयुज्यमान इ उ ऋ की संप्रसारण संज्ञा है। और अन्य सूत्र (६,१, १०८) के अनुसार, संप्रसारण-संज्ञक इ उ ऋ से परे आने वाले अच् तथा सम्प्रसारण का पूर्वरूप एकादेश हो जाता है, यथा—यज्, वप्, ग्रह् धातुओं के य व र का क्रमशः इ, उ, ऋ सम्प्रसारण बनता है। इसके सम्बन्ध में पाश्चात्य भाषा-शास्त्रियों का मत है कि गुण की तुलना में जब य व र पर उदात्त स्वर हो तो वह य व र की साधारण अवस्था (Normal grade) है। परन्तु रूप-रचना में जब उदात्त य व र से हट कर परवर्ती अच् पर चला जाए, तब य व र के स्थान पर इनकी ह्रासावस्था (Low grade) के अक्षर इ उ ऋ आ जाते हैं, यथा—√यज् से बने इयाज की तुलना में इष्ट, √वश् "इच्छा करना" से बने वष्टि की तुलना में उश्मसि, √ग्रह् से बने जग्राह की तुलना में जगृहुः इत्यादि आख्यातिक उदाहरण प्रसिद्ध हैं। इसी प्रकार युवन् "जवान" से बने युवभिः की तुलना में यूनः, और श्वन् "कुत्ता" से बने श्वभिः की तुलना में शुनाम् इत्यादि उदाहरण ध्यान देने योग्य हैं। सम्प्रसारण-सम्बन्धी नियमों के विषय में पा० ६,१,१३-४४ तथा ६,४,१३१-१३३ द्रष्टव्य है।

या वा रा की ह्रासावस्था (Low grade)

२०. य व र की भांति या वा रा से उदात्त के हट जाने पर इनकी

हासावस्था में क्रमश इ उ इर् इनके स्थान पर आ जाते हैं। इनके उदाहरण मुख्यतया तिङन्त तथा तद्धित रूपों में मिलते हैं, यथा— √प्याय् 'फूलना" से बने प्यायते की तुलना में पीन √ब्रू से बने ब्रूयात् की तुलना में ब्रुवीत √स्वाद् से बने स्वादते की तुलना में सुषूदति, और दीर्घ की तुलना में द्राघीयस् तथा द्राघिष्ठ इत्यादि उदाहरण ध्यान देने योग्य हैं।

अ की अवस्थाएं

२१ अनेक धातुओं तथा नामरूपों में आनेवाला अ गुण अवस्था (Normal grade) में मिलता है और पाणिनि ने भी 'अदेङ्गुण" सूत्र (१ १,२) में अ की गुण अवस्था स्वीकार की है। पाश्चात्य भाषा-शास्त्रियों का मत है कि गुण अवस्था वाला अ प्रायेण इण्डो यूरोपीय मूलभाषा की ĕ या ŏ ध्वनि का प्रतिनिधित्व करता है। यद्यपि ह्रासावस्था (low grade) में साधारणतया इस प्रकार के अ का लोप सम्भाव्य है तथापि इस का लोप सर्वत्र वाञ्छनीय नहीं है क्योंकि कुछ रूपों में अ का लोप होने से उनका उच्चारण ही असम्भव है। तब भी ह्रासावस्था वाले बहुत से रूपों में अ का लोप हो जाता है यथा—√अस् से बने अस्ति की तुलना में सन्ति √गम् से बने जगमे की तुलना में जग्मु √हन् से बने हन्ति की तुलना में घ्नन्ति इत्यादि उदाहरणों में अ का लोप हुआ है।

गुण अ की वृद्धि अवस्था (lengthened grade) में इस के स्थान पर आ हो जाता है (दे० पा० १, १,१-वृद्धिरादैच्)। वृद्धि अवस्था के उदाहरण सुबन्त तद्धित तिङन्त तथा कृदन्त रूपों में मिलते हैं यथा— महत् की तुलना में महान् वपुस् की तुलना में वापुष √यम् 'फैलाना' से बना तिङन्त रूप अयासम् और √वह् 'ले जाना' से बना कृदन्तरूप वाहस् हवि इत्यादि उदाहरण उल्लेखनीय हैं।

आ की अवस्थाएं

२२. पाश्चात्य भाषाशास्त्रियों के मतानुसार, कुछ धातुओं में आने वाला आ गुण अर्थात् साधारण अवस्था (normal grade) का प्रतिनिधि माना जाता

है और वह अ की वृद्धि-अवस्था (lengthened grade) का प्रतिनिधि नहीं है। साधारण-अवस्था वाले आ की ह्रासावस्था (low grade) में इस के स्थान पर प्रायेण इ आता है, परन्तु सादृश्य के कारण कहीं-कहीं ई भी आता है। और कभी कभी गौण उदात्त स्वर के साथ अ भी आता है; यथा–√स्था से बने स्थाः (लु० म० पु० ए०) की तुलना में स्थित; √धा से बने दधाति की तुलना में हित;√पा "पीना" से बने पातवे की तुलना में पीत इत्यादि उदाहरण आ के स्थान पर आने वाले इ तथा ई का स्पष्ट व्याख्यान करते हैं (दे० पा० ७,४,४०-४५; ६,४, ६६)। इसी प्रकार गाहते की तुलना में आने वाले गहन तथा गह्वर इत्यादि उदाहरण भी ध्यान देने योग्य हैं। (१) आकारान्त धातुओं से बने लिट् के रूपों में अजादि प्रत्ययों से पूर्व; (२) √दा "देना" और√धा "रखना" इत्यादि धातुओं के अभ्यास वाले रूपों में सब प्रकार के प्रत्ययों से पूर्व; (३) अजन्त उपसर्ग के साथ समस्त √दा "देना" और √दो "काटना" धातुओं के क्तान्त रूपो में; (४) और √हा "छोड़ना" इत्यादि कुछ अन्य धातुओं से बने तिङन्त रूपों में ह्रासावस्था (low grade) को प्राप्त हुए आ का लोप हो जाता है, यथा- (१) √स्था से तस्थुः (लि० प्र० पु० व०–दे० पा० ६, ४, ६४); (२) √दा से दुदुः तथा दद्मसि और √धा से दधुः तथा दध्मसि (दे० पा० ६, ४, ११२); (३) प्र+√दा से प्रत्त तथा आ+√दा से आत्त और अव+√दो से अवत्त (दे० पा० ७, ४, ४७); (४) और √हा से विधिलिङ् में जह्यात् (दे० पा० ६,४,११८) इत्यादि उदाहरण उल्लेखनीय हैं।

ऐ तथा औ की अवस्थाएं

२३. (क) **ऐ की ह्रासावस्था (Low grade) ई**–संस्कृत वैयाकरणों ने कुछ धातुओं के अन्त में ऐ माना है; यथा— √गै "गाना" तथा √श्यै "जमना" इत्यादि। अजादि प्रत्ययों से पूर्व सन्धि के कारण इनका ऐ साधारणतया आय् के रूप में प्रकट होता है। ह्रासावस्था (Low grade) में ऐ के स्थान पर ई की ध्वनि आती है; यथा—√गै से गायति की तुलना में गीत; और √श्यै से श्यायते की तुलना में शीत तथा शीन इत्यादि।

(ग) औ की ह्रासावस्था (Low grade) ऊ—मैकडानल महोदय ऊ को औ की ह्रासावस्था का प्रतिनिधि मानते हैं और इस मत के समर्थन में प्रायेण निम्नलिखित उदाहरण प्रस्तुत करते हैं—धावति 'धोता है" की तुलना में धूत 'धोया गया", और धावति 'भागता है" की तुलना में धूम 'धूआँ" (दे० Ved. Gr., p. 19)। परन्तु ये उदाहरण पूर्णतया असंदिग्ध नहीं माने जा सकते।

व्यञ्जन

२४ कण्ठ्य स्पर्श (क् ख् ग् घ् ङ्)—वैदिक भाषा में ककार का प्रयोग अन्य चारों कण्ठ्य स्पर्शों की तुलना में सब से अधिक है और ङकार का प्रयोग सब से कम है। ङकार के प्रयोग के सम्बन्ध में यह तथ्य विशेषतया उल्लेखनीय है कि इसका अधिकतर प्रयोग कवर्ग के स्पर्शों से पूर्व मिलता है, यथा—अङ्क, अङ्कुश, अङ्ग, जङ्घा इत्यादि। अन्य स्पर्शों से पूर्व ङकार तभी आता है जब किसी कण्ठ्य स्पर्श ध्वनि का लोप हुआ हो यथा—युङ्धि=युङ्ग्धि (लोट् म० पु० ए० में ज् का ग् बन कर लोप हुआ)। इसी प्रकार जहां किसी उत्तरवर्ती कण्ठ्य स्पर्श का लोप हुआ हो वहां पदान्त में भी ङकार मिलता है यथा—ईदृङ्क् से ईदृङ् और प्रत्यञ्च् से प्रत्यङ् इत्यादि। वैदिक भाषा के कण्ठ्य स्पर्श प्रायेण इ० यू० मूल भाषा के मध्य कण्ठ्य स्पर्शों (Velars) का प्रतिनिधित्व करते हैं, यथा—कक्ष 'बगल" =Lat. *coxa* अङ्क 'मोड़" = Lat. *uncus*, आगस् 'पाप" =Gk. *'agos* मेघ 'बादल"=Goth *miglu* वैदिक भाषा के कुछ कण्ठ्य स्पर्शों का उद्गम इ० यू० मूलकण्ठ्य स्पर्शों (Labio-velars) से भी माना जाता है यथा—कः 'कौन" = Lat. *quis* गौः 'गाय" = Gk. *Boûs*, Lat. bōs इस के अतिरिक्त कुछ विशेष परिस्थितियों में वैदिक भाषा के कण्ठ्य स्पर्श तालव्य ध्वनियों के स्थान पर भी आते हैं, यथा—दिक्षु इत्यादि के क्ष् (क्+ष्) में मूलतः श् तथा स् का संयोग है, और श् के स्थान पर क् बनने से सन्धि के परिणामस्वरूप स् का मूर्धन्य हो गया है (दे० अनु० ७१)। इसी प्रकार वाक् इत्यादि रूपों में च् के स्थान पर क् आता है (दे० अनु० ७६)। कुछ रूपों में सकारादि प्रत्ययों से पूर्व ष् के स्थान पर भी क् आता है, यथा—

√छिद् "छेद करना" से छिक्षत् (अआगमरहित लु० प्र० पु० ए०) (दे० अनु० ७४)।

२५. **तालव्य व्यञ्जन**—वैदिक भाषा में अन्य तालव्य स्पर्शों की अपेक्षा च् का प्रयोग अधिक मिलता है और प्रयोग की दृष्टि से च् से दूसरे स्थान पर ज् आता है। छ् का प्रयोग च् की तुलना में केवल १/६ है। झ् का प्रयोग सारे ऋग्वेद में केवल एक बार आता है और अथर्ववेद में एक बार भी नहीं आता है। उत्तरकालीन वैदिक भाषा में झ् के कुछेक प्रयोग मिलते हैं। ञ् का प्रयोग भी बहुत थोड़े वैदिक शब्दों में मिलता है। ञ् कभी पद के प्रारम्भ में नहीं आता और यह प्रायेण श् से पूर्व और च् या ज् के पहले या पीछे आता है। यह विशेषतया उल्लेखनीय है कि कोई भी तालव्य व्यञ्जन पदान्त में नहीं आता है[८१]।

पाश्चात्य भाषा-शास्त्रियों ने वैदिक भाषा के तालव्य व्यञ्जनों के सम्बन्ध में बहुत अनुसन्धान करने के उपरान्त यह मत स्थापित किया है कि ये ध्वनियाँ इ० यो० मूल भाषा की कण्ठ्य ध्वनियों से विकसित हुई हैं। कुछ विद्वान् इन का विकास इण्डो-ईरानियन काल से मानते हैं। विकास-क्रम की दृष्टि से वैदिक तालव्य व्यञ्जनों को दो श्रेणियों में विभक्त किया जाता है— (क) पूर्वकालीन तालव्य (Old palatals) और (ख) उत्तरकालीन तालव्य (New palatals)। छ्, श् और कुछ रूपों में प्रयुक्त ज् तथा ह् पूर्वकालीन तालव्य माने जाते हैं[८२]। च् और कुछ अन्य रूपों में प्रयुक्त ज् तथा ह् उत्तरकालीन तालव्य माने जाते हैं। विभिन्न परिस्थितियों में होने वाले विकारों से यह निश्चय किया जाता है कि कौन से ज् तथा ह् का वर्गीकरण पूर्वकालीन तालव्यों के साथ और कौन से का वर्गीकरण उत्तरकालीन तालव्यों के साथ किया जा सकता है। पदान्त में अथवा स्पर्शों से पूर्व मूर्धन्य में परिणत होने वाले ज् तथा ह् पूर्वकालीन तालव्य माने जाते हैं (दे० अनु० ७३ तथा ७५), यथा— √यज् (Av. yaz) से इष्ट (यज्+क्त); √मृज् (Av. marez) से मृष्ट (मृज्+क्त); √सृज् (Av. harez) से सृष्ट (सृज्+क्त); √वह् (Av. vaz) से ऊढ (वह्+क्त);

√सह् (Av haz) से सोढ; √लिह् (Av raēz) से लीढ (लिह्+क्त)। पदान्त में अथवा स्पर्शों से पूर्व कण्ठ्य स्पर्शों में परिणत होने वाले ज् तथा ह् उत्तरकालीन तालव्य माने जाते हैं (दे० अनु० ७१ तथा ७६), यथा— √निज् "धोना" (Av naēj) से निक्त (निज्+क्त), √युज् "जोडना" (Av yaoj) से युक्त (युज्+क्त) √द्रुह् (Av druj) से द्रुग्ध (द्रुह्+क्त), √दुह् से दुग्ध (दुह्+क्त)।

पूर्वकालीन तालव्यों का विकास इ० यो० मूल भाषा के तालुकण्ठ्य स्पर्शों (Palatal gutturals– k̂ k̂h ĝ ĝh) से माना जाता है। इस सम्बन्ध में अधिकतर पाश्चात्य भाषा शास्त्रियों का यह मत है कि प्रथम तालव्यीकरण (First Palatalisation) इ० यो मूलभाषा से इण्डो इरानियन भाषा की पृथक्ता से पूर्व ही हो चुका था। इस तालव्यीकरण के अनुसार इण्डो-इरानियन भाषा में इ० यो० मूलभाषा के k̂ ĝ ĝh के स्थान पर क्रमश s z zh हुए और कालान्तर में इन के स्थान पर वैदिक भाषा में क्रमश श् ज् ह् बन गए और अवेस्ता में क्रमश s, z z बन गए यथा—

k̂ : श्वन् "कुत्ता", Av span, Gk. kuōn Lat canis
ĝ जानु "घुटना", Av zānu Gk gónnu Lat genu
ĝh : हिम "बर्फ" Av zima, Lat. hiems

उत्तरकालीन तालव्यों का विकास इ० यो० मूलभाषा से इण्डो-इरानियन भाषा की पृथक्ता के पश्चात् माना जाता है। परन्तु इ० यो मूलभाषा के ĕ का इण्डो-इरानियन भाषा के ă में विलीन होने से पूर्व यह विकास सम्पन्न हो चुका था। इस द्वितीय तालव्यीकरण (Second Palatalisation) के अनुसार ĕ, ĭ तथा y से पूर्व इ० यो० q g तथा gh क्रमश č ǰ तथा ǰh में परिणत हो गए। वैदिक भाषा में

इन के स्थान पर क्रमशः च् ज् तथा ह् बन गए और इरानियन में ǰh के स्थान पर भी J̌ बन गया। यथा—

k : पञ्च, Gk. Pénte, Lat. quinque, zd. pañcan.

g : जीव, Gk. bíos, Lat. vīvus, Lith. gývas, Av. J̌vaiti.

gh : हन्ति, Av. J̌ainti, Hitt. kuenzi.

उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि तुलनात्मक भाषाविज्ञान की दृष्टि से वैदिक भाषा के ज् तथा ह् कुछ शब्दों में पूर्वकालीन तालव्यों का प्रतिनिधित्व करते हैं और अन्य शब्दों में वे उत्तरकालीन तालव्यों के प्रतिनिधि हैं।

(क) पूर्वकालीन तालव्य— छ्, श्, ज्, ह्—अब हम प्रत्येक ध्वनि के विषय मे विचार करेंगे।

छ्—इस सम्बन्ध में सर्वप्रथम यह ध्यान रखना आवश्यक है कि छ् मूलतः एक संयुक्त ध्वनि है। इसी लिये पद के मध्य में यह नियमपूर्वक और अन्यत्र विकल्प से च्छ् लिखा जाता है (दे० पा० ६,१,७३-७६; अनु० १३ ङ)। यद्यपि प्रातिशाख्यकार, शिक्षाकार तथा संस्कृत वैयाकरण छ् को चवर्ग का द्वितीय वर्ण मानते हुए च् तथा छ् के मध्य वैसा ही सम्बन्ध स्वीकार करते हैं जैसा कि क् तथा ख् अथवा प् तथा फ् के मध्य माना जाता है, तथापि पाश्चात्य भाषाशास्त्रियों का मत इस से सर्वथा भिन्न है। उन के मतानुसार श् तथा छ् के बीच लगभग वैसा ही सम्बन्ध है जैसा कि क् तथा ख् अथवा प् तथा फ् के मध्य माना जाता है। इस मत के समर्थन में वे उस सन्धि-नियम का भी निर्देश करते हैं जिस के अनुसार श् का छ् बनता है (दे० अनु० ५०)। संयुक्त ध्वनि छ् प्रायेण इ० यो० s+k̂h का प्रतिनिधित्व करती है; यथा—√छिद् "काटना" =Gk. *skhid*, Lat. *scindo*, Goth. *skeida*, Av. *saēd*; छाया=Gk *skiā*, Persian *sāyah*. परन्तु कहीं-कहीं छ् इ० यो० s+k̂ का प्रतिनिधित्व भी करता है; यथा—गच्छति= Gk. *báskō*, Av. *ǰasaiti*.

श्—यह ध्वनि इ० यो० k̂ का प्रतिनिधित्व करती है यथा— शतम्=Gk. *hekaton* Lat. *centum*, Lith *szìmtas*, Av *satəm*

ज्—यह ज् मूलतः एक सघोष (sonant) माना जाता है, अर्थात् श जिस प्रकार इ० यो० k̂ का प्रतिनिधित्व करता है उसी प्रकार यह ज् इ० यो० ĝ का प्रतिनिधित्व करता है। जैसा कि हम पहले बतला चुके हैं इण्डो-ईरानियन भाषा में ĝ के स्थान पर z और अवेस्ता में z माना जाता है। अतएव यह ज् पदान्त में और स्पर्शों से पूर्व मूर्धन्य ध्वनि के रूप में पहिचाना जा सकता है यथा— √यज् से अयाट् (लु० प्र० पु० ए०), यष्टृ (√यज्+तृच्) तथा इष्ट (√यज+क्त) इत्यादि।

ह्—जैसा कि हम पहले बतला चुके हैं, पूर्वकालीन तालव्य ह् इ० यो० ĝh का प्रतिनिधित्व करता है और इण्डो-ईरानियन भाषा में इस के स्थान पर zh माना जाता है। वैदिक भाषा में यह पदान्त में अथवा दन्त्य से पूर्व मूर्धन्य के रूप में पहिचाना जा सकता है यथा— √वह् से अवाट् (लु० प्र० पु० ए०) वोढृ (√वह्+तृच्) तथा ऊढ (√वह्+क्त) इत्यादि।

(ख) **उत्तरकालीन तालव्य**—च् ज् ह्—जैसा कि हम पहले बतला चुके हैं, इ० यो० मूलभाषा की मध्य कण्ठ्य ध्वनियाँ (Velars) द्वितीय तालव्यीकरण (Second Palatalisation) के कारण तालव्य व्यञ्जनों में परिणत हो गईं और वैदिक भाषा के च ज ह् उनका प्रतिनिधित्व करते हैं। इन वैदिक ध्वनियों का मूल कण्ठ्यत्व इस तथ्य से भी प्रमाणित होता है कि रूप-रचना के समय इनके स्थान पर बहुधा कण्ठ्य ध्वनियाँ प्रकट होती हैं, यथा—

च्—√शुच् 'चमकना' से शोचति के साथ साथ शोक 'ज्वाला' तथा शुक्र 'चमकता हुआ' इत्यादि रूप बनते हैं जिन में च् के स्थान पर क् आता है।

ज्—√युज् 'जोतना' से युयुजे के साथ-साथ युग तथा योग इत्यादि रूप बनते हैं जिन में ज् के स्थान पर ग् आता है।

ह्—√हन् "मारना" से हन्ति के साथ-साथ घ्नन्ति, जघान तथा घातयति इत्यादि रूप वनते हैं जिन मे ह् के स्थान पर घ् आता है (दे० पा० ७, ३,५४-५६; ७,४,६२)।

२६. **मूर्धन्य स्पर्श** (ट् ठ् ड् ढ् ण्)—वैदिक भाषा मे मूर्धन्य स्पर्शों का प्रयोग वहुत कम मिलता है। मूर्धन्य स्पर्श प्रायेण शब्दों के मध्य में अथवा अन्त में आते हैं और मूर्धन्य स्पर्श से प्रारम्भ होने वाले शब्द वैदिक भाषा में अति विरल हैं। ण् कभी पद के आदि या अन्त में नहीं मिलता है। जैसा कि हम पहले वतला चुके है, ळ ळ्ह क्रमशः ड ढ के स्थान पर केवल स्वरों के मध्य ऋग्वेद में प्रयुक्त होते हैं।

सभी मूर्धन्य व्यञ्जन मूल ध्वनियों के विकृत रूप माने जाते हैं। अनेक विद्वानों का मत है कि द्रविड़ लोगों की भाषा के प्रभाव से प्राचीन आर्यभाषा की मूलध्वनियों मे इस प्रकार का विकार उत्पन्न हुआ, क्योंकि इण्डो-इरानियन भाषा में इस प्रकार की मूर्धन्य ध्वनिया नहीं थीं। कुछ विद्वान् तो यह भी मानते हैं कि कुण्ड, पिण्ड इत्यादि अनेक नये शब्द द्रविड़ लोगों की भाषा से वैदिक भाषा में आये हैं (दे० अनु० ६१)। अधिकतर मूर्धन्य स्पर्श षकार से परे आने वाले दन्त्य स्पर्शों के विकार के परिणामस्वरूप (दे० पा० ८,४,४१) प्रकट होते हैं (दे० अनु० ६१-६५), यथा—वृष्टि (√वृष्+क्तिन्), दुष्टर "अजेय" (दुस्+तर); वष्टि "चाहता है" (√वश्+ति), मृष्ट "शुद्ध किया गया" (√मृज्+क्त); राष्ट्र (√राज्+त्र)। मूलध्वनि स्, श् तथा ज् में विकार के परिणाम-स्वरूप यह ष् प्रकट होता है (दे० पा० ८,२,३६; ८,३,५९-७७) और ये श् तथा ज् पूर्वकालीन तालव्य हैं जिनका विस्तृत विवेचन पहले किया जा चुका है। कुछ मूर्धन्य स्पर्श उन दन्त्य स्पर्शों के विकार-स्वरूप हैं जिनसे पूर्व आने वाली *z ध्वनि के लोप की कल्पना की जाती है। इस सम्वन्ध में पाश्चात्य भाषाशास्त्री यह मानते हैं कि अ आ से भिन्न स्वर से परे आने पर *z का *ẓ वन गया और यह ध्वनि पूर्ववर्ती ह्रस्व स्वर को दीर्घ तथा परवर्ती दन्त्य स्पर्श को मूर्धन्य वना कर लुप्त हो गई[88]; यथा—नीड "घोंसला" =*Nizdó (=*नि+सेद्), Lat. *Nidus*, Eng *Nest;* दूळभ "जिस को धोखा देना कठिन है"

=*duz+dabha (=*दुस्+दभ) दूढी "बुरी बुद्धि वाला" =*duz+dhi (=*दुस्+धी)। प्रातिशाख्य तथा वैयाकरण इन रूपों में दुर् उपसर्ग मानते हैं (दे० अनु ५९ तथा टि० ११०क)। बहुत से शब्दों में पूर्ववर्ती र्, ऋ तथा ॠ के प्रभाव से न् का ण् में परिवर्तन हुआ है (दे० अनु० ६३ ६५)। पदान्त में मूर्धन्य स्पर्श पूर्वकालीन तालव्य ज्, श् तथा ह् के स्थान पर आते हैं (दे० अनु० ७३ ख तथा ७५) यथा—राज् से राट् 'राजा" भ्राज् से भ्राट् 'प्रभा", विपाश् से विपाट् 'व्यास नदी" √नश् से आनट् (लु० प्र० पु० ए०), √वह् से अवाट् (लु० प्र० पु० ए०) और –साह् से –षाट् (तुराषाट् इत्यादि)। ळ एक प्रकार का मूर्धन्य ल्कार है और उसी का महाप्राण ळ्ह बनता है, यथा—ईळे अषाळ्ह अजेय", इत्यादि।

२७ दन्त्य स्पर्श (त् थ् द् ध् न्)—वैदिक भाषा में दन्त्य स्पर्शों का प्रचुर प्रयोग मिलता है और अन्य सभी स्पर्शों की अपेक्षा इनका प्रयोग अधिक है। अन्य अनुनासिक स्पर्शों की अपेक्षा न् का प्रयोग बहुत अधिक मिलता है और यह वर्ण सभी स्थितियों में—पद के आदि मध्य तथा अन्त में—प्रयुक्त होता है। दन्त्य स्पर्श इ० यो० मूलभाषा के दन्त्य स्पर्शों का प्रतिनिधित्व करते हैं यथा—तनु "पतला"=Gk *tanu*- Lat *tenuis* दश =Gk. deka Lat. *decem* इत्यादि। कई रूपों में स् से पूर्ववर्ती स् के स्थान पर भी वैदिक भाषा में त् हो जाता है (दे० अनु ७७) यथा—√वस्+स्य+ति = वत्स्यति "वह चमकेगा" अ+√वस्+स्+ई+त् =अवात्सीत् 'वह रहा है'। अप् जल" के रूपों में भकारादि विभक्तियों से पूर्व प् के स्थान पर त् आता है (दे० अनु० ७७) यथा—अद्भिः अद्भि अद्भ्यः। इसी प्रकार भकारादि विभक्तियों से पूर्व मास् स्ववस् स्वतवस् तथा उषस् शब्दों के स् का द् हो जाता है" यथा—माद्भिः स्ववद्भिः, स्वतवद्भ्यः, उषद्भिः इत्यादि। सन्धि के साधारण नियम के अनुसार त् का द् बन जाता है (अनु० ४८क)।

२८. **ओष्ठ्य स्पर्श (प् फ् ब् भ् म्)**—वैदिक भाषा में ओष्ठय स्पर्शों का प्रचुर प्रयोग मिलता है। इनमें से फ् का प्रयोग सबसे कम और म् का प्रयोग सबसे अधिक है। ब् की अपेक्षा भ् का प्रयोग कुछ अधिक है। साधारणतया ओष्ठय स्पर्श इ० यो० मूलभाषा के ओष्ठय स्पर्शों का प्रतिनिधित्व करते हैं; यथा—पञ्च =Gk. *pénte;* भर ' ले जाओ" =Gk, *phéro;* मातरम् =Lat. *māter;* नाम =Lat. *nómen.* अधिकतर वैदिक शब्दों का ब् इ०यो० मूलध्वनि का प्रतिनिधित्व नहीं करता है और यह भ् अथवा प् का विकारज है, यथा—√भू से बभूव (लि० प्र० पु० ए०); √रभ् से रब्ध (रभ+क्त), तथा अप् "जल" से अब्जा इत्यादि। इसी प्रकार वैदिक शब्द पिब्दुन "स्थिर" में प् के स्थान पर ब् माना जाता है और अनेक प्रमुख विद्वानों का मत है कि पद् धातु का द्वित्व हो कर पिप्दुन के स्थान पर पिब्दुन बना है[१०]। कुछ वैदिक शब्दों के ब् का सम्बन्ध किसी भी इ० यो० मूलध्वनि के साथ निश्चित नहीं किया जा सका है। इसलिए यह माना जाता है कि इस प्रकार के शब्द किसी अन्य भाषा से लिये गये हैं; यथा—बृबु, अर्बुद, शम्बर। इस प्रकार के अधिकतर शब्द संज्ञावाचक हैं।

२९. **अन्तस्था (य् र् ल् व्)**—इन वर्णों की अन्तस्था संज्ञा के सम्बन्ध में हम पहले ही विचार कर चुके हैं (दे० टि० ३३)। वैदिक भाषा में प्रयोग की दृष्टि से इन वर्णों का क्रम इस प्रकार है—र्, व्, य्, ल्। प्राचीनतम वैदिकभाषा में ल् का प्रयोग अत्यल्प था और कालान्तर में इसका प्रयोग बढ़ने लगा। आगे चल कर हम इस विषय पर विस्तृत विवेचन करेंगे। स्वरसन्धि में य् व् र् ल् क्रमशः इ उ ऋ ऌ के स्थान पर आते हैं और अनेक परिस्थितियों में ये इन स्वरों का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसके अतिरिक्त य् व् र् ल् के सम्प्रसारण क्रमशः इ उ ऋ ऌ हैं। इससे स्पष्ट है कि अन्तस्था वर्णों तथा इन स्वरों के मध्य विशेष सम्बन्ध है।

य्—जैसा कि हमने अभी संकेत किया है, स्वर-सन्धि में य् इकार का प्रतिनिधित्व करता है। परन्तु जिन वैदिक शब्दों में य् इकार का प्रतिनिधित्व नहीं करता है, वहा यह इ० यो० मूलध्वनि i̯ (=Gk. spiritus asper)

का प्रतिनिधि है यथा—युवन् 'ज्वान'' =Lat. *iuvenis* यकृत् 'जिगर'' =Lat. *iecur* य चो'' =Gk. *'ós* √यज् 'यज्ञ करना'' =Gk. *ágios* कुछ वैदिक शब्दों का य् इ॰ यो॰ मूलभाषा के सघोष तालव्य ऊष्म (=Gk. z) का प्रतिनिधित्व करता है, यथा—यव =Gk. *zeiá*, √यस् उबालना'' (पा॰ धातुपाठ– 'यसु प्रयत्ने'') =Gk. *zéo* √युज् 'जोतना'' =Gk. *zug* Goth *juk*

कतिपय विद्वानों का मत है कि मूलतः भिन्न ध्वनियों के प्रतिनिधि होने के कारण धातुओं के प्रारम्भ में आने वाले सभी यकार द्वित्व में समान रूप नहीं धारण करते हैं यथा—यज धातु के य् को इयाज इत्यादि द्वित्व वाले रूपों में सम्प्रसारण प्राप्त होता है परन्तु यम्, यस् इत्यादि धातुओं के य् को द्वित्व में सम्प्रसारण नहीं होता है। वैदिक भाषा के कुछ शब्दों में आने वाले यकार का समुचित तुलनात्मक समाधान नहीं किया जा सका है, यथा— √दा से अदायि √धा से अधायि √ज्ञा से अज्ञायि यूयम् मूयिष्ठ इत्यादि।

व्—जैसा कि हम ने ऊपर संकेत किया है स्वरसाम्य में व् उकार का प्रतिनिधित्व करता है। बहुत से वैदिक शब्दों में व् इ॰ यो॰ मूलध्वनि u̯ का प्रतिनिधित्व करता है यथा— अवि 'भेड़'' =Lat. *ovis* वाच् =Lat. vōx वच् वप् वह् इत्यादि धातुओं के वकार को द्वित्व में तथा कुछ अन्य परिस्थितियों में सम्प्रसारण हो जाता है यथा— √वच् से उवाच तथा उक्त √वप् से उवाप तथा उप्त √वह् से उवाह तथा ऊढ इत्यादि।

र्, ल्—बहुत से वैदिक शब्दों के र् ल् क्रमशः इ॰ यो॰ मूलभाषा की r l ध्वनियों का प्रतिनिधित्व करते हैं यथा—भरे 'ले जाता =Gk. *phéro* Lat. *fero* राजन् 'नृप' =Lat. *rex* रुधिर 'लाल' =Gk. *eruthros* Lat *ruber* Lith *rudas* German *rot* Eng *red* लोक 'स्थान''=Lat. *lūcus* Lith *laukas* श्लोक 'कीर्ति'=Gk kluō परन्तु प्राचीन वैदिक भाषा के अनेक शब्दों का रेफ इ॰ यो॰ मूलध्वनि l का प्रतिनिधि है यथा—रघु 'शीघ्रगामी''=Gk. *elakhus* Lat *levis* गर्भ=Gk. *delphos* Germ. *kalb* Eng. *calf* √रिच् 'खाली करना' से रिणक्ति =Lat. linquit इसी प्रकार रक्ष, रभ्, रिप्

रिह् इत्यादि धातुओ का तथा कुछ अन्य शब्दों का र् इ० यो० मूल-ध्वनि l का प्रतिनिधि माना जाता है। इस सम्बन्ध में कतिपय विद्वान् यह समाधान प्रस्तुत करते हैं कि इण्डो-इरानियन भाषा की जिस उपभाषा से अवेस्ता का विकास हुआ उस में सर्वत्र ल् के स्थान पर र् कर दिया गया था। अतएव वैदिक भाषा के जिन शब्दो में इ० यो० मूलध्वनि ल् के स्थान पर र् मिलता है उन शब्दों का आधार भी वही रेफ-प्रधान इण्डो-इरानियन उपभाषा है। इसके अतिरिक्त वैदिक भाषा में एक ऐसी इण्डो-इरानियन उपभाषा का समावेश भी माना जाता है जिस मे इ० यो० मूलध्वनि र् तथा ल् दोनों का पृथक् अस्तित्व बना रहा। और वैदिक भाषा के स्रोतों में एक ऐसी उपभाषा की गणना भी की जाती है जिस में सर्वत्र र् का ल बन गया। यह निर्विवाद सत्य है कि ऋग्वेद की भाषा में ल् की तुलना में र् का प्रयोग सातगुना है। परन्तु ऋग्वेद के दशम मण्डल में लकार का प्रवृद्ध प्रयोग दृष्टिगोचर होता है। अतएव ऋग्वेद के पहले नव मण्डलो में जिन शब्दों में र् का प्रयोग मिलता है उन्हीं शब्दो में दशम मण्डल में र् के स्थान पर ल् प्रयुक्त होता है; यथा— √म्रुच् "डूबना", √रभ् "पकड़ना", रोमन् "बाल" तथा रोहित "लाल" के स्थान पर दशम मण्डल में क्रमशः √म्लुच्, √लभ्, लोमन् तथा लोहित का प्रयोग मिलता है। ऋग्वेद के दशम मण्डल के रचना-काल से प्रारम्भ करके सूत्रकाल तक र् के स्थान पर ल् के प्रयोग की प्रवृत्ति उत्तरोत्तर बढ़ती चली गई। इसलिए अथर्ववेद में र् की अपेक्षा ल् का प्रयोग आठगुना है। अ० प्रा० (१,६६) ने अङ्गुरि इत्यादि कुछ अथर्ववेदीय शब्दों में र् के स्थान पर ल् का विधान किया है। उत्तरकालीन भाषा में भी कहीं-कहीं र् तथा ल् का प्रयोग साथ-साथ चलता रहा; यथा—शुक्र, शुक्ल, मिश्र, मिश्ल, गिर, गिल इत्यादि। रेफ के वैकल्पिक लत्व के सम्बन्ध में वार्तिककार ने भी कतिपय शब्दों की परिगणना की है[१०क]। इन ध्वनियों के प्रयोग में इस प्रकार की अव्यवस्था के कारण कालान्तर में "रलयोरभेदः" या "रलयोरैक्य-स्मरणम्" (पा० ८,२,१८ पर काशिका) जसी उक्तियों का प्रचलन हुआ। कतिपय पाश्चात्य विद्वानो का मत है कि लकार ध्वनि वाले कुछ वैदिक

शब्द—सीर्ल "नीला" जलाष 'स्वस्थ करने वाला", तितिबछ 'उपजाऊ' इत्यादि—अन्य भाषाओं से लिये गये हैं।

३० ऊष्माण (श् ष् स् ह्)—यद्यपि ये चारों वर्ण ऊष्म कहलाते हैं (दे० टि० ४), तथापि इन में विशेष अन्तर यह है कि श् ष् स् अघोष हैं और ह् सघोष है। इन में से सकार का प्रयोग सर्वाधिक है और द्वितीय स्थान श् का है। ष का प्रयोग सब से कम है।

श्—जैसा कि हम पहले बतला चुके हैं, श् इ० यो० मूलध्वनि $\hat{k}$ का प्रतिनिधित्व करता है। इसी लिये शतम्, अश्व तथा श्वन् इत्यादि शब्दों का श् मूलध्वनि $\hat{k}$ का प्रतिनिधि है। स् से पूर्व (दे० अनु० ७६ख) और कहीं-कहीं पदान्त में (दे० अनु० ७६क) श् के स्थान पर क् हो जाता है और यह परिवर्तन इस के मूल कण्ठ्यत्व का परिचायक है। यथा—√दृश् से द्रक्ष्यति (लृ०) तथा अद्राक्षीत् (लु०) और दिश् "दिशा" से दिक् इत्यादि। व्यञ्जनसन्धि में तालव्य व्यञ्जनों से पूर्व स् के स्थान पर श् हो जाता है यथा—अग्निस्+च=अग्निश्च (दे० अनु० ५५घ)।

ष्—मूर्धन्य स्पर्शों की भांति षकार भी अन्य ध्वनियों के विकार-स्वरूप प्रकट होता है और इसे मौलिक ध्वनि नहीं माना जाता है। कुछ शब्दों में पूर्वकालीन तालव्य (old palatals) श् तथा ज् के स्थान पर ष् प्रकट होता है (दे० अनु० ७५) यथा—√नश् से नष्ट (नश्+क्त) √स्पृश् से स्पृष्ट (स्पृश्+क्त), √सृज् से सृष्ट (सृज्+क्त) √यज् से इष्ट (यज्+क्त)। अ आ से भिन्न स्वर तथा क् र् ष् से परे आने वाले स् के स्थान पर ष् हो जाता है (दे० अनु० ६३ ६५) यथा—अग्निषु अर्कुषु गीर्षु द्विषु (द्विष्+सु) गोषु तथा हविष्षु इत्यादि।

स्—यह इ० यो० मूलध्वनि s का प्रतिनिधित्व करता है यथा—सन "पुराना" =Lat *senex* स "वह" =Goth *sa* सूनु "पुत्र" =Goth *sunus* अस्थि "हड्डी" =Lat. *os*, Gk *osteon* जैसा कि हम पहले बतला चुके हैं सन्धि में सकार कहीं शकार में और कहीं षकार में परिणत हो जाता है।

ह्—तालव्य व्यञ्जनों के विवेचन के समय हम यह बतला चुके हैं कि कुछ वैदिक शब्दों का हकार पूर्वकालीन तालव्य है और कुछ अन्य शब्दों में यह उत्तरकालीन तालव्य है । पूर्वकालीन तालव्य हकार इ० यो० मूल ध्वनि ǵh (इण्डो-इरानियन źh) का प्रतिनिधित्व करता है और विशेष परिस्थितियों में यह मूर्धन्य में परिणत हो जाता है; यथा—√वह् "लेजाना" से वहति के अतिरिक्त वोढुम् (वह्+तुमुन्), ऊढ (वह्+क्त) तथा अवाट् (लु० प्र० पु० ए०) इत्यादि रूप बनते हैं । उत्तरकालीन तालव्य हकार उस इ० यो० मूलध्वनि gh का प्रतिनिधि है जो द्वितीय तालव्यीकरण के कारण तालव्य (=इण्डो-इरानियन Jh) में परिणत हो गई । इसी लिये विशेष परिस्थितियों में (दे० अनु० ७३) इस हकार के स्थान पर कण्ठ्य स्पर्श प्रकट होता है; यथा— √हन् से हन्ति तथा हत के साथ-साथ घ्नन्ति तथा जघान; और द्रुह् "हानि पहुंचाना" से दुद्रोह (लि० प्र० पु० ए०) के साथ-साथ दुग्ध (द्रुह्+क्त) तथा द्रोघ "हानि पहुंचाने वाला" इत्यादि रूप बनते हैं । इस के स्वरूप के सम्बन्ध में अनेक पाश्चात्य विद्वानों का यह मत है कि वास्तव में हकार एक गौण ध्वनि है और यह अनेक महाप्राण सघोष स्पर्शों के उत्तरार्द्ध महाप्राणांशमात्र का प्रतिनिधित्व करता है; अर्थात् उपर्युक्त उदाहरणों में यह इ० यो० मूल ध्वनि ǵh तथा gh के उत्तरार्द्ध h का प्रतिनिधि है । इसी प्रकार यह कुछ वैदिक शब्दों में ध् तथा भ् के उत्तरार्द्ध महाप्राणांश का प्रतिनिधित्व करता है और इसी लिये वैदिक धातुओं के अनेक रूपों में ध् तथा भ् के स्थान पर ह् भी दृष्टिगोचर होता है; यथा √धा "रखना" से धित (धा+क्त) तथा हित (धा+क्त) दोनों प्रकार के रूप बनते हैं । इसी प्रकार सह "साथ" के अतिरिक्त सध भी वैदिक भाषा में इसी अर्थ में प्रयुक्त होता है ।√ग्रभ् "पकड़ना" और √भृ "भरण पोषण करना" धातुओं के हकार वाले रूप क्रमशः√ग्रह् तथा √हृ भी वैदिक भाषा में प्रयुक्त होते हैं । इसीलिए ग्राभ तथा ग्रह और गृभ्णाति तथा गृह्णाति इत्यादि दोनों प्रकार के रूप मिलते हैं । परन्तु इस विषय में यह विशेषतया उल्लेखनीय है कि प्राचीनतम वैदिक भाषा में ग्रभ्,

मृ इत्यादि मूर ध्वनि वाले धातुओं का प्रयोग अधिक मिलता है और पीछे की भाषा में धीरे धीरे ग्रह्, हृ इत्यादि गौणध्वनि वाले धातुओं का प्रयोग बढ़ने लगा। लौकिक संस्कृत में √ग्रभ् का प्रयोग सर्वथा लुप्त हो गया और √भृ का प्रयोग भी अति सीमित है। इस लिए लौकिक संस्कृत में प्रचलित ग्रह् तथा हृ धातुओं के आधार पर ग्रभ् तथा भृ का समाधान करते हुए संस्कृत वैयाकरण कहते हैं कि वैदिक भाषा में हृ तथा ग्रह् के हकार को भकार हो जाता है[४१]। ऐतिहासिक तथ्य इस समाधान के सर्वथा विपरीत है।

अयोगवाह[१] (विसर्जनीय, जिह्वामूलीय, उपध्मानीय, अनुस्वार)

३१ (क) **विसर्जनीय, जिह्वामूलीय, उपध्मानीय**—पाणिनि (८ ३,१५) के अनुसार खर् (ख फ छ ठ थ च ट त क प श ष स) से पूर्व तथा अवसान (Pausa) में विसर्जनीय र् का प्रतिनिधित्व करता है (दे० अनु० ५५)। क् ख् से पूर्व विसर्जनीय के स्थान पर जिह्वामूलीय और प् फ् से पूर्व उपध्मानीय हो जाता है। परन्तु ये दोनों वैकल्पिक हैं और संहिताओं में इन के स्थान पर अधिकतर विसर्जनीय ही लिखा जाता है (दे० अनु० ५५)। पाणिनि के अनुसार कुछ परिस्थितियों में विसर्जनीय के स्थान पर स् या ष् भी आते हैं (दे० अनु० ५५)। परन्तु पाश्चात्य विद्वान् विसर्जनीय को र् के अतिरिक्त स् का प्रतिनिधि भी मानते हैं[४१]। इस लिये पाणिनि द्वारा उल्लिखित परिस्थितियों में विसर्जनीय के स्थान पर आने वाला स् अपने मूलरूप में प्रकट होता है और वहां पर स् को विसर्जनीय का प्रतिनिधि नहीं माना जाता है।

(ख) **अनुस्वार तथा अनुनासिक**—प्राचीन तथा अर्वाचीन विद्वानों ने इन ध्वनियों के स्वरूप तथा प्रयोग के विषय में पर्याप्त विचार किया है। शिक्षाग्रन्थों के अनुसार अनुस्वार अन्य वर्णों अर्थात् स्वरों पर आश्रित रहने वाली ध्वनि है। पा० शि० ५ पर पञ्जिकाटीका में कहा गया है—'स्वरमनु भवतीत्यनुस्वारः, [स्वरम्] अनु अकारायनुगमनेनानुस्वार। वक्ष्यति च 'दन्तमूल्य स्वरानुग' इति।' अत एव अनेक विद्वान् अनुस्वार

के लिए अनुगामि-ध्वनि (after-sound) संज्ञा का प्रयोग करते हैं। अनुस्वार का मर्यादित प्रयोग-क्षेत्र ऊष्मों से पूर्व ही है (दे० टि० १४)। परन्तु अनुस्वार-चिह्न के लिखने की सुविधा के कारण इसके प्रयोग का क्षेत्र निरन्तर बढ़ता रहा है। स्पर्शों से पूर्व आने वाले अनुनासिक स्पर्शों के स्थान पर अनुस्वार का प्रयोग होने लगा और कालान्तर में अनुस्वार ने अनुनासिक के स्थान पर भी आधिपत्य जमा लिया। इस सम्बन्ध में अनुस्वार को वैकल्पिक अधिकार देने वाले पाणिनीय सूत्रों (८,३,४;८,४,५९) ने अनुस्वार के प्रयोग-क्षेत्र को बहुत विस्तृत कर दिया (दे० अनु० ५३)। प्राकृतवैयाकरणों ने तो स्वरों से पूर्व भी अनुस्वार का विधान कर दिया है।

ऋ० प्रा० (१,५) के अनुसार, अनुस्वार स्वर या व्यञ्जन है। परन्तु तै० प्रा० २,३० के वैदिकाभरणभाष्य में ऋ० प्रा० के मत का निराकरण करके यह स्थापित किया गया है कि यजुर्वेद की तैत्तिरीयशाखा में अनुस्वार केवल व्यञ्जन है और इसका उच्चारण अर्द्धगकार के सदृश है। इस सम्बन्ध में डा० सिद्धेश्वर वर्मा (Critical Studies, p. 151) का मत है कि तै० प्रा० १,३२-३४ के नियमानुसार अनुस्वार का स्वरूप पूर्णतः व्यञ्जनात्मक नहीं है, क्योंकि इन नियमों में ह्रस्वस्वर के समान अनुस्वार का काल भी एक मात्रा माना गया है। वा० प्रा० (४,१४८-४९) पूर्ववर्ती स्वर तथा अनुस्वार का काल दो मात्रा मानते हुए कहता है कि ह्रस्व स्वर के साथ अनुस्वार का काल डेढ़ मात्रा और ह्रस्व स्वर का काल अर्द्धमात्रा है और दीर्घस्वर के साथ अनुस्वार का काल अर्द्धमात्रा और दीर्घस्वर का काल डेढ़ मात्रा है।

ऋ० प्रा०, वा० प्रा०, तै० प्रा०, शिक्षाग्रन्थों, सि० कौ० तथा अनेक संस्कृत वैयाकरणों के अनुसार अनुनासिक और अनुस्वार एक दूसरे से भिन्न हैं। अनुस्वार केवल व्यञ्जनों से पूर्व आ सकता है, जबकि अनुनासिक स्वरों से पूर्व तथा कहीं-कहीं अवसान में भी आ सकता है। मुख तथा नासिका दोनों से जिन वर्णों का उच्चारण होता है वे अनुनासिक

कहलाते हैं, यथा यूँ यूँ ऌँ तथा सब स्वरों का अनुनासिक भेद—यँ वँ ऍ अँ आँ ईँ इँ इत्यादि। अनुनासिकत्व इन वर्णों का गुण है और अनुनासिक कोई पृथक् वर्ण नहीं है। परन्तु अनुस्वार अं आं इं ईं इत्यादि स्वरों से भिन्न एक नासिक्य ध्वनि है। स्वरों के साथ अनुस्वार का आगम माना जाता है और इसके उच्चारण-काल (मात्रा) का निर्देश भी किया जाता है। अनुनासिक स्वर के लिए प्रातिशाख्यों में रक्त संज्ञा का प्रयोग मिलता है और अनुनासिकत्व के लिए राग या रङ्ग संज्ञा प्रयुक्त की गई है[५]। अनेक शिक्षाग्रन्थों में रङ्ग का विशद वर्णन मिलता है और कांस्य ध्वनि तथा सौराष्ट्रिका नारी की तक्रं ध्वनि के साथ अनुनासिक ध्वनि की उपमा दी जाती है[५क]। पा० शि० में अनुस्वार का उच्चारण अलाबुवीणा-निर्घोष के समान बताया गया है[५१]। ऋ० प्रा० में अनुस्वार का करण अस्पृष्ट तथा स्थित माना गया है[५क]। परन्तु आचार्य व्याडि (ऋ० प्रा० १३,३७) अनुस्वार के स्वरूप के विषय में सन्दिग्ध थे और उन के मतानुसार अनुस्वार का स्थान नासिका या मुखनासिका है। अधिकतर संस्कृत-ग्रन्थों में अनुस्वार के लिए बिन्दु ं का चिह्न और अनुनासिक के लिए अर्द्धचन्द्रबिन्दु ँ का चिह्न प्रयुक्त किया जाता है।

अ प्रा में अनुनासिक का विशद वर्णन मिलता है, परन्तु अनुस्वार का स्पष्ट उल्लेख नहीं है। अत एव इस आधार पर तथा प्राचीन पाण्डुलिपियों में कहीं-कहीं अनुस्वार और अनुनासिक के लिये समान चिह्न के प्रयोग की प्रवृत्ति को देखते हुए प्रो० ह्विट्ने ने इस मत का प्रतिपादन किया है कि वास्तव में अनुस्वार तथा अनुनासिक में कोई भेद नहीं है[५५]। अनुनासिक तथा अनुस्वार के भेद को स्पष्ट करते हुए प्रो० मैक्डानल कहता है— The pure nasal when called *Anunasika* combines with the preceding vowel to form a single sound a nasalized vowel as in the French bon[a] when called *Anusvāra* (*after-sound*) it forms in combination with the preceding vowel two successive sounds, a pure

vowel immediately followed by the pure nasal, though seeming to form a single sound, as in the English 'ba-ng' (where, however, the nasal is guttural, not pure)"[१६]. परन्तु प्रो० मैक्डानल ने इसी पुस्तक में अनुनासिक के स्थान पर अनुस्वार संज्ञा का प्रयोग किया है और उदाहरणों में सर्वत्र अनुनासिक दिखलाया है[१७]। इस में सन्देह नहीं कि कुछ प्राचीन पाण्डु-लिपियों में अनुस्वार तथा अनुनासिक दोनों के लिए अर्द्धचन्द्रबिन्दु ँ प्रयुक्त किया गया है, परन्तु अनुस्वार तथा अनुनासिक के स्वरूप तथा वास्तविक प्रयोग-क्षेत्र के विषय में किसी प्रकार की भ्रान्ति के लिए अवकाश नहीं हो सकता। इन के प्रयोगक्षेत्र के विषय में सन्धिप्रकरणम् में दिया हुआ विस्तृत वर्णन ध्यान देने योग्य है।

टिप्पणियां

१. वैदिक तथा लौकिक संस्कृत के वर्णों की संख्या के विषय में आचार्यों में गहरा मतभेद है। वा० प्रा० ८, १-१५ के अनुसार, निम्नलिखित पैंसठ वर्ण हैं—अ आ आ३ इ ई ई३ उ ऊ ऊ३ ऋ ॠ ॠ३ ऌ ॡ ॡ३, ए ए३ ओ ओ३ ऐ ऐ३ औ औ३, क् ख् ग् घ् ङ्; च् छ् ज् झ् ञ्; ट् ठ् ड् ढ् ण्; त् थ् द् ध् न्; प् फ् ब् भ् म्; य् र् ल् व्; श् ष् स् ह्; जिह्वामूलीय, उपध्मानीय, अनुस्वार, विसर्जनीय, नासिक्य तथा चार यम। इन में से तेईस स्वर और बयालीस व्यञ्जन हैं—वा० प्रा० ८, २८—"त्रयोविंशतिरुच्यन्ते स्वराः शब्दार्थचिन्तकैः। द्वाचत्वारिंशद् व्यञ्जनानि तावान्वर्णसंग्रहः॥" परन्तु वा० प्रा० ८,२९-३० इस तथ्य को स्वीकार करता है कि माध्यन्दिनशाखा में ळ, ळ्ह, जिह्वा-मूलीय, उपध्मानीय, नासिक्य तथा दीर्घ ॡकार नहीं मिलते हैं और वा० प्रा० २, ५०—५४ में उक्त सात प्लुतों को छोड़ अन्य प्लुत स्वर भी नहीं मिलते हैं—"तस्मिन् ऌलजिह्वामूलीयोपध्मानीयनासिक्या न सन्ति माध्य-

दिनानाम् ॥९॥ एकारो दीर्घ प्लुताधस्तयजम् ॥१०॥" शिक्षाग्रन्थों में वर्णों की संख्या त्रिषष्टि (६३) या चतुःषष्टि (६४) मानी गई है, यथा—पा० शि० ३ ४—' त्रिषष्टिश्चतुःषष्टिर्वा वर्णाः सम्भवतो (शम्भु मतम्) मताः । प्राकृते संस्कृते चापि स्वयं प्रोक्ताः स्वयम्भुवा ॥३॥ स्वरा विंशतिरेकश्च स्पर्शानां पञ्चविंशतिः । यादयश्च स्मृता ह्यष्टौ चत्वारश्च यमाः स्मृताः ॥४॥" व० प्र० शि० १० १५ (शि० स पृ० ११८) पोन्नाशोरी शिक्षा २ (शि० स पृ १६४) और कौटिल्य के अर्थशास्त्र (२, १०, १५) में भी वर्णसंख्या त्रिषष्टि' मानी गई है। पाणिनीय शिक्षा में स्वरों की संख्या बाइस और व्यञ्जनों की संख्या इकतालीस मानी गई है परन्तु उपर्युक्त अन्य शिक्षाओं के अनुसार निम्नलिखित इक्कीस स्वर और बयालीस व्यञ्जन माने गए हैं—श्रा० प्रा० के अनुसार पूर्व परिगणित सभी ह्रस्व दीर्घ तथा प्लुत स्वर, परन्तु लृकार का केवल ह्रस्व रूप पच्चीस स्पर्श चार अन्तस्था चार ऊष्म, अनुस्वार विसर्जनीय जिह्वामूलीय, उपध्मानीय और चार यम। पा० शि० की पञ्जिकावृत्ति और उसमें उद्धृत आदिनजि का मत है कि ह्रस्व तथा दीर्घ के भेद से दो अनुस्वार मानने से वर्णों की संख्या चौंसठ हो जाती है। पञ्जिका— चतुःषष्टि कथम्? अनुस्वारौ विसर्ग इति पाठान्तरात्। कथं पुनरनुस्वारद्वयम्? ह्रस्वदीर्घभेदेनेति ब्रूमः। तथा चौदनजि — अनुस्वाराव ओं इत्य नुस्वारौ ह्रस्वाद्दीर्घो दीर्घाद्भवतौ वर्णौ इति। अत एव चतुःषष्टि । तै० प्रा के त्रिभाष्यरत्न के अनुसार, तै प्रा० (१ १ १ ३४ ८ ५ २ ५२ १३ १६ २१ १२ १५) वर्णसमाम्नाय में निम्नलिखित साठ वर्णों को स्वीकार करता है— (१६ स्वर)— अ आ आ३ इ ई ई३ उ ऊ ऊ३ ऋ ॠ ऌ ए ऐ ओ औ।

(४४ व्यञ्जन)—पच्चीस व्यञ्जन चार अन्तस्था छः ऊष्म (श ष स ह, जिह्वामूलीय तथा उपध्मानीय), अनुस्वार विसर्जनीय ळ नासिक्य चार यम और स्वरभक्ति। ऋ० प्रा (१ १३) ने आठ समानाक्षर और चार सन्ध्यक्षर कुल बारह स्वर माने हैं और अनुस्वार के विषय में ऋ० प्रा (१,५) कहता है कि यह स्वर या व्यञ्जन है। ऋ० प्रा० ने स्वरों में लृकार की गणना नहीं की है। इस के अतिरिक्त ऋ०

प्रा० (१, ९-१०) ने पच्चीस स्पर्श, चार अन्तस्था और आठ ऊष्म माने हैं (दे० टि० ४)।

पाणिनि ने शिवसूत्रों मे केवल ह्रस्व समानाक्षर (अ इ उ ऋ ऌ) और सन्ध्यक्षरों की परिगणना की है और व्यञ्जनों की परिगणना करते समय अयोगवाह छोड़ दिए हैं परन्तु सवर्णग्राहक सूत्र (१, १,६९) से पाणिनि अपने शास्त्र मे दीर्घ, प्लुत, अनुनासिक आदि का ग्रहण कर लेता है। तुलनात्मक तथा प्रयोगात्मक दृष्टिकोण से प्लुत और अनुनासिक वर्णों की पृथक् संख्या करना अनावश्यक है। और इसी प्रकार ळ ळ्ह को भी स्वतन्त्र वर्ण नहीं माना जा सकता, क्योंकि ये क्रमशः ड ढ के विकारमात्र हैं। यम तथा स्वरभक्ति आदि आंशिक ध्वनिया हैं और इनका लिखित आकार नहीं है। अत एव इन्हें भी पूर्ण वर्ण की संज्ञा नहीं दी जा सकती।

१क. दे० पा० १,२,२९ पर महाभाष्य—"अन्वर्थं खल्वपि निर्वचनम्। स्वयं राजन्ते इति स्वराः, अन्वग्भवति व्यञ्जनमिति।" तै० प्रा० १,६ पर वैदिकाभरण— "परेण स्वरेण व्यज्यत इति व्यञ्जनम्।" पा० शि० ४ पर पञ्जिकावृत्ति— "स्वृ शब्दोपतापयोः, स्वर्यते शब्द्यतेऽनेन व्यञ्जनमिति करणेऽच्प्रत्ययः।"

२. पतञ्जलि ने पा० १,१,९ तथा ६,१,१०१ पर महाभाष्य करते हुए होतृ+ऌकार के सवर्णदीर्घ के उदाहरण मे केवल ॠ का दीर्घ दिखलाया है, परन्तु ऌ का नहीं। इसी ज्ञापक के आधार पर काशिकाकार जयादित्य कहता है—"ऌवर्णस्य दीर्घा न सन्ति।" उत्तरकालीन अनेक वैयाकरणों ने इस मत का समर्थन किया है। आपिशलिशिक्षा और ऋक्तन्त्र ने ॡ स्वीकार किया है। और वा० प्रा० १, ६९ पर भाष्य में उवट ने भी ॡ का उल्लेख किया है। परन्तु उनका मत कल्पना पर आधारित प्रतीत होता है, क्योंकि वैदिक वाङ्मय में ॡ का कोई उदाहरण नहीं मिलता है। या० शि० १२६— "ऌकारस्य तु दीर्घत्वं नास्ति वाजसनेयिन.॥" व० प्र० शि० १२—"ऌकारो ह्रस्व एव च।" दे० टि० १; Alt Gr. I, p 35

२क. पा० ८,२,१०६ पर व्यक्त किए गए महाभाष्य के मतानुसार, प्लुत ऐ तथा औ चार मात्रा काल के होते है। दे० शाश्रौ. सू० १,२,३.

प्रथमोऽध्यायः

दिनानाम् ॥२९॥ त्वारो दार्घे प्लुताश्चात्तवर्जम् ॥३०॥" शिक्षाग्रन्थों में वर्णों का सख्या त्रिषष्टि ' (६३) या चतुःषष्टि ' (६४) मानी गई है यथा—पा० शि० ३ ४— त्रिषष्टिश्चतुःषष्टिर्वा वर्णाः सम्भवतो (पाभे० शम्भुमते) मता । प्राकृते सस्कृते चापि स्वय प्रोक्ता स्वयभुवा ॥३॥ स्वरा विंशतिरेकश्च स्पर्शानां पञ्चविंशति । यादयश्च स्मृता ह्यष्टौ चत्वारश्च यमा स्मृता ॥४॥" व० प्र० शि० १० १५ (शि० स० पृ ११८) षोडशश्लोकी शिक्षा २ (शि० स० पृ० १६४) और कौटिल्य के अर्थशास्त्र (२, १० १५) में भी वर्णसख्या त्रिषष्टि माना गई है। षोडशश्लोकी शिक्षा में स्वरों का सख्या बाइस और व्यञ्जनों की सख्या इक्तालीस मानी गई है परन्तु उपर्युक्त अन्य शिक्षाओं के अनुसार निम्नलिखित इक्कीस स्वर और बयालीस व्यञ्जन माने गए हैं—वा० प्रा० के अनुसार पूर्व परिगणित सभी ह्रस्व दीर्घ तथा प्लुत स्वर परन्तु ऌकार का केवल ह्रस्व रूप पच्चीस स्पर्श चार अन्तस्था, चार ऊष्म अनुस्वार विसर्जनीय जिह्वामूलीय, उपध्मानीय और चार यम। पा० शि० की पञ्जिकावृत्ति और उसी में उद्धृत औत्रवि का मत है कि ह्रस्व तथा दीर्घ के भेद से दो अनुस्वार मानने से वर्णों का सख्या चौंसठ हो जाती है। पञ्जिका— चतुःषष्टि कथम् ? अनुस्वारौ विसर्गश्चेति पाठान्तरात्। कथ पुनरनुस्वार द्वयम् ? ह्रस्वगर्भदीर्घगर्भभेदेनेति ब्रूम । तथा चौत्रवि — अनुस्वाराव आं इत्य नुस्वारौ ह्रस्वाद्यो दीर्घाद्धस्वो वर्णो इति। अत एव चतुःषष्टि। तै० प्रा० के त्रिभाष्यरत्न के अनुसार, तै० प्रा (१ १९ १ ३४ ८ ५२ ५२ १३ १६ २१ १२ १५) वर्णसमाम्नाय में निम्नलिखित साठ वर्णो को स्वीकार करता है— (१६ स्वर)— अ आ आ३ इ ई ई३ उ ऊ ऊ३ ऋ ॠ ऌ ए ऐ ओ औ।

(४४ व्यञ्जन)—पच्चीस व्यञ्जन चार अन्तस्था छ ऊष्म (श् ष् स् ह् जिह्वामूलीय तथा उपध्मानीय) अनुस्वार विसर्जनीय ळ नासिक्य चार यम और स्वरभक्ति । ऋ० प्रा (१ १३) ने आठ समानाक्षर और चार सन्ध्यक्षर कुल बारह स्वर माने हैं और अनुस्वार के विषय में ऋ० प्रा० (१,५) कहता है कि यह स्वर या व्यञ्जन है। ऋ० प्रा० ने स्वरों में ऌकार का गणना नहीं की है। इस के अतिरिक्त ऋ०

प्रा० (१, ६-१०) ने पच्चीस स्पर्श, चार अन्तस्था और आठ ऊष्म माने हैं (दे० टि० ४)।

पाणिनि ने शिवसूत्रों मे केवल ह्रस्व समानाक्षर (अ इ उ ऋ ऌ) और सन्ध्यक्षरों की परिगणना की है और व्यञ्जनो की परिगणना करते समय अयोगवाह छोड़ दिए हैं परन्तु सवर्णग्राहक सूत्र (१, १,६९) से पाणिनि अपने शास्त्र मे दीर्घ, प्लुत, अनुनासिक आदि का ग्रहण कर लेता है। तुलनात्मक तथा प्रयोगात्मक दृष्टिकोण से प्लुत और अनुनासिक वर्णों की पृथक् संख्या करना अनावश्यक है। और इसी प्रकार ळ ळ्ह को भी स्वतन्त्र वर्ण नहीं माना जा सकता, क्योंकि ये क्रमशः ड ढ के विकारमात्र हैं। यम तथा स्वरभक्ति आदि आंशिक ध्वनिया है और इनका लिखित आकार नहीं है। अत एव इन्हें भी पूर्ण वर्ण की संज्ञा नहीं दी जा सकती।

१क. दे० पा० १,२,२९ पर महाभाष्य—"अन्वर्थं खल्वपि निर्वचनम्। स्वयं राजन्ते इति स्वरा, अन्वग्भवति व्यञ्जनमिति।" तै० प्रा० १,६ पर वैदिकाभरण— "परेण स्वरेण व्यज्यत इति व्यञ्जनम्।" पा० शि० ४ पर पञ्जिकावृत्ति— "स्वृ शब्दोपतापयो, स्वर्यते शब्यतेऽनेन व्यञ्जनमिति करणेऽच्प्रत्यय·।"

२. पतञ्जलि ने पा० १,१,९ तथा ६,१,१०१ पर महाभाष्य करते हुए होतृ+ऌकार के सवर्णदीर्घ के उदाहरण मे केवल ऋ का दीर्घ दिखलाया है, परन्तु ऌ का नहीं। इसी ज्ञापक के आधार पर काशिकाकार जयादित्य कहता है—"ऌवर्णस्य दीर्घा न सन्ति।" उत्तरकालीन अनेक वैयाकरणो ने इस मत का समर्थन किया है। आपिशलिशिक्षा और ऋक्तन्त्र ने ॡ स्वीकार किया है। और वा० प्रा० १, ६९ पर भाष्य में उवट ने भी ॡ का उल्लेख किया है। परन्तु उनका मत कल्पना पर आधारित प्रतीत होता है, क्योंकि वैदिक वाङ्मय में ॡ का कोई उदाहरण नही मिलता है। या० शि० १२६— "ऌकारस्य तु दीर्घत्वं नास्ति वाजसनेयिन.॥" व० प्र० शि० १२—"ऌकारो ह्रस्व एव च।" दे० टि० १, Alt Gr I, p 35.

२क. पा० ८,२,१०६ पर व्यक्त किए गए महाभाष्य के मतानुसार, प्लुत ऐ तथा औ चार मात्रा काल के होते हैं। दे० शाश्रौ. सू० १,२,३.

प्रथमोऽध्यायः

३ ऋ० में दो स्वरों के मध्य ड के लिए ळ और ढ के लिए ळ्ह लिखा जाता है। अतएव ऋ० प्रा० १,५२ में कहा गया है—

> द्वयोश्चास्य स्वरयोर्मध्यमेत्य सम्पद्यते स डकारो ळकारः ।
> ळ्हकारतामेति स एव चास्य ढकारः सन्नूष्मणा सम्प्रयुक्तः ।
> इळा साळ्हा चात्र निदर्शनानि वीड्वङ्ग इत्यनयत्रमहेण ॥

दे० सि० कौ० (पा० ८ ३ ११३) ऋ० १,१,१ पर सायण भाष्य Alt. Gr I p 255 Ved Gr, p 5 f n 5 Ved. Gr Stu, p 3 f n 2 वा० प्रा० ४,१४४—द्वयौ ऽग्हावबेपाम् ॥ दे० वा० प्रा० ८,२९ (टि० १)।

४ ऋ० प्रा० १ १० के अनुसार विसर्जनीय, जिह्वामूलीय, उपध्मानीय तथा अनुस्वार भी ऊष्मों में सम्मिलित किए जाते हैं। ऋ० प्रा० के इस सूत्र पर भाष्य करते हुए उवट कहता है— 'ऊष्मा वायुस्तत्प्रधाना वर्णा ऊष्माण ।" त० प्रा० १ ९ के अनुसार श् ष् स् ह् जिह्वामूलीय तथा उपध्मानीय ऊष्म हैं। वा० प्रा० ८ ९६ ९७ सि० कौ० पृ० २२ तथा अनेक वैयाकरणों के अनुसार श ष स ह ऊष्म कहलाते हैं।

५ अयोगवाह का व्याख्यान अनेक विद्वानों द्वारा किया गया है। पतञ्जलि महाभाष्य, १ १ २ में (प्रथम शिव-सूत्र पर) कहता है— के पुनर योगवाहा ? विसर्जनीय जिह्वामूलीयोपध्मानीयानुस्वारानुनासिक्य-यमा । कथं पुनरयोगवाहा ? यदयुक्ता वहन्त्यनुपदिष्टाश्च शिष्यन्ते।' महा भाष्य के इस अंश पर कैयट कहता है— अयुक्ता प्रत्याहारेष्वनेन।" पा० शि० १६ पर पञ्जिकावृत्ति— 'न विद्यते योग सयोगो वर्णान्तरेण येषां ते अयोगवाहा ।"

वा० प्रा० ८ १८ पर उवटभाष्य— अकारादिना वर्णसमाम्नायेन सहिता सन्त एते वहन्त्यात्मलाभं प्राप्नुवन्त्ययोगवाहा ।"

६ ऋ० प्रा १ ५ के अनुसार अनुस्वार स्वर या व्यञ्जन है। इस सूत्र पर उवट कहता है— अं इत्यनुस्वारो वर्णसमाम्नाये पठ्यते। स कांश्चित्स्वर धर्मान्गृह्णाति कांश्चिद्व्यञ्जनधर्मान् ।'

७ सि० कौ० पृ० २१ ऋ प्रा० ६,२९— स्पर्शा यमाननुनासिका स्वान्परेषु स्पर्शेष्वनुनासिकेषु ।' इस पर भाष्य करते हुए उवट कहता

है— "तस्मादिह स्पर्शा यमाननुनासिका इत्युच्यमाने विंशतित्वात्स्थानिनामादेशानामपि यमाना विंशतित्वप्रसङ्गः । स मा भूत्। चतुर्णामेव यमानां प्रथमाः प्रथमं द्वितीया द्वितीयमेवमा पञ्चमादापद्येरन्नित्युच्यते ।" इसी प्रकार ऋ० प्रा० १,५० पर भाष्य में उवट कहता है— "एवं विंशतिर्यमा बह्वृचानां भवन्ति। स्वरूपैश्चत्वार एव।" पा० शि० ४; व० प्र० शि० १७.१७६ तथा मा० शि० ११६ ने चार यम माने हैं। ना० शि० २,२,८— "अनन्त्यश्च भवेत्पूर्वोऽन्त्यश्च परतो यदि। तत्र मध्ये यमस्तिष्ठेत्सवर्णः पूर्वपूर्णयोः ॥" तै० प्रा० २१,१२ नासिक्यों का लक्षण देता है— "स्पर्शादनुत्तमादुत्तमपरादानुपूर्व्यान्नासिक्याः" और अगले सूत्र में कहता है कि कुछ आचार्य इन नासिक्यों को यम कहते हैं। इस सूत्र पर त्रिभाष्यरत्न कहता है— "उत्तमपरादनुत्तमात्स्पर्शादानुपूर्व्याद् यथाक्रमं नासिक्या आगमा भवन्ति। प्रथमस्पर्शात्प्रथमानुनासिक्यो द्वितीयाद्द्वितीय एवमन्यत्रापि ।" अ० प्रा० १,९९ भी यमों को आगम मानता है। कुछ विद्वान् मानते हैं कि अननुनासिक स्पर्श की आंशिक अनुनासिक ध्वनि ही वास्तव में यम है। दे० Skt. Gr., p 79; Gr. Lg. Ved., p. 20; वा० प्रा० ४,१६३; ८,२४ ॥

८. अ० प्रा० १,१००— "हकारान्नासिक्येन" ॥ तै० प्रा० २१, १४— "हकाराण्णमपरान्नासिक्यम्"। इस सूत्र पर त्रिभाष्यरत्न कहता है— "हकारादिति कर्मणि ल्यब्लोपे पञ्चमी। तस्मात्णमपरं हकारमारुह्य नासिक्यं भवति। सानुनासिक्यो हकारः स्यादित्यर्थ."। वा० प्रा० ८,१३— हुँ इति नासिक्यः।' वा० प्रा० (१,७४.८०) नासिक्य के उच्चारण के सम्बन्ध में नियम बनाता है। ऋ० प्रा० १,४८ यम तथा अनुस्वार के साथ नासिक्य का उल्लेख अवश्य करता है, परन्तु इसके सम्बन्ध में और कुछ नहीं कहता। महाभाष्य ने अयोगवाहों में नासिक्य का उल्लेख किया है (दे० टि० ५)। दे० Skt. Gr., p. 79; Gr. Lg. Ved., p. 20; Phon. An Ind., p. 77.

९. शत० ब्रा० ३,२,१,२३-२४— "तेऽसुरा आत्तवचसो हेऽलवो हेऽलव इति वदन्त. पराबभूवुः। तत्रैतामपि वाचमूदुः। उपजिज्ञास्या स म्लेच्छस्तस्मान्न ब्राह्मणो म्लेच्छेदसुर्या वा वाक्"। सायण के व्याख्यानानुसार

असुरों ने हेऽरय के स्थान पर उसका अशुद्ध उच्चारण 'हेऽल्व' किया था। इसी लिए उनका पराभव हुआ। परन्तु काण्वशाखीय शत ब्रा० में इसके स्थान पर "हैं गे हैऽ इति" पाठ मिलता है। अत एव पाश्चात्य विद्वान् सायण के व्याख्यान को संदिग्ध मानते हैं। दे० SBE XXVI p 31 f n 3 Vedic Index II pp 279 517 पतञ्जलि महाभाष्य (पस्पशाह्निक) में कहता है— 'तेऽसुरा हेल्यो हेलय इति कुर्वन्तः परावभूवुः। तस्माद् ब्राह्मणेन न म्लेच्छितवै नापभाषितवै म्लेच्छो ह वा एष यदपशब्द"। प्राचीन काल में शुद्ध उच्चारणज्ञान के उपरान्त वैदिक शब्दों का उपदेश किया जाता था। अत पतञ्जलि महाभाष्य (पस्पशाह्निक) में कहता है— 'संस्कारोत्तरकालं ब्राह्मणा व्याकरणं स्मायीयते। तेभ्यस्तत्तत्स्थानकरणनादानुप्रदानज्ञेभ्यो वैदिका शब्दा उपदिश्यन्ते'।

१० Alt Gr I p I Ved Gr p 5 Ved Gr Stu p 14

११ Ved Gr p 5 Ved Gr Stu p 14 तु Alt Gr I, p 1

१२ Alt Gr I p 3 Ved Gr p 6

१३ तै० प्रा० २ २४— ओष्ठोपसंहार उवर्णे"।

१४ पा० शि० १७— ऋटुरषाणां मूर्धन्या दन्त्या लृतुलसा स्मृता"। दे० सि कौ० पृ १७— 'ऋटुरषाणां मूर्धा लृतुलसानां दन्ता"। आपि० शि० २९। ऋवर्णाच्चेति वक्तव्यम् पा० ८,४,१ पर दिए गए इस वार्तिक के द्वारा ऋकार के निमित्त से नकार का णकारादेश ऋकार के मूर्धन्यत्व का परिचायक है।

१५ पा० १,१,९ पर वार्तिक— ऋकारलृकारयो सवर्णसंज्ञा वक्तव्या"।

१६ Epigraphica Indica 4 356 5 32

१७ Alt Gr I p 31 Ved Gr p 8

१८ मै० सं० १,६ १२— मातुभ्रातृभ्य म भ्रातृभ्यं के स्थान पर भ्रात्रम्यं मु० उ० १,१,६ में अरूप्यम् के स्थान पर अद्रेश्यम् मिलता है। कात्यायनोक्त स्वराक्ति प्रणारिशिष्टा शिक्षा २६ (शि० सं० पृ० १७८)— द्वयुक्तऋकारश्च स्वारश्छन्दसि स्मृत। पितृणामिति पित्रेणा

मित्यादि च निदर्शनम् । ल० माशि० २८ (शि० सं० पृ० ११६)— ऋकारः खलु सर्वत्र षिकारसदृशो भवेत् । तु० शा० शि० (शि० सं० पृ० २९२,२९६), प्र० सू० १६, Alt. Gr. I, p. 31; Gr. Lg. Ved; p. 12.

१९. अ० प्रा० १,३७-३९— संस्पृष्टरेफमृवर्णम् ॥ ३७ ॥ दीर्घप्लुतयोः पूर्वा मात्रा ॥३८॥ सलकारम् लृवर्णम् ॥ ३९ ॥ ऋलृ के व्यञ्जनात्मक तथा स्वरात्मक तत्वों के सम्बन्ध में अ० प्रा० १,३७ पर वृत्ति कहती है— "रेफो भवति संस्पृष्टो यथाऽङ्गुल्या नखं तथा, सूत्रे मणिरिवेत्येके, तृणे क्रिमिरिवेति च"। व० प्र० शि० ४२ (शि० सं० पृ० १२०)— "ऋलृोर्मध्ये भवत्यर्द्धमात्रा रेफलकारयो· । तस्मादस्पृष्टता न स्यात् सम्भवे ऋलृकारयो." तु० या० शि० २११ (शि० सं पृ० ३२) ॥ आपि० शि० १,२६— सरेफ ऋवर्ण. ॥ ऋ० प्रा० १३,३४— रेफोऽस्त्यृकारे च परस्य चार्धे पूर्वे ह्रसीयाँस्तु न वेतरस्मात् । मध्ये सः ॥ सर्वसम्मतशिक्षा-ऋकारस्य स्वरूपं हि श्लिष्टं पादचतुष्टयम् । पादेषु तेषु विज्ञेयावाद्यावन्ते स्वरात्मकौ । अणू रेफस्य मध्ये तु विज्ञेयौ व्यञ्जनात्मकौ ।

वा० प्रा० ४, १४६–"ऋलृवर्णे रेफलकारौ संश्लिष्टावश्रुतिधरावेक-वर्णौ ।" इस सूत्र पर भाष्य करते हुए उवट कहता है कि इन स्वरों के मध्य र् ल् अर्ध-मात्रिक होते हैं । इन स्वरो के व्यञ्जनात्मक तत्व के कारण कतिपय वैयाकरण इन के स्वरत्व पर भी शङ्का करते हैं । इस लिए महा-भाष्य १, १, १ (पा० १, १, ९) "न च ॠकार ल्लृकारो वाऽ जस्ति ।" पर कैय्यट कहता है— "अन्ये त्वीषत्स्पृष्टकरणत्वादनयोर्ऋकारल्लृकारयोश्च विवृतत्वात्ताभ्यां तयोरग्रहणादनच्त्वमाहु ।"

२०. Alt. Gr I, pp 31-32, Ved. Gr, p. 8; Gr. Lg. Ved., pp. 12, 52.

२१. परन्तु इस सिद्धान्त के विपरीत ऋ० ७, ५६,१७ में √मृड् के क्रियारूप मृळन्तु में छन्द·परिमाण की दृष्टि से भी ऋ का ह्रस्व उच्चारण स्वीकार्य है । दे० Arnold, Vedic Metre, p. 31; Alt. Gr., I, p. 31, Ved. Gr., p 8 f. n. 5. यद्यपि ऋग्वेदसंहिता के अनेक भारतीय

भवत । किमिदमपृथक्श्रुता इति ? ए ओ न्येतयोरिवर्णोवर्णयो पृथक् श्रवण न विद्यते क्षाराद्क्रन्तप्रयुक्तत्वात्। एव श्रुतिविशेष ।' यद्यपि उवट ने एक दूसरा योजना के अनुसार पृथक्श्रुती पाठ भा दिया है और डा० मङ्गलदेव शास्त्री न पाणिनीय व्याकरण क सधि नियम के आधार पर दूसरे पाठ को ग्राह्य माना है (दे० ऋ० प्रा० द्वितीय भाग पृ० ४२४) तथापि अर्थ का दृष्टि स अपृथक्श्रुती पाठ तथा प्रथम व्याख्यान अधिक उचित प्रतीत होता है और ऋ प्रा (१ ४०) भा इस व्याख्यान की पुष्टि करता है।

२५ तै प्रा० २ २६ २९—'अकारार्धमैकारौकारयोरादि । सवृतकरणतरमे केषाम्। इकारोऽध्यर्ध पूर्वस्य शेष । उकारस्तूत्तरस्य ।" ऐ औ के आदि अवयव अकार क सवृत प्रयत्न के सम्बन्ध म टि० २२ देखिए।

२६ वा प्रा १ ७३– ऐकारौकारयो वर्ण्या पूर्वा मात्रा तान्वोश्चयोरुत्तरा।" वा प्रा० क भाष्यकार उवट क अनुसार अ+ए=ऐ और अ+ओ=औ। तु० वा० प्रा ४ १४३— ऐकारौकारौ च।'

२७ Alt Gr I p 35 Ved Gr p 9

२८ लाट्य० श्रौ० सू० (७ ११) न्यूङ्ख उच्चारण के सम्बन्ध में अर्ध ओकार का विधान करत हुए कहता है— तस्य तस्य चोपरिष्टादपरिमितान्यर्ध चाऽर्धोकारानन्नुदात्तान्।" महाभाष्यकार पतञ्जलि क कथन से प्रतीत होता है कि कतिपय सामवेदाध्यायी अर्ध एकार तथा अर्ध ओकार के उच्चारण को भी स्वीकार करते थे। इस सम्बन्ध म पतञ्जलि (शिवसूत्र ३ ४ पर चतुर्थ वार्तिक का महाभाष्य) कहता है— 'ननु च भोश्छन्दोगानां सात्य मुग्रि-राणायनीया अर्धमेकारमर्धमोकार चाधीयते— सुजाते एश्वसूनृते' (सा० १ ५ १,४ ३) अध्वर्यो ओद्रिभि सुतम्" (सा० १ ६ १,२ ३) शुक्र ते एन्यद् यजत ते एन्यद्" (सा० १ १,२ ८ ३) इति। पार्षदकृतिरेषा तत्रभवता नव हि लोके नान्यस्मिन्वेदेऽर्ध एकारोऽर्ध ओकारो वाऽस्ति।" जैसा कि महाभाष्य क कथन से स्पष्ट है यह अर्ध एकार तथा अर्ध ओकार पार्षद-विशेष की कृति थी और साधारणतया इस प्रकार का उच्चारण नहीं होता था। लाट्य० श्रौ० सू० १ २ १४ (चतुर्मात्रोऽवगान) क अनुसार अवगान म आने वाला प्रणव (ओ३म्) चार मात्राओं का होता है। द० शा श्रौ० सू० १, ? ३।

२९. ऋ० प्रा० १, ३४; वा० प्रा० १,५९, तै० प्रा० १, ३७ । पा० १,१,५० पर महाभाष्य "आन्तर्यतोऽर्धमात्रिकस्य व्यञ्जनस्य··· । नैव लोके नैव वेदे मात्रिको द्विमात्रिको वा यणस्ति । कस्तर्हि ? अर्धमात्रिकः ।"

३०. पाणिनि १, १, ९ तथा वा० प्रा० १, ४३ इस के लिए आस्य-प्रयत्न संज्ञा का प्रयोग करते हैं। उवट ने वा० प्रा० के भाष्य में आस्य-प्रयत्न का व्याख्यान मुखप्रयत्न किया है। पा० १,१,९ पर महाभाष्य में आस्य के अनेक व्याख्यान किए गए हैं और पतञ्जलि कहता है— "प्रयत्नविशेषण-मास्योपादानम् । सन्ति ह्यास्याद्बाह्याः प्रयत्नास्ते हापिता भवन्ति ।" आगे चल कर पतञ्जलि कहता है—"आस्ये प्रयत्न आस्यप्रयत्नः ।" और आस्य का व्याख्यान करते हुए पतञ्जलि कहता है–"ओष्ठात्प्रभृति प्राक्काकलकात् ।" काकलक के व्याख्यान मे कैय्यट कहता है—"काकलकं हि नाम ग्रीवाया-मुन्नत प्रदेशः ।" सि० कौ० पर तत्त्वबोधिनी टीका— "तत्रोत्पत्तेः प्राग्यदा जिह्वाग्रोपाग्रमध्यमूलानि तत्तद्वर्णोत्पत्तिस्थानं ताल्वादि सम्यक् स्पृशन्ति, तदा स्पृष्टता । ईषद्यदा स्पृशन्ति, तदा ईषत्स्पृष्टता समीपावस्थानमात्रे संवृतता । दूरत्वे विवृतता ।" आभ्यन्तर प्रयत्न के लिए करण संज्ञा का प्रयोग भी मिलता है । दे० टि० ३५ ।

३१. ऋ० प्रा० १३,९— "स्पृष्टमस्थितम्" । अस्थित पर उवट कहता है— "यत्र वर्णस्थानमाश्रितस्य मध्ये जिह्वा न सन्तिष्ठते तदस्थितमित्युच्यते" । अ० प्रा० १,२९— स्पृष्टं स्पर्शाना करणम् । पा० १,१, १० पर महा भा०—"स्पृष्टं करणं स्पर्शानाम् । दे० वा० प्रा० १,४९; ८,५-१३ । सि० कौ० पृ० १७ । तै० प्रा० १,७ ।

३२. अ० प्रा० १, ३०— "ईषत्स्पृष्टमन्तःस्थानाम्" । पा० १, १, १० पर महाभाष्य में ये शब्द ज्यो के त्यों मिलते हैं । दे० सि० कौ० पृ० १७ । ऋ० प्रा० १३,१० ईषत्स्पृष्ट के स्थान पर दुस्पृष्ट संज्ञा का प्रयोग करते हुए कहता है— "दुस्पृष्टं तु प्राग्घकाराच्चतुर्णाम्" । पा० शि० ३८ । ऋक्तन्त्र २,१— "स्पृष्टं करणं स्पर्शाना दु स्पृष्टमन्तःस्थानाम्" ।

३३. ऋ० प्रा० १,९ पर उवट कहता है— "स्पर्शोष्मणामन्तर्मध्ये तिष्ठन्ती-त्यन्त स्थाः" । SPW., . s v, के अनुसार, अन्तस्था. संज्ञा का कारण

प्रा० के उक्त सूत्रों में और ऋ० प्रा० के उक्त सूत्र के उवट-भाष्य में स्वरों के साथ घोषवत् वर्णों का पृथक् उल्लेख मिलता है। इस से प्रतीत होता है कि इन प्रातिशाख्यों मे स्वर घोषवत् नही माने गए हैं। ऋ० प्रा० १,११ (टि० ३९) के अनुसार,अनुस्वार अघोष है। परन्तु सि० कौ० के उपर्युक्त "अन्येषा तु" के व्याख्यान में त० बो० टीका अनुस्वार का बाह्य प्रयत्न संवार, नाद तथा घोष मानती है। प्रातिशाख्यो ने जिन वर्णों को सोष्माण' में नही गिना है, उनको अल्पप्राण मानने में कोई आपत्ति नही हो सकती।

४२ तै० प्रा० २,३१-३४— "स्वराणा यत्रोपसँहारस्तत्स्थानम्। यदुपसँहरति तत्करणम्। अन्येषा तु यत्र स्पर्शनं तत्स्थानम्। येन स्पर्शयति तत्करणम्।" त्रिभाष्यरत्न के अनुसार **उपसंहार** का अर्थ "उपश्लेषविशेष" है। और माहिषेय के अनुसार इस का अर्थ "संस्पर्शनातिसंश्लेष." है। **स्पर्शन** का अर्थ माहिषेय ने "संश्लेषः" किया है। ह्विटने ने (तै० प्रा० अनुवाद में) **करण** का अनुवाद producing organ किया है और ऐलन ने (Phon. An Ind, pp 18.24) **करण** का अनुवाद Articulator किया है। अ० प्रा० के भाष्य में (सूत्र १,१९ तथा २५ पर) भी **स्थान** तथा **करण** के भेद के सम्बन्ध मे कहा गया है— "कि पुन स्थानम्? किं करणम्? ···यदुपक्रम्यते तत्स्थानम्। येनोपक्रम्यते तत्करणम्।" अर्थात् जिसका उपक्रमण (सान्निध्य) किया जाता है वह स्थान है, और जिसके द्वारा उपक्रमण किया जाता है वह करण है। यह कहा जा सकता है कि पारस्परिक अपेक्षा के विचार से वर्णोत्पत्ति मे **स्थान** ध्रुव तथा निश्चेष्ट है और **करण** सक्रिय मुखावयव है।

४३. ऋ० प्रा० १,४१, वा० प्रा० १,६५, पा० शि० १८।

४४. अ० प्रा० १,२०— "जिह्वामूलीयाना हनुमूलम्" ॥ वा० प्रा० १,८३— "जिह्वामूलीयानुस्वारा हनुमूलेन" ॥ तै० प्रा० २,३५—"हनुमूले जिह्वामूलेन कवर्गं स्पर्शयति ॥" ह्विटने (A Prat, p. 352) तै० प्रा० के मत का समर्थन करता है—"This is evidently the more natural way of defining the mode of production of the class, and the more analogous with the method of our

यह है कि य वर्ण पदान्त में नहीं ठहरते हैं और व्व्र प्र के मध्य (अन्त) में ठहरते हैं। इस व्याख्यान को अस्वीकार करते हुए ह्विटनी ने यह सुझाव दिया है कि प्रयत्न की दृष्टि से स्वरों तथा व्यञ्जनों के मध्य की ध्वनियाँ होने के कारण ये वर्ण अन्तस्था (intermediate) कहलाते हैं। दे० Notes on A Prat I 3 Skt Gr p 18 Ved Gr Stu p 10 Ved Gr p 40, Allen Phonetics in Ancient India p 29 वा० प्रा० ४ १०२ निरुक्त २,२।

३४ अ० प्रा० १,३१— "ऊष्मणां विवृत च"। इस सूत्र के व्याख्यान में च के द्वारा इषत् की अनुवृत्ति मानी जाती है। पा० १,१,१० पर महाभाष्य में पतञ्जलि के निम्नलिखित कथन से भी इस मत की पुष्टि होती है— विवृतमूष्मणाम्। इषदित्येवानुवर्तते"। पा० शि० ३८ श ष स ह का आभ्यन्तर प्रयत्न नमस्पृष्ट मानती है। मध्यसिद्धान्तकौमुदी का प्रणेता वरदराज उपर्युक्त महाभाष्य के अनुसार ऊष्मों का आभ्यन्तर प्रयत्न इषद्विवृत मानता है। परन्तु भट्टोजिदीक्षित (पा० १ १,९ पर सि० कौ०) ने ऊष्मों तथा स्वरों का आभ्यन्तर प्रयत्न विवृत माना है और नागेश (ल० शे० पृ० ३०) भट्टोजिदीक्षित के समर्थन में कहता है— स्वराणामूष्मणाञ्चैव विवृत करण स्मृतम्। तेभ्यो पि विवृतावेङौ ताभ्यामचौ तथव च॥ इति शिक्षावाक्याद्विवृततरविवृततमयो प्रतीत्या नाज्झलाविति सूत्रभाष्यादूष्मणामीषद्विवृतत्वस्य च प्रतीत्या चतुर्धेत्यसङ्गतमिति। तन्न। नाज्झलाविति सूत्रेण विवृतत्वव्याख्यानमेषा सवर्णसंज्ञासुपयुक्तत्वबोधनमित्याशय"। इस सम्बन्ध म सि० कौ० की तत्त्वबोधिनी टीका कहती है— 'निष्कर्ष तु पञ्चधा। ऊष्मणामीषद्विवृतप्रयत्नाभ्युपगमात्'। पा० १ १ ९ के व्याख्यान में काशिका ने केवल चार आभ्यन्तर प्रयत्न माने हैं और भट्टोजिदीक्षित ने उसी का अनुसरण किया है।

३५ बाह्य प्रयत्नों का व्याख्यान करते हुए नागेश (ल० शे० पृ० ३४) कहता है— 'कण्ठबाधस्थाद्गलविवरसङ्कोचविकासाभ्यांशसोत्पत्तिध्वनिविशेषरूपनादतद्विशेषरूपघोषाल्पघोषप्राणाल्पत्वमहत्त्वरूपप्रयत्नकत्वमेषाम्। गलविवरविकासादिकराश्यत्वादिभूतत्वे कार्यकरत्वाद्बाह्या इति'। इस

विषय में सि० कौ० की तत्त्वबोधिनी टीका (पृ० १८) कहती है— "विवारसंवारादयस्तु वर्णोत्पत्तेः पश्चान्मूर्ध्नि प्रतिहते निवृत्ते प्राणाख्ये वायावुत्पद्यन्त इति बाह्या इत्युच्यन्ते"। पस्पशाह्निक में पतञ्जलि ने आभ्यन्तर प्रयत्न के लिए करण तथा बाह्य प्रयत्न के लिए अनुप्रदान का प्रयोग किया है— "तेभ्यस्तत्तत्स्थानकरणनादानुप्रदानज्ञेभ्यो वैदिकाः शब्दा उपदिश्यन्ते"। इस पर उद्योतटीका में नागेश कहता है— "करणमाभ्यन्तरप्रयत्नः। अनुप्रदानं नादादिबाह्यप्रयत्नः"। सि० कौ० (पृ० २१) में भी बाह्यप्रयत्न के लिए अनुप्रदान संज्ञा का प्रयोग किया गया है।

३६. पा० १,१,९ पर महाभाष्य— "अभेदका उदात्तादयः"। सि० कौ० की तत्त्वबोधिनी टीका (पृ० २१)— "यद्यपि भाष्येऽष्टावुक्ताः, उदात्तादयस्तु नोक्ताः, तथापि कैयटोक्तिमनुसृत्यैकादशोक्ता इति बोध्यम्"। इस विषय में नागेश (ल० शे० पृ० ३५) कहता है— "उदात्तादिजनकयत्नस्याभ्यन्तरकार्यकरत्वेऽपि उदात्तादिशब्दैर्विना बोधितानां तेषाम् "अनुदात्त" इत्यनेनाविवक्षाबोधनात् सवर्णसंज्ञानुपयुक्तत्वान्तरतम्यपरीक्षोपयुक्तत्वरूपसादृश्येन बाह्येषु गणनम्। इदं ह्रस्वत्वादेरानुनासिक्यस्य चोपलक्षणम्"।

३७. ऋ० प्रा० १३,१-६—

वायुः प्राण कोष्ठ्यमनुप्रदानं कण्ठ्यस्य खे विवृते संवृते वा।
आपद्यते श्वासतां नादतां वा वक्त्रीहायाम् ॥ १ ॥

उभयं वान्तरोभौ ॥२॥ ता वर्णानां प्रकृतयो भवन्ति ॥३॥ श्वासोऽघोषाणाम् ॥४॥ इतरेषां तु नादः ॥५॥ सोष्मोष्मणां घोषिणां श्वासनादौ ॥६॥ दे० आपि० शि० १,१, ऋक्तन्त्र १,१; पा० शि० ६, ७,९, सि० कौ० पर तत्त्वबोधिनी टीका (पृ० १९) "गलबिलस्य संकोचात्संवारः, तस्यैव विकासाद्विवारः। एतौ च संवृतविवृतरूपाभ्यामाभ्यन्तराभ्यां भिन्नावेव।"

३८. तै० प्रा० २,१-११— "अथ शब्दोत्पत्तिः। वायुशरीरसमीरणात्कण्ठोरसोः सन्धाने। तस्य प्रातिश्रुत्कानि भवन्त्युरः कण्ठः शिरो मुखं नासिके इति। संवृते कण्ठे नादः क्रियते। विवृते श्वासः। मध्ये हकारः। ता वर्णप्रकृतयः। नादोऽनुप्रदानं स्वरघोषवत्सु। हकारो ह-चतुर्थेषु। अघो-

येषु वास । भूयान्प्रथमेभ्योऽन्येषु ।" दे० अ० प्रा० १,१२ १३—
'श्वासोऽघोषेष्वनुप्रदानं । नादो घोषवत्स्वरेषु ।"

३९ ऋ० प्रा १ १० १२—'उत्तरेऽष्टा ऊष्माण (दे० टि० ४)। अत्या
सम तेषामघोषा । वर्गे वर्गे च प्रथमावघोषौ ।' तै० प्रा० १,१२ १४—
ऊष्म विसर्जनीय प्रथम द्वितीया अघोषा । न हकार । व्यञ्जनशेषो
घोषवान् ।' वा० पा० (१ ५ -९३) में अघोष वर्णों के लिए जित्
सघोष वर्णों के लिए धि और श् ष् स् के लिए मुत् सज्ञा का प्रयोग
किया गया है।

४ अ प्रा १,१० ऋ प्रा० १ १३ (तथा १,१० दे० टि० ४) वा०
प्रा० १ ५४ (इस सूत्र के भाष्य में उवट सोष्माण का व्याख्यान महा-
प्राणा करता है)। दे० पा० १ १ ५० पर महाभाष्य तथा काशिका में
सोष्माण का प्रयोग।

४१ मध्य सि० कौ० पृ ३। दे सि० कौ० पृ० २२— 'तत्र वर्गाणां
प्रथमद्वितीया नयस्तथा तेषामेव यमा जिह्वामूलीयोपध्मानीयौ विसर्ग
शषसा इत्येतेषां विवार श्वासोऽघोष । अन्येषां तु सवारो नादो घोषश्च ॥
वर्गाणां प्रथमतृतीयपचमा प्रथमतृतीययमौ यरलवाश्चाल्पप्राणा । अन्ये
महाप्राणा ।' सि० कौ के अन्येषां का व्याख्यान करते हुए नागेश
(ल० श० पृ ३५) कहता है— 'अन्येषामिति । अचामुक्तान्य
हशश्चेत्यर्थ ।' इस से आगे यरलवाश्च के व्याख्यान में नागेश कहता
है— चेन अचामपि ग्रहणम्। 'सुपांसुलुक इति सूत्रे इकारस्यान्त
यतो दकार इति भाष्यात् घोषसवारनादाल्पप्राणत्वमचाम्। अन्यथा तदौ
पर्यायेण स्याताम्। अल्पप्राणत्वानङ्गाकारे दधौ पर्यायेण स्याताम्। अचां
घोषत्व 'पर सन्निकर्ष इति सूत्रे भाष्येऽपि स्पष्टम्।' अन्य महाप्राणा
के व्याख्यान में नागेश कहता है— अन्ये इति। द्वितीयचतुर्थौ तद्यमौ
शषसहा अयोगवाहाश्चेत्यर्थ ।' यह निर्विवाद है कि ऋ० प्रा १ ५ (टि०
३७) तै० प्रा २ ८ तथा अ प्रा १ १३ (टि० ३८) स्वरों का
बाह्य प्रयत्न नाद स्वीकार करते हैं जिसका आधार इन प्रातिशाख्यों के
अनुसार (दे० टि ३७ ३८) सवार है। परन्तु तै० प्रा० तथा अ०

प्रा० के उक्त सूत्रों में और ऋ० प्रा० के उक्त सूत्र के उवट-भाष्य में स्वरों के साथ घोषवत् वर्णों का पृथक् उल्लेख मिलता है। इस से प्रतीत होता है कि इन प्रातिशाख्यों मे स्वर घोषवत् नही माने गए हैं। ऋ० प्रा० १,११ (टि० ३९) के अनुसार,अनुस्वार अघोष है। परन्तु सि० कौ० के उपर्युक्त "अन्येषा तु" के व्याख्यान में त० बो० टीका अनुस्वार का वाह्य प्रयत्न संवार, नाद तथा घोष मानती है। प्रातिशाख्यों ने जिन वर्णों को सोष्माण. में नही गिना है, उनको अल्पप्राण मानने मे कोई आपत्ति नही हो सकती।

४२　तै० प्रा० २,३१-३४— "स्वराणा यत्रोपसंहारस्तत्स्थानम्। यदुपसंहरति तत्करणम्। अन्येषा तु यत्र स्पर्शनं तत्स्थानम्। येन स्पर्शयति तत्करणम्।" त्रिभाष्यरत्न के अनुसार उपसंहार का अर्थ "उपश्लेषविशेष·" है। और माहिषेय के अनुसार इस का अर्थ "संस्पर्शनातिसंश्लेषः" है। स्पर्शन का अर्थ माहिषेय ने "संश्लेषः" किया है। ह्विटने ने (तै० प्रा० अनुवाद में) करण का अनुवाद producing organ किया है और ऐलन ने (Phon An Ind, pp 18.24) करण का अनुवाद Articulator किया है। अ० प्रा० के भाष्य मे (सूत्र १,१९ तथा २५ पर) भी स्थान तथा करण के भेद के सम्बन्ध मे कहा गया है— "किं पुन स्थानम्? किं करणम्? ···यदुपक्रम्यते तत्स्थानम्। येनोपक्रम्यते तत्करणम्।" अर्थात् जिसका उपक्रमण (सान्निध्य) किया जाता है वह स्थान है, और जिसके द्वारा उपक्रमण किया जाता है वह करण है। यह कहा जा सकता है कि पारस्परिक अपेक्षा के विचार से वर्णोत्पत्ति में स्थान ध्रुव तथा निश्चेष्ट है और करण सक्रिय मुखावयव है।

४३　ऋ० प्रा० १,४१, वा० प्रा० १,६५, पा० शि० १८।

४४.　अ० प्रा० १,२०— "जिह्वामूलीयाना हनुमूलम्" ॥ वा० प्रा० १,८३— "जिह्वामूलीयानुस्वारा हनुमूलेन" ॥ तै० प्रा० २,३५—"हनुमूले जिह्वामूलेन कवर्गे स्पर्शयति ॥" ह्विटने (A Prat., p. 352) तै० प्रा० के मत का समर्थन करता है—"This is evidently the more natural way of defining the mode of production of the class, and the more analogous with the method of our

own treatise elsewhere as in the cases of the throat letters palatals and labials the lower and more mobile of the two organs concerned being taken as the producer But the usage of naming the class from the *sthāna* seems to have required that the *jihvā-mūlīya* be declared the *sthāna* and not the *karana* of the sounds of which the well established name was *jihvā-mūlīya* By *hanu mūla* root or bas. of the jaw must be here understood it should seem the posterior edge of the hard palate which might well enough be regarded as the base of the upper jaw or of the bony structure in which the upper teeth are set एलन भी (Phon An Ind p 51) तै० प्रा क नियम का समर्थन करते हुए कहता ह—"The velar series (*ka varga*) is most generally described as being produced at the *jihvā-mūla* root of the tongue which is strictly speaking an articulator and not a place of articulation the *sthāna* of this series is in fact the *hanu mūla* or root of the (upper) jaw —a rather inadequate though intelligible designation of the soft palate —

४५ चन्द्रगोमा (वर्णसूत्र ३)— कण्ठ अकुहविसर्जनीयानाम्' । सि० कौ० पृ० १७— अकुहविसर्जनीयानां कण्ठ '। सि० कौ० के उक्त नियम पर टिप्पणी करते हुए नागेश (ल० शे० पृ २८) कहता है—'अत्र कण्ठपदं कण्ठस्थानतत्समीपजिह्वामूलस्थानोभयपरम् । तेन कण्ठ्यावहौ जिह्वामूले तु कु प्रोक्त ' इति शिक्षया न विरोध ।"

४६ ऋ० प्रा० १ ४२ वा० प्रा १ ६६ पा शि० १७ सि० कौ पृ० १७। अ० प्रा० १ २१— ताल्व्याना मध्यजिह्वम्।' तै० प्रा० २,३६— तालौ जिह्वामध्यन चवग। वा० पा० ० ७९— तालुस्थाना मध्येन।'

४७ ऋ प्रा० १ ४३ वा प्रा १ ६७ पा० शि १७ सि० कौ० पृ १७।

४७क अ प्रा १, २२—"मूर्धन्यानां जिह्वाग्र प्रतिवेष्टितम्। तै० प्रा०

२,४७—"जिह्वाग्रेण प्रतिवेष्ट्य मूर्धनि ।" वा० प्रा० १,७८—"मूर्धन्याः प्रतिवेष्ट्याग्रम् ।"

४८. ऋ० प्रा० १,४४—"दन्तमूलीयस्तु तकारवर्गः ।" तै० प्रा० २,३८—"जिह्वाग्रेण तवर्गे दन्तमूलेषु ॥" अ० प्रा० १,२४—"दन्त्यानां जिह्वाग्रं प्रस्तीर्णम् (फैला हुआ) ॥" वा० प्रा० १,७६—"दन्त्या जिह्वाग्रकरणाः" ॥ वा० प्रा० १,६९, ऋक्तन्त्र ७, पा० शि० १७, सि० कौ०, पृ० १७ । सि० कौ० के इस नियम पर टिप्पणी करते हुए नागेश (ल० शे०, पृ० २८) कहता है—"दन्ता इति । दन्तसंयुक्तादेशा इत्यर्थः । अतो भग्नदन्तस्याप्युच्चारणं भवत्येव ।" ऋ० प्रा० तथा तै० प्रा० का मत ही अधिक समीचीन है, क्योंकि तवर्ग के उच्चारण में जिह्वाग्र का स्पर्श वास्तव में दन्तमूल पर होता है ।

४९. ऋ० प्रा० १,४७, वा० प्रा० १,७०; पा० शि० १७; सि० कौ०, पृ० १७; वा० प्रा० १,८०—"समानस्थानकरणा नासिक्यौष्ठ्याः ।" अ० प्रा० १,२५—"ओष्ठ्यानामधरौष्ठम् ।" तै० प्रा० २,३९—"ओष्ठाभ्यां पवर्गे ।" त्रिभाष्यरत्ने—"अत्रोत्तरोष्ठः स्थानम् अधरोष्ठः करणम् ।" दे० माहिषेय-भाष्य, पृ० २५ ।

५०. ऋ० प्रा० १,१४—"अनुनासिकोऽन्त्यः ॥" ऋ० प्रा० १,३६—"रक्तसंज्ञोऽनुनासिकः ॥" अ० प्रा० १,११—"उत्तमा अनुनासिकाः ॥" वा० प्रा० १,८९—"अनुनासिकाश्चोत्तमाः ॥" तै० प्रा० २,३०—"अनुस्वारोत्तमा अनुनासिकाः ॥"

५१. ऋ० प्रा० १३,२०—"रक्तो वचनो मुखनासिकाभ्याम् ।" अ० प्रा० १,२७—"अनुनासिकाना मुखनासिकम् ॥" वा० प्रा० १,७५—"मुखनासिकाकरणोऽनुनासिकः ।" पा० १,१,८—"मुखनासिकावचनोऽनुनासिकः ।"

५२. या० शि० १५०—"पादादौ च पदादौ च संयोगावग्रहेषु च । जः शब्द इति विज्ञेयो योऽन्यः स य इति स्मृतः ।" शुक्लयजुर्वेद (माध्यन्दिनी शाखा) के अनुयायियों में इस प्रकार के उच्चारण का विशेष प्रचलन रहा है । इसी लिए यजुर्वेदाध्यायियों के ग्रन्थों में यकार और जकार के पार-

स्वरिक परिवर्तन के अनेक उदाहरण मिलते हैं। दे० ऋ० प्रा० १ १६६, प्रतिज्ञा-सूत्र ९ १३ लघ्वमाघनन्दिनीशिक्षा १ ५ कात्यायनीशिक्षा सूत्र १ ? प्रातिशाख्यप्रदीपशिक्षा (शि० स० पृ० १५७), Weber, Ind Stud, vol. IV p 271 Varma Critical Studies pp 126f

५३ तै प्रा २,४३— ओष्ठान्ताभ्यां दन्तैर्वकारे।" इस सूत्र पर त्रिभाष्य रत्न कहता है— "वकारे कार्येऽधरोष्ठाभ्यामुत्तरदन्तामै सह स्पर्शयेत्। दन्तैरिति स्थाननिर्देश। ओष्ठान्ताभ्यामिति करणनिर्देश।" इसी प्रकार माहिषेय कहता है— वकार वक्ष्यमाणे ओष्ठान्ताभ्यां दन्ते स्पर्शयति। तत्र दन्ता स्थानम्। ओष्ठान्तौ करणम्।" इन भाष्यकारों के अनुसार तै० प्रा० का मत वा० प्रा० के सर्वथा विपरीत है, क्योंकि वा० प्रा० ओष्ठ को वकार का स्थान और दन्ताग्रों को करण मानता है। ह्विट्ने (Tait. Prat p 75) भाष्यकारों के व्याख्यान से असन्तुष्ट होकर कहता है— But then why does not the rule read *danteshu* instead of the instrumental *dantaih*?"

५४ पा० शि० १८— दन्त्योष्ठ्य व स्मृतो बुधै।" आपि० शि० १ १६ १७ शि० कौ०, पृ० १७— 'वकारस्य दन्तोष्ठम्।"

५५ ऋ० प्रा० १७,२२ २३— व्यूहेदेकाक्षरीभावात्पादेषूनेषु सम्पदे। क्षैप्र वर्णाश्च संयोगान्व्यवेयात्सदृशै स्वरै।" दे० ऋ० प्रा० ८ ४०।

५६ इन उदाहरणों के अतिरिक्त Alt Gr I, p 200 (दे० Ved Gr p 40) ने अग्रियं, अर्य्य तृतियं ऋत्विय ऋत्व्य अग्रिय अग्र्य समुद्रियं समुद्र्यं मित्रियं मित्र्यं इत्यादि उदाहरण भी इसी सम्बन्ध में प्रस्तुत किए हैं। इस के अतिरिक्त स्वर-भेद से अग्रिय, अग्रिय इत्यादि रूप भी मिलते हैं। पा ४ ४,११६-११८ के अनुसार अर्य्य में यत् प्रत्यय है और अग्रिय तथा अग्रिय घ प्रत्यय से सिद्ध होते हैं। पा ४ ४ ११७ पर काशिका का मत है— चकारस्तुमाद्घनित्यस्यानु कर्षणार्थ। अग्रियम्। स्वरे विशेष।' अग्रिय के दोनों रूपों के स्वरों का भेद स्पष्ट ही है। इस सूत्र पर न्यास का मत है— 'घ विहिते अन्तो दात्तत्वं स्यात्। घनि तु सत्याद्युदात्तत्वम्।' उपरिनिर्दिष्ट पाश्चात्य

विद्वानों के अनुसार, य प्रत्यय ही दो प्रकार से (य तथा इय रूप में) लिखा गया है। परन्तु पाणिनि के अनुसार, एक प्रत्यय यत् है और दूसरा घ या घन् है।

इसी प्रकार तुग्र से तुग्र्य और तुग्रिय दो रूप बनते हैं। पा० ४,४,११५ ने तुग्रिय की सिद्धि के लिए घन् प्रत्यय का विधान किया है।

५७. Alt Gr. I, p. 204; Ved. Gr., p. 41; Gr. Lg. Ved., p. 35,

५८. दे० Oldenberg, Prolegomena, p. 376. कीथ ने (HOS. Vol. XXII,p,. 173 f.n 2) अक्षरसंख्या ग्यारह करने के लिए सवाचि पाठ भी सुझाया है, और शा० श्रौ० सू० (८, १६, ३) में ऐसा पाठ मिलता है। तथापि कीथ देवेभियः को ही अधिक उपयुक्त समझता है। भट्टभास्कर देवेभ्य. के साथ च इत्यादि पूरण का सुझाव देता है। भट्ट-भास्कर तथा षड्गुरुशिष्य दोनों इस मत का प्रतिपादन करते हैं कि वाचीन्द्राय की सवर्णदीर्घ-सन्धि का विच्छेद करके उच्चारण करना चाहिए।

५८ क. Alt. Gr. I, p 204, Ved. Gr., p. 41.

५९. ऋ० प्रा० १, ४५—"सकाररेफलकाराश्च" ॥ वा० प्रा० १, ६८—"रो दन्तमूले" ॥ अ० प्रा० १, २८—"रेफस्य दन्तमूलानि" ॥ इस सूत्र पर ह्विट्ने (A. Prat , p. 358) की टिप्पणी देखिए। ऋक्तन्त्र ८—"रेफो मूले वा' (रेफस्तु दन्त्यो दन्तमूले वा इति—भाष्यम्) । या० शि० २१२ (शि० सं० पृ० ३३)—"एको दन्तमूलीयो रेफ " ॥ व० प्र० शि० (शि० सं० पृ० ११९)—"रेफश्च दन्तमूलोत्थो जिह्वाग्रेण विधीयते"।

६०. वा० प्रा० १, ७७—"रश्च" ॥ तै० प्रा० २, ४१—"रेफे जिह्वाग्रमध्येन प्रत्यग्दन्तमूलेभ्य." ॥ "प्रत्यग्" के व्याख्यान में त्रिभाष्यरत्न कहता है—"प्रत्यगित्यभ्यन्तर उपरिभाग इत्यर्थ." ॥ दे० व० प्र० शि० का मत टि० ५९ में।

६१. ऋ० प्रा० १, ४६—"रेफं वर्स्व्यमेके' ॥ ऋ० प्रा० १,१ पर भाष्य करते हुए उवट कहता है—"एवमस्या शाखाया दन्तमूलीयो वा वर्त्स्यो वा रेफ

इत्येतदवधारितम्" ॥ बर्स्यम् पाठ की प्रामाणिकता के लिए दे डा॰ मंगलदेव शास्त्री का मत Rigveda Prātiśākhya Vol. III pp 150f डा॰ शाखा (भा॰ वि पृ॰ २२४) के मतानुसार कठोर तालु का सब से अगला भाग जो दांतों के पीछे उभरा हुआ है वह बर्स्व कहलाता है। तै प्रा॰ २ १८ पर त्रिभाष्यरत्न में बर्स्वेषु का व्याख्यान इस प्रकार किया गया है— बर्स्वेष्विति दन्तपङ्क्तेरुपरिष्टादुच्चप्रदेशोऽभिलथ ।"

६२ पा॰ शि॰ १७— ऋटुरषा मूर्धन्या ऋटुरषा' ॥ आपि शि॰ १ ११ १४ – ऋटुरषा मूर्धन्या । दन्तमूलस्थानमेकेषाम्' ॥ चन्द्रवृत्तिसूत्र ६—' मूर्धा ऋटुरषाणाम्" । सि कौ॰ पृ॰ १७— ऋटुरषाणां मूर्धा ' ॥

६३ Skt Gr p 18 Ved Gr p 42 Gr Lg Ved p 16

६४ वा॰ प्रा॰ १,६९— लृल्सिता दन्त ' ॥ पा॰ शि॰ १७ चन्द्रवृत्तिसूत्र ७ या॰ शि॰ २१२ (शि॰ स॰ पृ ३३) व॰ प्र॰ शि॰ ३ (शि॰ स पृ॰ ११९)। सि कौ पृ॰ १७— 'लृतुलसानां दन्ता '॥ 'दन्ता' पद पर टिप्पणी करते हुए नागेश (ल॰ शे पृ॰ २८) कहता है— 'दन्ता इति। दन्तसंयुक्तदशा इत्यर्थ । अतो भग्नदन्तस्याप्युच्चारणं भवत्येव।"

६५ द्वितीयाल्पमाध्यन्दिनीयशिक्षा (शि॰ स पृ॰ ११४)—'षकारस्य खकार स्यात्टुकयोगे तु नो भवेत्' ॥ के शि॰ (शि स पृ॰ १४०) सूत्र ३— ष खष्टुमूलं च ॥ शि॰ स॰ पृ॰ १५१ (पद्य १४) प्र॰ सू॰ १८ का॰ शि॰ १७ (शि॰ स पृ॰ १७३) प्रा॰ शि॰ (शि॰ स॰ पृ॰ २६६)।

६६ ऋ॰ प्रा॰ १ ४ — केचिदेता उरस्यौ '। दे॰ पा॰ शि॰ १६—' हकार पञ्चमैर्युक्तमन्तस्थाभिश्च संयुतम्। औरस्यं तं विजानीयात्कण्ठ्यमाहुरसंयुतम्" ॥ ऋक्तन्त्र २ ३ या॰ शि॰ १७७ (शि॰ स॰ पृ॰ २६) लो शि॰ ९ (शि॰ स॰ पृ ४५९) व॰ प्र॰ शि॰ २६ (शि॰ स पृ॰ ११९) सर्वसम्मतशिक्षा ४२।

६७ तै॰ प्रा॰ २ ४७— उदयस्वरादिसस्थानो हकार एकेषाम् ॥" इस पर ह्विट्ने (Tait Prat p 79) कहता है— The rule would have

been made better by reading उदयवर्ण, instead of उदय-स्वरादि—'the following sound', instead of 'the beginning of the following vowel'—for the assimilation is not less true of the semi-vowels and nasals than of the vowels".

६८. ऋ० प्रा० १, ३९; तै० प्रा० २, ४६; वा० प्रा० १, ७१; या० शि० २१२ (शि० सं० पृ० ३३); व० प्र० शि० ३३ (शि० सं० पृ० १२०); चन्द्रवृत्तिसूत्र ३; सि० कौ० पृ० १७।

६९. तै० प्रा० २,४८—"पूर्वान्तसस्थानो विसर्जनीयः" ॥ पा० शि० २२—"अयोगवाहा विज्ञेया आश्रयस्थानभागिन·" ॥ ल० माशि० १६-२२ (शि० सं० पृ० ११५)।

७०. ऋ० प्रा० १, ४८—"नासिक्ययमानुस्वारान् (नासिक्यान्)" ॥ वा० प्रा० १,७४—"यमानुस्वारनासिक्यानां नासिके।" पा० शि० २२—"अनुस्वारयमाना च नासिका स्थानमुच्यते" ॥ सि० कौ० पृ० १७—"नासिकानुस्वारस्य"।

७१. तै० प्रा० २,४९-५१—"नासिक्या नासिकास्थानाः ॥ मुखनासिक्या वा ॥ वर्गवच्चैपु" ॥ तै० प्रा० २१,१२-१३ के आधार पर त्रिभाष्यरत्न "नासिक्याः" का व्याख्यान "यमा" करता है। परन्तु तै० प्रा० २, ४९ पर टिप्पणी करते हुए ह्विटने (Tait Prat., p. 80) कहता है—"The 'nose-sounds', the commentary says, are the *Yamas* (xxi. 12, 13); but why the nāsikya (xxi. 14) should not be regarded as included among them I do not see".

७२. अ० प्रा० १,१०१-१०२—"रेफादूष्मणि स्वरपरे स्वरभक्तिरकारस्यार्धं चतुर्थमित्येके ॥ अन्यस्मिन्व्यञ्जने चतुर्थमष्टमं वा ॥"

७३. ऋ० प्रा० ६,४६—"रेफात्स्वरोपहिताद्व्यञ्जनोदयादृकारवर्णा स्वरभक्तिरुत्तरा" ॥ तै० प्रा० २१, १५—"रेफोष्मसंयोगे रेफस्वरभक्तिः" ॥ इस सूत्र पर माहिषेयभाष्य—"ऋकारावयवो भवतीति

नाख्यो. ॥९९॥ सा तु [illegible] नाम सा तु रेफलकारयोः (१) देवं बर्हिरिति करेणी (२) उपबर्हणि कुर्विणी ॥१००॥ (३) हरिणी दर्शतमिति (४) शतवल्शेति हारिता । (५) वर्षो वर्षीयसीत्याहुस्तथा हंसपदेति च ॥१०१॥ रहाभ्यां पर ऊष्माणो यत्र स्युः स्वरितोदयाः । स्वरभक्तिमसौ ज्ञेया पूर्व-माक्रम्य पश्चिमेन ॥१०२॥ स्वरभक्तिं प्रयुञ्जानस्त्रीन्दोषान्परिवर्जयेत् । इकारं चाप्युकारं च ग्रस्तदोषं तथैव च ॥१०३॥" दे० या० शि० ३६-४१ (शि० सं० पृ० १७५); लो० शि० २,२-४ (शि० सं पृ० ४५७).

७८. के० शि० सूत्र ४ (शि० सं० पृ० १४१-१४२); दे० प्र० सू० २,३; ल० माशि० १०-१२ (शि० सं० पृ० ११५), प्रा० शि० (शि० सं० पृ० २९३)।

७९. तै० प्रा० २१,१६; ऋ० प्रा० ६,५० ।

८०. Alt. Gr. I, pp. 55 ff.; Ved. Gr , p. 13; Gr. Lg. Ved., p. 13. पाश्चात्य विद्वानों का मत है कि ऋकारान्त प्रातिपदिकों के षष्ठी तथा सप्तमी के द्विवचनान्त रूपों में—"ओः" का उच्चारण सदा दो अक्षरों वाला होना चाहिए। परन्तु ये विद्वान् इसे स्वरभक्ति नहीं मानते हैं और कहते हैं कि प्रत्ययान्त मूल रूप ऐसे हैं। दे० Alt. Gr. I, p. 55; Oldenberg, Prolegomena, 374 A, Ved. Gr., p. 13 f. n.

८०क. Alt. Gr I, pp. 55 ff; Oldenberg, Prolegomena, 374 A; Ved. Gr., p 14; Gr. Lg Ved., p. 40.

८१. वा० प्रा० ४,१००—स्वरात्संयोगादिर्द्विरुच्यते सर्वत्र ॥ अ० प्रा० ३, २८—संयोगादि स्वरात् ॥ तै० प्रा० १४,१—स्वरपूर्वं व्यञ्जनं द्विवर्णं व्यञ्जनपरम् ॥ ऋ० प्रा० ६,१—स्वरानुस्वारोपहितो द्विरुच्यते संयोगादिः स क्रमोऽविक्रमे सन् ॥ पा० ८,४,४७—अनचि च ॥

८१क. वा० प्रा० ४,१०१—परं तु रेफहकाराभ्याम् ॥ अ० प्रा० ३,३१—रेफहकारौ परं ताभ्याम् ॥ तै० प्रा० १४,४—रेफात्परम् ॥ ऋ० प्रा० ६,४—परं रेफात् ॥ पा० ८,४,४६—अचो रहाभ्या द्वे ॥ ऋ० प्रा० ६,८—न रेफ ॥ तै० प्रा० १४,१९—रैफपरश्च हकारः ॥

प्रथमोऽध्यायः

यावत्। ऋकारस्य तु आदि रसपर पारशाद । अन्त या मध्यमे रेफभाग । एवमृकारस्य आकार उत्तरार्धों भवतश्च ''। इस सूत्र पर विमाष्यरत्न—''यादृश रेफस्य समानस्वरमात्रक्ति स्यात्। ऋकारस्य जिह्वाप्रकरणत्व रेफत्वा च समानधर्म । भक्तिरवयव एकदेश इति यावत् । एतदुक्तं भवति—ऋकारावयवो भवतश्च ''।

७४ वा० प्रा० ४,१७— रलाभ्यन्वर्णाभ्यामूष्मणि स्वरान्य कवत'' ॥ इस पर उवटभाष्य— तौ स्वरायुत व्यञ्जनाविति । श्रुणु । ऋकारलकारावेव नार्धमात्रावेविति ब्रूम । तौ स्वरभक्तिरित्येवं पदयु प्रसिद्धौ । न चतौ वर्णौ रेफलकारयोरूष्मणा च मध्यगतावपि सतौ स्यातामस्य विवात कुर्वन्त । स्वरभक्तित्वात् । तथा चाह शौनक—'न स्याग स्वरभक्तिर्विहन्ति'' (ऋ० प्रा० ६,३५) ॥ द० व० प्र० शि ५३ ५५ (शि० स पृ० १२१) प्रा० शि (शि० सं पृ० २९३) ।

७५ ऋ० प्रा० ६ ५३—'पूर्वोत्तरस्वरसरूपतां च ॥'' इस पर उवटभाष्य— पूर्वस्वरसरूपतां चोत्तरस्वरसरूपतां च स्वरभक्तेरेक आचार्या मन्यन्ते। न केवलमृकाररूपा स्वरभक्तिभवतीत्यर्थ । धूर्षु (ऋ० १ १४३ ७) इत्युकाररूपा स्वरभक्ति । बर्हिषद (ऋ ९ ६८,१) इति इकाररूपा स्वरभक्ति ।''

७६ मा० शि ९९ १०१ (शि० स० पृ ४७१ ७२)—'उष्मस्थौ यत्र दृश्येते रेफवर्णौ स्वरोदयौ । ऋलवर्णौ तथा ज्ञेयौ स्वरभक्तिरिति संस्थितौ ॥९९॥ तौ ह्रस्वौ प्रतिजानीयाद्यथा मात्रा भवेद् यदि । सम्यगेनौ विजानीयाद् द्वौ दोषौ परिवर्जयेत् ॥१०० ॥ सम्यगेनौ यत्र पश्येच्छतव ल्गेति निदर्शनम् । अकार चाप्युकार च विच्छिन्नं विवृतन्तथा ॥१०१॥'' म सं १,१ २ तथा कपि स १ ७ में शुवल्शम् पाठ मिलता है, जब कि त स० १ १,२ का० स १,२ तथा अनेक अन्य ग्रन्थों में शतवल्शम् पाठ का प्रचलन है ।

७७ या० शि० ९८ १०२ (शि स पृ० १७)—'करिणा कुर्विणा चव हरिणी हरिता तथा । तद्वदेसता नाम पञ्चता स्वरभक्तय ॥९८॥ करिणा रहयोर्योग कुर्विणी रहकारयो । हरिणा रशयोर्योगे हरिता र्ग

स्वरे ॥ पा० ८,४,४९—शरोऽचि ॥ ऋ० प्रा० ६,१०—न तूष्मा स्वरोष्मपर ॥

(५) ऋ० प्रा० ६,१४—संयुक्तं तु व्यञ्जनं शाकलेन ॥ पा० ८,४,५२—दीर्घादाचार्याणाम् ॥

(६) ऋ० प्रा० ६,७—नावसितम् ॥ वा० प्रा० ४,११६—अवसितं च ॥ तै० प्रा० १४,१५ [दे० टि० ८१ग (१)]। इस मत के विपरीत देखिए—अ० प्रा० ३,२६—पदान्ते व्यञ्जनं द्विः ॥ पा० ८,४,४७ पर वार्तिक—अवसाने च यरो द्वे भवत इति वक्तव्यम् (काशिका) ॥

(७) पा० ८,४,५१—सर्वत्र शाकल्यस्य ॥

८२. ऋ० प्रा० १८, ३२—सव्यञ्जन. सानुस्वार. शुद्धो वापि स्वरोऽक्षरम् ॥ वा० प्रा० १, ९९—स्वरोऽक्षरम् ॥ अ० प्रा० १, ९३—स्वरोऽक्षरम् ॥ तै० प्रा० २१, १—व्यञ्जन स्वराङ्गम् ॥ ऋ० प्रा० १, २२—अनुस्वारो व्यञ्जनं चाक्षराङ्गम् ॥ पा० ६, १,२ पर महाभाष्य—"व्यञ्जनानि पुनर्नट-भार्यावद्भवन्ति । तद्यथा—नटाना स्त्रियो रङ्गगता यो यः पृच्छति कस्य यूयं कस्य यूयमिति तं तं तव तवेत्याहुः । एवं व्यञ्जनान्यपि यस्य यस्याचः कार्यमुच्यते तं तं भजन्ते ।"

८२क ऋ० प्रा० १८, ३३—व्यञ्जनान्युत्तरस्यैव स्वरस्यान्त्यं तु पूर्वभाक् । १, २३—स्वरान्तरे व्यञ्जनान्युत्तरस्य ॥ वा० प्रा० १,१००. १०१.१०६—सहाद्यैर्व्यञ्जनैः ॥१००॥ उत्तरैश्चावसितैः ॥१०१॥ अवसित च ॥१०६॥ तै० प्रा० २१, २-३—तत्परस्वरम् ॥२॥ अवसितं पूर्वस्य ॥३॥ अ० प्रा० १, ५५. ५७—परस्य स्वरस्य व्यञ्जनानि ॥५५॥ पदं च ॥५७॥

८२ख. वा० प्रा० १, १०२—संयोगादि' पूर्वस्य ॥ तै० प्रा० २१,४, संयोगादि ॥ अ० प्रा० १,५६ —संयोगादि पूर्वस्य ॥ ऋ० प्रा० १,२५—संयोगादिर्वा ॥ १८,३५—संयोगादिश्च वैवं च ॥ ऋ० प्रा० इस नियम में विकल्प करता है ।

८२ग. वा० प्रा० १, १०३-१०४—यमश्च ॥१०३॥ क्रमजश्च ॥१०४॥ अ० प्रा० १,५८—रेफहकारक्रमजञ्च ॥ तै० प्रा० २१,५-६—परेण चासंहितम् ॥५॥

८१ख वा० प्रा० ४ १०२—ऊष्मान्तस्थाभ्यश्च स्पर्शाः ॥ ऋ० प्रा० ६,५ ६—स्पर्श एव ल्कारात् ॥५॥ ऊष्मणो वा ॥६॥ तै० प्रा० १४,२—ल्वकारपूर्व स्पर्शश्च पौष्करसादेः ॥१४ ३—स्पर्श एवैतेषामाचार्याणाम् ॥ १४ ६—रेफपूर्वयोश्च नियमम् ॥ १४ ७—ल्कारपूर्व च ॥ १४ १७—प्रथमपरश्च प्लाक्षिप्लाक्षायणयोः ॥१४ १८ ऊष्माघोषो हारीतस्य ॥ पा० ८ ४ ४७ पर वार्तिक—शरः खयो द्वे भवत इति वक्तव्यम् (काशिका) ॥ काशिका ने इस वार्तिक का दूसरा व्याख्यान भी किया है—'अथवा खय उत्तरस्य शरो द्वे भवतः । वत्स्सरः । अप्स्सराः ।" परन्तु प्रातिशाख्यों के नियमों से स्पष्ट है कि दूसरे व्याख्यान के लिए कोई विशेष आधार नहीं है। दे० टि० ८१ ङ (४)। पा० ८ ४,४७ पर वार्तिक—यणो मयो द्वे भवत इति वक्तव्यम् (काशिका)। इस वार्तिक के दूसरे व्याख्यान—'यण इति पञ्चमी मय इति षष्ठी (काशिका)—के लिए भी प्रातिशाख्यों में कोई आधार नहीं है और प्रथम व्याख्यान इस टिप्पणी में उद्धृत नियमों के अनुकूल है।

८१ग वा० प्रा० ४ १०८—प्रथमैर्द्वितीयास्तृतीयैश्चतुर्थाः ॥ तै० प्रा० १४ ५—द्वितीयचतुर्थयोस्तु व्यञ्जनोत्तरयो पूर्व ॥ ऋ० प्रा० ६ २—सोष्मा तु पूर्वेण सहोच्यते सकृत्स्वेन ॥

८१घ ऋ० प्रा० ६ ३—असंयोगादिरपि छकारः ॥ तै० प्रा० १४ ८ ॥ पा० (६ १ ७३ ७६) ने छ का द्वित्व न करके पूर्ववर्ती स्वर को 'तुक्' का आगम किया है। परिणाम समान ही है।

८१ङ (१) वा० प्रा० ४ १०९ ११४—नानुस्वारः ॥१०९॥ विसर्जनीयः ॥११४॥ अ० प्रा० ३ ३१—(न) विसर्जनीयः ॥ तै० प्रा० १४ १५—अवसानरविसर्जनीयजिह्वामूलीयोपध्मानीयाः ॥

(२) पा० ८ ४ ५०—त्रिप्रभृ तिषु शाकटायनस्य ॥

(३) वा० प्रा० ४ ११०—सवर्णे ॥ अ० प्रा० ३ ३०—सस्थाने च ॥ तै० प्रा० १४ २३—सवर्णसवर्गीयपरः ॥

(४) तै० प्रा० १४ १६—ऊष्मा स्वरपरः ॥ अ० प्रा० ३ ३२—नपरः

८८. कुछ विद्वान् इस ẓ को इ० यो० मूलध्वनि s अथवा पूर्वकालीन तालव्य źh (=ǵh) का प्रतिनिधि मानते हैं। ष् की तुलना में ẓ सघोष ऊष्म है।

८९. पा० ७,४,४८ पर वार्तिक— "स्ववः स्वतवसोर्मास उषसश्च तकारादेश इष्यते" (काशिकापाठ)।

९०. दे० SPW., s. v.; WZR., s v.; MWD., s. v ; Alt. Gr. I, p. 181; Ved. Gr., p. 36; वै० प० को० में √विव्द्+युच् (कर्तरि पा० ३,२,१५०) से इसका समाधान किया गया है। प्रो० रेनू विव्दन के पूर्वभाग में ऋषि का अकारलोप वाला रूप मानता है। दे० Gr Lg. Ved , p. 117n

९० क. पा० ८,२,१८ पर वार्तिक (काशिका)—बालमूललघ्वसुरालमङ्गुलीनां वा रो लमापद्यत इति वक्तव्यम् ॥ कपिलकादीना संज्ञाछन्दसोर्वा रो लमापद्यत इति वक्तव्यम् ॥ पा० ने र् के लत्वविधान के लिए पांच सूत्र (८,२, १८-२२) बनाए हैं।

९१. दे० सि० कौ० (पा० ३,१,८४ पर)—"हृग्रहोर्भश्छन्दसीति हस्य भः।" पा० ८,२,३५ पर काशिका में वार्तिक—"हृग्रहोर्भश्छन्दसि हस्येति वक्तव्यम्।"

९२. Alt. Gr. I, p. 259; Ved. Gr., p. 54.

९३. ऋ० प्रा० १, ३६— "रक्तासंज्ञोऽनुनासिक ।" दे० ऋ० प्रा० ११,३६, १४,५१, १८,५६। दे० अमो० शि० ४१-४६ (शि० सं० पृ० ९७); लो० शि० ६-९ (शि० सं० पृ० ४५६), मा० शि० ११२ (शि० सं० पृ० ४७३)।

९३ क. दे० सर्वसम्मतशिक्षा ४८—

> काश्य-ध्वनिसम रङ्गं हृदयादुत्थितं भवेत्,
> यथा सौराष्ट्रिका नारी तक्राँ इत्यभिभाषते।
> एवं रङ्गाः प्रयोक्तव्याः ॥

पा० शि० २६—

> यथा सौराष्ट्रिका नारी तक्रँ इत्यभिभाषते।
> एवं रङ्गा· प्रयोक्तव्याः खे अराँ इव खेदया ॥

प्रथमोऽध्यायः

अनुस्वार स्वरभक्तिश्च ॥६॥ ऋ० प्रा० १ २६—च परक्रमे द्वे ॥ १८, ३६—सहक्रम्य परक्रमे। ऋ० प्रा० यहां पर भी विकल्प करता है। ऋ० प्रा० १ ३२—स्वरभक्ति पूर्वभागक्षराङ्गम् ॥ तै० प्रा० २१, ८ —"नासिक्या" के अनुसार यम परवर्ती स्वर के अङ्ग बनते हैं। दे टि ७।

८२ घ वा० प्रा० १, १०५—तस्माच्चोत्तर स्पर्शे ॥ तै० प्रा० २१ ७ ९ नात स्थापरमसवर्णम् ॥७॥ स्पर्शाच्चाम्मपर ऊष्मा चेत्तरस्य (मद्रास-सस्करण) ॥९॥ व प्र शि० ४८ (शि० सं० पृ० १२१)—क्रमनाच्चोत्तरं स्पर्शे परे पूर्वाङ्गक यथा। पाप्प्यों पूर्वस्य रपशा परस्याङ्ग णयात्मकम्।

८२ ङ ऋ० प्रा० १८ ३४—विसर्जनीयानुस्वारौ भजेते पूर्वमक्षरम्। तै० प्रा० २१ ६ [टि० ८२ (ग)]।

८३ Alt Gr I p 4 Ved Gr, p 7 परन्तु प्रो० माक्सवाल्ने (दे ZII V, pp 193 202) ने इस मत का प्रत्याख्यान किया है।

८४ पाणिनि (५ ३ ६१ ६२) ने प्रशस्य तथा वृद्ध का ज्य आदेश मान क उससे ज्यायान् सिद्ध किया ह (दे० अनु० १९६क। (दे० पा० ६, ४ १६०)। परन्तु पाश्चात्य विद्वान् ज्यायस् की व्युत्पत्ति ज्या धातु से करते दे० WZR MWD अनु० १९६च।

८५. पाश्चात्य भाषा-शास्त्री वर्षों की खोज के अनन्तर इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि इ० या० मूलभाषा में कण्ठ्य स्पर्शों की निम्नलिखित तीन श्रेणियाँ थीं—

(१) Labio-Velars (मृन्कण्ठ्य स्पर्श)— qu quh gu guh

(२) Velars (मध्यकण्ठ्य स्पर्श)— q qh g gh

(३) Palatal gutturals (तालुकण्ठ्य स्पर्श)— k̂ k̂h ĝ ĝh

८६ दे० ऋ प्रा० १२,१ अ प्रा १ ७ वा० प्रा० १,८५। दे अनु० ३१

८७ इस सम्बन्ध में यह ध्यान रखना आवश्यक है कि इ० यो मू भाषा तालुकण्ठ्य महाप्राण घोष (ĝh) का प्रतिनिधि वैदिक ह् माना जाता और अत्यल्प प्रयोग वाला ह्र अति अर्वाचीन माना जाता है।

द्वितीयोऽध्यायः

सन्धि-प्रकरणम्

३२. वर्णों के अत्यधिक सान्निध्य अथवा अर्धमात्रा-व्यवधान को सन्धि कहते हैं[1]। तै० प्रा० (२४,१-४) में संहिता के निम्नलिखित चार भेद माने गए हैं—(१) पदसंहिता (२) अक्षरसंहिता (३) वर्णसंहिता तथा (४) अङ्ग-संहिता। इस प्रातिशाख्य के भाष्यकारों के मतानुसार, तै० प्रा० मे प्रतिपादित संहिता-विषय इन चार भागो में विभक्त है। हम सुविधा के लिये सन्धि को दो भागों में विभक्त कर सकते हैं—(१) पदसन्धि तथा (२) अन्तःपदसन्धि। पदान्त तथा पदादि में आने वाले वर्णों के मध्य जो सन्धि होती है उसे पदसन्धि कहते हैं[2] और पाश्चात्य विद्वान् इस के लिये External Sandhi संज्ञा का प्रयोग करते हैं। पद के अन्दर अङ्ग तथा प्रत्यय के बीच होने वाली सन्धि के लिये अन्त पद-सन्धि संज्ञा का प्रयोग किया जा सकता है। और पाश्चात्य विद्वान् इसके लिये Internal Sandhi संज्ञा का प्रयोग करते हैं। अन्त.पद शब्द इसी अर्थ में अनेक वार प्रातिशाख्यों में प्रयुक्त किया गया है। यद्यपि पदसन्धि के प्रायः सभी नियम अन्तःपदसन्धि में भी लागू होते है, तथापि अन्त.-पदसन्धि की कुछ अपनी विशेषताए हैं। अत एव पदसन्धि तथा अन्तः-पदसन्धि का पृथक् विवेचन वाञ्छनीय है।

पदसन्धि (External Sandhi)

३३. स्वाध्याय तथा विनियोग के समय वैदिक मन्त्रो का संहितापाठ अनिवार्य है। इसलिये वेदो की संहिताओ का विशेष महत्त्व माना जाता है। प्राति-शाख्यकार तथा यास्क पदों को संहिता की प्रकृति मानते हैं और पदों के आधार पर ही संहितासम्बन्धी विकारो का व्याख्यान किया जाता है[3]।

३४. हम ने अभी स्पष्ट किया है कि पदान्त तथा पदादि में आने वाले वर्णों के मध्य होने वाली सन्धि को पदसन्धि कहते हैं। अत एव पदसन्धि का

मा० शि० ११२ ११३ (शि० स० पृ० ४७३)—

यथा सौराष्ट्रिका नारी अरौँ इत्यभिभाषते ।
एव रङ्गा प्रयोक्तव्या ह्वारपरिवर्जिना ॥११२॥
नासाद्धुत्पद्यते रङ्ग कसेन सशमनिस्वन ।
मृदु चैव द्विमात्र स्याद् वृष्टिमाँ इति निदर्शनम् ॥११३॥

९४ पा० शि २३—

'अत्याबुर्वीणानर्घोषो दन्तमूल्य स्वरानतु ।
अनुस्वारस्तु वक्तव्यो नित्य ह्रा शपसेषु च ॥''

९४क ऋ० प्रा० १३,११—स्वरानुस्वाराष्मणामस्पृष्ट स्थितम् ॥ स्थित के व्याख्यान में उवट कहता है— यत्र वर्णस्थानमाश्रित्य जिह्वावतिष्ठते तत्स्थितमुच्यते ।'' दे टि ४२।

९५ A Prat I 26 Tait Prat II 30 JAOS X, pp LXXXVI ff Skt Gr, p 25

९६ Ved Gr Stu p 17

९७ Ved Gr Stu p 31—'Final *n* before vowels is changed *after a long vowel to Anusvāra*' सम्भवत इस प्रयोग के समर्थन में प्रो० मैक्डानल की निम्नाङ्कित वाक्य प्रस्तुत किया जा सकता है जो इसी पुस्तक के पृ० १० पर है— Distinct from the five class nasals is the pure nasal *variously called Anusvāra and Anunāsika* परन्तु इसी पुस्तक के पृ० १७ पर दिए गए स्पष्टीकरण के पश्चात् इस प्रकार का अव्यवस्थित प्रयोग सर्वथा अनुचित है । प्रो मक्डानल द्वारा पृ० ३१ पर उद्धृत उदाहरणों में अनुनासिक के स्थान पर अनुस्वार का प्रयोग करना ऋ० प्रा (१४,३७) के अनुसार दोष माना गया है ।

वैदिक व्याकरण

———

द्वितीयोऽध्यायः

सन्धि-प्रकरणम्

३२. वर्णों के अत्यधिक सान्निध्य अथवा अर्धमात्रा-व्यवधान को **सन्धि** कहते हैं[१]। तै० प्रा० (२४,१-४) में संहिता के निम्नलिखित चार भेद माने गए हैं—(१) पदसंहिता (२) अक्षरसंहिता (३) वर्णसंहिता तथा (४) अङ्ग-संहिता। इस प्रातिशाख्य के भाष्यकारों के मतानुसार, तै० प्रा० में प्रतिपादित संहिता-विषय इन चार भागो में विभक्त है। हम सुविधा के लिये सन्धि को दो भागो में विभक्त कर सकते हैं—(१) पदसन्धि तथा (२) अन्तःपदसन्धि। पदान्त तथा पदादि मे आने वाले वर्णों के मध्य जो सन्धि होती है उसे **पदसन्धि** कहते हैं[२] और पाश्चात्य विद्वान् इस के लिये External Sandhi संज्ञा का प्रयोग करते है। पद के अन्दर अङ्ग तथा प्रत्यय के बीच होने वाली सन्धि के लिये **अन्त पद-सन्धि** संज्ञा का प्रयोग किया जा सकता है। और पाश्चात्य विद्वान् इसके लिये Internal Sandhi संज्ञा का प्रयोग करते हैं। अन्तःपद शब्द इसी अर्थ में अनेक वार प्रातिशाख्यो में प्रयुक्त किया गया है। यद्यपि पदसन्धि के प्राय. सभी नियम अन्तःपदसन्धि में भी लागू होते है, तथापि अन्तः-पदसन्धि की कुछ अपनी विशेपताएं है। अत एव पदसन्धि तथा अन्त.-पदसन्धि का पृथक् विवेचन वाञ्छनीय है।

पदसन्धि (External Sandhi)

३३. स्वाध्याय तथा विनियोग के समय वैदिक मन्त्रो का संहितापाठ अनिवार्य है। इसलिये वेदो की संहिताओ का विशेष महत्त्व माना जाता है। प्राति-शाख्यकार तथा यास्क पदो को संहिता की प्रकृति मानते हैं और पदों के आधार पर ही संहितासम्बन्धी विकारो का व्याख्यान किया जाता है[३]।

३४. हम ने अभी स्पष्ट किया है कि पदान्त तथा पदादि मे आने वाले वर्णों के मध्य होने वाली सन्धि को पदसन्धि कहते हैं। अत एव पदसन्धि का

वर्णन करने से पूर्व यह बतलाना आवश्यक है कि वर्णसमाम्नाय के कौन-कौन से वर्ण वैदिक पदों के अन्त में तथा आदि में आते हैं, ताकि पदसन्धि के विवेचन में उन्हीं वर्णों के विकारों पर विशेष ध्यान दिया जा सके।

पदान्तीय वर्ण (The Law of finals)—वा० प्रा० (१ ८५) पदान्त में आने वाले वर्ण के लिये पदान्तीय (final) संज्ञा का व्यवहार करता है, जब कि अ० प्रा० (१ १) में इस के लिये पद्य संज्ञा का प्रयोग किया गया है। हम इस ग्रन्थ में सर्वत्र पदान्तीय संज्ञा का प्रयोग करेंगे।

प्रातिशाख्यों के अनुसार निम्नलिखित वर्ण पदान्तीय हैं—

(१) ऋ तथा ऌ के सिवाय सब स्वर[२]।

(२) च, ष् तथा ण् के सिवाय वर्गों के प्रथम तथा पञ्चम वर्ण[३]।

(३) अ० प्रा० (१ ५) ल्कार को भी पदान्तीय मानता है और अ० के बाल् (१ ३ १) शल् (२ १३५ १) तथा पल् (२० १३५ १) शब्दों में पदान्तीय ल्कार के उदाहरण मिलते हैं[४]। ऋ० प्रा० तथा वा० प्रा० ल्कार को पदान्तीय नहीं मानते हैं, क्योंकि इनकी संहिताओं में पदान्तीय ल्कार का कोई उदाहरण नहीं मिलता है।

(४) सभी प्रातिशाख्य विसर्जनीय को पदान्तीय मानते हैं।

(५) चवर्ग के सभी वर्ण तथा ण पदान्त में नहीं आते हैं और पदान्त में चवर्ग वर्ण अन्तरतम कवर्ग-वर्ण में परिणत हो जाता है[५]।

(६) यकार तथा वकार पदान्त में नहीं आते हैं। प्रातिशाख्यों के अनुसार स् तथा र् भी पदान्त में नहीं आ सकते। परन्तु पदान्तीय विसर्जनीय विशेष परिस्थितियों में र् तथा स् में परिणत हो जाता है (दे० अनु० ५५)। पदान्त में ष् का ट और न् का मूलप्रकृति के अनुसार क् या ट् बन जाता है (दे० अनु० २५ तथा ७४ ७६)। इसी प्रकार मूलप्रकृति के अनुसार ह् भी क् या ट् में परिणत हो जाता है (दे० अनु० २५ तथा ७३) और पदान्त में नहीं मिलता है। पाणिनि के मतानुसार (८,२ ६६) पदान्त में स् का र् (पारिभाषिक रु) बन जाता है और विशेष

परिस्थितियों में रेफ भी पदान्तीय हो सकता है (दे० अनु० ५६), यद्यपि कुछ परिस्थितियों में रेफ विसर्जनीय में परिणत हो जाता है (८,३,१५)।

३५. **पदादिवर्ण**— ऋ० प्रा० (१२,२) के अनुसार, ऋ, ऌ, विसर्जनीय, जिह्वामूलीय, उपध्मानीय, अनुस्वार तथा ङ् ञ् ट् ठ् ड् ढ् ण् के सिवाय सब वर्ण पदादि में आ सकते हैं। परन्तु ङ् वर्ण भी कहीं पदादि में नहीं मिलता है।

३६. (क) **पदसन्धि की अभिव्याप्ति**— ऋक्संहिता में एक अर्धर्च (hemistich) के सभी पदों के बीच निरन्तर सन्धि की जाती है। अ० तथा वा० सं० आदि में भी सन्धि इसी प्रकार होती है। चार पाद वाले छन्दों में प्रथम तथा द्वितीय पाद का एक अर्धर्च बनता है और तृतीय तथा चतुर्थ पाद का दूसरा अर्धर्च हो जाता है। तीन पाद वाले गायत्री छन्दः में प्रथम तथा द्वितीय पाद का एक अर्धर्च बन जाता है और तृतीय पाद का पृथक् अर्धर्च रह जाता है। पाच पादों वाले पङ्क्तिछन्दः में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पाद का प्रथम अर्धर्च माना जाता है और चतुर्थ तथा पञ्चम पाद का द्वितीय अर्धर्च बनता है। इस विषय में यह तथ्य उल्लेखनीय है कि ऋ० में एक ही अर्धर्च के प्रथम पाद के अन्त में तथा द्वितीय पाद के आदि में आने वाले वर्णों के मध्य स्वरसन्धि होने के उदाहरण अति विरल हैं। इस के अतिरिक्त सन्धि के नियमों का प्रतिपादन करते समय ऋ० प्रा० ने अनेक स्थलों पर पाद के मध्य, अन्त तथा आदि का प्रतिबन्ध लगाया है (दे० ऋ० प्रा० २, ३४.३५. ६०.६४. ७०, ४ ४४ ४५. ५६. ५७ प्रभृति)। इसी प्रकार पाणिनि ने भी सन्धि का विवेचन करते समय अनेक चार पाद का प्रतिबन्ध लगाया है (दे० पा० ६, १, ११५ १३४, ८, ३, ९)। इन ग्रन्थों में स्वर के नियमों का विचार करते समय भी पाद के अन्दर पद की स्थिति को ध्यान में रक्खा गया है। इस से प्रतीत होता है कि एक पाद में आने वाले वर्णों के बीच होने वाली सन्धि ही मौलिक रही होगी और कालान्तर में अर्धर्च के अन्त तक निरन्तर सन्धि होने लगी। इसी लिये पाश्चात्य विद्वान् कहते हैं कि छन्द. तथा स्वर के साक्ष्य के अनुसार मूल

ऋग्वेद में निरन्तर सन्धि की अभिव्याप्ति केवल एक पाद तक ही रही होगी और प्रत्येक पाद के अन्त में अवसान रहा होगा। दखिये उदाहरणार्थ ऋ ७ ३३ ३ क ८, ९९ क जहां सन्धि करने से छन्दोभङ्ग होता है।

३६ (ख) **अवसान में वर्णों का स्वरूप**—जब किसी पदान्तीय वर्ण से परे कोई वर्ण न आए तब पदान्तीय वर्ण की उस स्थिति को साधारणतया अवसान कहते हैं (दे० पा० १ ४ ११०—'विरामोऽवसानम्')। संहिताओं में अर्धर्च के अन्त में आने वाला पदान्तीय वर्ण अवसान में माना जाता है। पर तु, जैसा कि हम पहले बता चुके हैं कतिपय आधुनिक विद्वानों के मतानुसार मूल ऋ० के प्रत्येक पाद के अन्त में अवसान होता होगा और दो पादों के मध्य सन्धि नहीं होती थी। अवसान में केवल वे वर्ण आ सकते हैं जो उपयुक्त नियमों के अनुसार पदान्तीय बन सकते हैं (दे० अनु० ३४)। अधिकतर आचार्यों के मतानुसार वर्गों के प्रथम वर्ण अवसान में पदान्तीय बनते हैं, परन्तु कतिपय आचार्य वर्गों के तृतीय वर्णों को अवसान में पदान्तीय मानते हैं (दे० टि० ५)। वास्तव में वर्गों के प्रथम वर्णों को अवसान में पदान्तीय मानने वाला मत ही प्रायेण संहिताओं में तथा अन्यत्र स्वीकार किया गया है।

यद्यपि अवसान में आने वाले पदान्तीय वर्ण प्रायेण अविकृत रहते हैं तथापि कतिपय पदान्तीय स्वरों में निम्नलिखित विकार हो जाते हैं—

(१) अवसान में आने वाले अप्रगृह्य (प्रगृह्य के लिए दे अनु० ४५) प्लुत अ आ इ ई, उ ऊ का अनुनासिक बन जाता है; यथा—पुरुष् आ वभूवाँ३ (=बभूव अ० १०, २, २८) यशाँ मुमाँ३ (=मम तै सं० ७ ४,२०) विवेशाँ३ (=विवेश वा० सं० २३ ४९) विदुतीँ३ (=विदुति ऋ० १० १४६,१) सुश्लोकाँ३ सुमङ्गलाँ३ (तै० सं० १ ८ १६,२ परन्तु वा० सं० ३८, ४—सुश्लोका३ सुमङ्गला३)।

(२) यद्यपि प्रातिशाख्यों के अनुसार अर्धर्च के अन्तिम पाद से पूर्व आने वाले किसी पाद के अन्त में अवसान नहीं माना जाता है तथापि इस प्रकार के पाद के अन्त में आने वाले अ आ को परवर्ती पाद के पदादि स्वर से पूर्व अनुनासिक बना कर प्रकृतिभाव से प्रकट करने का संहितानियम (पाश्चात्य विद्वानों के मतानुसार) यह सिद्ध करता है कि मूल ऋ में

प्रत्येक पाद के अन्त में अवसान होता था। ऋ० प्रा० में इस प्रकार के अनुनासिकत्व तथा विवृत्ति (Hiatus) का विधान है। इस के अनुसार परवर्ती पाद के पदादि में आने वाले किसी भी स्वर से पूर्व सचा का आ तथा विशिष्ट शब्दों से परे आने वाला निपात आ अनुनासिक बन कर पाद के अन्त में प्रकृतिभाव से रहता है; और इसी प्रकार परवर्ती पाद के पदादि ए तथा ओ से पूर्व आने वाला पदान्तीय अ वा आ अनुनासिक बन कर प्रकृतिभाव से रहता है[११], यथा—

सचा+उद्यन्=सचाँ उद्यन् (ऋ० ७, ८१, २), चर्षणी+आ+अर्यः =चर्षणीराँ अर्यः (ऋ० २, ४३, २); घनेन+एकः=घनेनँ एकः (ऋ० १, ३३, ४), उपस्था+एका=उपस्थाँ एका (ऋ० १, ३५,६), उग्र+ओकः =उग्रँ ओकः (ऋ० ७, २५, ४)।

(२) संहिता में पदान्तीय ह्रस्व स्वर का छान्दस दीर्घ करने पर पदादि स्वर से पूर्व विवृत्ति के लिये दीर्घ स्वर का अनुनासिक बना देते हैं, यथा— एवाँ अग्निम् (ऋ० ५, ६, १०)। छान्दस दीर्घ के लिए देखिये अनु० ४६ ख।

३७. पदसन्धि (External Sandhi)—पदान्त तथा पदादि में आने वाले वर्णों के मध्य जो सन्धि होती है उसे पदसन्धि कहते हैं। जिस प्रकार वर्ण-समाम्नाय के दो मुख्य भेद—स्वर तथा व्यञ्जन—किए जाते हैं उसी प्रकार पदसन्धि को भी पदान्तीय-वर्ण के विचार से स्वर-सन्धि तथा व्यञ्जन-सन्धि इन दो मुख्य भागों में विभक्त किया जा सकता है। और इन में से प्रत्येक सन्धि के अनेक उपभेद भी किये जा सकते हैं।

स्वरसन्धि

३८. पदान्त तथा पदादि मे आने वाले स्वरों की सन्धि को स्वरसन्धि कहते हैं। इस के निम्नलिखित उपभेद किये जा सकते हैं—

१. सवर्णदीर्घ (प्रश्लिष्ट) सन्धि २. गुण (प्रश्लिष्ट) सन्धि ३. वृद्धि (प्रश्लिष्ट) सन्धि ४. यण् (क्षैप्र) सन्धि ५. अयादिसन्धि ६. पूर्वरूप (अभिनिहित) सन्धि ७. प्रकृतिभावसन्धि ८. छान्दसदीर्घ (सामवश)

सन्धि। जैसा कि हम आगे स्पष्ट करेंगे सामवर्णसन्धि पदादि व्यञ्जन से पूर्व होती है। क्योंकि यह छान्दस दीर्घत्व केवल संहिता में ही होता है और पदपाठ में मूल पदान्तीय स्वर दिखलाया जाता है, इस लिये हम ने इसे स्वरसन्धि में सम्मिलित किया है। प्रातिशाख्यों में इन सन्धियों के लिये जो संज्ञा प्रयुक्त की गई है उसे प्रकोष्ठों में रक्खा गया है। ऋ० प्रा० में सवर्णदीर्घ गुण तथा वृद्धि तीनों सन्धियों के लिये केवल एक प्रश्लिष्ट संज्ञा का व्यवहार किया गया है। यद्यपि लौकिक संस्कृत तथा वैदिक भाषा में अधिकतर सन्धि नियम समान ही हैं तथापि वैदिकसन्धि की प्रमुख विशेषता यह है कि जहां लौकिक संस्कृत में साधारणतया सन्धि प्राप्त होती है वहां पर वैदिकभाषा में अपवादस्वरूप अनेक स्थलों पर स्वरों के मध्य विवृत्ति (hiatus) आ जाता है और साधारण सन्धिविकार नहीं होता। इस प्रकार की विवृत्ति वैदिकसन्धि की मुख्य विशेषता है। नीचे स्वर सन्धि के वर्णन में इस प्रकार की विशेषताओं को पृथक् करके दिखलाया गया है।

१ सवर्णदीर्घ (प्रश्लिष्ट) सन्धि

२९ यदि समानाक्षर (अ आ इ ई उ ऊ) से परे सवर्ण (सस्थान) समानाक्षर आए तो दोनों सवर्ण समानाक्षरों के स्थान पर एक दीर्घ सवर्ण हो जाता है[क] यथा— इह+अस्ति = इहास्ति इन्द्र+आ = इन्द्रा, त्वा+अग्ने = त्वाग्ने शचि+इव = शुचीव सु+उक्तम् = सूक्तम्।

विशेष (१) संहिताओं में पदान्तीय तथा पदादि ऋ में सन्धि होने का उदाहरण नहीं मिलता है ऋग्वेद में पदान्तीय ऋ का सर्वथा अभाव है (दे० टि० ३)।

(२) कहीं कहीं अर्धर्च के दो पादों के मध्य तथा एक पाद में भी अ और आ की सवर्णदीर्घ सन्धि नहीं होता और विवृत्ति के कारण वे प्रकृतिभाव से रहते हैं[क] यथा— मनीषा+अग्नि = मनीषा अग्नि (ऋ० १ ७० १)· पूषा+अविष्टु = पूषा अविष्टु (ऋ० १० २६ ९) स्वधा+असि=

स्वधा असि (तै० सं० १,१, ९, ३); प्रतिमा+अस्ति=प्रतिमा अस्ति (वा० सं० ३२, ३)।

(३) इसी प्रकार कहीं कही उ और ऊ के मध्य भी सवर्णदीर्घ-सन्धि नही होती और विवृत्ति के कारण वे प्रकृतिभाव से रहते हैं; यथा—सु+ऊर्ध्वः= सु ऊर्ध्वः (ऋ० ६, २४, ९); सु+ऊतिभिः=सु ऊतिभिः (ऋ० १, ११२, १); वीळू+उत=वीळू उत (ऋ० १, ३९,२)। समास में भी यह विवृत्ति मिलती है, यथा— सुऊतयः (ऋ० ८, ४७, १)।

(४) पाश्चात्य विद्वानो का मत है कि छन्दःपरिमाण के विचार से अनेक ऋचाओं में समानाक्षरों के मध्य विवृत्ति मान कर उन का पृथक् उच्चारण करना चाहिए और ऐसे स्थलों पर लिखित संहिता मे दिखाई गई सवर्णदीर्घसन्धि का आदर नही करना चाहिए और इन के मतानुसार, इस प्रकार विवृत्ति से उच्चरित अक्षरो मे पदादि समानाक्षर गुरु माना जाता है; इस लिये ऐसी विवृत्ति में यदि पदान्तीय समानाक्षर दीर्घ हो, तब भी उसका लघु उच्चारण करना चाहिए[क]; यथा—चार्चत=च अर्चत (ऋ० १, १५५, १), माप्सवः=मा अप्सवः (ऋ० ७,४,६), चासात् =च आसात् (ऋ० १, २७, ३); मापेः=म आपेः (=मा+आपेः ऋ० ४, ३, १३), मृळातीदृशे=मृळाति ईदृशे (ऋ० ४, ५७, १), यन्तीन्दवः=यन्ति इन्दवः (ऋ० ४, ४७, २), भवन्तूक्षणः=भवन्तु उक्षणः (ऋ० ६, १६, ४७)।

जब किसी सवर्णदीर्घ-सन्धि में पूर्व अक्षर किमी अपृक्त पद का पदान्तीय हो, तब छन्दःपरिमाण के विचार से ऐसे सवर्णदीर्घ अक्षर में मिलने वाले दोनों अक्षरों का विवृत्ति से उच्चारण करना चाहिए और वि तथा हि निपातों के सम्बन्ध में यह नियम प्रायेण लागू होता है, यथा— वीन्द्र=वि इन्द्र (ऋ० १०, ३२, २), हीन्द्र=हि इन्द्र (ऋ० १,१०२, ५)।

२. गुण (प्रश्लिष्ट) सन्धि

४०. यदि अ आ से परे इ ई आए, दोनों के स्थान पर ए एकादेश, और उ ऊ आए तब ओ एकादेश हो जाता है[१०]; यथा—

इद+इह=इहेह पिता+इव=पितेव, आ+ईम्=एम्, आ+उभा
=ओभा।

विशेष—ऋ०, मै० स० तथा वा० सं० में अकार तथा ऋकार की सन्धि से अर् एकादेश नहीं होता है जैसा कि तै० स० का० सं०, अ०, उत्तरकालीन वैदिकवाङ्मय तथा लौकिक संस्कृत में हो जाता है। इस के विपरीत ऋ तथा वा० स० में अ से परे ऋ आने पर अ अविकृत रहता है और आ से परे ऋ आने पर आ का ह्रस्व हो जाता है[१०क] यथा—इन्द्र+ऋभुभि =इन्द्र ऋभुभि (ऋ० ३ ६० ५) तथा+ऋतु =तथ ऋतु (ऋ० १,१६२ १९) विश्वकर्मा+ऋषिः=विश्वकर्म ऋषि (वा० स १३, ५८)। मै० स० में ऋ से पूर्व आने वाले पदान्तीय अ का दीर्घ हो जाता है यथा—च+ऋक्=चा ऋक (मै० स० २ ११ ६)। ऋ० में कहीं कहीं ऋ परे रहने पर पदान्तीय आ का अनुनासिक बन जाता है[११] यथा—विपन्या+ऋतस्य=विपन्याँ ऋतस्य (ऋ० ४ १ १२), कुदा+ऋतुचित् =कुदाँ ऋतुचित् (ऋ० ५ ३ ९) विभ्वा+ऋभु =विभ्वाँ ऋभु (ऋ ४ ३३ ३)।

(२) पाश्चात्य विद्वानों का मत है कि छन्द परिमाण के विचार से ऋ में भी कहीं कहीं अ तथा ऋ का अर् एकादेश करके उच्चारण करना वाञ्छनीय है यथा—सप्तऋषय (ऋ० १० १ ९ ४) समास का उच्चारण सप्तर्षय करना चाहिये[१क]। पदकार तथा उवट (ऋ प्रा० २ ७१) धर्नचम् (ऋ १० ४६ ५) तथा शुतर्चसम् (ऋ ७ १०० ३) में अच् के अ का लोप मानते हैं। परन्तु अनेक पाश्चात्य विद्वान् इन में अ तथा ऋ की सन्धि मानते हैं।

(३) कहीं कहीं पदान्तीय आ से परे इ ई तथा उ ऊ आने पर, वह विवृत्ति द्वारा प्रकृतिभाव से रहता है[१] यथा—या+इयम्=या इयम् (ऋ० ६ ७५ ३) पिबा+इमम्=पिबा इमम् (पदपाठ में पिब रूप है ऋ० ८ १७ १) अया+इशान =अया इशान (ऋ १ ८७ ४) होतारा+ऊर्ध्वम्=होतारा ऊर्ध्वम् (वा सं २७ १८)।

३. वृद्धि (प्रश्लिष्ट) सन्धि

४१. अ आ से परे ए ऐ आने पर ऐ एकादेश और ओ औ आने पर औ एकादेश हो जाता है[१३], यथा—आ+ एनम् = ऐनम् (ऋ० १,१२३,१), परा+ ऐत् = परैत् (ऋ० १०, ६१, ८); यत्र+ओषधीः = यत्रौषधीः (ऋ० १०, ९७, ६), प्र+ औक्षन् = प्रौक्षन् (ऋ० १०, ९०,७)।

विशेष—(१) कहीं कहीं पाद के आदि में आने वाले ए तथा ओ से पूर्व पदान्तीय अ तथा आ का अनुनासिक हो जाता है और फिर वह अनुनासिक स्वर विवृत्ति द्वारा प्रकृतिभाव से रहता है (दे० अनु० ३६ ख, टि० ७ ख में ऋ० प्रा० २,६२)। परन्तु यदि अमिनन्त का पदान्तीय अ पाद के मध्य में हो तब भी सन्ध्यक्षर से पूर्व इस का अनुनासिक बन जाता है और यह विवृत्ति द्वारा प्रकृतिभाव से रहता है, यथा—अमिनन्त+एवैः = अमिनन्तँ एवैः (ऋ० १, ७९, २)।

(२) कहीं कहीं अ आ से परे ए आने पर ए एकादेश, और ओ आने पर ओ एकादेश (पा० के अनुसार, अ आ का पररूप और तै० प्रा० के अनुसार अ आ का लोप) हो जाता है[१३क], यथा—ततार+ एव = ततारेव (ऋ० ७, ३३, ३), इव + एतय =इवेतय (ऋ० १०,९१, ४); अश्विना+ एव = अश्विनेव (ऋ० ८, ९, ९); उप+ एतन= उपेतन (तै० स० ३, १, ४, ३); समुद्रस्य+एमन् = समुद्रस्येमन् (वा० सं० १३, १७), यथा+ ओहिषे= यथोहिषे (ऋ ८,५,३); त्वा +ओद्मन् = त्वोद्मन् (तै० सं० ४, ३, १, वा० सं० १३, ५३)। समास में भी यह सन्धि होती है, यथा—दश+ओणिम् =दशोणिम् (ऋ० ६, २०, ८), दशोण्ये (ऋ० ८, ५२, २), दशोणये (ऋ० ६, २०, ४)।

४. यण् (क्षैप्र) सन्धि

४२. असवर्ण स्वर से पूर्व इ ई का य्, और उ का व् बन जाता है[१४]; यथा—प्रति+आयम् =प्रत्यायम् (ऋ० १, ११, ६), जनित्री+ अजीजनत्=

जनिष्यजीजनत् (ऋ० १० ११४ १) का तु+ एर्ता= का स्वेता (ऋ० १ ५ १)। पाश्चात्य विद्वानों का मत है कि छन्द-परिमाण के विचार से क्षैप्रसन्धि के य व् का उच्चारण प्रायेण इ उ के समान करना चाहिए यथा—व्युषा (ऋ १, ९२, ४) का उच्चारण वि उषा और विदथेष्वञ्जन् (ऋ० १,९२,५) का उच्चारण विदथेषु अञ्जन् करना चाहिए। क्षप्र य् व के इय् उव् उच्चारण के सम्बन्ध में देखिये अनुच्छेद ६ (छ)। यु से भिन्न व्यञ्जन के पश्चात् आने वाला निपात उ स्वर से पूर्व सभी संहिताओं में व् बना कर लिखा जाता है परन्तु छन्द परिमाण के विचार से स्वर से पूर्व इस का उच्चारण उ ही करना चाहिए, यथा—अवेद्विन्द्र (ऋ० १ २८ १) का उच्चारण अवर्दु इन्द्र करना चाहिए। स्वर तथा य के पश्चात् आने वाला निपात प्रकृतिभाव से रहता है (दे० अनु० ४४, टि० ३३ तथा ३४)। संहिताओं में प्रगृह्य से भिन्न पदान्तीय ऊ का उदाहरण नहीं मिला है। इसलिये स्वर से पूर्व ऊ का व् बनने के उदाहरण प्राय अन्तःपदसन्धि (Internal Sandhi) में ही मिलते हैं। ऋ में पदान्तीय ऋ का कोई उदाहरण नहीं मिला है (दे टि० ४)। उत्तरकालीन वाङ्मय तथा लौकिक संस्कृत में ऋ का र् बन जाता है यथा—विधातृ+ एतत् = विधात्रेतत् (श० ब्रा १४ ६, ८ ११)।

विशेष—कुछ शब्दों का पदान्तीय इ प्रगृह्यसंज्ञक न होते हुए भी संहिता में स्वर से पूर्व प्रकृतिभाव से रहता है [दे० अनु० ४५ ख (८)]।

५ अयादिसन्धि

४२ (क) ए ओ से परे अ से भिन्न स्वर आने पर पाणिनि तथा अनेक प्रातिशाख्यों के अनुसार ए ओ का क्रमश अय् अव् बन जाता है और इन के य व् का लोप हो जाता है[१]। परन्तु ऋ प्रा० के अनुसार ए ओ से परे अ से भिन्न स्वर आने पर ए तथा ओ के स्थान पर अ हो जाता है और ओ के स्थान पर होने वाले अ से परे जब उ ऊ से भिन्न स्वर हो तो इस अ के पश्चात् भुग्नसंज्ञक व् का आगम हो जाता है[१६]। ऋ प्रा में इसे उद्ग्राहसन्धि कहते हैं। यद्यपि य् व् के लोप के विषय में

अनेक मतभेद हैं[17], तथापि अय् के य् का लोप केवल उ ऊ से पूर्व ही होता है; यथा— अ॒ग्ने॒ + इ॒ह = अ॒ग्न इ॒ह (ऋ० १,२२,१०); वायो॑+ उ॒क्थेभिः॑ = वाय॑ उ॒क्थेभिः॑ (ऋ० १,२,२), वायो॑+ आ या॑हि=वाय॒वा या॑हि (ऋ० १,२,१); इन्दो॑+ इन्द्रा॑य = इ॒न्दु॒विन्द्रा॑य (ऋ० ९, ६९,१०)।

(ख) ऐ औ से परे स्वर आने पर, पाणिनि तथा अनेक प्रातिशाख्यों के अनुसार ऐ औ के स्थान पर क्रमशः आय् आव् हो जाता है और इन के य् व् का लोप हो जाता है (दे० टि० १५)। परन्तु ऋ० प्रा० के अनुसार, ऐ औ से परे स्वर रहने पर ऐ तथा औ के स्थान पर आ बन जाता है; और उ ऊ से भिन्न स्वर से पूर्व औ से बने आ के पश्चात् भुग्नसंज्ञक व् का आगम होता है[18]। आय् के य् का प्रायः लोप हो जाता है। ऋ० तथा वा० सं में आव् के व् का लोप केवल उ ऊ से पूर्व ही होता है, परन्तु मै० सं० तथा का० सं० मे सर्वत्र आव् के व् का लोप हो जाता है। अ० के १९ वें काण्ड के कतिपय स्थलों को छोड़ कर इस संहिता में आव् के व् का लोप नही होता है। यह ध्यान रहे कि अ० के १९ वें काण्ड को अ० प्रा० में मान्यता नही दी गई है।

यथा—तस्मै॑+इन्द्रा॑य= तस्मा॒ इन्द्रा॑य (ऋ० १, ४,१०), सुजि॒ह्वौ+उप॑ =सु॒जि॒ह्वा उप॑ (ऋ० १,१३,८), तौ+ इ॒न्द्रा॒ग्नी=तावि॑न्द्राग्नी (ऋ० १, १०८, ३), अ॒सौ+ए॒हि=अ॒सावे॑हि (वा० सं० ३८, २); तौ+ उ॒भौ= ता उ॒भौ (वा० सं० २३, २०), तौ+ ए॒न॒म् = ता ए॑नम् (मै० सं० ४, १३, ४); तौ+ए॒हि = ता ए॒हि (का० सं० ३५, १८), उ॒भौ+ इ॒न्द्रा॒ग्नी उ॒भावि॑न्द्रा॒ग्नी (अ० ५, ७, ६) परन्तु— पादौ॑+ उ॒च्येते॒= पादा॑ उच्येते (अ० १९, ६, ५)।

विशेष—(१) लौकिक संस्कृत की भांति वैदिक में भी अयादि सन्धि के य् व् का लोप होने पर अ आ और परवर्ती स्वर के मध्य पुनः सन्धि नही होती है। परन्तु इस नियम के कुछ अपवाद भी मिलते हैं और अन्तस्था का लोप होने पर भी कहीं कहीं पुनः स्वरसन्धि हो जाती है[18क], यथा—स॒र्तवै+ आ॒जौ=स॒र्तवा आ॒जौ= स॒र्तवाजौ (ऋ० २,३२,६); वै+अ॒सौ=वा अ॒सौ =वासौ (ऋ० ५, १७, ३)।

द्वितीयोऽध्याय.

२) पाश्चात्य विद्वानों का मत है कि छन्द-परिमाण के विचार से अनेक स्थानों पर अन्तस्थ का लोप होने पर भी पूर्ववर्ती अकार तथा परवर्ती स्वर में पुनः सन्धि करके उच्चारण करना चाहिए[८९ख] यथा—ते+इन्द्र =त इन्द्र=तेन्द्र (ऋ० ७ २१ ९ ८४० ९) गोष्ठे+उप=गोष्ठ उप =गोष्ठोप (अ० ९, ४, २३)। परन्तु लिखित संहिताओं के अनुसार उपर्युक्त दोनों उदाहरणों में य के लोप के पश्चात् अ+इ तथा अ+उ की सन्धि नहीं मानी गई है।

(३) संहिताओं में कुछ ऐसे उदाहरण भी मिलते हैं जिन में अय् के य् का लोप नहीं होता है यथा— ते+आ=तय् आ (मै स० १ १ २)।

(४) म० स० में जिस पदान्तीय ए पर अनुदात्त या अनुदात्त से बना स्वरित हो उस से परे अ से भिन्न सोदात्त स्वर (अच्) आने पर सन्धिज अय् के य् का लोप हो जाता है और उपधा के अ का दीर्घ बन जाता है यथा—कर्मणे+आप्यायध्वम्=कर्मणा आप्यायध्वम् (म० स १ १ १)।

६ पूर्वरूप (अभिनिहित) सन्धि

४४ पदान्तीय ए तथा ओ से परे पदादि अ आने पर, पदान्तीय (ए ओ) और पदादि (अ) स्वर के स्थान पर पूर्वरूप (ए अथवा ओ) एकादेश हो जाता है[९०] अथवा तै० प्रा० (टि० १९) के अनुसार अ का लोप हो जाता है यथा सूनवे+अग्ने=सूनवेऽग्ने (ऋ १ १, ९) रयम्यो+अग्ने =रथ्म्योऽग्ने (ऋ० १ १४ ११)।

विशेष—(१) ऋ० ८ ७२ ५ में स्तोतवे+अम्व्यम् की सन्धि स्तोतव अम्व्यम् दिखाई गई है। पाश्चात्य विद्वानों के मतानुसार, यह उदाहरण इस प्रवृत्ति का परिचायक है कि मूल ऋ० में अ से पूर्व भी ए ओ अयादिसन्धि के नियमानुसार क्रमशः अय अव् में परिणत हो जाते थे[१] । और यह भी माना जाता है कि इस प्रवृत्ति के अनुसार गोअग्र की मौलिक सन्धि भी गवग्र रही होगी[११]।

(२) लिखित ऋग्वेदसंहिता के लगभग ७५ प्रतिशत से अधिक प्रयोगों में और अथर्ववेदसंहिता के लगभग ६६ प्रतिशत प्रयोगों में पदादि अकार का

में लगभग ४० प्रयोग मिलते हैं। संहिताओं में प्रायेण विचार तथा सम्बोधन आदि के लिये प्लुति का प्रयोग मिलता है^{२५क}। पाणिनि तथा कल्पसूत्रों ने उत्तरकालीन परम्पराओं का वर्णन किया है जिन के अनुसार यज्ञकर्म अभिवादन प्रश्नोत्तर आह्वान गहणा, भत्सना आदि में भी प्लुति का प्रयोग किया जाता था^{२५ख}। ब्राह्मणग्रन्थों तथा श्रौतसूत्रों में इस प्रकार के प्रचुर प्रयोग मिलते हैं। परन्तु लौकिक संस्कृत में प्लुति का प्रयोग अतीव विरल है।

(१) प्लुति प्रकट करने के लिये स्वर के आगे ३ का अङ्क लिखा जाता है और इस अङ्क से पूर्व समानाक्षर का प्रायेण दीर्घ रूप ही लिखते हैं। काशिका तथा सि० कौ० ने प्रत्यभिवादे (पा० ८, २,८३ १०६) आदि के उदाहरणों में ह्रस्व स्वरों के आगे ३ का अङ्क लिख कर उनका प्लुत रूप दिखलाया है। संहिताओं में ऐसे उदाहरण अप्राप्य हैं। परन्तु Alt Gr I (Nachtrage zu Band I p 172) में डब्रूनेर ने निम्नलिखित उदाहरणों में प्लुत माना है—यश३त् (मै स० १ १० १६) व्येनय्
०३स्त (म० स० १ १०, १६)। वास्तव में इन उदाहरणों में ३ का अङ्क स्वर की विशेषता (क्षैप्र अभिनिहित आदि) को प्रकट करता है प्लुति को नहीं (दे० स्वरप्रकरणम्) इसी प्रकार डेब्रूनेर द्वारा (इसी पुस्तक के पृ० १७२) दिये गये अन्य उदाहरण— प्राघ्नु३ँत (शा १,३६ तु ऋ० ८ ६०, ९) में भी ३ का अङ्क स्वर के लिये प्रयुक्त किया गया है—प्लुति के लिए नहीं। प्लुत समानाक्षर से परे स्वर आने पर प्लुत स्वर प्रकृतिभाव से रहता है यथा— ह्वी३ + इर्ति=ह्वी३इर्ति (त० स० ७ १, ६, १)। चाक्रवर्मण (पा ६ १ १३०) आचार्य के मतानुसार ई ३ से परे स्वर आने पर ई ३ को प्रकृतिभाव न हो कर स्वरसंधि हो जाती है यथा—चिनुही ३ + इदम् = चिनुहीदम्।

पतञ्जलि (पा ६ १ १३० पर महा० भा०) तथा अन्य वैयाकरणों के व्याख्यान के अनुसार न केवल इ ३ अपि तु अन्य प्लुत स्वरों का प्रकृतिभाव भी इस सूत्र के प्रभाव से वैकल्पिक हो जाता है यथा— वशा ३ + इयम् = वशयम् (अ० १२,४ ४२— वशेयाइमवशेति– अ० प्रा० ३ ९७ १०५)। पा० ६ १ १२९ के अनुसार अवैदिक इति

शब्द से पूर्व प्लुत स्वर को प्रकृतिभाव नहीं होता है और इस सूत्र पर महा० भा० तथा काशिका में यह उदाहरण दिया गया है— सुश्लोका३-इति, सुश्लोकेति (का० सं० २८,४, तै० सं० १,८,१६,२, तथा पदपाठ में सुश्लोका ३ ९ इति सुश्लोका ३ ९)। परन्तु वा० प्रा० ४, ९१ (प्लुत-मितौ) के अनुसार, अवैदिक इति से पूर्व प्लुत स्वर प्रकृतिभाव से रहता है; यथा— विवेशा ३ इति (वा० सं० २३,४९)। अ० प्रा० (१,९७; ४, १२०) वैदिक इति तथा क्रमपाठ के इति से पूर्व आने वाले प्लुत स्वर के प्रकृतिभाव का निषेध करता है, यथा— अवेशा ३ + इति=अवशेति (अ० १२, ४, ४२); बभूवेति बभूवाँ ३ (अ० १०, २,२८ क्रमपाठ)। अधिकतर प्रयोगों में प्लुत समानाक्षर का प्रकृतिभाव ही मिलता है और जिन प्रयोगों में प्लुत समानाक्षर की परवर्ती स्वर से सामान्य सन्धि हो जाती है ऐसे प्रयोग अति विरल हैं।

(२) ए तथा ओ का प्लुतरूप दो प्रकार से लिखते हैं। प्रश्न, सम्बोधन, प्रत्यभि-वादन, विचार तथा याज्या आदि में प्रयुक्त किये जाने वाले अप्रगृह्यप्लुत ए ओ का पूर्वार्ध आ३ के रूप में लिखा जाता है और इन का उत्तरार्ध क्रमशः इ तथा उ के रूप में लिखा जाता है[४ग]; यथा—अग्ना ३ इ पत्नीवन् (वा० सं० ८, १०); अग्ना ३ इ पत्नीवाः : (तै० सं० १,४,२७); होतुर्श्च दीक्षितस्य गृहा३इ न होतुर्या३मिति (तै० सं० ६,१,४,५), अग्निगा३ उ (ऐ० ब्रा० २,७); पटा३उ (काशिका)।

सन्धि में स्वर परे रहने पर अप्रगृह्य प्लुत सन्ध्यक्षरों के उत्तरार्ध के इ तथा उ का क्रमश. य् तथा व् बन जाता है और पूर्वोक्त सन्धि-नियम (अनु० ४३) के अनुसार, य् व् का लोप हो जाता है[४घ], यथा—अग्ना३इ + इति = अग्ना ३ इति (तै० सं० ६, ५, ८, ४); पटा ३ उ उदकम् = पटा ३ वुदकम् (काशिका)। परन्तु इस नियम के (विशेषत. ऐ० ब्रा० में) अनेक अपवाद मिलते हैं और प्लुत से परे आने वाले इ उ प्रकृतिभाव से रहते हैं, यथा— ऐन्द्रावरुणा ३ इ एषा (ऐ० ब्रा० ६, २५), अग्निगा ३ उ इति (ऐ० ब्रा० २, ७)।

(३) उपर्युक्त से भिन्न तथा प्रगृह्य ए ओ की प्लुति को प्रकट करने के लिए इन के आगे ३ का अङ्क लिखा जाता है, यथा— सर्पे ३ त् (ऐ० ब्रा०

में लगभग ४० प्रयोग मिलते हैं । संहिताओं में प्रायेण विचार तथा सम्बोधन आदि के लिये प्लुति का प्रयोग मिलता है[१४क] । पाणिनि तथा कयसूत्रों ने उत्तरकालीन परम्पराओं का वर्णन किया है जिन के अनुसार यज्ञकर्म अभिवादन प्रश्नोत्तर आह्वान गह्णा, भर्त्सना आदि में भी प्लुति का प्रयोग किया जाता था[१४ख] । ब्राह्मणग्रन्थों तथा श्रौतसूत्रों में इस प्रकार के प्रचुर प्रयोग मिलते हैं । परन्तु लौकिक संस्कृत में प्लुति का प्रयोग अत्यन्त विरल है ।

(१) प्लुति प्रकट करने के लिये स्वर के आगे ३ का अङ्क लिखा जाता है और इस अङ्क से पूर्व समानाक्षर का प्रायेण दीर्घ रूप ही लिखते हैं । काशिका तथा सि० कौ० ने प्रत्यभिवाद (पा० ८, २,८३ १०९) आदि के उदाहरणों में ह्रस्व स्वरों के आगे ३ का अङ्क लिख कर उनका प्लुत रूप दिखलाया है । संहिताओं में ऐसे उदाहरण अप्राप्य हैं । परन्तु Alt. Gr I (Nachtrage zu Band I p 172) में डेब्रूनर ने निम्नलिखित उदाहरणों में प्लुत माना है—यश३त (मै० स० १ १० १६) स्येनयु ०३स्ते (म० स० १ १०, १६) । वास्तव में इन उदाहरणों में ३ का अङ्क स्वर की विशेषता (सैप्र अभिनिहित आदि) को प्रकट करता है प्लुति को नहीं (दे० स्वरप्रकरणम्) इसी प्रकार डेब्रूनर द्वारा (इसी पुस्तक के पृ० १७२) दिये गये अन्य उदाहरण— प्राङ्गू३त (सा० १ ३६ द्व ब्रा० ८ ६०, ९) में भी ३ का अङ्क स्वर के लिये प्रयुक्त किया गया है—प्लुति के लिए नहीं । प्लुत समानाक्षर से परे स्वर आने पर प्लुत स्वर प्रकृतिभाव से रहता है यथा— ही३+इति=ही३इति (त० स० ७ १, ६, १) । चाक्रवर्मण (पा० ६ १ १३०) आचार्य के मतानुसार ई ३ से परे स्वर आने पर ई ३ का प्रकृतिभाव न हो कर स्वरसन्धि हो जाती है यथा— चिनुही ३ + इदम् =चिनुहीदम् ।

पतञ्जलि (पा० ६ १ १३० पर महा० भा०) तथा अन्य वैयाकरणों के व्याख्यान के अनुसार न केवल ई ३ अपि तु अन्य प्लुत स्वरों का प्रकृतिभाव भी इस सूत्र के प्रभाव से वैकल्पिक हो जाता है यथा— वृशा ३+इयम्=वृशयम् (अ० १२,४,४२— वृशेया३मवृशेति– अ० प्रा० १ ९७, १०५) । पा० ६ १ १२९ के अनुसार अवैदिक इति

हैं[२५]; यथा— हरीं + ऋक्षस्य = हरी ऋक्षस्य (ऋ० ८, ६८, १५); इन्द्रवायू + इमे = इन्द्रवायू इमे (ऋ० १, २,४)। इसी प्रकार ये उदाहरण हैं—रोदसी उभे ऋघायमाणम् (ऋ० १,१०,८); उप युञ्जाथे अपः (ऋ० १, १५१, ४)।

पाश्चात्य विद्वानों का मत है कि छन्दःपरिमाण की दृष्टि से कहीं कहीं प्रगृह्य ऊ का ह्रस्व उच्चारण वाञ्छनीय है[२५क]; यथा— साधू अंसै (ऋ० २,२७,१५) में ऊ का ह्रस्व उच्चारण करना चाहिए। इसी प्रकार तिङन्त पद के प्रगृह्य ए का उच्चारण भी छन्दःपरिमाण की दृष्टि से कहीं-कहीं ह्रस्व होना चाहिए, यथा— परिमुञ्चाथे अस्मान् (ऋ० ७,९३,६) में ए का ह्रस्व उच्चारण वाञ्छनीय है।

विशेष— संहिताओं में इव परे आने पर प्रगृह्य ई को सवर्णदीर्घसन्धि हो जाती है[२६]; यथा— दम्पती + इव = दम्पतीव (ऋ० २,३९,२); उपधी + इव = उपधीव (ऋ० २,३९,४), प्रधी + इव = प्रधीव (ऋ० २,३९,४); विश्पतीं + इव = विश्पतींव (वा० सं० ३३,४०), नृपत्नीं + इव = नृपत्नींव (अ० ८,४,६)[२६क]। परन्तु अनेक ऐसे उदाहरण मिलते हैं जहां इव से पूर्व भी प्रगृह्य ई प्रकृतिभाव से रहता है, यथा— हरीइव (ऋ० १,२८,७), अक्षीइव (ऋ० २, ३९, ५)। रोदसीमे (=रोदसी + इमे ऋ० ७, ९०,३) मे प्रगृह्य ई और पदादि इ के मध्य सवर्णदीर्घसन्धि मिलती है[२७]। पाश्चात्य विद्वानों का मत है कि कतिपय अन्य उदाहरणों मे भी प्रगृह्य ई और परवर्ती इकार का इसी प्रकार सवर्णदीर्घ करके उच्चारण करना चाहिए, यद्यपि लेखबद्ध संहिता मे ऐसे उदाहरणो का प्रगृह्य ई प्रकृतिभाव से मिलता है[२७क]। छन्दःपरिमाण के विचार से कुछ उदाहरणों में प्रगृह्य स्वर की सन्धि का प्रकृतिभाव करके उच्चारण करना चाहिए, जबकि लेखबद्धसंहिता मे प्रकृतिभाव नही मिलता है, यथा—धिष्ण्येमे (=धिष्ण्ये + इमे ऋ० ७, ७२,३) का उच्चारण धिष्ण्ये इमे करना चाहिए[२८]।

(२) इकारान्त, ईकारान्त, उकारान्त तथा ऊकारान्त शब्दों के सप्तमी एकवचन मे आने वाले पदान्तीय ई और ऊ प्रगृह्य माने जाते हैं[२९]; यथा— सोमो गौरी अधि श्रितः (= गौरी + अधि श्रितः ऋ० ९,१२, ३), स्वायां तनू

२ २२) अभ्यस्थे ३त् (ऐ० ब्रा० ६ १५) ये ३ यजामहे (आश्व श्रौ० सू० १ ५ ५) आहो ३ (ग ब्रा० १४ ७ ३,३) हो ३ (श ब्रा० ११ ४ १ ३) भो ३ म् रा प्रहं (वा० स० ४०, १७)।

(४) प्लुत ऐ तथा औ को भी दो प्रकार से लिखते हैं। हे श्रौषट्, वौषट् इत्यादि निपातों क ए औ का प्लुति को प्रकट करने के लिये इन के आगे केवल ३ का अङ्क लिख देते हैं यथा— है ३ देवदत्त (पा० ८, २, ८५ पर काशिका) अस्तु श्रौ ३ षट् (आश्व० श्रौ० सू० १ ४ १२) सोमस्याग्ने वीहि वौ ३ षट् (ऐ ब्रा० ३ ५ ८ आश्व० श्रौ० सू० ५ ५ १९)। निपात से भिन्न शब्द के ऐ औ की प्लुति को प्रकट करने के लिये उपर्युक्त नियम के अनुसार (दे० टि० २४ घ) ऐ औ का पूर्वार्ध आ ३ के रूप में लिखा जाता है और इन का उत्तरार्ध क्रमश इ तथा उ के रूप में लिखा जाता है और सन्धि में स्वर से पूर्व इ तथा उ क्रमश य् तथा व में परिणत हो जाते हैं यथा— अग्ना ३ इ (=अग्नै श० ब्रा० १२ ५ १ १) यज्ञपता ३ विति (=यज्ञपतौ तै० स ६,६ २ ३)। पाणिनि के मतानुसार प्लुत ऐ औ के उत्तरार्ध के अवयव क्रमश इ उ का प्लुति होता है और महा० भा के अनुसार प्लुत ऐ औ चार चार मात्राओं के होते हैं। काशिका तथा सि कौ० आदि म इस प्लुति के निम्नलिखित उदाहरण मिलते हैं— ऐ ३ तिकायन, औ ३ पगव। परन्तु वैदिक वाङ्मय म मुझे ऐसी प्लुति का कोइ उदाहरण नहीं मिल सका है।

प्रगृह्य

(ख) स्वर से पूर्व आने वाला प्रगृह्यसंज्ञक स्वर सहिता में नित्य प्रकृतिभाव से रहता है और इस के प्रगृह्यत्व का प्रकट करने के लिये पदपाठ में इस के आगे इति जोडा जाता है (दे० अनु ८८)। पाणिनीय व्याकरण तथा प्रातिशाख्यो में निम्नलिखित प्रकार के स्वर प्रगृह्य माने जाते हैं। पाणिनीय व्याकरण के अनुसार इस प्रकार के स्वर जिन के अन्त में आते हैं वे पद प्रगृह्यसंज्ञक कहलाते हैं परन्तु प्रातिशाख्य प्रायेण इन स्वरों की प्रगृह्य सज्ञा करते हैं। परिणाम समान है।

(१) द्विवचन पदों के अन्त में आने वाले ई ऊ तथा ए स्वर प्रगृह्य माने जात

वा उ एतत् (वा० सं० २३,१६); परन्तु अवेद् व् इन्द्र (=उ+इन्द्र ऋ० १,२८,१); किम्व्रावपनम् (=उ+ आवपनम् वा० सं० २३,९)। तै० सं० में प्रकृतिभाव से रहने वाले अपृक्त उ तथा परवर्ती स्वर के मध्य वकार का आगम होता है, परन्तु जब उ से पूर्व कोई स्पर्श हो तब उपर्युक्त सन्धिनियम के अनुसार स्वर से पूर्व उ का व् बन जाता है[३५]; यथा— स उव् एकविंशवर्तनिः (तै० सं० ४,३,३,२), परन्तु तस्माद् व् आइयम् (=उ +आइयम् तै० स० ६,१,११,६) । छन्दः-परिमाण के विचार से निपात उ के उच्चारण के सम्बन्ध में दे० अनु० ४२। संहिताओं में उ को जहा सांहितिक दीर्घ (ऊ) हो जाता है वहां पर भी यह प्रगृह्य माना जाता है; और उस अवस्था में इससे पूर्व स्पर्श वर्ण होने पर भी यह स्वर से पूर्व प्रकृतिभाव से रहता है[३६]; यथा— उद् ऊं अयान् (ऋ० ६,७१,५); तम् ऊं अकृण्वन् (ऋ० १०,८८,१०)।

(६) नामों या निपातों के पदान्तीय अ अथवा आ के साथ उ की गुणसन्धि होने पर जो ओ एकादेश बनता है, वह भी प्रगृह्य माना जाता है और संहिता में प्रकृतिभाव से रहता है[३७], यथा— एषो उषा (= एषा + उ ऋ० १,४६,१), मो आसांम् (=मा+उ अ० २०,१२७,१३); अथो इन्द्राय (= अथ+उ ऋ० १,२८,६), उतो अपः (=उत+उ ऋ० २, ११,५)।

(७) उकारान्त प्रातिपदिकों के सम्बोधन का एकवचनान्त ओ ऋ०, अ०, वा० सं० तथा तै० सं० के पदपाठ में प्रगृह्य माना जाता है और उस के आगे इति जोड़ा जाता है[३८] । इसके अतिरिक्त तै० सं० के संहितापाठ में भी कई स्थलों पर सम्बोधन के ओ को प्रगृह्य मान कर उसे स्वर से पूर्व प्रकृतिभाव से लिखा जाता है, यथा—इन्दो इत्याह (तै० सं० ६,५, ८,३), पितो आ विशस्व (तै० सं० ५,७,२,४)।

विशेष—(८) प्रातिशाख्यों के अनुसार, अनेक पदों के पदान्तीय आ को भी संहिता में प्रकृतिभाव होता है, परन्तु पदपाठ में इसे प्रगृह्य नहीं माना जाता है (दे० टि० १२, अनु० ४०)। एकवचन प्रथमान्त तथा तृतीयान्त रूपों के पदान्तीय ई को संहिताओं में कहीं कहीं स्वर से पूर्व प्रकृतिभाव

कश्म्ये नाधमानाम् (= तनू + अरुर्ये ऋ० १० १८३, २) ग्रावू (अ १८, ४, ४)।

विशेष—यद्यपि लेखपदसंहिता में वेणुस्याम् (ऋ० २ ३ ४) पाठ मिलता है, तथापि छन्द परिमाण के विचार से यहाँ के पदान्तीय इ का प्रकृतिभाव करके उच्चारण करना चाहिये और पाश्चात्य विद्वानों का मत है कि छन्द परिमाण के विचार से इस प्रकार के प्रगृह्य इ ऊ का उच्चारण सदा ह्रस्व होना चाहिए[1] यथा— वेणुस्याम् का उच्चारण वेदि अयाम् करना चाहिए।

(३) अस्मद् तथा युष्मद् से बने एकारान्त रूपों अस्मे युष्मे में त्वे का पदान्तीय ए प्रगृह्य माना जाता है[11] यथा— अस्मे आ वेहतम् (ऋ० ८ ५ १५) युष्मे इत् (ऋ० ८ १८ १९) त्वे इत् (ऋ० १ २६ ६) म रायः (वा० स ४ २२)। वा० प्रा० में यह मे प्रगृह्य रूप से उदाहृत है और पदपाठ में इस म इति म के रूप में दिखलाया गया है। उपयुक्त चारों एकारान्त पद प्रायेण सप्तमी विभक्ति के अर्थ में प्रयुक्त होते हैं। पदपाठ में इनके आगे इति जोड़ा जाता है।

(४) अदस् से बने बहुवचनान्त पुँल्लिङ्ग रूप अमी का पदान्तीय ई प्रगृह्य माना जाता है[12] और पदपाठ में इसके आगे इति जोड़ा जाता है। यद्यपि ऋ० में ऐसा कोई उदाहरण नहीं मिलता है जिसमें अमी से परे कोई स्वर आता हो तथापि अन्यत्र ऐसे उदाहरण मिलते हैं— अमी अनूयाजा (तै० स० ६,१ ५ ४) अमी अनु मा तनुत (मा० औ सू० १ ४ ३,१५)।

(५) अपृक्त (एकवर्ण) निपात उ प्रगृह्य माना जाता है और पदपाठ में इसका दीर्घ तथा अनुनासिक ऊँ बनाकर इसके आगे इति जोड़ा जाता है[13] यथा— ऊँ इति। सन्धिज य् तथा विवृत्ति (hiatus) से परे आने वाला प्रगृह्य उ संहिता में स्वर से पूर्व प्रकृतिभाव से रहता है और स्पर्शों से परे आने वाला प्रगृह्य उ स्वर से पूर्व व् में परिणत हो जाता है[14] यथा— अभूदु भा उ अंशवे (ऋ० १,४६ १०), प्रत्यु अदर्श्यायती (ऋ० ७ ८१ १) इन्द्रिय सोमं धनसा उ ईमहे (ऋ० १० ६५ १०) न

था[४०]। यह दीर्घत्व मुख्यतया छन्दः की आवश्यकता पर आश्रित है, इस लिये हम इसे छान्दसदीर्घसन्धि भी कह सकते है। पदपाठ में अन्य सन्धि-विकारों की भाँति सामवशसन्धि के दीर्घत्व को दूर करके पद का शुद्ध पदान्तीय ह्रस्व स्वर ही दिखलाया जाता है। प्रातिशाख्यों ने सामवश-सन्धि के दीर्घत्व का विशद तथा विस्तृत वर्णन किया है[४०क]। परन्तु पाणिनि ने इस दीर्घत्व के सम्बन्ध में केवल पांच सूत्र (६,३,१३३-३७) बनाए हैं और अन्तिम सूत्र (६, ३, १३७ अन्येषामपि दृश्यते) मे एक व्यापक नियम का विधान किया है, जिस के द्वारा सायण ने अपने वेदभाष्यों में अनेक प्रकार के दीर्घत्व का समाधान किया है।

(ख) छान्दस दीर्घत्व प्रायेण निम्नलिखित अवस्थाओं मे होता है—

(१) पदान्तीय अ इ उ प्रायेण असंयुक्त पदादि व्यञ्जन से पूर्व दीर्घ बनते है, यथा— अधा चिन्नू चित् (=अध+चित्+नु+चित् ऋ० ६, ३०, ३)।

(२) कहीं कहीं ये पदान्तीय स्वर ऐसे व्यञ्जन से पूर्व भी दीर्घ बन जाते हैं जिस से परे य् अथवा व् आए, यथा—अधा ह्यग्ने (=अध+हि+अग्ने ऋ० ४, १०,२); अभी ष्वर्यः (=अभि+सु + अर्यः ऋ० १०, ५९, ३)। पाश्चात्य विद्वानों का मत है कि ऐसी अवस्था में य् व् का उच्चारण क्रमशः इ उ करना चाहिए[४०ख]।

(३) कहीं कहीं संयुक्त व्यञ्जन तथा स्वर से पूर्व भी छान्दस दीर्घत्व हो जाता है; यथा—शिक्षा स्तोतृभ्यः (=शिक्ष+स्तोतृभ्यः ऋ० २,११,२१); एवाँ अग्निम् (=एव+अग्निम् ऋ० ५,६,१०;५,२५,९)।

(४) आठ अक्षरों के पाद मे प्रायेण षष्ठ अक्षर पर और ग्यारह तथा बारह अक्षरों के पादों में कहीं अष्टम और कहीं दशम अक्षर पर छान्दस दीर्घत्व होता है[४०ग], यथा—ईशानो यवया वधम् (ऋ० १,५,१०); तादीत्ना शत्रुं न किला विवित्से (ऋ० १,३२,४); अग्ने सख्ये मा रिषामा वयं तव (ऋ० १,९४,१)।

(५) अवसान में और पाद के अन्त में यह छान्दस दीर्घत्व नहीं होता है। पाश्चात्य विद्वानों का मत है कि इस नियम का अपवाद केवल वहां पर है

हो जाता है" यथा— सुम्नामी अधि देवृयुं (ऋ० १०, ८५ ४६) द्यावाक्षामा पृथिवी अन्तरिक्षम् (ऋ० ३,८ ८) पृथुज्रयी असुर्येव (ऋ १, १६८, ७)। तृतीयान्त रूपा के पदान्तीय ई के प्रकृतिभाव के निम्नलिखित उदाहरण मिलते हैं— ऊती अर्नुती (ऋ ६ २९ ६) सुशमी अभूवन् (ऋ० १०,२८ १२)[११क]। इन रूपों का अन्तिम स्वर प्रगृह्य नहीं माना जाता है। इस लिये पदपाठ में इन के आगे इति नहीं जोड़ा जाता है। तै० प्रा० ने ऐसे शब्दों का विशेष उल्लेख किया है जिन का पदान्तीय ई संहिता में स्वर से पूर्व प्रकृतिभाव से रहता है, परन्तु प्रगृह्यसंज्ञक नहीं है[१२] यथा— इयेतेनं इयेनी अंकुरुत (तै० सं० ५, ५ ८,१) न मिथुनी अंभवन् (तै० सं० ५,३ ६ २)।

८. छान्दसदीर्घ (सामवश) सन्धि

४६ (क) पदान्तीय स्वर पदादि व्यञ्जन से पूर्व साधारणतया अविकृत रहता है परन्तु संहिताओं में कहीं कहीं पदादि व्यञ्जन से पूर्व दीर्घ बन जाता है। ऋ प्रा (७,१) में इस प्रकार के दीर्घत्व को सामवशसन्धि की संज्ञा दी गई है। इस सम्बन्ध में यह तथ्य विशेषतया उल्लेखनीय है कि सामवशसन्धि साधारणतया सर्वत्र नहीं होती है और यह दीर्घत्व प्रायेण इस बात पर निर्भर है कि लघु और गुरु की दृष्टि से पदान्तीय ह्रस्व स्वर की क्या स्थिति है। यह देखा गया है कि पदान्तीय ह्रस्व स्वर गुरु अक्षर वाले व्यञ्जन से पूर्व प्रायेण अविकृत रहता है और लघु अक्षर वाले व्यञ्जन से पूर्व संहिताओं में कहीं कहीं दीर्घ बनता है। उदाहरणार्थ— अध तु सु का पदान्तीय ह्रस्व स्वर लघु व्यञ्जन से पूर्व कहीं कहीं दीर्घ हो जाता है और गुरु अक्षर वाले व्यञ्जन से पूर्व अविकृत रहता है। पाश्चात्य विद्वानों का मत है कि सामवशसन्धि का दीर्घत्व वैदिक-भाषा की एक प्राचीन छान्दस प्रवृत्ति पर आश्रित है। उस प्राचीन प्रवृत्ति के अनुसार दो लघु अक्षरों के बीच आने वाले उस पदान्तीय ह्रस्व स्वर को दीर्घ कर दिया जाता था जो कहीं अन्यत्र भी दीर्घ बन सकता था और छान्दस औचित्य की दृष्टि से पाद में जहां गुरु अक्षर की आवश्यकता होती थी वहां उस आवश्यकता की पूर्ति के लिये प्रकृत दीर्घत्व किया जाता

था[10]। यह दीर्घत्व मुख्यतया छन्दः की आवश्यकता पर आश्रित है, इस लिये हम इसे छान्दसदीर्घसन्धि भी कह सकते हैं। पदपाठ में अन्य सन्धि-विकारों की भाँति सामवशसन्धि के दीर्घत्व को दूर करके पद का शुद्ध पदान्तीय ह्रस्व स्वर ही दिखलाया जाता है। प्रातिशाख्यों ने सामवश-सन्धि के दीर्घत्व का विशद तथा विस्तृत वर्णन किया है[४०क]। परन्तु पाणिनि ने इस दीर्घत्व के सम्बन्ध में केवल पांच सूत्र (६,३,१३३-३७) बनाए हैं और अन्तिम सूत्र (६, ३, १३७ अन्येषामपि दृश्यते) में एक व्यापक नियम का विधान किया है, जिस के द्वारा सायण ने अपने वेदभाष्यों में अनेक प्रकार के दीर्घत्व का समाधान किया है।

(ख) छान्दस दीर्घत्व प्रायेण निम्नलिखित अवस्थाओं में होता है—

(१) पदान्तीय अ इ उ प्रायेण असंयुक्त पदादि व्यञ्जन से पूर्व दीर्घ बनते हैं, यथा— अधा चिन्नू चित् (=अध+चिद्+नु+चित् ऋ० ६, ३०, ३)।

(२) कहीं कहीं ये पदान्तीय स्वर ऐसे व्यञ्जन से पूर्व भी दीर्घ बन जाते हैं जिस से परे य् अथवा व् आए, यथा—अध्वा ह्यग्ने (=अध+हि+अग्ने ऋ० ४, १०,२); अभी ष्व1र्यः (=अभि+सु+अर्यः ऋ० १०, ५९, २)। पाश्चात्य विद्वानों का मत है कि ऐसी अवस्था में य् व् का उच्चारण क्रमशः इ उ करना चाहिए[४०ख]।

(३) कहीं कहीं संयुक्त व्यञ्जन तथा स्वर से पूर्व भी छान्दस दीर्घत्व हो जाता है; यथा—शिक्षा स्तोतृभ्यः (=शिक्ष+स्तोतृभ्यः ऋ० २,११,२१); एवाँ अग्निम् (=एव+अग्निम् ऋ० ५,६,१०;५,२५,९)।

(४) आठ अक्षरों के पाद में प्रायेण षष्ठ अक्षर पर और ग्यारह तथा बारह अक्षरों के पादों में कहीं अष्टम और कहीं दशम अक्षर पर छान्दस दीर्घत्व होता है[४०ग]; यथा—ईशानो यवया वधम् (ऋ० १,५,१०); तादीत्ना शत्रुं न किला विवित्से (ऋ० १,३२,४), अग्ने सख्ये मा रिषामा वयं तव (ऋ० १,९४,१)।

(५) अवसान में और पाद के अन्त में यह छान्दस दीर्घत्व नहीं होता है। पाश्चात्य विद्वानों का मत है कि इस नियम का अपवाद केवल यहां पर[११]

मिलता है जहां संहिताकारों ने छन्द शुद्धि का ध्यान न रखते हुए पाठों का अशुद्ध विभाजन किया है, या अन्यत्र प्रयुक्त होने वाले मन्त्रभाग की अपरश आवृत्ति का है, यथा—ऋ० १,२५,१६ के श्रुधी / हवम्' में पदान्तीय इ का दीर्घत्व अन्यत्र (ऋ० २ ११ १ इत्यादि) मिलने वाले दीर्घत्व का अनुकरण करके किया गया है।

(ग) निम्नलिखित प्रकार के शब्दों के पदान्तीय ह्रस्व स्वर को उपर्युक्त अवस्थाओं में छान्दस दीर्घत्व होता है—

(१) निम्नलिखित निपातों के पदान्तीय स्वर को संहिता में छान्दस दीर्घत्व हो जाता है—अच्छ अति अध अद्य अध, अव, उत एव किल घ न प्र स्म ह इव इह च अत्र उभयत्र कुत्र त यत्र अपि अभि वि नहि परि यदि हि, उ अनु नु सु मक्षु मिथु सु।

(२) तृतीया एकवचन के रूपों के पदान्तीय अ को छान्दस दीर्घत्व होता है यथा—प्रतेना, वीर्येणा एना तेना यना। कहीं कहीं षष्ठी एकवचन के पदान्तीय अ को दीर्घत्व मिलता है यथा—अस्या हरिणस्या। सम्बोधन के पदान्तीय अ के दीर्घत्व के केवल दो उदाहरण ऋ० में मिलते हैं—वृषभा (ऋ० ८ ४५,३८) हारियोजना (ऋ० १ ६१ १६)।

(३) लोट् मध्यम पुरुष के रूपों के पदान्तीय अ तथा इ को संहिता में अनेक स्थलों पर दीर्घत्व हो जाता है यथा—पिबा युङ्क्ष्वा मादस्वा जुहोता यन्ता भरा भवा, तिष्ठा रक्षा कर्तना, शृणुता नयता हन्तना कृधी कृणुही श्रुधी शृणुधी शृणुही जही विद्धा।

(४) परस्मैपद उत्तमपुरुष बहुवचन के जिन रूपों के अन्त में म आता है उनके पदान्तीय अ को दीर्घत्व हो जाता है यथा—विद्मा चकृमा रिषामा रुहेमा। परस्मैपद के अन्य तिङन्त रूपों के पदान्तीय अ को भी छान्दस दीर्घत्व होता है यथा—वेदा वेत्था।

(५) परस्मैपद में लिट् के तीनों पुरुषों के एकवचनान्त और मध्यमपुरुष बहुवचनान्त रूपों के पदान्तीय अ को छान्दस दीर्घत्व हो जाता है यथा—बिभया विवेशा जग्रभा अनजा चक्रा।

(६) कतिपय ल्यबन्त रूपों के पदान्तीय अ को छान्दस दीर्घत्व होता है; यथा— अभिगूर्या, आच्या, अख्खलीकृत्या।

(७) ऋ० प्रा० के अनुसार पुरू, सिमा, ब्रह्मा, धन्वा, जनिमा, रोमा, स्वाद्मा और भूमा के पदान्तीय स्वर को छान्दस दीर्घत्व हुआ है और पदपाठ में इनका ह्रस्व रूप दिया गया है। परन्तु पाणिनि (६,१,७०) तथा वा० प्रा० (३,१८) के अनुसार, कम से कम जनिमा, रोमा आदि कुछ रूपों में नामिक प्रत्ययरूप अनि के नि का लोप माना जा सकता है।

(८) ऋ० २,२६,४ के तिङन्त रूप रक्षती मे इ का छान्दस दीर्घ माना जाता है[४०ङ]।

व्यञ्जन-सन्धि

४७. पदान्तीय व्यञ्जन और पदादि स्वर या व्यञ्जन के मध्य होने वाली सन्धि के लिए व्यञ्जन-सन्धि संज्ञा का प्रयोग किया जाता है। इस सन्धि के सम्बन्ध में यह ध्यान रखना आवश्यक है कि वैदिक पदों के अन्त में कौन-कौन से व्यञ्जन मिलते हैं और पदादि में कौन-कौन से स्वर तथा व्यञ्जन आ सकते हैं। पदान्तीय तथा पदादि वर्णों का परिचय पहले ही दिया जा चुका है (दे० अनु० ३४-३५)। व्यञ्जन-सन्धि के नियमों को समझने के लिए यह याद रखना चाहिए कि पदान्तीय व्यञ्जनों मे क् ट् त् प् तथा विसर्जनीय अघोष हैं, और ङ न् म् घोष हैं। पदान्त मे चवर्ग का कवर्ग, रेफ का विसर्जनीय, सकार का रेफ बन कर विसर्जनीय, शकार तथा हकार का मूलप्रकृति के अनुसार क् या ट् (दे० अनु० २५), और ष् का ट् बन जाता है। वैदिक पदों के आदि में आ कर पदान्तीय व्यञ्जनो के साथ सन्धि मे मिलने वाले मुख्य वर्ण निम्नलिखित हैं— अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ऋ, ए, ऐ, ओ, औ, क्, ख्, ग्, घ्, च्, छ्, ज्, त्, द्, ध्, न्, प्, ब्, भ्, म्, य्, र्, ल्, व्, श्, ष्, स्, ह्। व्यञ्जन-सन्धि के विकारों की प्रमुख विशेषता यह है कि परवर्ती पदादि वर्ण के स्थान तथा प्रयत्न के प्रभाव से पदान्तीय व्यञ्जन के स्थान (position) तथा / अथवा प्रयत्न (quality) में परिवर्तन

हो जाता है। पदान्तीय क्, ट्, प् में मुख्यतया प्रयत्न (quality) का परिवर्तन होता है पदान्तीय न् म् में केवल स्थान (position) का परिवर्तन होता है और त् तथा विसर्जनीय में दोनों प्रकार के परिवर्तन होते हैं। इसी प्रकार शेष सन्धि विकारों का व्याख्यान किया जा सकता है। हम साधारणतया पदान्तीय वर्णों के क्रम से व्यञ्जन सन्धि का वर्णन करेंगे और इनके साथ साथ यथास्थान पदादि वर्ण ह्, श्, स् के महत्त्वपूर्ण सन्धिज विकारों पर भी विचार किया जाएगा।

१ पदान्तीय क् ट् त् प्

४८ क (१) पदान्तीय क् ट् त् प् से परे स्वर आने पर ये अपने वर्ग के घोष स्पर्श (तृतीय वर्ण) में परिणत हो जाते हैं[१], यथा— अर्वाक्+आ=अर्वागा (ऋ० ४ ३२ १५) पदान्त में अर्वाच् के च् का क् बन गया है। हृ युवाट्+अग्नि =हृ युवाळग्नि (ऋ० ५ ४ २) ड के ळ बनने के सम्बन्ध में देखिये प्रथम अध्याय टि ३ यत्+अह्न=यदह्न (ऋ १ १ ६) त्रिष्टुप्+इह = त्रिष्टुबिह (ऋ० १०, १३० ५)।

(२) इसी प्रकार पदादि घोष स पूर्व भी पदान्तीय क् ट् त् प् अपने वर्ग के घोष स्पर्श में बदल जाते हैं[२क] यथा— अर्वाक्+राधं = अर्वाग्राधं (ऋ० १ ५ ५) हृ युवाट्+जुह्वास्य =हृ युवाड् जुह्वास्य (ऋ १, १२ ६) गमत्+वाजेभि =गमद्वाजेभि (ऋ० १ ५ ३) त्रिष्टुप्+गायत्री= त्रिष्टुब् गायत्री (ऋ १० १४ १६)। पदान्तीय वर्णों के नियमानुसार त्रिष्टुभ् के भ् का प् बन गया (दे० अनु० ३४)।

(३) पदादि अनुनासिक स्पर्श से पूर्व पदान्तीय क् ट् त् प् अपने वर्ग के अनुनासिक स्पर्श में बदल जाते हैं[३] यथा— अर्वाक् + नरा = अर्वाङ् नरा (ऋ ७, ८२ ८) षट्+महान् = षण्महान् (ऋ० ८, १ ११) तत्+नु =तन्नु (ऋ० १ १ ६ ८) त्रिककुप्+निवर्तत =त्रिककुम्निवर्तत (ऋ १, १२१ ४)।

(४) पदान्तीय क् ट् प् पदादि क् ख् च् छ् त् प् फ् श् ष् स् से पूर्व साधारणतया अविकृत रहते हैं। परन्तु तै० स० के कुछ उदाहरणों में

पदान्तीय क् पदादि त् द् से पूर्व क्रमशः त् द् में बदल जाता है; यथा—सम्यक् + ते = सम्यत्ते (तै० सं० १, २, ७, १); अस्मृक् + द्वाभ्याम् = असृद् द्वाभ्याम् (तै० सं० ७, ४, ९, १)। तै० प्रा० में इस सम्बन्ध में कोई नियम नहीं है। यह भी सम्भव है कि परम्परा-भेद या उच्चारण-भेद के कारण पदान्त में प् क् वाले— ककुप्, असृक्, सम्यक्— इत्यादि कुछ शब्दों का अन्य रूप भी माना जाता था जिस के पदान्त में त् का उच्चारण किया जाता था[५१क]। इसी प्रकार तै० सं० में पदान्तीय प् वाले त्रिष्टुप् तथा अनुष्टुप् के प् के स्थान पर कहीं कहीं पदान्तीय क् मिलता है (या प् का क् हो जाता है); यथा— तै० सं० ५, २, ११, १; ४, ३, २; ४, १२, १।

२. पदादि ह्

४८. (ख) पदादि हकार से पूर्व आने वाले पदान्तीय क् ट् त् प् उपर्युक्त नियम (अनु० ४८ क) के अनुसार अपने वर्ग के तृतीय वर्ण में बदल जाते हैं और पदादि हकार पूर्ववर्ती पदान्तीय वर्ण के वर्ग का चतुर्थ वर्ण बन जाता है[५३]; यथा—मद्र्यक् + हुवानः = मद्र्यग् घुवान (ऋ० ३, ४१,१), अवाट् + हव्यानि = अवाड्ढव्यानि (ऋ० १०,१५,१२); यत् + हरः = यद्धरः (अ० १८, २, ३६)। कतिपय आचार्यों के मतानुसार, हकारसम्बन्धी विकार विकल्प से होता है, अन्य आचार्य यह मानते हैं कि ऐसा हकार सर्वथा अविकृत रहता है, और एक मत यह भी है कि पूर्ववर्ती पदान्तीय स्पर्श और हकार के मध्य उसी स्पर्श के वर्ग के चतुर्थ वर्ण का आगम हो जाता है[५४]।

३. पदान्तीय त्

४९. उपर्युक्त प्रयत्न-सम्बन्धी विकारों के अतिरिक्त पदान्तीय त् को निम्नलिखित सन्धियों में कहीं स्थान-सम्बन्धी और कहीं दोनों प्रकार के विकार होते हैं।

(क) पदादि ल् से पूर्व पदान्तीय त् का ल् बन जाता है[५५]; यथा— अङ्गात् ऽअङ्गात् + लोम्नःऽलोम्नः = अङ्गादङ्गाल्लोम्नोलोम्नः (ऋ० १०, १६३,६), यत् + लोहितम् = यल्लोहितम् (तै० सं० २,१,७,२)।

द्वितीयोऽध्यायः

(ख) पदादि च् छ् श् से पूर्व पदान्तीय त् का च् और पदादि ज् से पूर्व ज् बन जाता है[५], यथा— तत् + चर्षु = तच्चर्षु (ऋ० ७,६६ १६), यत् + छर्दि = यच्छर्दि (ऋ० ८,६७ ६) तत् + शुक्रेयम् = तच्छ्रुकेयम् (वा० स० १ ५) यत् + जिगासि = यज्जिगासि (ऋ० १० ७३ ३)। मै० स और मानवश्रौतसूत्र में पदादि श् से पूर्व पदान्तीय त् का ञ् बन जाता है यथा—तत् + शुक्रेयम् = तञ्शुकेयम् (मै स० १,४,१ मा० श्रौ० सू० १ ७,२ २४)।

(ग) यद्यपि अ० प्रा० ने यह विधान किया है कि टवर्ग से पूर्व त् का ट् बन जाता है[७] परन्तु संहिताओं में किसी भी पद के आदि में टवर्ग का कोई वर्ण नहीं मिलता है।

४ पदादि श्

५० यदि पदान्तीय त् और न् से परे पदादि श् हो, तब त् और न् का क्रमशः च् और ञ् बन जाता है और श् का छ् बन जाता है[८] यथा—तत्+शुक्रेयम्= तच्छुकेयम् (वा० स १,५) वृत्रिन् + श्नथिहि=वृत्रिञ्छ्नथिहि (ऋ १ ६३ ५) आदित्यान् +श्मश्रुभि =आदित्याञ्छ्मश्रुभि (तै स ५ ७, १२ १)। परन्तु श् के छ् विकार के सम्बन्ध में अनेक मतभेद तथा प्रयोग भेद मिलते हैं। मै० स तथा मा श्रौ० सू० में पदान्तीय त् तथा न् से परे श् का छ नहीं बनता है यथा— आदित्यान् + श्मश्रुभि = आदित्याञ् श्मश्रुभि (म० स० ३ १५ १) पदान्तीय त् का उदाहरण दे० अनु० ४९ (ख) म। वा० स० में कहीं पर श् का छ् बन जाता है और कहीं श् अविकृत रहता है यथा—पिशङ्गान् + शिशिराय =पिशङ्गाञ्छिशिराय (वा स० २४ ११) आदित्यान् + श्मश्रुभि = आदित्याँ श्मश्रुभि (वा स० २५ १ वा० प्रा० ४ ५६ ५७ पर भाष्य म उवट न अपने उदाहरणों में आदित्याञ् श्मश्रुभि पाठ दिया है)। वा० प्रा० (४ ५७ टि० ४१) ने इस प्रयोगभेद का यह समाधान किया है कि जिस श् से परे स्पर्श से भिन्न वर्ण हो वह तवर्ग से परे छ् में परिणत हो जाता है और अन्य नहीं। शाकल्य के पिता का मत है कि सभी स्पर्शों से परे श् का छ् हो जाता है शाकल्य के मतानुसार श

को कहीं भी छ् नहीं बनता है; तै० प्रा० का मत है कि मकार को छोड़ कर किसी भी पदान्तीय स्पर्श से परे आने वाले पदादि श् का छ् बन जाता है; परन्तु वाल्मीकि के मतानुसार पदान्तीय प् से परे आने वाले श् का छ् नहीं बनता है, और पौष्करसादि का कथन है कि जिस पदादि श् से परे व्यञ्जन हो उससे पूर्व पदान्तीय न् आने पर, पदान्तीय न् का ञ् और श् का छ् नहीं बनता है अर्थात् दोनों अविकृत रहते हैं[४९]। पदान्तीय त् न् के अतिरिक्त, ट् प् से परे आने वाले पदादि श् का छ् बनने के उदाहरण भी संहिताओं में मिलते है और इसी प्रकार पदादि श् से परे व्यञ्जन होने पर भी पूर्ववर्ती स्पर्श के निमित्त से श् का छ् बनने के उदाहरण उपलब्ध होते हैं; यथा—विपाट् + शुतुद्री=विपाट्छुतुद्री (ऋ० ३, ३३, १), तुराषाट् + शुष्मी=तुराषाट्छुष्मी (ऋ० ५, ४०, ४), आनट् + शुचिं=आनट्छुचिं (तै० सं० १, ३, १४, ६), अनुष्टुप् + शारदी = अनुष्टुप्छारदी (तै० सं० ४, ३, २, ०), परन्तु वा० सं (१३, ५७) मे 'अनुष्टुप्शारदी' प्रयोग मिलता है; देवान् + श्लोकः = देवाञ्छ्लोकः (ऋ० १०, १२, ५)। शां० श्रौ० सू० के ऋक्छः पद मे क् से परे श् का छ् बनने का उदाहरण मिलता है, जब कि ऐ० ब्रा०, गो० गृ० सू० इत्यादि ग्रन्थों में ऋक्शः रूप मिलता है। पाणिनि के मतानुसार, वर्गों के पञ्चम वर्णों को छोड़ कर अन्य किसी भी स्पर्श से परे आने वाले श् का विकल्प से छ् बनता है यदि उस से परे कोई स्वर या ह् य् व् र् में से कोई वर्ण आए; और वार्तिक के अनुसार श् से परे ल् या वर्गों के पञ्चम वर्ण के परे होने पर भी श् का वैकल्पिक छ् बन जाता है[५०]। उपर्युक्त विकल्पों के फलस्वरूप संस्कृत-ग्रन्थो की प्राचीन पाण्डुलिपियों मे अनेक पाठभेद मिलते हैं। श् और छ् के ध्वन्यात्मक सम्बन्ध के विषय में दे० अनु० २५।

५. पदान्तीय ङ्

५१ (क) ह्रस्व स्वर के पश्चात् आने वाले पदान्तीय ङ् से परे पदादि स्वर आने पर ङ् का द्वित्व हो जाता है[५१], यथा—क्रीळन् + इन्द्रः =क्रीळन्निन्द्रः (ऋ० १०, १०८, ३)।

(ख) पदान्तीय ङ् से परे स् श् ष् आने पर, ङ् के पश्चात् क् का आगम होता

(ख) पदादि च् छ् ज् से पूर्व पदान्तीय त् का च् और पदादि ज् से पूर्व ज् बन जाता है[४१] यथा— तत् + चक्षुः = तच्चक्षुः (ऋ० ७,६६ १६) यत् + छर्दि = यच्छर्दि (ऋ० ८ ६७ ६) तत् + शुक्रेयम् = तच्छुक्रेयम् (वा० स० १ ५) यत् + जिगासि = यज्जिगासि (ऋ० १० ७१ ३)। मै० स० और मानवश्रौतसूत्र म पदादि श् से पूर्व पदान्तीय त् का श् बन जाता ह यथा—तत् + शुक्रेयम् = तश्शुक्रेयम् (मै० स० १,४१, मा० श्रौ० सू० १ ७,२ २४)।

(ग) यद्यपि अ० प्रा० ने यह विधान किया ह कि टवग से पूर्व त् का ट् बन जाता है[४७] परन्तु संहिताओ म किसी भी पद के आदि में टवग का कोई वण नहीं मिलता है।

४ पदादि श्

५० यदि पदान्तीय त् और न् से परे पदादि श् हो, तब त् और न् का क्रमश च् और ञ बन जाता ह और श् का छ् बन जाता है[४८] यथा—तत्+शुक्रेयम्= तच्छुक्रेयम् (वा० स० १,५) वृत्रिन् + श्नथिहि=वृत्रिञ्छ्नथिहि (ऋ १, ६३ ५) आदित्यान +श्मश्रुभि = आदित्याञ्छ्मश्रुभि (तै० स ५ ७ १२ १)। परन्तु श् के छ् विकार के सम्बन्ध में अनेक मतभेद तथा प्रयोग भेद मिलत ह। मै० स० तथा मा० श्रौ० सू० में पदान्तीय त् तथा न् स परे श् का छ नहीं बनता है यथा— आदित्यान् + श्मश्रुभि = आदित्याञ् श्मश्रुभि (म० स० ३ १५ १) पदान्तीय त् का उदाहरण दे० अनु० ४९ (ख) म। वा० स० में कहीं पर श् का छ् बन जाता है और कहीं श् अविकृत रहता है यथा—पिशङ्गान् + शिशिराय =पिशङ्गाञ्छिशिराय (वा० स० २४ ११) आदित्यान् + श्मश्रुभि = आदित्याँ श्मश्रुभि (वा० स० २५ १ वा प्रा० ४ ९६ ९७ पर भाष्य में उवट न अपने उदाहरणों में आदित्याञ् श्मश्रुभि पाठ दिया है)। वा० प्रा (४ ९७ टि० ४१) ने इस प्रयोगभेद का यह समाधान किया ह कि जिस श् से परे स्पर्श से भिन्न वण हो वह तवर्ग से परे छ् में परिणत हो जाता ह और अन्य नहीं। शाकल्य के पिता का मत है कि सभी स्पर्शों से परे श् का छ् हो जाता है, शाकल्य के मतानुसार श्

को कहीं भी छ् नहीं बनता है; तै० प्रा० का मत है कि मकार को छोड़ कर किसी भी पदान्तीय स्पर्श से परे आने वाले पदादि श् का छ् बन जाता है; परन्तु वाल्मीकि के मतानुसार पदान्तीय प् से परे आने वाले श् का छ् नहीं बनता है; और पौष्करसादि का कथन है कि जिस पदादि श् से परे व्यञ्जन हो उससे पूर्व पदान्तीय न् आने पर, पदान्तीय न् का ञ् और श् का छ् नहीं बनता है अर्थात् दोनों अविकृत रहते हैं[49]। पदान्तीय त् न् के अतिरिक्त, ट् प् से परे आने वाले पदादि श् का छ् बनने के उदाहरण भी संहिताओं में मिलते हैं और इसी प्रकार पदादि श् से परे व्यञ्जन होने पर भी पूर्ववर्ती स्पर्श के निमित्त से श् का छ् बनने के उदाहरण उपलब्ध होते हैं, यथा—विपाट् + शुतुद्री=विपाट् छुतुद्री (ऋ० ३, ३३, १); तुराषाट् + शुष्मी=तुराषाट्छुष्मी (ऋ० ५, ४०, ४); आनट् + शुचिं=आनट्छुचिं (तै० सं० १, ३, १४,६), अनुष्टुप् + शारदी = अनुष्टुप्छारदी (तै० सं० ४, ३,२,२), परन्तु वा० सं (१३,५७) मे 'अनुष्टुप्शारदी' प्रयोग मिलता है; देवान् + श्लोकः = देवाञ्छ्लोकः (ऋ० १०, १२, ५)। शां० श्रौ० सू० के ऋक्छः पद में क् से परे श् का छ् बनने का उदाहरण मिलता है, जब कि ऐ० ब्रा०, गो० गृ० सू० इत्यादि ग्रन्थों मे ऋक्शः रूप मिलता है। पाणिनि के मतानुसार, वर्गों के पञ्चम वर्णों को छोड़ कर अन्य किसी भी स्पर्श से परे आने वाले श् का विकल्प से छ् बनता है यदि उस से परे कोई स्वर या ह् य् व् र् में से कोई वर्ण आए; और वार्तिक के अनुसार श् से परे ल् या वर्गों के पञ्चम वर्ण के परे होने पर भी श् का वैकल्पिक छ् बन जाता है[50]। उपर्युक्त विकल्पों के फलस्वरूप संस्कृत-ग्रन्थों की प्राचीन पाण्डुलिपियों में अनेक पाठभेद मिलते हैं। श् और छ् के ध्वन्यात्मक सम्बन्ध के विषय में दे० अनु० २५।

५. पदान्तीय ङ्

५२. (क) ह्रस्व स्वर के पश्चात् आने वाले पदान्तीय ङ् से परे पदादि स्वर आने पर ङ् का द्वित्व हो जाता है[51]; यथा— क्रीळन् + इन्द्रः =क्रीळङ्ङि-न्द्रः (ऋ० १०, १०८, ३)।

(ख) पदान्तीय ङ् से परे स् श् ष् आने पर, ङ् के पश्चात् क् का आगम होता

है[५१], यथा— प्राङ्+सोमं =प्राङ्क्सोमं (वा० स० १९ ४)। उवट ने ऋ० प्रा० (४ १६) के भाष्य में इस सन्धि के निम्नलिखित उदाहरण दिये हैं— अवाङ्क छन्दस्यम् (ऋ० ३ १५ ६) प्रत्यङ्क् स विश्वा (ऋ० ५, ८० ३)। परन्तु ऋ० की मुद्रित संहिताओं में ङ् के पश्चात् क के आगम का उदाहरण नहीं मिलता है क्योंकि ऋ० प्रा० न इस प्रकार के आगम को केवल कतिपय आचार्यों का मत माना है और दाल्भ्य आचार्य इस आगम का समर्थन नहीं करते हैं[१]। इसी प्रकार तै० प्रा० के भाष्यकारों ने ङ् क आगम के निम्नलिखित उदाहरण दिये हैं— सुदृङ्क् संमाने (तै० स० २ २ ८, ६) प्रत्यङ्क् षडहः (तै० स० ७,४,२ ५)। परन्तु मुद्रितसंहिता में यह आगम नहीं दिखलाया गया है। अ० की मुद्रितसंहिता में भी क् के आगम का कोई उदाहरण नहीं मिला है।

६. पदान्तीय न्

५२ (क) ह्रस्व स्वर के पश्चात् आने वाले पदान्तीय न् से परे पदादि स्वर आने पर न् का द्वित्व हो जाता है[५४] यथा— अर्हन्+अर्हिम्=अर्हन्नर्हिम् (ऋ० ३ १२ ११)।

(ख) आ के पश्चात् आने वाले पदान्तीय न् से परे समानपाद में पदादि स्वर आने पर न् का प्रायेण लोप हो जाता है और उपधा का आ अनुनासिक बन जाता है[५५] यथा—सर्गान्+इव=सर्गाँ इव (ऋ० ८ ३५ २) जघनान्+उप=जघनाँ उप (त स ४ ६,६,५) महान्+इन्द्र=महाँ इन्द्र (ऋ० ६ १९ १)। परन्तु -आन् से परे आने वाला पदादि स्वर यदि समान पाद में नहीं है तो न् में कोई विकार नहीं होता है यथा— सयेह विश्वाँ अर्वसे यजत्रान् (यजत्रान् / आ) सादय (ऋ ३ ५७ ५)। इन नियमों के अनेक अपवाद मिलते हैं। ऋ में कुछ ऐसे उदाहरण मिलते हैं जिनमें समान पाद में आ स्वर से पूर्व ऐसा पदान्तीय न् अविकृत रहता है[५६] यथा— पुत्रान् आ (ऋ० १० ८५ ४५) और कहीं-कहीं पाद के अन्त में आने वाला पदान्तीय न् अन्य पाद के आदि में आने वाले स्वर के निमित्त से भी इस सन्धि विकार को प्राप्त होता है[५६क]।

मै० सं०, जै० सं० और कपि० सं० में कहीं-कहीं पदान्तीय न् की उपधा के आ का ह्रस्व बन कर उसका अनुनासिक हो जाता है; यथा— अस्मान्+ अश्नोतु = अस्माँ अश्नोतु (मै० सं० १,५,४); अस्मान्+ अर्व= अस्माँ अर्व (मै० सं० ४,१२,४)। संहिताओं के अनेक उदाहरणों में आ के पश्चात् आने वाला पदान्तीय न् स्वर से पूर्व अविकृत रहता है[५६ख]; यथा— शिशुमारान्+ आलभते= शिशुमारानालभते (वा० सं० २४,२२); भक्षान्+ आप्नोति = भक्षानाप्नोति (वा० सं० १९,२९); सुयमान्+ ऊतये = सुयमानूतये (तै० सं० ४,७, १५, ४); तान्+ अस्मिन् = तानस्मिन् (अ० ४,४,८); तान्+ आयान्+ अकृत= तानायानकृत (मै० सं० १,५,११), सपत्नान्+ इन्द्रः = सपत्नानिन्द्रः (मै० सं० १,१,१३)। पदान्तीय न् को स्वरों से पूर्व अविकृत रखने की प्रवृत्ति उत्तरकालीन वैदिक वाङ्मय मे निरन्तर बढ़ती गई और लौकिक भाषा मे यह प्रवृत्ति पूर्ण विकास को प्राप्त हुई। इसके फलस्वरूप स्वर से पूर्व आने वाला ऐसा पदान्तीय न् लौकिक संस्कृत मे सर्वत्र अविकृत रहता है।

(ग) ई, ऊ तथा ऋ के पश्चात् आने वाले पदान्तीय न् से परे **समानपाद** मे स्वर आने पर न् का र् और उपधा के दीर्घ स्वर का अनुनासिक बन जाता है[५७]; यथा— परिधीन्+ अति = परिधीँरति (ऋ० ९,१०७, १९); अभीशून्+ इव = अभीशूँरिव (ऋ० ६,७५,६), नॄन्+ अभि= नॄँरभि (ऋ० ५,५४,१५), ऋ के पश्चात् न् का र् बनने का केवल यही उदाहरण मिलता है। ऋ० प्रा० (४,७२) मे इन्हें **स्पर्शरेफसन्धि** कहते है। कहीं-कहीं पाद के अन्त में आने वाला पदान्तीय न् अन्य पाद के पदादि स्वर से पूर्व र् में परिणत हो जाता है और उपधा का ई ऊ अनुनासिक बन जाता है, यथा—दस्यून्+एकः=दस्यूँरेकः (ऋ० ९,१८,२)। परन्तु पाद के अन्त में आने वाले -ईन्, -ऊन् का पदान्तीय न् स्वर से पूर्व प्रायेण अविकृत रहता है। उपर्युक्त एकमात्र उदाहरण से अन्यत्र ऋ के पश्चात् आने वाला पदान्तीय न् स्वर से पूर्व अविकृत रहता है। और पाश्चात्य विद्वानों के अनुसार, इस अविकार का कारण यह है कि एक ही अक्षर (Syllable) में दो रेफों को सहन नहीं किया जाता था[५७क]।

वा के पश्चात् आने वाले पदान्तीय न् से परे पदादि ह् य् व् र् आने पर ऐसा न् प्रायेण अविकृत रहता है परन्तु कतिपय उदाहरणों में न् का लोप होकर उपधा के स्वर का अनुनासिक बन जाता है[५८] यथा— दुधन्वान् + य = दुधन्वाँ य (ऋ ९, १०७, १) परन्तु वा० स० १९ २ में 'दुधन्वा य' पाठ मिलता है दद्वान् वा= दद्वाँ वा (ऋ० १० १३२ ३) वृक्षान् + वनानि = वृक्षाँ वनानि (अ ६ ४५ १) पीवोअन्नान् + रयिवृधः = पीवोअन्नाँ रयिवृधः (ऋ ७ ९१, ३), परन्तु वा स २७, २३ में— 'पीवोअन्ना रयिवृधः' पाठ मिलता है (दे टि० ५८)। और मै० स० ४ १४,२ का पाठ 'पीवोअन्नाँ रयिवृधः' है।

इ ऊ के पश्चात् आने वाले पदान्तीय न् से परे पदादि ह् य् व् आने पर न् का र् हो जाता है और उपधा के स्वर का अनुनासिक बन जाता है[५९] यथा— पृणीन् + हुतम् = पृणीँर् हुतम् (ऋ० १ १८४,२), दस्यून् + योनौ = दस्यूँर् योनौ (ऋ १, ६३ ४) पृणीन् + वर्धाभि = पृणीँर् वर्धाभि (ऋ० ६ ३९ ?)।

पदान्तीय न् से परे पदादि ल् आने पर, न् का ल्ँ अर्थात् अनुनासिक ल् बन जाता है[६०] यथा— जिगीवान् + लक्षम् = जिगीवाँल्लक्षम् (ऋ० २ १२ ४) श्रीन् + लोकान् = श्रीँल्लोकान् (वा० स० ६ ३१)। ये दोनों उदाहरण ऋ० प्रा० तथा वा० प्रा के उवटभाष्य के अनुसार दिये गये हैं। परन्तु मुद्रित संहिताओं में इस नियम का बहुत कम पालन किया गया है। संहिताओं के अनेक उदाहरणों में पदादि ल् से पूर्व पदान्तीय न् अविकृत मिलता है और कहीं कहीं न् का लोप हो कर उपधा के स्वर का अनुनासिक रूप मिलता है। तै० प्रा० में उद्धृत आत्रेय के मतानुसार पदादि ल से पूर्व पदान्तीय न् का ल् हो जाता है और उपधा के स्वर का अनुनासिक बन जाता है[६१] यथा— श्रीन् + लोकान् = श्रीँल्लोकान् (तै० स० १ ७ ११ १)। यद्यपि तै० प्रा के भाष्य में यह उदाहरण दिया गया है तथापि तै स के मुद्रित संस्करण में

इस उदाहरण का न् अविकृत मिलता है। तै० सं० के अधिकतर उदाहरणों मे ऐसा न् अविकृत मिलता है।

(छ) पदादि श् च् छ् ज् से पूर्व आने वाले पदान्तीय न् का ञ् बनता है[११], और पदादि श् का छ् हो जाता है (दे० अनु० ५०); यथा— व॒ज्रिन् + श्न॒थि॒हि॒ = व॒ज्रि॒ञ्छ्न॒थि॒हि॒ (ऋ० १, ६३, ५); ऊ॒र्ध्वान् + च॒रथा॑य = ऊ॒र्ध्वाञ्च॒रथा॑य (ऋ० १, ३६, १४); तान् + छन्दो॑भिः = ताञ्छन्दो॑भिः (तै० सं० १, ५, ९, ७); तान् + जु॒षेथा॒म् = ताञ्जु॑षेथाम् (ऋ० ५, ५१, ६)।

जो पदान्तीय न् (पुं० की प्रथमा के ए० और द्वितीया के ब० मे) मूलतः न्स् का प्रतिनिधित्व करता है, उस से परे पदादि च् आने पर न् का श् बन जाता है और उपधा के स्वर का अनुनासिक हो जाता है[१३]। ऋ० मे च॒ तथा चि॒त् से पूर्व प्रायेण यह सन्धि-विकार होता है; यथा— अ॒नु॒या॒जान् + च॒ = अ॒नु॒या॒जाँश्च॑ (ऋ० १०, ५१, ८), तान् + चि॒त् = ताँश्चि॑त् (ऋ० १०, १५४, १); अ॒मे॒नान् + चि॒त् = अ॒मे॒नाँश्चि॑त् (ऋ० ५, ३१, २)। इस नियम के कुछ अपवाद भी मिलते हैं[१४]; यथा— अ॒स्माञ्च॑ (ऋ० २, १, १६); च॒म॒साञ्च॒तुरः॑ (ऋ० १, १६१, ४), प॒शूञ्च॑ स्था॒तॄञ्च॒रथं॑ च पाहि (ऋ० १, ७२, ६); अ॒न॒ड्वाञ्च॑ (तै० सं० ४, ७, १०, २)। कुछ उदाहरणों मे पदान्तीय न् की उपधा के स्वर का अनुनासिक नहीं बनता और न् का अनुस्वार बन जाता है[१५], और विशेषतया यजुर्वेद की संहिताओं मे अनुनासिक तथा अनुस्वार के विषय में विशेष व्यवस्था नहीं दीख पड़ती है।

विशेष— मै० सं० मे अनेक स्थलों पर पदादि ज् से पूर्व आने वाला पदान्तीय न् अविकृत रहता है; यथा— दे॒वान् जिंगाति (मै० सं० १, ६, १); दे॒वान् जन॑म् (मै० सं० १, ४, ४)। तै० सं० के कुछ उदाहरणों मे पदादि च् से पूर्व आने वाला पदान्तीय न् भी अविकृत मिलता है (दे० टि० ६४), यथा— आ॒य॒न् चत॑स्र. (तै० सं० ५, २, ३, ४); आ॒ध्र्न॒वन् च॒रुणा॑ (तै० सं० ५, ५, १, ५); वा॒रु॒णान् चतु॑ष्कपालान् (तै० सं० २,

३,११ १)। स्वाध्याय मण्डल पारडी द्वारा प्रकाशित मै० सं० तथा तै० सं० में म् के अविकार के अनुरूप उदाहरण मिलते हैं। परन्तु सम्भव है कि कतिपय पाण्डुलिपियों में इनके भिन्न पाठ भी मिल सकें।

(ख) संहिताओं में कहीं कहीं पदादि त् से पूर्व आने वाले पदान्तीय न् का स् बन जाता है और उससे पूर्व स्वर अनुनासिक हो जाता है[११], यथा— आवर्दन् + त्वम् = आवर्दुंस्त्वम् (ऋ० २ ४३, ३) अस्मान् + ते = अस्माँस्ते (वा० सं० १० ११) तान् + ते = ताँस्ते (ऋ० १ ६१ ५)। कहीं-कहीं उससे पूर्व स्वर अनुनासिक नहीं होता और न् का अनुस्वार बन जाता है (टि० ९५)।

ऋ० प्रा० (टि० ९९ग) में परिगणित पाँच रूपों से अन्यत्र आने वाला पदान्तीय न् पदादि त् से पूर्व ऋ० में अविकृत रहता है[११] यथा— त्वाशुन् रसनौ (ऋ० १ ३० १८)। तै० सं० के केवल ३१ उदाहरणों में पदादि त् से पूर्व आने वाले पदान्तीय न् का स् बनता है और शेष लगभग १०० उदाहरणों में एसा न् अविकृत रहता है। वा० प्रा० ने कुछ शब्दों की परिगणना की है जिनका पदान्तीय न् पदादि त् से पूर्व वा० सं० में अविकृत रहता है[१०]। अ० प्रा० ने भी ऐसे शब्दों के रूपों का उल्लेख किया है जिनका पदान्तीय न् पदादि त् से पूर्व अविकृत रहता है[१०९]। संहिताओं में मिलने वाले उदाहरणों के विश्लेषण से स्पष्ट है कि अधिकतर पुंल्लिङ्ग की प्रथमा के एकवचन और द्वितीया के बहुवचन (तान् आदि) का पदान्तीय न् पदादि त् से पूर्व स् बनता है और न्त् प्र० पु० ब० (अभवन् आदि) तथा नकारान्त पदों की सप्तमी और सम्बोधन एकवचन (राजन् आदि) का पदान्तीय न् त् से पूर्व प्रायेण अविकृत रहता है। यह माना जाता है कि व्युत्पत्ति के विचार से तान् इत्यादि रूपों का पदान्तीय वर्ण मूलतः स् था (यथा— तान्स्) जब कि अभवन् इत्यादि रूपों का पदान्तीय वर्ण मूलतः त् रहा होगा (यथा— अभवन्त्)।

उत्तरकालीन संस्कृतवाङ्मय में पदादि त् से पूर्व पदान्तीय न् का स् बनाने की प्रवृत्ति उत्तरोत्तर बढ़ती गई और सम्बोधन

आदि के पदान्तीय न् को भी यही सन्धि-विकार होने लगा; यथा—चक्रिँश्चायस्व[६७ग]।

(भ) पदादि प् से पूर्व आने वाले पदान्तीय न् की सन्धि के सम्बन्ध में अनेक मत मिलते हैं। ऋ० प्रा० के अनुसार, निम्नलिखित उदाहरणों में पदादि प् से पूर्व आने वाले पदान्तीय न् का विसर्जनीय बन जाता है और पूर्ववर्ती स्वर का अनुनासिक हो जाता है[६८]; यथा— नॄन् + पतिभ्यः = नॄँः पतिभ्यः (ऋ० प्रा० पृ० १५७; तै० ब्रा० ३,६,२; का० स० १५,१३); नॄन् + प्रणेत्रम् = नॄँः प्रणेत्रम् (ऋ० प्रा० पृ० १५७; तै० ब्रा० ३,६,२); नॄन् + पात्रम् = नॄँः पात्रम् (ऋ० १, १२१, १); नॄन् + पाहि = नॄँः पाहि (ऋ० ८, ८४,३); स्वर्तवान् + पायुः = स्वर्तवाँः पायुः (ऋ० ४, २, ६)। उपर्युक्त उदाहरणों से अन्यत्र ऋ० में पदान्तीय न् पदादि प् से पूर्व अविकृत रहता है[६९]; यथा— रक्षा नॄन्पाह्यसुर त्वमस्मान् (ऋ० १, १७४, १)। वा० प्रा० का मत है कि पदादि पकार से पूर्व नॄन् का पदान्तीय न् विसर्जनीय में परिणत हो जाता है और उपधा के स्वर का अनुनासिक हो जाता है[७०], यथा— नॄँ: पाहि (वा० सं० १२, ५२)। पाणिनि के मतानुसार, पदादि पकार से पूर्व नॄन् का पदान्तीय न् और पायुः के पकार से पूर्व स्वर्तवान् का न् 'रु' में परिणत हो जाता है[७१]; फिर 'रु' का विसर्जनीय और उपधा के स्वर का अनुनासिक (और अनुनासिक न होने पर अनुस्वार का आगम) हो जाता है (दे० टि० ६३ ग)। पाश्चात्य विद्वानों के मतानुसार जो पदान्तीय न् व्युत्पत्ति के विचार से मूलतः न्स् का प्रतिनिधित्व करता है, वह पदादि प् से पूर्व अनुस्वार-विसर्जनीय (mh) में परिणत हो जाता है[७२]। मै० सं० के कुछ उदाहरणों में नॄन् का पदान्तीय न् पदादि प् से पूर्व ष् में परिणत हो जाता है और उपधा का स्वर अनुनासिक बन जाता है; यथा— नॄँष्पाहि (मै० सं० २, १३, ११), नॄँष्प्रणेत्रम् (मै० सं० ४, १३, २), नॄँष्पतिभ्यः (मै० सं० ४, १३, २)।

(ञ) पदादि स् से पूर्व आने वाला पदान्तीय न् प्रायेण अविकृत रहता है। परन्तु कतिपय आचार्यों के मतानुसार, पदान्तीय न् और पदादि स् के

मध्य त् का आगम हो जाता है[1] यथा—तान् + सम् = तान्त्सम् (ऋ० २ १,१५) अहन् + सहसा = अहन्त्सहसा (ऋ० १,८०,१०) अहन् + समाने = अहन्त्समाने (ऋ० १ ६९ ८)। तकार के आगम का प्रयोग संहिताओं में बहुलता से मिलता है। कतिपय विद्वानों का मत है कि अहन् प्रभृति क्रियारूपों के न् के पश्चात् आने वाला तकार वस्तुतः क्रिया पद अहन्त् का अवयव होने के कारण आता था परन्तु कालान्तर में अनुकृति के कारण अन्य रूपों के पश्चात् भी पदादि स से पूर्व तकार का आगम किया जाने लगा।

७ पदान्तीय म्

५३ (क) स्वरों से पूर्व आने वाला पदान्तीय म् अविकृत रहता है, यथा— अग्निम् + ईळे = अग्निमीळे (ऋ० १ १,१)। परन्तु पाश्चात्य विद्वानों के मतानुसार कतिपय वैदिक उदाहरणों में स्वर से पूर्व पदान्तीय म् का लोप हो कर परवर्ती स्वर और म् का उपधा के स्वर में सन्धि हो गई है[2] यथा— दुर्गहैतत् (ऋ० ४ १८ ७) = दुर्गहम् + एतत् सुवननो भयङ्करम् (ऋ० ८ १ ७) = सुवननम् + उभयङ्करम् वाचोत (ऋ० ६,४८ ४) = वाचम् + उत सवनेदम् (तै० सं० १ ४ ४४ २) = सवनम् + इदम् (वा० सं० ८ १८ में इदं सवनम्' प्रयोग मिलता है)। यह स्वीकार करते हुए भी कि पदपाठ के अनुसार इनमें पदान्तीय म् नहीं है अपितु पदान्तीय था है पाश्चात्य विद्वान् इनमें पदान्तीय म् मानते हैं। और वे कहते हैं कि छन्दःपरिमाण से ही इस सन्धि का ज्ञान होता है, इस लिये लिखित संहिता में इस सन्धि का अभाव होने पर भी छन्दःपरिमाण से कहीं-कहीं इस सन्धि के अनुसार उच्चारण करना चाहिए, यथा— राष्ट्रमिद" (अ० १२ १,५) का उच्चारण राष्ट्रेद करना चाहिए। अथर्वप्रातिशाख्य के अनुसार अ० के कतिपय प्रयोगों में –आकम् के म् का लोप हो जाता है और फिर स्वरसंधि हो जाती है[3] यथा— अस्माकम् + अर्यांय = अस्माकार्यांय (अ० १ ७,६) अस्माकम् + इदम् = अस्माकेदम् (अ० ३ २४ ४) अस्माकम् + ऊती = अस्माकूती (अ० ७ ७७ १)। दे० अनु० १६३।

(ख) ऋ० प्रा० तथा वा० प्रा० के अनुसार, पदादि र् श् ष् स् ह् से पूर्व पदान्तीय म् का अनुस्वार बन जाता है[७५]; यथा— होतारम् + रत्नधातमम् = होतारं रत्नधातमम् (ऋ० १,१,१); वर्धमानम् + स्वे = वर्धमानं स्वे (ऋ० १,१,८), मित्रम् + हुवे = मित्रं हुवे (ऋ० १,२,७)। तै० प्रा० का मत है कि र् श् ष् स् ह् से पूर्व म् का लोप हो जाता है और उपधा के स्वर का अनुनासिक बन जाता है[७६]; यथा— प्रत्युष्टम् + रक्षः = प्रत्युष्टँ रक्षः (तै० सं० १,१,२,१); सम् + शितम् = सँ शितम् (तै० सं० ५,१,१०,२) तम् + षट् = तँ षट् (तै० सं० ५,५,२,६); स्वम् + हु = स्वँ हु (तै० सं० २,६,११,१)। तै० प्रा० ने अन्य आचार्यों के मत का भी उल्लेख किया है जिसके अनुसार म् का लोप होने पर उपधा का स्वर अनुनासिक नहीं बनता है और उसके पश्चात् अनुस्वार का आगम होता है (दे० टि० ७६)। परन्तु मुद्रित तै० सं० में पहले मत का अनुसरण करते हुए उपधा के स्वर का अनुनासिक रूप दिखलाया गया है।

अ० प्रा० तथा कतिपय अन्य आचार्यों के मतानुसार, र् श् ष् स् ह् के अतिरिक्त य् व् ल् से पूर्व भी पदान्तीय मकार का लोप हो कर उपधा के स्वर का अनुनासिक बन जाता है[७७]। पाश्चात्य विद्वानों का मत है कि अनुस्वार का प्रयोग मूलतः श् स् ष् ह् से पूर्व ही होता था और र् से पूर्व म् अविकृत रहता था, जैसा कि सम्राज् शब्द में प्रयुक्त म् से स्पष्ट है[७८]। अनुस्वार का प्रयोग-क्षेत्र निरन्तर बढ़ता चला गया और कालान्तर में सभी व्यञ्जनों से पूर्व और अनुनासिक स्पर्शों के स्थान पर भी अनुस्वार का प्रयोग किया जाने लगा। सभी व्यञ्जनों से पूर्व पदान्तीय म् को अनुस्वार का आदेश करके पाणिनि ने भी अनुस्वार के बढ़ते हुए प्रयोग को प्रोत्साहन प्रदान किया[७९]।

विशेष— संहिताओं के कतिपय उदाहरणों में पदादि व्यञ्जन से पूर्व ईम् के पदान्तीय म् का लोप हो जाता है[८०], यथा— सम् + ईम् + गावः = समी गावः (ऋ० ६,७२,६), ईम् + मन्द्रासु = ईमन्द्रासु (तै० सं० ४,१,८,२)।

द्वितीयोऽध्यायः

(ग) अधिकतर प्रातिशाख्यों के अनुसार पदादि य् व् ल् से पूर्व आने वाला पदान्तीय म् क्रमश यँ् वँ् लँ् में परिणत हो जाना चाहिए[८१], यथा—यम्ऽर्यम् + युजम् = यँय्यँ् युजम् (ऋ० २ २५ १) तम् + व् = तव्ँ (ऋ ६,४८ १४) भद्रा + व्याम् + लक्ष्मी = भद्रैषाल्ँलक्ष्मी (ऋ १०,७१ २)। अ० प्रा० के अनुसार य् व् से पूर्व आने वाले पदान्तीय म् का लोप हो कर उपधा के स्वर का अनुनासिक हो जाता है (दे टि ७७)। इसी प्रातिशाख्य के मतानुसार, ल् से पूर्व आने वाले पदान्तीय म् का लँ् बन जाता है (दे० टि० ६०)। तै० प्रा० में उद्धृत कतिपय आचार्यों के मत के अनुसार पदादि य् व् से पूर्व आने वाला पदान्तीय म् क्रमश यँ् वँ् में परिणत नहीं होता है[८२] और इनसे पूर्व म् का लोप हो कर उपधा का स्वर उसी प्रकार अनुनासिक (या अनुनासिक न बनने पर अनुस्वार का आगम) होता है जैसे कि पदादि र् से पूर्व (दे० टि० ७६)। यद्यपि प्रातिशाख्यों के भाष्यों में दिये गये उदाहरणों में और कतिपय पाण्डुलिपियों तथा मुद्रित ग्रन्थों में य् व् ल् से पूर्व आने वाले म् के स्थान पर क्रमश यँ् वँ् लँ् लिखा जाता है तथापि अधिकतर ग्रन्थों में इनसे पूर्व आने वाले पदान्तीय म् के स्थान पर प्रायेण अनुस्वार लिखा जाता है और कहीं-कहीं उपधा के स्वर का अनुनासिक लिखा जाता है।

(घ) पाणिनि के मतानुसार जिस पदादि ह् से परे म् हो उस से पूर्व पदान्तीय म् का म् ही रहता है और जिस ह् से परे न् हो उस से पूर्व पदान्तीय न् का न् बन जाता है और इस सम्बन्ध में एक वार्तिक भी है— 'जिस पदादि ह् से परे य् व् ल् हो उस से पूर्व आने वाला पदान्तीय म् विकल्प से क्रमश यँ् वँ् लँ् में परिणत हो जाता है''[८३]। काशिका तथा सि० कौ० में इस सन्धि के निम्नलिखित उदाहरण दिये गये हैं— किम् ह्मलयति किन् ह्नुते किर्यँ ह्य, किव्ँ ह्वलयति, किल्ँ ह्लादयति। परन्तु प्रातिशाख्यों में इस सन्धि नियम का कोई उल्लेख नहीं है और वैदिकसंहिताओं तथा ब्राह्मणग्रन्थों में मुझे इस सन्धि का कोई उदाहरण नहीं मिला है। वैदिक वाङ्मय में प्रातिशाख्यों के नियमानुसार होने वाली सन्धि के उदाहरण मिलते हैं।

(ङ) स्पर्श से पूर्व आने वाला पदान्तीय म् उस स्पर्श के वर्ग का पञ्चम वर्ण बन जाता है[८४]; यथा—भद्रम् + करिष्यसि =भद्रङ्करिष्यसि (ऋ० १,१,६), अहम् + च = अहञ्च (ऋ० ८, ६२,११), भद्रम् + नः =भद्रन्नः (ऋ० १०, २०, १)। परन्तु अधिकतर पाण्डुलिपियों तथा मुद्रित संहिताओं में इस सन्धि-नियम का पालन नहीं किया गया है और अनुनासिक स्पर्श के स्थान पर अनुस्वार का प्रयोग मिलता है, यथा— भद्रं करिष्यसि। अनुनासिक स्पर्श के स्थान पर अनुस्वार का प्रयोग करने की प्रवृत्ति को पाणिनि से भी प्रोत्साहन मिला है (दे० टि० ७६)।

८. पदादि स्

५४. (क) जैसा कि हम पहले बतला चुके हैं (दे० अनु० ५१ ख), पदान्तीय ङ् से परे पदादि स् आने पर इन के मध्य क् का आगम होता है। यदि पदादि स् से पूर्व पदान्तीय ट् न् आए, तो ट् न् के पश्चात् त् का आगम होता है[८५]; यथा— वषट् + स्वाहा = वषट्त्स्वाहा (तै० सं० ७, ३, १२); अप्राट् + सः = अप्राट्त्सः (ऋ० १०, ३२, ७)। उवट ने ऋ० प्रा० के भाष्य में उद्धृत इसी उदाहरण में 'सः' से पूर्व त् का आगम दिखलाया है, परन्तु मैंने ऋ० के जितने मुद्रित संस्करण देखे हैं उन में से किसी में भी त् का आगम नहीं दिखलाया गया है।

(ख) ऋ० में 'चित्' के पदान्तीय त् से परे आने वाले 'स्कम्भनेन' के पदादि स् का लोप हो जाता है[८६], यथा— चित् + स्कम्भनेन = चित्कम्भनेन (ऋ० १०, १११, ५)।

(ग) प्रातिशाख्यों के अनुसार उद् उपसर्ग से परे आने वाले स्था तथा स्तम्भ् धातुओं के आदि स् का लोप हो जाता है[८७]; यथा— मा + घोषा + उत् + स्थुः = मा घोषा उत्थुः (अ० ७,५२,२); उत् + स्तभान = उत्तभान (वा० सं० १७, ७२); उत् + स्थिताय = उत्थिताय (तै० सं० ७,१, १९, ३), उत् + स्थितम् = उत्थितम् (ऋ० १०, १४९, २)। परन्तु ऋ० के पदपाठ में उद् उपसर्ग तथा स्थितम् के बीच अवग्रह नहीं दिखलाया गया है और केवल 'उत्थितम्' रूप दिखलाया गया है। इसी

प्रकार उत्तंभिता' (=उद् + स्तुभिता ऋ० १० ८५,१) में भी उपसर्ग तथा धातु के मध्य अवग्रह नहीं दिखलाया गया है और पदपाठ में संहितापाठ ज्यों का त्यों दिखलाया गया है। ऋ० प्रा० में भी इस सन्धि का विधान नहीं है। प्रातिशाख्यों के सिद्धान्त से भिन्न सिद्धान्त का प्रतिपादन करते हुए पाणिनि स्था तथा स्तम्भ धातुओं के आदि स् का लोप न करके इसे उद् उपसर्ग के द् का सवर्ण अर्थात् थ् बनाता है और पुनः इस थ् का वैकल्पिक लोप करता है[८८]। परन्तु संहिताओं में इस प्रकार के आदि सकार का स्थल लोप मिलता है। वार्तिककार के मतानुसार छन्दस प्रयोग तथा रोगवाचक शब्द में उत्- उपसर्ग से परे आने वाले स्कन्द् धातु के आदि स् का पूर्वसवर्ण आदेश अर्थात् थ् हो जाता है[८९]। काशिकावृत्ति में इन दोनों प्रयोगों के निम्नलिखित उदाहरण दिये हैं— अग्ने दूरमुत्कन्द उत्कन्दको नाम रोग। परन्तु महाभाष्य में अग्ने दूरमुत्कन्द पाठ मिलता है। वैदिक वाङ्मय में उत्कन्द' का कोई प्रयोग नहीं मिला है। वार्तिक द्वारा विहित छन्दस्युपसङ्ख्यानम्' नियम का आधार मृग्य है।

९ पदान्तीय विसर्जनीय

५५. हम पहले (अनु० ३४) बतला चुके हैं कि प्रातिशाख्यों के अनुसार र् तथा स् पदान्त में नहीं मिलते हैं और ऊष्म तथा अन्तस्थ वर्णों में से केवल विसर्जनीय पदान्त में आता है (दे० टि० ७)। कुछ विशेष परिस्थितियों में पदान्तीय विसर्जनीय र् स् प्रभृति वर्णों में बदल जाता है। पदपाठ में प्रातिशाख्यों के इसी पदान्तीय नियम का पालन किया गया है। अत एव हम पहले प्रातिशाख्यों के मतानुसार पदान्तीय विसर्जनीय की सन्धि का वर्णन करेंगे और उसके पश्चात् यथास्थान पाणिनि तथा पाश्चात्य विद्वानों के मतों का परिचय देंगे।

अघोष व्यञ्जनों से पूर्व पदान्तीय विसर्जनीय

(क) क् ख् से पूर्व आने वाला पदान्तीय विसर्जनीय जिह्वामूलीय में और प् फ् से पूर्व आने वाला उपध्मानीय में परिणत हो जाता है या विकल्प से अविकृत रहता है[९०] यथा—विष्णोः + कर्माणि = विष्णोꣳकर्माणि

अथवा विष्णोःकर्माणि (ऋ० १,२२, १९), इन्द्र+पञ्च= इन्द्र×पञ्च अथवा इन्द्र. पञ्च (ऋ० १,७,९)। मुद्रित संहिताओं में जिह्वामूलीय तथा उपध्मानीय का प्रयोग लुप्तप्राय है और क् ख् प् फ् से पूर्व विसर्जनीय ही मिलता है[११]।

विशेष— पदपाठ तथा ऋ० प्रा० (४,८०) के अनुसार, वैदिक प्रयोग "अदो पितो" (ऋ० १,१८७,७= पपा०—अदः+ पितो इति), में प् से पूर्व विसर्जनीय का ओ माना जाता है। परन्तु अनेक पाश्चात्य विद्वानों के मतानुसार, अदो में अद+उ की सन्धि है और इसमें अदस् रूप नहीं है[११क]।

(ख) जिस पदादि क् त प् के तुरन्त पश्चात् श् ष् स् आए, उससे पूर्व आने वाला पदान्तीय विसर्जनीय अविकृत रहता है[११], यथा—घनाघनः क्षोभणः (तै० सं० ४,६,४,१); शतं त्सरुः त्सरत् (ऋ० ८,१,११), द्भिः प्सायात् (श० ब्रा० ३.५,४,२४)। पाश्चात्य विद्वानों के मतानुसार, वैदिक प्रयोग "अध क्षरन्ती." (ऋ० ७,३४,२) में क्ष से पूर्व विसर्जनीय का लोप हुआ है[१२क], क्योंकि पं० ब्रा० (१,२,९,६,६,१७) में इसी मन्त्र का पाठ "अध· क्षरन्तीः" मिलता है। परन्तु इस मन्त्र के पदपाठ में केवल "अध" पद माना गया है।

(ग) संहिताओं में कतिपय विशिष्ट शब्दों के आदि में आने वाले क् प् से पूर्व कुछ शब्दों का पदान्तीय विसर्जनीय स् में परिणत हो जाता है: और यदि ऐसे स् से पूर्व अ आ से भिन्न स्वर (इ ई उ ऊ इत्यादि) हो, तो स् का ष् बन जाता है। प्रातिशाख्यों मे ऐसे शब्दों की परिगणना की गई है[१२]। ऋ० प्रा० (४,४१) में इस सन्धि के लिये उपाचरित संज्ञा का प्रयोग किया गया है। उपाचरित-सन्धि के कुछ प्रमुख उदाहरण निम्नलिखित है— दिवः + परि = दिवस्परि (ऋ० १,१२१,१०), पत्नीवतः + कृधि= पत्नीवतस्कृधि (ऋ० १,१४,७); मातुः + पदे= मातुष्पदे (ऋ० ४,५,१०); द्यौः+ पिता= द्यौष्पिता (ऋ० ४,१,१०; अ० ३,९,१), मनुः+ पिता= मनुष्पिता (ऋ० १,८०,१६)। प्रायेण सभी संहिताओ के समासों में उपाचरित-सन्धि नियमपूर्वक होती है[१४]; यथा— परः+ पा= परस्पा, आयुः+ पा= आयुष्पा, दुः + कृत= दुष्कृत, नमः+ कारेण= नमस्कारेण। परन्तु कतिपय समासो मे, जिनका पूर्वपद श्रेयः, सुधः, छन्दः, अन्तः

इत्यादि हो, क् प् से पूर्व आने वाला विसर्जनीय अविकृत रहता है (दे टि० ९४) यथा— श्रेयं कत (अ० ५ २० १०) सुव श्री (अ ११ ७ १०) छन्द पक्षे (अ० ८ ९, १२) श्रुत पात्रे (अ ११ ९ १५) हुत प्रदानम् (तै स० ३ २ ९ ७) बहि परिधि (त० स० २ ६, ६, २) बहि प्राण (तै० स ६, १ १, ४) पुर प्रस्त्रवणा (ऋ० ८ १० ९)।

विशेष— पूपति स्वर्पति अहुपति तथा वार्काय समासों में प क से पूर्व रिफित विसर्जनीय का र् बनता है[५४क]। रिफित विसर्जनीय के लिए देखिये अनु० ५६। परन्तु मा में स्वं पति रूप भी मिलता है।

(घ) श् छ और स् से पूर्व आने वाला पदान्तीय विसर्जनीय क्रमश श् और स में परिणत हो जाता है[५५] यथा— देवा + चक्रुम = देवाश्चक्रुम (ऋ १०, ९७, १२)[५५क] अस्रीवय + छन्द = अस्रीवयश्छन्द (वा स १४, १८) य + ते = यस्ते (ऋ १, ४ ४) देवा + तम् = देवास्तम् (ऋ० ६, ७५ १९)।

विशेष— ऋ प्रा० के अनुसार वैदिक प्रयोग 'मो चित्' (ऋ १, १९१, १० इत्यादि) में च् से पूर्व विसर्जनीय का ओ बन गया है[५६] परन्तु पाश्चात्य विद्वानों के मतानुसार इस सन्धि म निम्नलिखित पद है कि— म+उ+चित् = मो चित्। ऋ प्रा ४ ४० के अनुसार, वदिक प्रयोग आवृतम (ऋ० १ १२ ४ = पपा०— आव + तम) म त् से पूर्व विसर्जनीय का र् बन गया है। आव् में रिफित विसर्जनीय है (दे टि १००)। परन्तु पाश्चात्य विद्वानों का मत यह है कि— आवृतम = आवृत (√वृ का लु० प्र पु० ए) + तम[५७]। यद्यपि च् से पूर्व रिफित विसर्जनीय का साधारणतया श् बन जाता है यथा— पूर्श (ऋ १ १८९ २) तथापि स्वचक्षा और स्वचना में स का र् बनता है[५८]। पदान्तीय विसर्जनीय के साथ पदादि श् ट द् की सन्धि संहिताओं में नहीं मिलती है।

(ङ) अ आ से भिन्न स्वर के पश्चात् आने वाले पदान्तीय विसर्जनीय से बना

हुआ स् कतिपय तकारादि शब्दों से पूर्व ष् मे परिणत हो जाता है और उस के परिणामस्वरूप परवर्ती त् का ट् बन जाता है। स् के मूर्धन्यत्व के सम्बन्ध मे विस्तृत विवेचन आगे (अनु० ६१-६५) देखिये। यहा पर केवल इतना कहना पर्याप्त होगा कि समासों मे और सर्वनामो से बने तकारादि रूपों से पूर्व स् का मूर्धन्यत्व सभी सहिताओं में नियमपूर्वक होता है और ऋ० मे इन से भिन्न अवस्थाओ मे भी होता है[९७ख]; यथा—दुस् (दुः) + तरः = दुष्टरः (ऋ० ३, २४, १)[९७ग], बृहस्पतिस् (बृहस्पतिः) + त्वा = बृहस्पतिष्ट्वा (वा० सं० ४, २१)।

(च) श् ष् स् से पूर्व आने वाला पदान्तीय विसर्जनीय परवर्ती ध्वनि (अर्थात् श् ष् स्) में परिणत हो जाता है या विकल्प से विसर्जनीय ही रहता है[९८]; यथा—वः + शिवतमः = वश्शिवतम अथवा वः शिवतमः (ऋ० १०, ९,२), देवीः + षट् = देवीष्षट् अथवा देवीः षट् (ऋ० १०,१२८,५); नः + सपत्नाः = नस्सपत्नाः अथवा नः सपत्नाः (ऋ० १०,१२८,९); पुनः + सम् = पुनस्सम् अथवा पुनः सम् (ऋ० २, ३८, ४) । सहिताओ की पाण्डुलिपियों और मुद्रित ग्रन्थो मे श् ष् स् से पूर्व प्रायेण विसर्जनीय ही मिलता है।

विशेष—(१) कतिपय समासो मे पूर्वपद का रिफित विसर्जनीय (दे० अनु० ५६) उत्तरपद के स् से पूर्व र् बन जाता है और उत्तरपद के स् का मूर्धन्य हो जाता है[९९]; यथा— धूर्षदम् (ऋ० १०, १३२, ७; पपा०—धूःऽसदम्), स्वर्षाम् (ऋ० १,९१,२१; पपा०— स्वःऽसाम्); धूर्षाहौ (=धू + साहौ, तै० सं० १,२,८,२, वा० सं० ४,३३), वनर्षदम् (ऋ० १०,१३२,७; पपा०— वनऽसदम्)[९९क], आशीर्षदया (तै० सं० ६,२,९,४)[९९ख]।

(२) वैदिक प्रयोग "परीतो षिञ्चता" (ऋ० ९,१०७,१, पपा०—परि। इतः। सिञ्चत) मे ऋ० प्रा० (५, १७) के अनुसार विसर्जनीय का ओ बनता है[९९ग]।

(छ) यदि पदादि श् ष् स् के तुरन्त पश्चात् अघोष स्पर्श आए, तो इस प्रकार के श् ष् स् से पूर्व आने वाले पदान्तीय विसर्जनीय का लोप हो जाता

इत्यादि हो, क् प् से पूर्व आने वाला विसर्जनीय अविकृत रहता है (? टि० ९४) यथा— श्रेयं कत (अ० ५ ३० १०) सुत्र श्री (अ ११ ७१०) छन्दःपक्षे (अ० ८,९,१२) अन्तःपात्रे (अ ११ ९ १५) हुत प्रदानम् (तै० म० ३ २ ९ ७) यदि परिधि (त० स २ ६,६,२) वहि प्राण (तै० स० ६,१ १,४) पुरःप्रसवणा (ऋ० ८ १०० ९)।

विशेष— पूपतिं स्वर्पतिं अहुपतिं तथा वाक्रोध समासों में प क् से पूर्व रिफित विसर्जनीय का र् बनता है[५८]। रिफित विसर्जनीय के लिए देखिए अनु० ५८। परन्तु सा म स्व पति रूप भी मिलता है।

(घ) च छ और त् से पूर्व आने वाला पदान्तीय विसर्जनीय क्रमश श् और स में परिणत हो जाता है[५] यथा— देवा + चक्रम = देवाश्चक्रम (ऋ १०, ९७, १२)[५९] अस्मीयम + छन्दं = अस्मीयश्छन्दं (वा स १४, १८) य + ते = यस्त (ऋ० १, ४ ४) देवा + तम् = देवास्त (ऋ० ६ ७५ १९)।

विशेष— ऋ प्रा० के अनुसार वैदिक प्रयोग 'सो चित्' (ऋ १, १९१, १० इत्यादि) में च् से पूर्व विसर्जनीय का ओ बन गया है[६१] परन्तु पाश्चात्य विद्वानों के मतानुसार इस सन्धि में निम्नलिखित पद है[६२]— स+उ+चित् = सो चित्। ऋ प्रा० ४ ४० के अनुसार, वैदिक प्रयोग 'आवृतम (ऋ १ ९२ ४ = पपा०— आवः + तमं) में त् से पूर्व विसर्जनीय का र् बन गया है। आवः में रिफित विसर्जनीय है (दे टि १०७)। परन्तु पाश्चात्य विद्वानों का मत यह है कि— आवृतम = आवृर् (√वृ का लु० प्र पु० ए) + तमं। यद्यपि च् से पूर्व रिफित विसर्जनीय का साधारणतया श् बन जाता है यथा— पूर्श (ऋ १ १८९ २) तथापि स्वचक्षा और स्वचना में इस का र् बनता है[६३]। पदान्तीय विसर्जनीय के साथ पदादि थ् ट् ठ् का सन्धि संहिताओं में नहीं मिलता है।

(ङ) अ आ से भिन्न स्वर के पश्चात् आने वाले पदान्तीय विसर्जनीय से वर्ग

हुआ स् कतिपय तकारादि शब्दों में पूर्व ष् में परिणत हो जाता है और उस के परिणामस्वरूप परवर्ती त् का ट् बन जाता है। स् के मूर्धन्यत्व के सम्बन्ध में विस्तृत विवेचन आगे (अनु० ६१-६५) देखिये। यहाँ पर केवल इतना कहना पर्याप्त होगा कि समासों में और सर्वनामों से बने तकारादि रूपों से पूर्व स् का मूर्धन्यत्व सभी संहिताओं में नियमपूर्वक होता है और ऋ० में इन से भिन्न अवस्थाओं में भी होता है[९७ख]; यथा—दुस् (दु.) + तरः = दुष्टरः (ऋ० २, २४, १)[९७ग]; बृहस्पतिस् (बृहस्पतिः) + त्वा = बृहस्पतिष्ट्वा (वा० सं० ४, २१)।

(च) श् ष् स् से पूर्व आने वाला पदान्तीय विसर्जनीय परवर्ती ध्वनि (अर्थात् श् ष् स्) में परिणत हो जाता है या विकल्प से विसर्जनीय ही रहता है[९८]; यथा—वः + शिवतमः = वश्शिवतमः अथवा वः शिवतमः (ऋ० १०, ९,२); देवीः + षट् = देवीष्षट् अथवा देवीः षट् (ऋ० १०,१२८,५); नः + सपत्नाः = नस्सपत्नाः अथवा नः सपत्नाः (ऋ० १०,१२८,९), पुनः + सम् = पुनस्सम् अथवा पुनः सम् (ऋ० २, ३८, ४) । संहिताओं की पाण्डुलिपियों और मुद्रित ग्रन्थों में श् ष् स् से पूर्व प्रायेण विसर्जनीय ही मिलता है।

विशेष—(१) कतिपय समासों में पूर्वपद का रिफित विसर्जनीय (दे० अनु० ५६) उत्तरपद के स् से पूर्व र् बन जाता है और उत्तरपद के स् का मूर्धन्य हो जाता है[९९]; यथा— धूर्षदम् (ऋ० १०, १३२, ७; पपा०—धूःऽसदम्), स्वर्षाम् (ऋ० १,९१,२१; पपा०— स्वःऽसाम्); धूर्षाहौ (=धूः + साहौ, तै० सं० १,२,८,२, वा० सं० ४,३३), वनर्षदम् (ऋ० १०,१३२,७; पपा०— वनऽसदम्)[९९क], आशीर्षदया (तै० सं० ६,२,९,४)[९९ख]।

(२) वैदिक प्रयोग "परीतो षिञ्चता" (ऋ० ९,१०७,१; पपा०—परि। इतः। सिञ्चत) में ऋ० प्रा० (५, १७) के अनुसार विसर्जनीय का ओ बनता है[९९ग]।

(छ) यदि पदादि श् ष् स् के तुरन्त पश्चात् अघोष स्पर्श आए, तो इस प्रकार के श् ष् स् से पूर्व आने वाले पदान्तीय विसर्जनीय का लोप हो जाता

है।[७०] यथा— मन्दिर्भि + स्तोमेभि = मन्दिभि स्तोमेभि (ऋ १,९ ३) समुद्र + स्थ = समुद्र स्थ (ऋ ६ ६९, ६) मु + स्पट्= मु स्पट (ऋ० ५ ५९,१) नि (निस्) + ष्ठित (स्थित) = निष्ठित (ऋ १ १८२,७) दु (दुस) + ष्टुति (स्तुति) = दुष्टुति (ऋ १,५३,१)।

ऋ प्रा, वा० प्रा तथा त० प्रा० इस लोप का विधान करते हैं (दे० टि० १०) और ऋ प्रा० (४ ३७) में इसे अन्वक्षरवक्त्र सन्धि कहते हैं। अ० प्रा तथा पाणिनि इस सन्धि के सम्बन्ध में मौन हैं और कात्यायन ने विसर्जनीय-लोप का वैकल्पिक विधान किया है[७१]। संहिताओं की अधिकतर पाण्डुलिपियों और मुद्रितग्रन्थों में इस नियम का पालन नहीं किया गया है और विसर्जनीय का लोप नहीं दिखलाया गया है। आउफ्रेख्ट ने अपने ऋ० के सस्करण में इस नियम का पालन किया है।

(ज) कतिपय पाश्चात्य विद्वानों का मत है कि जिस श् ष् स् के तुरन्त पश्चात् अन्तस्था अथवा अनुनासिक व्यंजन आए उस श् ष् स् से पूर्व आने वाले पदान्तीय विसर्जनीय का वैकल्पिक लोप होता है[७२]। इसके लिये निम्नलिखित उदाहरण दिये जाते हैं— कृत (कृत) श्रवं (ऋ ६,५८, ३) नि (नि) स्वरम् (ऋ० ७,१,७)। यद्यपि पदपाठ के अनुसार इन दोनों उदाहरणों में श् स् से पूर्व विसर्जनीय नहीं है तथापि सायण भाष्य (वैदिक संशोधनमण्डल सस्करण) के पाठ कृत वशीकृतोऽसि" में विसर्जनीय दिखलाया गया है। मै० स० ४ १४ १६ तथा तै ब्रा २ ५,५,५ में जो कृत श्रव' पाठ मिलता है उसके आधार पर पाश्चात्य विद्वानों ने यह मत निश्चित किया है। इस सम्बन्ध में बैखूनेर (Alt Gr I Nächtrage p 194) का मत है कि ऋ का कृत' सम्बोधन का रूप है और मै० स० तथा तै० ब्रा० का कृत" प्रथमा विभक्ति के एकवचन का रूप है।

(झ) कुछ समासों में उत्तरपद के श् ष् स् से पूर्व पूर्वपद के विसर्जनीय का लोप हो जाता है और कतिपय समासों में विसर्जनीय का लोप होने पर उसकी उपधा के अ का दीर्घ हो जाता है[७३] यथा— बर्हिष्षदे (ऋ

१०,१५,३; परन्तु पपा०— घृर्णिऽस्वर्दः); धोर्अंशितः (ऋ० १०,५, २७, पपा०— धोःऽअंशितः)। पाश्चात्य विद्वान् इन उदाहरणों में विसर्जनीय का लोप मानते हैं और यह मत समुचित प्रतीत होता है। यद्यपि वा० सं० ५,८ में अयःशया, रजःशया और हरिशया रूप मिलते हैं, तथापि तै० सं १, २, ११, २ और मै० सं० १,२,७ में अयाशया, रजाशया हराशया रूप मिलते हैं।

स्वरों तथा घोष व्यञ्जनों से पूर्व पदान्तीय विसर्जनीय

५६. **रिफित विसर्जनीय**— स्वरों तथा घोष व्यञ्जनों से पूर्व आने वाले पदान्तीय विसर्जनीय की सन्धि का वर्णन करने से पूर्व यह बतलाना आवश्यक है कि प्रातिशाख्यों ने विसर्जनीय के दो मुख्य भेद किये हैं— (१) रेफी या रिफित विसर्जनीय, और (२) अरेफी या अरिफित विसर्जनीय। स्वरों या घोष व्यञ्जनों से पूर्व रेफ में परिणत होने वाले विसर्जनीय को रेफी या रिफित कहते हैं। रिफित विसर्जनीय मूलतः रेफ का प्रतिनिधि है और प्रातिशाख्यों के पदान्तीय नियम के अनुसार (दे० अनु० ३४) वह विसर्जनीय में परिणत हो जाता है। प्रातिशाख्यों ने ऐसे शब्दों की परिगणना की है जिनके अन्त में रिफित विसर्जनीय आता है (दे० टि० १०७)। अ तथा आ से भिन्न स्वर के तुरन्त पश्चात् आने वाले विसर्जनीय को भी रेफी या रिफित विसर्जनीय कहते हैं (दे० टि० १०९)। जो विसर्जनीय कभी रेफ में परिणत नहीं होता है, उसे अरेफी या अरिफित विसर्जनीय कहते हैं।

सन्धि-वर्णन की विभिन्न पद्धतियाँ—प्रातिशाख्यों का अनुकरण करते हुए मैक्डानल आदि पाश्चात्य विद्वानों ने स्वरों तथा घोष व्यञ्जनों से पूर्व आने वाले पदान्तीय विसर्जनीय का रेफ में परिवर्तन, लोप या ओकार दिखलाया है। इस सन्धि के वर्णन में पाणिनि ने एक भिन्न और मौलिक पद्धति को अपनाया है। पाणिनि ने पद के अन्त में आने वाले स् का रु् (पारिभाषिक रु) में परिवर्तन करके (८,२,६६), अघोष व्यञ्जनों (खर्) से पूर्व तथा अवसान में रेफ का विसर्जनीय बना दिया (८,३,१५), और घोष व्यञ्जनों तथा स्वरों से पूर्व उसे रेफ ही

रहन दिया है। अत एव पाणिनीय व्याकरण के अनुसार, स्वरों तथा घोष व्यञ्जनों से पूर्व न तो पदान्तीय विसर्जनीय है और न विसर्जनीय-सन्धि। पाणिनि के मतानुसार यह मुख्यतया पदान्तीय रेफ की सन्धि है। इसी लिये भट्टोजिदीक्षित प्रभृति वैयाकरणों ने इस सन्धि के लिये पृथक् प्रकरण बना कर उसे 'स्वादि-सन्धि प्रकरणम्' की संज्ञा दी है। वास्तव में पाणिनि की रेफ-सन्धि प्रातिशाख्यों की रिफित विसर्जनीय की सन्धि ही है जिसे ऋ० प्रा० (४ २७) में "रेफ-सन्धय" कहा गया है।

५७ (क) यदि अ के तुरन्त पश्चात् आने वाले अरिफित विसर्जनीय से परे अ आए, तो प्रातिशाख्यों के अनुसार उपधा के अकार (अर्थात् विसर्जनीय से पूर्व के अकार) और विसर्जनीय दोनों के स्थान पर ओ बन जाता है[१] यथा— य + अस्मै = यो अस्मै (ऋ० ८ ३१,२)। ओ के पश्चात् आने वाले अ के पूर्वरूप के लिये अनु ४४ देखिये।

(ख) इसी प्रकार जब अ के तुरन्त पश्चात् आने वाले अरिफित विसर्जनीय से परे कोई घोष व्यञ्जन आए तब उपधा के अकार तथा विसर्जनीय दोनों के स्थान पर ओ बन जाता है[२] यथा— देव + देवेभिः = देवो देवेभिः (ऋ १ १५)।

विशेष— (१) ऋग्वेदिक प्रयोग 'प्रचेता राजन्' (१ २४ १४ = प्रचेत + राजन्) में र् से पूर्व आने वाले पदान्तीय विसर्जनीय और उपधा के अ दोनों के स्थान पर आ बन गया है[२क] परन्तु वा० सं ४० ११ और तै० सं १ ५, ११ १ में 'प्रचेतो राजन्' प्रयोग मिलता है। मै सं ४ १ ४ ४ १४ १७ में 'प्रचेता राजन्' प्रयोग ही मिलता है।

(२) ऋग्वैदिक प्रयोग 'सूरे दुहिता' (१ ३४ ५ पपा०— सूर। दुहिता) के सम्बन्ध में कतिपय पाश्चात्य विद्वानों का यह मत है कि यहाँ पर विसर्जनीय और उपधा के अ दोनों के स्थान पर ए बन गया है[२ख]। परन्तु ऋ ७ ६९ ४ में 'सूरो दुहिता' प्रयोग भी मिलता है। इस लिये कतिपय विद्वान् सूरे को सप्तमी और कुछ चतुर्थी ए० का रूप मानते हैं[२ग]।

(ग) यदि अ के तुरन्त पश्चात् आने वाले अरिफित विसर्जनीय से परे अ से

भिन्न कोई भी स्वर आए, विसर्जनीय का यकार बनता है और य् का लोप हो जाता है[१०५], यथा— य॑: + इन्द्र = य इन्द्र (ऋ० ८,१२,१), इन्द्रः + एकम् = इन्द्र एकम् (वा० सं० १७, ९२)।

विशेष—(१) यदि पदान्तीय विसर्जनीय की उपधा के अ पर अनुदात्त (या अनुदात्त से बना स्वरित) हो और उस विसर्जनीय से परे अ से भिन्न सोदात्त स्वर (अच्) आए, तो मै० सं में उपधा के ऐसे अ का दीर्घ बन जाता है और उपर्युक्त नियम के अनुसार विसर्जनीय का लोप हो जाता है; यथा— दे॒वेभ्यः॑ + इन्द्रा॑य = दे॒वेभ्या॒ इन्द्रा॑य (मै० सं० १, १,१)।

(२) वैदिक प्रयोग "म॒हो आ॑दि॒त्यान्" (ऋ १०,६३,५) मे आ से पूर्व विसर्जनीय और उपधा के अ के स्थान पर ओ बन जाता है, और "पीवोपवसनानाम्" (= पीवः + उपवसनानाम् वा० सं० २१, ४३) मे विसर्जनीय का लोप हो कर पुनः गुणसन्धि हो जाती है[१०८क]।

(घ) यदि आ के तुरन्त पश्चात् आने वाले अरिफित विसर्जनीय से परे कोई भी स्वर आए, तो उपर्युक्त नियम [५७ ग] के समान विसर्जनीय का य् बन कर लोप हो जाता है (दे० टि० १०५), यथा— सु॒ताः + इ॒मे = सु॒ता इ॒मे (ऋ० १, ३, ४)। परन्तु जब इस प्रकार के विसर्जनीय से परे कोई घोष व्यञ्जन आए, तब अधिकतर प्रातिशाख्यों के अनुसार विसर्जनीय का सीधा लोप हो जाता है[१०६]; यथा— विश्वा॑ः + वि = विश्वा॒ वि (ऋ० १, ३, १२)।

५८. (क) अ अथवा आ के पश्चात् आने वाले रिफित विसर्जनीय को ओकारत्व, यकारत्व तथा लोप आदि उपर्युक्त विकार नहीं होते हैं। और उस से परे जब कोई स्वर या घोष व्यञ्जन आता है, तब वह अपने मूल-रूप रेफ में परिणत हो जाता है[१०७], यथा— प्रा॒तर् अ॒ग्नि (ऋ० ५, १८, १), पुन॑र् न॑ (ऋ० १०, ५७, ५); स्व॑र् दृ॒ह (ऋ० २, ३५, ६), वार्-अ॑वायती (ऋ० ८,९१,१)। प्रातिशाख्यो के अनुसार, इन सब उदाहरणों में पदान्तीय वर्ण रिफित विसर्जनीय है जिस का संहिता मे र् बन गया है, परन्तु पाणिनि ऐसे सब रूपों में र् ही मानता है जो स्वर तथा घोष व्यञ्जन से पूर्व अविकृत रहता है (दे० अनु० ५६)।

द्वितीयोऽध्यायः

(ख) कुछ ऐसे वैदिक प्रयोग भी मिलते हैं जिनमें रिफित विसर्जनीय का लोप अथवा ओकार हो जाता है[१०८] यथा— अक्षा + इन्दुः = अक्षा इन्दुः (ऋ० ६,३८,१ पपा०— अक्षारिति) अह + एव = अह एवा (ऋ ६ ४८,१७ पपा — अहरिति) ऊधः + रोमशम् = ऊधो रोमशम् (ऋ० ८ ३३,९) स्वः + रक्षाणा = स्वो रक्षाणा (वा० स० ११ ३३)।

५९ (क) यदि अ तथा आ से भिन्न स्वर के तुरन्त पश्चात् आने वाले पदान्तीय विसर्जनीय (जो सदा रिफित होता है) से परे स्वर या घोष व्यंजन आए तो विसर्जनीय का र् बन जाता है[१०९] यथा— ऋषिभिः + ईड्य = ऋषिभिरीड्यः (ऋ० १ १,२) अग्निः + होता = अग्निर्होता (ऋ० १,१५)।

विशेष—(१) कतिपय वैदिक प्रयोगों में पदादि स्वर से पूर्व पदान्तीय रिफित विसर्जनीय का लोप हो जाता है और फिर स्वर सन्धि हो जाती है[११०] यथा—स्वधितीव (ऋ० ५ ७ ८ पपा०— स्वधितिः ऽइव) भूम्या दद (ऋ ९ ६१ १० पपा०— भूमिः । आ। ददे)।

(२) यदि समास के पूर्वपद में दुर् हो तो कतिपय उत्तरपदों के पदादि द् ध न् से पूर्व उसका रिफित विसर्जनीय लुप्त हो कर उपधा के उ को दीर्घ बना देता है और उत्तरपद के पदादि दन्त्य को मूर्धन्य में परिणत कर देता है[१११] यथा— दुर् + दभ = दूळभ दुर् + धी = दूढी दुर् + नाश = दूणाश दुर् + दाश = दूडाश।

(ख) यदि रिफित विसर्जनीय से परे रेफ आए तो रिफित विसर्जनीय का लोप हो जाता है और उपधा के ह्रस्व स्वर का दीर्घ हो जाता है[११२] यथा— प्रातः + रत्नम् = प्राता रत्नम् (ऋ० १,१२५ १) पुनः + रूपाणि = पुना रूपाणि (अ० १ २४ ४) अग्निः + रक्षांसि = अग्नी रक्षांसि (ऋ० ७,१५ १०) रक्षः + रौद्र = रक्षो रौद्र (वा० स० २४ ३९ त स० ५ ५,१९)।

६० यदि एतद् तद् तथा स्यद् सर्वनामों के प्रथ० ए० पु० रूपों— क्रमशः एष स तथा स्य —से परे कोई व्यंजन आए, तो इनके पदान्तीय

विसर्जनीय का लोप हो जाता है[११२]; यथा— एषः + कृविः = एष कृविः (ऋ० ९,२७,१), सः + वाजी = स वाजी (ऋ० ४,३६,६), स्यः + वाजी = स्य वाजी (ऋ० ४,४०,४)। उपर्युक्त (अनु० ५७) साधारण नियम के अनुसार, अ से भिन्न स्वरों से पूर्व इन पदों के पदान्तीय विसर्जनीय का लोप हो जाता है और अ से पूर्व पदान्तीय विसर्जनीय तथा उपधा के अ के स्थान पर ओ बन जाता है; यथा— एषो अस्ति (ऋ० २,१२,५); सो अपः (ऋ० १,१०३,५)। ऋ० मे स्वरों से पूर्व स्य. का कोई प्रयोग नहीं मिलता है। अवसान में अर्थात् अर्धर्च के अन्त में आने पर इन का विसर्जनीय साधारण नियम के अनुसार अविकृत रहेगा, क्योंकि उस से परे कोई ध्वनि नही है जो विकार करे; यथा— प्रदीष्ट सः (ऋ० १, ७९, ११); चक्र एषः (ऋ० २, ४८, ४)। परन्तु मैक्डानल का यह मत पूर्णतया ग्राह्य नही है कि पाद के अन्त में इन पदों का विसर्जनीय विद्यमान रहता है[११३], क्योंकि जिस प्रथम या तृतीय पाद पर अवसान नही आता है उस के अन्त में आने वाले एषः आदि का विसर्जनीय पदादि व्यञ्जन से पूर्व अविकृत नही रहता है और लुप्त हो जाता है; यथा— एष वाचम् (ऋ० १०, ७१, ५)। मैक्डानल ने जो उदाहरण दिये हैं उन के 'स.' तथा एष. अवसान मे अर्थात् अर्धर्च के अन्त मे आते हैं। परन्तु ऋ० प्रा० ४, ९६ द्वारा निर्दिष्ट "सः पलिक्नीः" (ऋ० ५,२,४) मे तृतीय पाद के अन्त में आने वाले स. का विसर्जनीय व्यञ्जन से पूर्व भी अविकृत रहता है।

विशेष—(१) यदि सः से पूर्व नञ्समास का अ जुड़ा हो, तो व्यञ्जन परे होने पर इस के विसर्जनीय का लोप नही होता है[११४] और विसर्जनीय-सम्बन्धी साधारण नियमों के अनुसार सन्धि-विकार होता है; यथा— असः + मयोभूः = असो मयोभूः (तै० सं० ४, २, ११,३)।

(२) कतिपय वैदिक उदाहरणों मे व्यञ्जनों से पूर्व सः के विसर्जनीय का लोप नहीं होता है और कहीं कहीं इस के विसर्जनीय तथा उपधा के अकार के स्थान मे ओ और आ भी बन जाता है, और कहीं विसर्जनीय का स् भी

हो जाता है[११५] यथा— स पक्तिनी (ऋ० ५ २, ४) सो चित् (ऋ १, १९१ १०) [द्र अनु० ५५ घ] सा नु (ऋ १,१४५, १ पपा —स । नु) नुदि षमव (ऋ० ८,३३ ६ पपा —नहि। स । तव) सस्पंदीष्ट (ऋ० ३ ५, २१ पपा०— स । पुदीष्ट)।

(३) कतिपय सज्ञा सवनाम तथा अव्यया के स्वर स पूव वहाँ-वहाँ सहिताओं में स के विसर्जनीय का लोप हो जाता है और स के अ तथा परवर्ती स्वर के बीच फिर सन्धि हो जाती है[११६] यथा—स +ओषधी =सौषधी (ऋ० ८ ४३ ९) स + इष्टं = सइष्टं (ऋ २, १३ ११) स + अस्मै = सास्मै (ऋ० २ १७ ६) स + इव + उ = सद्वु (ऋ १ ३२ १५) स + इमाम् = सेमाम् (वा० स० २९ ५४ त० स ४, ६ ६, ६) स + एना + अनीकेन = सैनाऽनीकेन (त० स ४,३ १३,२ ऋ० २, ९ ६)।

अन्त पदसन्धि तथा पदसन्धि में नति
(मूधन्यभाव cerebralization)

९१ **नति** (मूधन्यभाव)—सन्धि क विवेचन में यह तथ्य विशषतया उल्लेखनीय है कि सस्कृतभाषा में मूधन्यभाव की प्रवृत्ति उत्तरोत्तर बढता गई है (द० अनु० २६)। ऋग्वेद का तुलना म उत्तरकालीन वदिक वाङ्मय म मूधन्यध्वनि वाले शब्दा का आधिक्य ह। मूधन्यध्वनि वाले वैदिक शब्द दो श्रेणियों म विभक्त किय जा सकते ह। प्रथम श्रणी में ऐसे शब्द आत ह जिन की मूर्धन्यध्वनि प्राकृत मानी जाती है। तै प्रा (१३ ८ १४) ने तै स० में मिलने वाले पाणि- गुण- कृाण- इत्यादि शब्दा का परिगणना का है जिनकी मूर्धन्यध्वनि प्राकृत'' (मौलिक) मानी जाती ह। पाश्चात्य विद्वानों के मतानुसार ऐसे वैदिक शब्द किसी अनार्यभाषा स लिये गये हैं या द्रविडसदृश किसी अनार्यभाषा के प्रभाव से इनकी मौलिक दन्त्यध्वनि का मूधन्यभाव हुआ है[११] । उत्तरकालीन सस्कृत म ऐसे शब्दों का सख्या निरन्तर बढती गई जबकि ऋग्वेद में ऐसे शब्द बहुत कम हैं। द्वितीय श्रणी में ऐसे शब्दों का समावेश है जिनकी मौलिक दन्त्यध्वनि समीपवर्ती मूधन्यध्वनि या अन्यध्वनि के प्रभाव से मूधन्य में परिणत हो गई है। इस मूर्धन्यभाव के लिये

प्रातिशाख्यो मे नति संज्ञा का प्रयोग मिलता है। समानपद मे रहने वाले वर्ण के प्रभाव से जो मूर्धन्यभाव होता है उसका वर्णन अन्त-पदसन्धि के अन्तर्गत माना जाता है। और भिन्न पद में रहने वाले वर्ण के प्रभाव से जो मूर्धन्यभाव होता है उसका समावेश पदसन्धि में किया जाता है। इस सम्बन्ध मे यह बात ध्यान रखने योग्य है कि मूर्धन्यभाव का प्रमुख स्थान अन्तःपदसन्धि मे ही है और पदसन्धि में होने वाला मूर्धन्य-भाव केवल अपवादरूप में मिलता है। इस लिये हम पहले अन्तःपदसन्धि की नति का वर्णन करेंगे और उसके पश्चात् पदसन्धि की नति पर विचार करेंगे।

अन्तःपदसन्धि में नति

६२. (क) त् थ द् ध् का मूर्धन्यभाव— यदि समानपद मे मूर्धन्य से परे त् थ् द् ध् आए, तो इनका क्रमशः ट् ठ् ड् ढ् बन जाता है[११८]; यथा— पिष् + त = पिष्ट, निः + स्थित = निष्ठित (धातु के स् के मूर्धन्यभाव के लिये दे० अनु० ६४), अव्-इष् + धि = अविड्ढि (लौ० म० ए०)।

(ख) न् का ण्—समानपद में ऋ ॠ र् ष् से परे न आने पर न् का ण् बन जाता है[११९], यथा— नृ+नाम् = नृणाम्, पितृ+नाम्=पितृणाम्; पूर्+न=पूर्ण, उष् + न = उष्ण, पूष्ण। न् और मूर्धन्यभाव करने वाले वर्ण के मध्य स्वर, कवर्ग, पवर्ग, अनुस्वार तथा य् र् व् ह् में से किसी वर्ण के आने पर भी न् का ण् हो जाता है[१२०], यथा— अर्केण, गृभ्णाति।

अपवाद — परन्तु यदि न् और मूर्धन्यभाव करने वाले वर्ण के मध्य उपर्युक्त वर्णों से भिन्न कोई वर्ण आए, तो न् का ण् नही बनता है[१२१], यथा— रथिने, अर्दयमान.। जिस न् के साथ कोई स्पर्श व्यञ्जन (त् थ् द् आदि) संयुक्त हो उसका और पदान्तीय न् का ण् नही बनता है[१२२], यथा— तृप्णन्तु, क्रन्देन, पितृन्, पूर्वन्। अ० प्रा० तथा पा० के अनुसार, क्षुभ् धातु के साथ जुड़ने वाले विकरण के न् का ण् नही बनता और कतिपय अन्य शब्दों में भी न् का ण् नही बनता है[१२३], यथा— उष्ट्रानाम् (ऋ० ८,५,३७) तथा राष्ट्रानाम् (ऋ० ७, ३४, ११) मे न् का ण् नहीं बनता है।

(ग) स् का ष्— यदि समानपद में स् से ठीक पूर्व अ आ से भिन्न कोई स्वर,

रेफ या क् आए तो स् का ष् बन जाता है[११७], यथा— अग्नि+सु= अग्निषु गीर् (गिर्) + सु = गीर्षु दिक् (दिश्) + सु = दिक्षु। मूर्धन्यभाव करने वाले स्वर और स् के मध्य अनुस्वार ष् अथवा विसर्ग बीच आने पर भी स् का ष् बन जाता है[११५], यथा— हवींषि, हविष्षु अथवा हविः षु।

अपवाद— जिस स् से परे ऋ ॠ र् अथवा ऋर् हो उसका ष् नहीं बनता है[१२१] यथा—तिसृभिः तिसृणाम् तिस्र, उस्र मिसर्ति।

मैक्डानल का मत है कि जिन शब्दों में अ आ से भिन्न स्वर इ उ ऋ इत्यादि के पश्चात् आने वाले स् का मूर्धन्य रूप नहीं मिलता है वे शब्द किसी अन्य भाषा से वैदिक संस्कृत में आए हैं[१२४] यथा— बृसय बिसं बुस इत्यादि।

६३ पदसन्धि में नति—

(क) त् का ट्—जब अ आ से भिन्न स्वर के पश्चात् आने वाले पदान्तीय विसर्जनीय से बने हुए स् का ष् बन जाता है तब ष् से परे आने वाले पदादि त् का ट् बन जाता है[११] यथा— द्यौष्+त्वा= द्यौष्ट्वा (अ० २ २८ ४) वायुष+तान्=वायुष्टान् (अ २, ३४ ४)।

(ख) न् का ण्—परि प्र परा उरु, पुनर्, इन्द्र वार्, स्वर्, रक्षा (रक्ष) निक्षा (शिक्ष) सु इत्यादि कतिपय पूर्वपदों के र् ष के निमित्त से नु, न नः, एनम्, एना इत्यादि कतिपय परवर्ती पदों के न् का ण बन जाता है[१२८] यथा— परि+न =परि ण (ऋ० ९ ४१ ६) प्र+ नु=प्र णु (ऋ० ५ १, ७) इन्द्र +एनम्=इन्द्र एणम् (ऋ० १, १६३ २) इन्द्र +एना =इन्द्र एणा (ऋ० १०, १९ २) वार+ न=वाण (ऋ २ ४ ६) पुनर्+नयामसि=पुनर्णयामसि (अ ५ १४ ७) रक्षा+नः =रक्षा णः (वा० स ३, ३) निक्षा+नः = निक्षा णः (ऋ० ७,३२ २६) मो+सु+नः =मोषु णः (ऋ १ ३८ ६)।

(ग) स् का ष्—अभि, उ (अकेला या सन्धियुक्त, यथा— मो, प्रो इत्यादि), ऊ, वि, नि, नु, नू, हि, त्रि, दिवि, गर्वि, उरु, ऊती, पृदि इत्यादि पदों से परे आने वाले √अस् धातु के सकारादि रूप (सन्ति, स्थ इत्यादि), और सु, सः, स्य, सीम्, स्म, स्विद् इत्यादि शब्दों के पदादि स् का ष् बन जाता है[१२९]; यथा— अभि+सु+नः=अभी षु णः (ऋ० ४, ३१, ३); उरु+स=उरु षः (ऋ० ६, २०, ५), ऊती+स =ऊती ष (ऋ० ६,२,४); कम्+उ+स्वित्=कमु ष्वित् (तै० सं० २, ६,११,२), आपः+हि+स्थ+मयोभुवः=आपो हि ष्ठा मयोभुवः (ऋ० १०, ९, १), त्री+सधस्था=त्री षधस्था (ऋ० ३, ५६, ५); दिवि+सन्तु=दिवि षन्तु (तै० सं० १, २, १४, ७); गर्वि+स्थ =गर्विष्ठ (वा० सं० ३३, ५३)। पृदि+सिताम्=पृदि षिताम् (तै० सं० ४, ७, १५, ७)।

६८. उपसर्गस्थ निमित्त से धातु के दन्त्य का मूर्धन्यभाव

उपसर्ग के वर्ण के निमित्त से कतिपय धातुओं के दन्त्य वर्ण का मूर्धन्यभाव हो जाता है। यह मूर्धन्यभाव उपसर्ग और धातु का समास न होने पर तथा इन के समास में भी हो जाता है (दे० टि० १३०)।

(क) प्र, परा, निर्, दुर् तथा परि उपसर्गों के र् के निमित्त से नी, नुद्, अन्, नम्, नु, नश्, हन् इत्यादि धातुओं के न् का और हि धातु के साथ जुड़ने वाले विकरण के न् का ण् बन जाता है[११०], यथा— प्र+नीयते =प्र णीयते (ऋ० ३, २७, ८), परि+नीयते=परि णीयते (ऋ० ४, १५, १), परा+नुदस्व=परा णुदस्व (ऋ० ७, ३२, २५); प्र+हिनोमि=प्र हिणोमि, निर्+हन्यात्=निर्हण्यात् (तै० स० ५, ६, ९, १)। उपसर्गस्थ निमित्त से लोट् के प्रत्यय आनि और अन, मान इत्यादि कृत् प्रत्ययों के न् का ण् बन जाता है[१३१], यथा— निर्गमाणि (ऋ० ४, १८, २) प्रयाणे (ऋ० ८, ४३, ६)।

अपवाद— उपसर्गस्थ निमित्त से √मी धातु के साथ जुड़ने वाले विकरण ना के न् का, परि उपसर्ग के निमित्त से √हि धातु के साथ जुड़ने वाले विकरण

नु के न् का और प्र उपसर्ग के निमित्त से नष्ट तथा पीन के न् का ण नहीं बनता है[११९] यथा— प्र मिनाति (अ १८ ४ ६) परिहिनोमि (ऋ ७ १०४ ६) प्रनष्ट— प्रपीनम् (वा स १० ८७)। यदि √हन् धातु के न् से पूर्ववर्ती अ का लोप हो जाए तो न् का ण नहीं बनता है[११९क] यथा— अभिप्रघ्नन्ति (ऋ० ६ ४६, १)।

(ख) स् का ष्— अनु अभि, अपि अति प्रति, परि वि नि तथा सु उपसर्गों के पदान्तीय इ उ के निमित्त से सकारादि धातुओं के स् का ष् बन जाता है और √अस् धातु के ऐसे सकारादि रूप जिन से परे स्वर या यकार आता है उन के पदादि स् का ष् बन जाता है[११], यथा— नि + सिञ्च = नि षिञ्च (ऋ० ५ ८३ ८) परि + सस्वजे = परि षस्वजे (ऋ० ६ १२ ५) परि + सन्ति = परि षन्ति (ऋ १ ८९ ५)।

कोई सन्देह नहीं कि अ० प्रा० तथा वा० प्रा० अपनी संहिताओं के पदपाठ पर आश्रित है और पदपाठसम्बन्धी नियम भी देते हैं। अ० प्रा० ने पदपाठ के लिये जो नियम दिये हैं वे अधिकतर ऋ० के पदपाठ के नियमों के समान हैं और उनकी अपनी कुछ विशेषताएं प्रायेण समासों के अवग्रह के सम्बन्ध में हैं; यथा— ऋ० के पपा० में आर्ध्यः में अवग्रह दिखलाया जाता है परन्तु अ० के पपा० में नहीं और ऋ० के पपा० में बहुधा में अवग्रह नहीं दिखलाया गया है, जबकि अ० के पपा० में बहुऽधा दिखलाया गया है। अ० के पदपाठ की भांति वा० सं० का पदपाठ भी प्रायेण ऋ० के पदपाठ का अनुसरण करता है। परन्तु कतिपय नियमों के सम्बन्ध में जहा ऋ० के पदपाठ से कोई सहायता नही मिलती वहां वा० सं० का पदपाठ अपनी स्वतन्त्रता भी प्रकट करता है। उदाहरणार्थ वा० सं० का पदपाठ ऋ० के पदपाठ की भांति प्राण में अवग्रह नहीं दिखलाता है, परन्तु कतिपय ऐसे शब्दों में अवग्रह दिखलाता है जो ऋ० में नहीं मिलते हैं। मै० सं० के पदपाठ की भी कुछ अपनी विशेषताएं हैं[१२]।

८५. **पदविभागविषयक मतभेद**— हम पहले बतला चुके हैं कि सा० तथा तै० स० के पदपाठ ऋ०, अ० तथा वा० सं० के पदपाठ से बहुत भिन्न हैं। वैदिक मन्त्रों के अर्थ के सम्बन्ध में मतभेद होने के कारण वैदिक पदों के मूल रूप तथा अवग्रह के विषय में मतभेद होना स्वाभाविक था। इस लिये विभिन्न पदकारों ने पदों के मूल रूप के सम्बन्ध में अपने अपने व्याख्यान प्रस्तुत किये। उत्तरकालीन विद्वान् भी पदकारों के व्याख्यान से पूर्णतया सहमत नही थे। यास्क ने अपने निरुक्त में अनेक स्थलो पर शाकल्य के पदपाठ को स्वीकार नही किया है। उदाहरणार्थ शाकल्य ने ऋ० ४,३२,२३ के पदपाठ में विद्रधे, नवे, द्रुपदे तथा अर्भके पदों को सप्तमी एकवचन के रूप मान कर पदविभाग किया है और निरुक्त ४, १५ में निर्दिष्ट शाकपूणि ने भी इन पदो का व्याख्यान इसी रूप में किया था, परन्तु यास्क उक्त पदों को प्रथमा द्विवचन के एकारान्त रूप मानता है और ग्रासमन तथा गेल्डनर आदि पाश्चात्य विद्वान् प्रायेण यास्क के मत का समर्थन करते हैं[१३]। इसी मन्त्र के "कुनीनुकेव" का पदपाठ "कुनीनुकाऽइव" दिया गया है, परन्तु यास्क इसका

ऽस्तृध्यै (तै॰ सं॰ ६ ६, ८ ६)। आत्रेय ने कुछ ऐसे पदविभाग किये हैं जो किसी अन्य पदपाठ या व्याकरण के अनुसार मान्य नहीं हैं यथा— नीचाद्नुचा=पपा॰ नीचा। उच्चा (तै॰ सं॰ २ ३ १४, ६) असमर्त्यै=पपा॰ असमर्या इत्यसम्ऽर्यै (तै॰ सं॰ ३ ३, ८ २) एकैकम्=पपा॰ एकैकमित्येकम्ऽएकम् (तै॰ सं॰ ५,१ १ २) एकैकया=पपा॰ एकैकयेत्येकयाऽएकया (तै॰ सं॰ ७ ५ ८ ८)। अनेक पदों का दीर्घ अक्षर पदपाठ में ह्रस्व कर दिया जाता है यथा— व्यानाय=पपा॰ व्यानायेति विऽअनाय (तै॰ सं॰ ३ ५ ८) उदानाय=पपा॰ उदानायेत्युत्ऽअनाय (तै॰ सं॰ ४ २ ९ १) प्राणाय=पपा प्राणायेति प्रऽअनाय (तै॰ सं॰ १, १ ६) अपानाय=पपा॰ अपानायेत्यपऽअनाय (तै॰ सं १ १ ६)[१]। ऋ॰, अ॰ तथा वा॰ सं के पदपाठ में जिन छान्दस दीर्घों का निवारण करके ह्रस्व रूप दिखलाया जाता है उन में से कई स्थलों का तै॰ सं॰ के पदपाठ में ह्रस्व नहीं किया जाता है यथा— योजा=पपा॰ योजा (तै॰ सं॰ १ ८ ५, १), परन्तु ऋ॰ पपा॰=योज (ऋ॰ प्रा॰ ७ १८ वा॰ प्रा॰ ३ १०७) एवा=पपा॰ एवा (तै॰ सं १ ८ २२ २) परन्तु ऋ॰ पपा॰=एव (ऋ॰ प्रा॰ ७ ३३) वावृधे=पपा॰ वावृधे (तै॰ सं॰ १ ४ २०) परन्तु ऋ॰ पपा =ववृधे (ऋ॰ प्रा॰ ९ ३२)। ऋ॰ अ तथा वा॰ सं॰ के पदपाठ में द्वन्द्व समासों का अवग्रह नहीं दिखलाया जाता है परन्तु तै॰ सं॰ के पपा में द्वन्द्वसमासों का भी अवग्रह दिखलाया जाता है, यथा—इन्द्रावरुणा= पपा॰ इन्द्रावरुणेतीन्द्राऽवरुणा (तै॰ सं॰ २ ३,१३,१), परन्तु ऋ॰ पपा ३ ६२ १=इन्द्रावरुणा। ऋतापाट (तै॰ सं॰ ३ ४,७ १) तथा तुराषाट् (तै॰ सं १ ७ १३ ४) आदि अनेक पदों को आत्रेय ने अवगृह्य नहीं माना है।

कीथ का अनुमान है कि आत्रेय का पदपाठ शाकल्य के पदपाठ से प्राचीनतर हो सकता है परन्तु यह मत सर्वथा असन्दिग्ध नहीं है[११]।

८४ **अन्य संहिताओं के पदकार**— अन्य संहिताओं के पदकारों के नामों के विषय में कोई निश्चित संकेत नहीं मिल सका है। इस में

पदपाठसम्बन्धी उन नियमों का संक्षिप्त परिचय देंगे जो ऋ०, अ० तथा वा० सं० के पदपाठों मे समान रूप मे लागू होते हैं।

८७. **समापत्ति, समापाद्य**— पदपाठ का मुख्य सिद्धान्त यह है कि संहिता के निमित्त से पदों में होने वाले सभी विकारों को हटाकर उन के शुद्ध रूप या प्रकृति को प्रस्तुत करना। अत एव पदसंहिता के निमित्त से होने वाले दीर्घत्व, अन्तस्थाभाव, गुण, वृद्धि, लोप, अनुनासिकत्व, अनुस्वारत्व, तालव्यभाव, मूर्धन्यभाव, विसर्जनीयविकार इत्यादि को हटाकर पदपाठ में पदों का असंहित रूप दिया जाता है।

अ० प्रा० में प्रकृतिदर्शन के लिए समापत्ति संज्ञा का प्रयोग मिलता है[१८], और संहिता के जिस पद की प्रकृति दिखलाई जाती है उसे समापाद्य कहते हैं[१९]। संहितासम्बन्धी समस्त विकारो के विवरण के लिये इस ग्रन्थ के द्वितीय अध्याय सन्धिप्रकरणम् का अध्ययन कीजिये और पदपाठ के उदाहरण भी वहां पर देखे जा सकते हैं। सन्धिप्रकरणम् अवग्रह इत्यादि जिन नियमो के व्याख्यान के लिये सहायक नहीं हो सकता उनका पृथक् विवेचन नीचे किया गया है। यहा पर हम एक ऐसे मन्त्र का पदपाठ प्रस्तुत करते है जिस के केवल एक पद में अवग्रह दिखलाया गया है—

ऋ० १, १,२ **संहितापाठ**— अ॒ग्निः पूर्वे॑भि॒र्ऋषि॑भि॒रीड्यो॒ नूत॑नैरु॒त। स दे॒वाँ एह व॑क्षति॥

पदपाठ— अ॒ग्निः। पूर्वे॑भिः। ऋषि॑ऽभिः। ईड्यः॑। नूत॑नैः। उ॒त। सः। दे॒वान्। आ। इ॒ह। व॒क्ष॒ति॒।

पदान्तीय— यह ध्यान रहे कि पदो की प्रकृति दिखलाते समय भी पदपाठ मे प्रत्येक पद के अन्त में उसी वर्ण को दिखलाना चाहिए जो पदान्तीय बन सकता है (दे० अनु० २४)।

स्वराङ्कन— संहिता तथा पदपाठ के स्वराङ्कन के विषय मे विस्तृत विवेचन आगे किया जायगा। यहा पर केवल इतना संकेत करना पर्याप्त है कि पदपाठ में प्रत्येक पद का अपना स्वर चिहित करना चाहिए

पदपाठसम्बन्धी उन नियमों का संक्षिप्त परिचय देंगे जो ऋ०, अ० तथा वा० सं० के पदपाठों में समान रूप से लागू होते हैं।

८७. **समापत्ति, समापाद्य**— पदपाठ का मुख्य सिद्धान्त यह है कि संहिता के निमित्त से पदों में होने वाले सभी विकारों को हटाकर उन के शुद्ध रूप या प्रकृति को प्रस्तुत करना। अत एव पदसंहिता के निमित्त से होने वाले दीर्घत्व, अन्तस्थाभाव, गुण, वृद्धि, लोप, अनुनासिकत्व, अनुस्वारत्व, तालव्यभाव, मूर्धन्यभाव, विसर्जनीयविकार इत्यादि को हटाकर पदपाठ में पदों का असंहित रूप दिया जाता है।

अ० प्रा० में प्रकृतिदर्शन के लिए समापत्ति संज्ञा का प्रयोग मिलता है[१८], और संहिता के जिन पद की प्रकृति दिखलाई जाती है उसे समापाद्य कहते हैं[१९]। संहितासम्बन्धी समस्त विकारों के विवरण के लिये इस ग्रन्थ के द्वितीय अध्याय सन्धिप्रकरणम् का अध्ययन कीजिये और पदपाठ के उदाहरण भी वहा पर देखे जा सकते हैं। सन्धिप्रकरणम् अवग्रह इत्यादि जिन नियमों के व्याख्यान के लिये सहायक नहीं हो सकता उनका पृथक् विवेचन नीचे किया गया है। यहा पर हम एक ऐसे मन्त्र का पदपाठ प्रस्तुत करते है जिस के केवल एक पद में अवग्रह दिखलाया गया है—

ऋ० १, १,२ **संहितापाठ**— अ॒ग्निः पूर्वे॑भि॒र्ऋषि॑भि॒रीड्यो॒ नूत॑नैरु॒त। स दे॒वाँ एह व॑क्षति ॥

पदपाठ— अ॒ग्निः। पूर्वे॑भि। ऋषि॑ऽभिः। ईड्यः॑। नूत॑नैः। उ॒त। सः। दे॒वान्। आ। इ॒ह। व॒क्ष॒ति॒।

पदान्तीय- यह ध्यान रहे कि पदों की प्रकृति दिखलाते समय भी पदपाठ में प्रत्येक पद के अन्त में उसी वर्ण को दिखलाना चाहिए जो पदान्तीय बन सकता है (दे० अनु० ३४)।

स्वराङ्कन— संहिता तथा पदपाठ के स्वराङ्कन के विषय में विस्तृत विवेचन आगे किया जायगा। यहा पर केवल इतना संकेत करना पर्याप्त है कि पदपाठ में प्रत्येक पद का अपना स्वर चिह्नित करना चाहिए

और पूर्ववर्ती तथा परवर्ती पदों के स्वर के प्रभाव से जो स्वर विकार उत्पन्न होते हैं उन को हटा देना चाहिए।

८८ **इतिकरण, उपस्थित**— पदपाठ में प्रगृह्यसंज्ञक पदों के आगे इति जोड़ा जाता है। ऋ० प्रा० (१, ५८ ७५ ३, ५१) में इसे इतिकरण कहते हैं और इतिकरण से युक्त पद के लिये उपस्थित संज्ञा का प्रयोग मिलता है[१०]। परन्तु पतञ्जलि के व्याख्यानानुसार पाणिनि (६ १ १२९) इतिकरण के लिये उपस्थित संज्ञा का प्रयोग करता है[११]। रिफित विसर्जनीय के रेफमूलत्व को प्रकट करने के लिये उसके आगे भी पदपाठ में इति जोड़ा जाता है। स्वराङ्कन के समय इति के स्वर पर भी ध्यान रखना चाहिये और इसके जुड़ने से उपस्थित पद के स्वराङ्कन में जो परिवर्तन होता है वह भी ध्यान देने योग्य है।

(क) **प्रगृह्यपद का इतिकरण**— प्रगृह्यसंज्ञक पद के आगे पदपाठ में इति जोड़ा जाता है। प्रगृह्यसंज्ञक पदों के समस्त भेदों का विस्तृत विवेचन द्वितीय अध्याय के अनु० ४५ (ख) में किया जा चुका है। सन्धि प्रकरण में प्रयुक्त कुछेक उदाहरण यहां पर इतिकरण के साथ प्रस्तुत किये गये हैं यथा— हरी इति। साधू इति। उभे इति। तनू इति। वायो इति। अमी इति। अस्मे इति। उ का पदपाठ— ऊँ इति [दे० अनु० ४५ ख (५)]। वा० प्रा० के अनुसार वा० सं० के पपा० में प्रगृह्यसंज्ञक पद की चर्चा की जाती है (दे० अनु० ८९ ग)।

(ख) **रिफित विसर्जनीय का इतिकरण**— रिफित विसर्जनीय का विस्तृत विवेचन द्वितीय अध्याय के अनु० ५६ में किया जा चुका है। संहितापाठ में नामसंज्ञक पद के अन्त में जो रिफित विसर्जनीय मिलता है उसके आगे पदपाठ में इति जोड़ा जाता है यथा— ऋ० १ १२ ४— पुनः सुयर्मन्त्रा=पपा पुनरिति। ऋ० १ ७१ २— अहुः स्वर्विदुः= पपा अहुरिति। ऋ० ७, ४१ १— प्रातः सोमम्=पपा० प्रातरिति। यह इतिकरण रिफित विसर्जनीय का रेफमूलत्व प्रकट करने के लिये किया जाता है ताकि पाठकों को उसके मूलस्वरूप के सम्बन्ध में कोई भ्रान्ति न हो। परन्तु संहितापाठ में जहां इस प्रकार के पदों के अन्त में

रिफित विसर्जनीय के स्थान पर रेफ मिलता है, वहां उनके पदपाठ में ऐसे पदों के आगे इति जोड़ने की कोई आवश्यकता नहीं है और पदान्तीय नियम के अनुसार इन पदों के अन्त में केवल विसर्जनीय दिखलाया जाता है; यथा— ऋ० ७,४१,१— प्रातरग्निम् =पपा० प्रातः । अग्निम् । ऋ० १,६,४— पुनर्गर्भत्वम्= पपा० पुनः । गर्भऽत्वम् । अवसान में आने वाले रिफित विसर्जनीय का इतिकरण किया जाता है, परन्तु जो रिफित विसर्जनीय समास के मध्य में हो और पदपाठ में अवसान में न हो उसका इतिकरण नहीं किया जाता है, यथा— ऋ० ३, २८, १ पपा० प्रातःऽसावे ।

८९. **रिफित विसर्जनीय वाले पदों की चर्चा**— चर्चा का शाब्दिक अर्थ द्विर्वचनम् या पुनरुच्चारण है अर्थात् किसी पद का दो बार उच्चारण करना । पदपाठ के लिये यह शब्द विशेष संज्ञा के रूप में प्रयुक्त होता है और कहीं कहीं इस के लिये वेष्टक संज्ञा का प्रयोग भी मिलता है । जब किसी पद के आगे इति जोड़ कर इति के पश्चात् उस पद का पुनरुच्चारण किया जाता है उसे चर्चा कहते हैं ।

(क) **रिफित विसर्जनीय वाले आख्यात पद**— जिन आख्यातसंज्ञक पदों के अन्त में संहितापाठ में रिफित विसर्जनीय मिलता है उन के पदपाठ में उन के आगे इति जोड़ कर पुनरुच्चारण किया जाता है; यथा—

ऋ० १, १२८, २— भाः परावतः=पपा० भारिति भाः । पराऽवतः ।

ऋ० १, २३, १५— वेदनाकः =पपा० वेदना । अकरित्यकः ।

ऋ० १, ६३, ७— पूर्वे कः =पपा० पूर्वे । करिति कः ।

,, ,, दर्दः =पपा० दर्दरिति दर्दः ।

√अस् 'होना' धातु से बने रूप स्युः का पदान्तीय वर्ण जहां संहितापाठ में विसर्जनीय मिलता है वहां पदपाठ में उस के आगे इति जोड़ कर पुनरुच्चारण किया जाता है; यथा— ऋ० १,२४,७— केतवः स्युः =पपा० केतवः । स्युरिति स्युः । दे० ऋ० २,४,९, ६, ६३,१०;८,७०,५ ।

तृतीयोऽध्यायः

विशेष— यद्यपि √भू, होना' धातु से बने रूप स्व का विसर्जनीय रिफित नहीं माना जा सकता तथापि ऋ० १, ६१ ८ के पपा० में इस की चर्चा की गई है यथा— १, ६१, ८ संहितापाठ— परि ष्व =पपा० परि। स्व इति स्व[११]।

(ख) रिफित विसर्जनीय वाला स्वं — संहितापाठ में जहां स्वं का पदान्तीय वर्ण रिफित विसर्जनीय मिलता है वहां पदपाठ में स्वं के आगे इति जोड़ कर पुनरुच्चारण किया जाता है यथा— ऋ १, ५१ १२— स्वं परिभू =पपा० स्व रिति स्वं । परन्तु जहां संहितापाठ में स्वं का पदान्तीय वर्ण रिफित विसर्जनीय नहीं है वहां पदपाठ में उसकी चर्चा नहीं की जाती है, यथा— ऋ० १ ७१ २— स्वर्विविदु =पपा स्वं । विविदु ।

(ग) वा० स० के पपा० में चर्चा— वा० प्रा (४, १८ २१) के अनुसार वा० स० के पपा० में उन पदों की भी चर्चा की जाती है जो प्रगृह्य हों या जिन में विनाम (मूर्धन्यभाव) अवगृह्यभाव (दे अनु १०), अन्त पददीर्घीभाव या पदान्तीय रिफित विसर्जनीय हो यथा— अुसे इत्युस्मे (वा० स० ४, २२) पुनरिति पुनं (वा० स० ४ १५)।

१० अवग्रह— अवग्रह का शाब्दिक अर्थ है पृथक् करना। पदपाठ करते समय समास के समस्तपदों को और कतिपय पदों की प्रकृति तथा प्रत्यय को ऽ ऐसे चिह्न के द्वारा पृथक् करके दिखलाया जाता है। इस पृथक्करण के लिए प्रातिशाख्यों में अवग्रह संज्ञा का प्रयोग किया जाता है। अवग्रह द्वारा जिस पद का विभाजन किया जा सकता है वह अवगृह्य अथवा इङ्ग्य कहलाता है। और जिस पद का पदपाठ में विभाजन नहीं किया जा सकता उसे अनिङ्ग्य कहते हैं। पदपाठ के अवग्रह का उच्चारणकाल साधारणतया एकमात्रा माना जाता है[१२]।

प्रातिशाख्यों के अनुसार अवग्रहसम्बन्धी नियम संक्षेपत निम्न लिखित हैं—

(क) उपसर्ग तथा धातु के समास में अवग्रह— अ० प्रा० का कथन है कि सोदात्त आख्यात के साथ उपसर्ग का समास होता है और एक है

अधिक उपसर्गों का समास अनुदात्त आख्यात के साथ भी हो जाता है[२४]। एक या अनेक उपसर्ग और आख्यात के समास में केवल प्रथम उपसर्ग को पदपाठ में अवग्रह द्वारा पृथक् किया जाता है[२५]; यथा— उपयाथः =पपा॰ उप ऽयाथः (ऋ॰ १, ३४, ९); अनुसंप्रयाहि =पपा॰ अनुऽसंप्रयाहि (अ॰ ११, १, ३६)।

स्वर की विशेषता— उपसर्ग तथा आख्यात के स्वर की विशेषता के सम्बन्ध में यह नियम ध्यान रखने योग्य है कि उपसर्ग तथा सोदात्त आख्यात के समास में उपसर्ग अनुदात्त हो जाता है और अनुदात्त आख्यात के साथ दो उपसर्गों के समास में साधारणतया प्रथम उपसर्ग अनुदात्त हो जाता है (दे॰ पा॰ ८,१,७०-७१), परन्तु अनुदात्त आख्यात के साथ दो से अधिक उपसर्गों के समास में आख्यात से ठीक पूर्व आने वाले उपसर्ग को छोड़ कर अन्य सब उपसर्ग अनुदात्त हो जाते हैं, यथा– उपस्तृणन्ति =पपा॰ उपऽस्तृणन्ति (वा॰ सं॰ २५, ३९); प्रत्यावर्तय =पपा॰ प्रतिऽआवर्तय (ऋ॰ ६,४७, ३१), अनुसंप्रयाहि।

अपवाद— (१) ऋ॰, अ॰ तथा वा॰ सं॰ के पदपाठों में √अन् से बने रूप के साथ प्र उपसर्ग के समास में अवग्रह नहीं किया जाता है[२६], यथा— सं॰ तथा पपा॰— प्राणिति (ऋ॰ १०,१२५,४), प्राणन्ति (अ॰ १३,३,३), प्राणः (वा॰ सं॰ २०, ६)। ऋ॰ में अप उपसर्ग के साथ √अन् से बने एक रूप का समास मिलता है जिस में अवग्रह किया जाता है, यथा— अपानती =पपा॰ अपऽअनती (ऋ॰ १,१८९, २)। अ॰ के पदपाठ में अपान समास में अवग्रह नहीं दिखलाया जाता है।

(२) ऋ॰, अ॰ तथा वा॰ सं॰ के पदपाठ में √कृ से बने रूप के साथ सम् उपसर्ग के समास में, जिस में √कृ और सम् के बीच स् का आगम होता है, सम् को अवग्रह द्वारा पृथक् करके नहीं दिखलाया जाता है[२७], यथा— सं॰ तथा पपा॰— संस्कृत (ऋ॰ ८, ३३, ९), संस्कृतम् (ऋ॰ ५, ७६, २; अ॰ ११, १, ३५; वा॰ सं॰ ४, ३४)। अ॰ के पदपाठ में √कृ से बने रूप के साथ परि उपसर्ग के साथ समास में अवग्रह नहीं किया जाता है, जिस में उपसर्ग तथा धातु के बीच स् का आगम

हुआ हो (दे॰ टि॰ २०) यथा— सं॰ तथा पपा॰— परिष्कृता (अ॰ ६,३,१०)। परन्तु ऋ॰ तथा वा॰ सं॰ के पपा॰ में ऐसे उपसर्ग परि को अवग्रह द्वारा पृथक् करके दिखलाया जाता है, यथा— परिष्कृण्वन्ति = पपा॰ परि॒ऽकृण्वन्ति (ऋ॰ ९,१४,२), परिष्कृतास = पपा॰ परिऽकृतास (ऋ॰ ९, ४६, २) परिष्कृता = पपा॰ परिऽकृता (वा॰ सं॰ २१,४२)। पदपाठ में स् आगम का लोप कर दिया जाता है।

(३) अ॰ प्रा॰ का मत है कि उद् उपसर्ग के साथ हन्, ह, स्था या स्तम्भ धातु के समास में उपसर्ग को अवग्रह द्वारा पृथक् नहीं करते हैं और वा॰ प्रा॰ का कथन है कि आदि भाग के विषय में संशय होने के कारण उत्तम्भन, उत्थाय, उत्थित आदि में अवग्रह नहीं किया जाता है[२८]।

(४) धातु तथा उपसर्ग के समास में धातु या उपसर्ग के एकदेश का लोप होने पर अवग्रह नहीं किया जाता है[२८क], यथा— सं॰ तथा पपा॰— परीत्त (अ॰ ६,९२,२ वा॰ सं॰ ९,९) इर्पूर्ति (ऋ॰ १०,९७, ९ वा॰ सं॰ १२,८३) उद्धिता (अ॰ ६,३,६)।

(ख) अन्य समासों में अवग्रह— धातु तथा उपसर्ग के समासों से अन्य समासों में भी पदों को साधारणतया अवग्रह द्वारा पृथक् करके दिखलाया जाता है[२९] और समाससन्धि के निमित्त से होने वाले सब विकारों को पदपाठ में हटा दिया जाता है, यथा— नृषदनेषु = पपा॰ नृ॒ऽसदनेषु (ऋ॰ १०,९२,७) सुष्टुतिम् = पपा॰ सु॒ऽस्तु॒तिम् (ऋ॰ १,७,७) पुरोहितम् = पपा॰ पु॒रःऽहितम् (ऋ॰ १,१,१) स्वर्ग = पपा॰ स्वः॒ऽग (अ॰ ६,५,१६) तद्विद = पपा॰ तत्ऽविदे (अ॰ ६,१,९)।

जब दो से अधिक पदों का समास हो, तब उस पद को अवग्रह द्वारा पृथक् किया जाता है जो समास-रचना के समय पीछे जोड़ा जाता है अर्थात् उवट के शब्दों में जो पद समास में पश्चात्कालिक है[३०], यथा— प्रजापति (जिस में तीन पद प्र+जा+पति हैं) = पपा॰ प्रजाऽपति (ऋ॰ १०,८५,४३ अ॰ २,३४,४ वा॰ सं॰ ३१,१९) प्रजापतिसृष्ट (जिस में चार पद हैं) = पपा॰ प्रजापतिऽसृष्ट (अ॰ १०,६,१९)। किसी भी समास के पदपाठ में एक से अधिक अवग्रह का प्रयोग नहीं

किया जाता है। समस्तपदों के साथ जुड़ने वाली कतिपय विभक्तियाँ भ्याम्, भिः, भ्यः, सु, (दे० नीचे ग भाग) भी पश्चात्कालिक पदों के समान अवगृहीत की जाती हैं, यथा— सुहमातृभिः = पपा० सुहमातृऽभिः (ऋ० १, ३४, ८)। परन्तु जब ऐसी विभक्ति अनिङ्गय (अविभाज्य) हो (दे० नीचे ग भाग), तब समास के पूर्वपद को अवगृहीत किया जाता है[11], यथा— मधुपेभिः = पपा० मधुऽपेभिः (ऋ० १,३४, १०)। इस समास में भिः विभक्ति अनिङ्गय है।

अपवाद— (१) नञ्समास तथा देवताद्वन्द्वसमास में अवग्रह नहीं दिखलाया जाता है[12]; यथा— सं० तथा पपा०— इन्द्रावरुणा (ऋ० २,६२, १), इन्द्रवायू (अ० ३, २०, ६), अवीराः (ऋ० ७, ४, ६)। इस सम्बन्ध में वा० प्रा० (टि० ३२) ने यह नियम बनाया है कि जो द्वन्द्वसमास द्विवचनान्त हों और जिन का पूर्वपद स्वरान्त हो उनका अवग्रह नहीं किया जाता है। इस नियम के अनुसार, उपर्युक्त से भिन्न द्वन्द्वसमासों में अवग्रह दिखलाया जाता है; यथा— ऋक्सामयोः = पपा० ऋक्ऽसामयोः (वा० सं० ४, ९)। अ० प्रा० ने देवताद्वन्द्व से भिन्न द्वन्द्वसमासों के अवग्रह का नियम निम्नलिखित प्रकार से बनाया है— उत्तरपद के आदि व्यञ्जन से पूर्व जिस (द्वन्द्व) समास के पूर्वपद का अन्तिम स्वर दीर्घ हो उस समास में अवग्रह नहीं दिखलाया जाता है[13]; यथा— सं० तथा पपा०— पितापुत्रौ (अ० ९, ११२, २), इष्टापूर्तम् (अ० २, १२, ४), सूर्याचन्द्रमसा (ऋ० १,१०२, २); अहोरात्राणि (ऋ० १०, १९०, २), अजावयः (ऋ० १०,९०, १०)।

(२) अ० प्रा० (४,६४) जास्पत्यम् समास में अवग्रह का निषेध करता है और वा० प्रा० (४, ४०) इस समास में पूर्वपद के 'या' के लोप का व्याख्यान करता है। अ० प्रा० (४,८३) के अनुसार जास्पत्यम् समास की सन्धि को हटाकर पदों का रूप दिखलाया जाता है। अत एव सं० जास्पत्यम् = पपा० जाःपत्यम् (ऋ० ५, २८, ३; वा० सं० ३३, १२, अ० ७, ७३,१०)। परन्तु अ० के पपा० की कतिपय पाण्डुलिपियों में इस समास में अवग्रह दिखलाया गया है— जाःऽपत्यम्।

तृतीयोऽध्यायः

(३) अ० प्रा० ४ ६० ने विश्वानि तथा विश्वतनी समासों में और ४ ५४ ने समुद्रादिगण के समासों में अवग्रह का निषेध किया है। इसी प्रकार वा० प्रा० ५ १७ ४१ ने बहुत से समासों की परिगणना की है जिन में अवग्रह का निषेध किया गया है। इस सम्बन्ध में उवट ने वा० प्रा ५, ४५ के भाष्य में निम्नलिखित श्लोक उद्धत किया है—

आदिमध्यान्तलग्नानि समासान्यायभाषि च।
नावगृह्णन्ति कवयः पदायागमवन्ति च ॥

(४) अ प्रा० का कथन है कि गन्दह के कारण षोडशी में अवग्रह नहीं किया जाता है[१७]। समस्त पदों के समुचित स्वरूप के विषय में सन्देह होने के कारण अनेकों समासों के पदपाठ म अवग्रह नहीं दिखलाया जाता है।

(ग) प्रातिपदिक तथा विभक्ति में अवग्रह—ह्रस्व स्वर तथा व्यञ्जन से परे आने वाली भकारादि विभक्ति (भि भ्याम्, भ्य) को अवग्रह द्वारा प्रातिपदिक से पृथक् करके दिखलाया जाता है[१५] यथा— क्रतुभिः =पपा० क्रतुऽभिः (ऋ० १, ३४ ८) पृश्निभि =पपा० पृश्निऽभि (अ० ४, १४ ७) हरिभ्याम् = पपा० हरिऽभ्याम् (ऋ० १,३५ १) अद्भ्य = पपा० अत्ऽभ्य (ऋ० १ ३४, ६) तिर्यग्भ्य = पपा तिर्यक्ऽभ्य (वा स० १६ २३)। परन्तु दीर्घ स्वर से परे आने वाली विभक्तियों को अनिङ्गय मानते हैं और उनको अवग्रह द्वारा पृथक् करके नहीं दिखलाया जाता है[१६] यथा— स० तथा पपा०— देवेभि (ऋ १ १५) देवेभ्य (ऋ १ १३, ११) अक्षीभ्याम् (अ २,३३ १) कर्णाभ्याम् (अ० २ ३३,१) गोभ्यं (अ ३,२८ ३)। युष्मभ्यम्, युष्मभ्यंम् तथा अस्मभ्यम् में भी अवग्रह नहीं किया जाता है।

जिन रूपों में सु विभक्ति के स का मूर्धन्य न बनता हो, उन में सु को अवग्रह द्वारा पृथक् करके दिखलाते हैं, परन्तु जिस रूप में सु विभक्ति का षु बनता है वहां तथा आ से परे उस का अवग्रह नहीं करते हैं यथा— समत्सु = पपा० समत्ऽसु (ऋ १ ६६ ६) अप्सु=अप्ऽसु (अ० १ ४ ४) राजसु= पपा० राजऽसु (अ ७, ५, ७)। परन्तु

सं० तथा पपा०— देवेषु (ऋ० १, १,४); अग्निषु (ऋ० १.१०८,४); कृष्णासु (ऋ० १, ६२, ९)। तृतीया एकवचन के रूपों मे कतिपय प्रातिपदिकों के साथ जुड़ने वाले या को अवगृहीत किया जाता है[३८]; यथा— साधुया = पपा० साधुऽया (ऋ० १, ४६,११; अ० १०,४,२१; वा० सं० १४, १), धृष्णुया = पपा० धृष्णुऽया (ऋ० १, २३, ११; वा० सं० २७,३८); पा० ७,१,३९ पर काशि० तथा सि० कौ० के अनुसार धृष्णुया मे तृ० ए० की विभक्ति के स्थान पर या आदेश और साधुया मे प्र० ए० की विभक्ति के अर्थ में याच् आदेश हुआ है, परन्तु मैक्डानल के अनुसार साधुया स्त्रीवाची तृ० ए० का अव्यय रूप है[३९]। सायण (ऋ० १, ४६, ११) भी प्रथ० ए० के अर्थ में इस का व्याख्यान करता है।

(घ) **इच्छार्थक य (पा० क्यच्) का अवग्रह**— यदि नामधातु के साथ इच्छा के अर्थ मे जुड़ने वाले यकारादि प्रत्यय (पा० क्यच्) से पूर्व स्वर हो, तो उसे पपा० मे अवग्रह द्वारा पृथक् करके दिखलाया जाता है और यकारादि प्रत्यय जुड़ने से नामधातु के अन्तिम स्वर में जो दीर्घत्व होता है उसे हटा दिया जाता है[४०], यथा— सुम्नयुः = पपा० सुम्नऽयुः (ऋ० १, ७९,१०), अघायतः = पपा० अघऽयतः (ऋ १,९१,८; वा० सं० ३, २६), शत्रूयताम् = पपा० शत्रुऽयताम् (ऋ० १, ३३,१५)। आचार के अर्थ मे सुबन्त उपमान के साथ जुड़ने वाले य (पा० क्यङ्) प्रत्यय को भी इसी प्रकार अवगृहीत करते हैं; यथा— कवीयमानः = पपा० कविऽयमानः (ऋ० १, १६४, १८)।

(ङ) **धातु और कृत्प्रत्यय वस् (पा० क्वसु) में अवग्रह**— धातु के साथ जुड़ने वाला कृत्प्रत्यय वस् (पा० क्वसु) यदि ह्रस्व स्वर से परे आए और सम्प्रसारण द्वारा वस् का उष् न बना हो, तो उसे अवग्रह द्वारा पृथक् करके दिखलाया जाता है[४१], यथा— पपिवान् = पपा० पपिऽवान् (अ० १४, १, ३; ऋ० १,६१,७), चकृवान् = पपा० चकृऽवान् (अ० २, ३५, ३)। परन्तु सं० तथा पपा०— चक्रुषे (ऋ० ७,८७, ७)।

(च) **तद्धित प्रत्यय मत्, वत्, शस्, त्व, त्रा, ताति, था, धा, मय, तर, तम का अवग्रह**—

नाम के साथ जुड़ने वाले उपर्युक्त तद्धित प्रत्ययों (दे० छठा अध्याय) को अवग्रह द्वारा पृथक् करके दिखलाया जाता है[१४], यथा— घृतवत्तम्=पपा० घृतऽवत्तम् (ऋ० १,३४,१०) गोमत्=पपा० गोऽमत् (ऋ० १,४८ १२) पुरुत्रा=पपा० पुरुऽत्रा (ऋ० १ ५७,६) सौभगत्वम्=पपा० सौभगऽत्वम् (ऋ० १,३४,५) पुरुत्रा=पुरुऽत्रा (ऋ० १,७, १०) देवतातिः=पपा० देवऽतातिः (ऋ० १ ३४ ५) देवतातिम्=पपा देवऽतातिम् (ऋ० १ १४१ १०) प्रवर्या=पपा० प्रऽवर्या (ऋ० १,६६ १) मनुष्वा=पपा० मनुऽष्वा (अ० १२ ४ १०) उत्तमम्=पपा० उत्ऽतमम् (ऋ० १ २५ २१) पूतक्रतुः=पपा० पूतऽक्रतुः (अ ९ १० ३५) सुवस्तरम्=पपा० सुव ऽस्तरम् (ऋ० १ ३०,७)।

अपवाद — वा० प्रा० का मत है कि तद्धित वत् प्रत्यय परे रहते अवग्रह तभी होता है जब वत् प्रत्यय और प्रातिपदिक के बीच न्यायपूर्वक अर्थात् व्याकरणशास्त्र के अनुसार सन्धि हुई हो परन्तु अनियमित सन्धि होने पर अवग्रह नहीं किया जाता है[१५] यथा—स तथा पपा —पर्वस्वन्तम् (वा० सं० ६ ३०) मरुत्वन्तम् (ऋ० १ २३ ७, वा० सं० ७ ३६) दुर्मिर्मन्त (ऋ० १ ६० २)[१६]। अ० प्रा० (४ १५) का मत है कि तद्धित प्रत्यय था का अवग्रह तभी किया जाता है जब वह अनेकाक्षर (अनकार) से पर आए अन्यथा नहीं। अत एव— स० तथा पपा — तथा यथा इत्यादि। अ० प्रा० (४ २४) के अनुसार सकारान्त प्रातिपदिक से परे आने वाले मय प्रत्यय को अवगृहीत नहीं करते हैं, यथा— स० तथा पपा०—मनस्मयम् (अ १४,१,१२)। इस विषय में पाणिनीय मत के लिये दे० टि० ४४।

९१ अवगृह्य पदों की चर्चा— अनु० ८९ में चर्चा संज्ञा का व्याख्यान किया जा चुका है। यहां पर यह बतलाना आवश्यक है कि जब किसी समास के पदपाठ में प्रगृह्यत्व तथा अवगृह्यत्व दोनों का बोध कराना हो तब ऐसे समस्त पद की चर्चा की जाती है। इसका अभिप्राय यह है कि जब कोई समस्त पद प्रगृह्य हो और साथ साथ अवगृह्य भी हो तब उस समास की इन दोनों विशेषताओं को चर्चा द्वारा प्रकट किया जाता है।

समस्त पद का अवग्रह किये विना उसके साथ इति जोड़ कर प्रगृह्यत्व को प्रकट किया जाता है और इति के पश्चात् समस्त पद का पुनरुच्चारण करके उसमें अवग्रह दिखलाया जाता है[५५], यथा— बृहद्भानो=पपा० बृहद्भानो इति बृहत्ऽभानो (ऋ० १,३६,१५); विरूपे=पपा० विरूपे इति विऽरूपे (अ० १०,७,४२)।

विशेष— वा० प्रा० (४,२०-२४) के अनुसार, वा० सं० के पपा० में प्रत्येक अवगृह्य पद की चर्चा की जाती है और जिस पद के अन्दर कोई विकार या आगम हो उसकी भी चर्चा की जाती है, यथा— प्रजावतीः=पपा० प्रजावतीरिति प्रजाऽवतीः (वा० सं० १,१)।

९२. **क्रमपाठ**— पदपाठ की भांति क्रमपाठ भी अति प्राचीन है और ऋ० प्रा० स्पष्ट कहता है कि बाभ्रव्य ने **क्रम** का प्रवचन किया था और उसी क्रमशास्त्र का अध्ययन करना चाहिए[५६]। ऋ० प्रा० ११, ६५ के भाष्य में बाभ्रव्य का व्याख्यान करते हुए उवट कहता है— "बाभ्रव्यो बभ्रुपुत्रो भगवान्पाञ्चालः क्रमस्य प्रवक्ता शिष्येभ्यः क्रमं प्रथमं प्रोवाच प्रशशंस च हिताय।" आश्व० गृ० सू० (३, ४, ४) तथा शां० गृ० सू० (४, १०, ३, ६, १,१) में बाभ्रव्य के लिये तर्पण का विधान है। पाणिनि (४,२,६१) ने क्रमपाठ का अध्ययन करने वाले के लिये क्रमकः और पदपाठ का अध्ययन करने वाले के लिये पदकः संज्ञा का प्रयोग किया है। क्रमपाठ वास्तव में पदपाठ तथा संहितापाठ पर आश्रित है। पदपाठ में आने वाले प्रत्येक पद को एक बार पूर्ववर्ती और एक बार परवर्ती पद के साथ सहित करके उच्चरित करना क्रमपाठ है। अत एव अ० प्रा० (४,११०) कहता है कि दो पदों से क्रमपद बनता है। पदपाठ के साथ क्रमपाठ की समीपता के कारण पाणिनीय सूत्र (२,४,५)– "अध्ययनतोऽवि-प्रकृष्टाख्यायाम्" के व्याख्यान में काशिका ने '**पदकक्रमकम्**' उदाहरण प्रस्तुत किया है। पदपाठ तथा संहितापाठ पर क्रमपाठ का पूर्ण आश्रयत्व तथा स्वतन्त्र प्रयोजनसिद्धि का अभाव देखते हुए कतिपय आचार्यों ने ऋ० प्रा० के काल में क्रमपाठ की उपादेयता के विषय में शङ्का उठाई और कहा कि पदपाठ तथा संहितापाठ जानने वाले के लिये क्रमपाठ से कोई प्रयोजन नहीं है[५७]। ऋ० प्रा० में इस मत का प्रत्याख्यान किया गया है और

क्रमपाठ की उपादेयता बतलाई गई है। वा० प्रा० के अनुसार स्मृति ही क्रमपाठ का मुख्य प्रयोजन है[४८]। अ० प्रा० का मत है कि संहितापाठ और पदपाठ की दृढ़ता के लिए क्रमपाठ का अध्ययन किया जाता है और क्रमपाठ के बिना संहिता में स्वर का उत्पत्ति का सम्यक् ज्ञान नहीं होता है[४९]। क्रमपाठ के द्वारा पदपाठ तथा संहितापाठ दोनों का ज्ञान होता है। अत एव ऋ० प्रा० (११, १२) का कथन है कि जब आर्षी संहिता का लोप किये बिना दो पदों के संहितापाठ तथा पदपाठ का एक साथ उच्चारण किया जाय वह क्रमपाठ है और आर्षी संहिता के लोप का निवारण करने के लिये कई बार दो से अधिक पदों का क्रमपाठ भी किया जाता है।

९३ **क्रमपाठ के नियम**—ऋ० प्रा० अ० प्रा० तथा वा० प्रा० के अनुसार क्रमपाठ के मुख्य नियम निम्नलिखित हैं—

(क) क्रमपाठ में साधारणतया दो दो पदों का संधान (मेल) किया जाता है और प्रथम पद से प्रारम्भ करके अवसान तक (अर्धर्च के अन्त तक) दो दो पदों की सन्धि करके उच्चारण करना चाहिए। उत्तरवर्ती पद को पहले पूर्ववर्ती पद के साथ और पुनः परवर्ती पद के साथ सहित करके उच्चरित किया जाता है[५०] यथा— सं० पुनर्न्याय् प्र गायत = क्रमपाठ– पुनर्न्याय प्र। प्र गायत (ऋ० ७ १०२ १)। अवसान के नियम के अनुसार प्रथम अर्धर्च के अन्त में आने वाले पद को द्वितीय अर्धर्च के आदि में आने वाले पद के साथ सहित नहीं किया जाता है[५१]। क्रमपाठ में सन्धि के सभी नियम पूर्णतया उसी प्रकार लागू होते हैं जैसे संहितापाठ में।

(ख) **विक्रम**—क्रमपाठ में अपृक्त (एकाक्षर) पदों तथा कतिपय परिगणित पदों को अन्य पदों के समान पूर्ववर्ती तथा परवर्ती पद के साथ मिला कर नहीं दोहराया जाता है अपितु ऐसे पद को पूर्ववर्ती तथा परवर्ती पद के मध्य रख कर केवल एक बार उच्चरित किया जाता है[५२] यथा—सं० उदु त्यं जातवेदसम् = क्रमपाठ– उदु त्यम् (उत्+उ+त्यम्)। उ इत्युँ। त्यं जातवेदसम् (ऋ० १ ५०, १)। जब इस प्रकार तीन

पदो को क्रमपाठ मे संहित करके उच्चारण किया जाता है, तब उसे त्रिक्रम कहते हैं। अपृक्त पदो के अतिरिक्त निम्नलिखित पद भी त्रिक्रम के मध्य मे उच्चरित किये जाते हैं[५३]—

(१) जब सु तथा स्म के सकार का मूर्धन्यभाव हो जाय और इन से परे नः आए ; यथा—मो षु णः (ऋ० १,३८,६)। आसु ष्मा णः (ऋ० ६, ४४,१८)।

(२) जिस अपृक्त पद ईम् के अन्तिम वर्ण म् का लोप हुआ है।

(३) जिस पद के आदि वर्ण का छान्दस दीर्घत्व हुआ है , यथा—योनिमारैगर्प (= योनिम् + अरैक् + अर्प- ऋ० १,१२४,८)।

(४) जिस स्कम्भनेन पद के आदि स् का लोप हुआ हो ; यथा—चित्कम्भनेन स्कभीयान् (= चित् + स्कम्भनेन + स्कभीयान्- ऋ० १०,१११,५)।

(५) "इतो षिञ्चत" तथा ' आवर्तमः" मे से प्रत्येक के प्रथम पद (इतो तथा आवर्), यथा—परीतो षिञ्चत (ऋ० ९, १०७,१)। उषा आवर्तमः (ऋ० १,९२,४)। इन की सन्धिविशेषता के लिये दे० अनु० ५५ घ (विशेष) तथा ५५ च (विशेष)।

(६) "वीरास एतन" का द्वितीय पद (एतन); यथा—ऋ० ५, ६१, ४—वीरास एतन मर्यासः (पपा०- वीरासः। इतन। मर्यासः)।

अपवाद—यद्यपि अपृक्त पद आ त्रिक्रम के मध्य मे आता है और क्रमपाठ के अन्त में नही रक्खा जा सकता, तथापि परवर्ती पद के साथ संहित हो कर यह क्रमपाठ के प्रारम्भ में आ सकता है[५४], यथा—मन्द्रमा वरेण्यम् =क्रमपाठ- मन्द्रमा वरेण्यम्। आ वरेण्यम् (ऋ० ९,६५,२९)। अ० प्रा० के अनुसार, अपृक्त पद ओ भी आ की भाति परवर्ती पद के साथ संहित होकर पदक्रम के प्रारम्भ में आ सकता है (दे० टि०५४), यथा—अ० ७, ७२,२— हविरोषु = क्रमपाठ— हविरो षु। ओ षु। ओ इत्यो। ऋ० प्रा० (१०,३) के अनुसार, अपृक्त पद ओ को त्रिक्रम के मध्य नहीं रक्खा जाता है और अन्य पदों के समान यह क्रमपाठ मे पूर्ववर्ती तथा परवर्ती के साथ संहित होता है, यथा— अभूदो (ऋ० १,११३,११)।

तृतीयोऽध्यायः

क्रमपाठ की उपादेयता बतलाई गई है। वा० प्रा० के अनुसार स्मृति ही क्रमपाठ का मुख्य प्रयोजन है[४८]। अ० प्रा० का मत है कि संहितापाठ और पदपाठ की दृढ़ता के लिए क्रमपाठ का अध्ययन किया जाता है और क्रमपाठ के बिना संहिता में स्वर की उत्पत्ति का सम्यक् ज्ञान नहीं होता है[४९]। क्रमपाठ के द्वारा पदपाठ तथा संहितापाठ दोनों का ज्ञान होता है। अत एव ऋ० प्रा० (११, १२) का कथन है कि जब आर्षी संहिता का लोप किए बिना दो पदों के संहितापाठ तथा पदपाठ का एक साथ उच्चारण किया जाय वह क्रमपाठ है और आर्षी संहिता के लोप का निवारण करने के लिये कई बार दो से अधिक पदों का क्रमपाठ भी किया जाता है।

९३ क्रमपाठ के नियम—ऋ० प्रा० अ० प्रा० तथा वा० प्रा० के अनुसार क्रमपाठ के मुख्य नियम निम्नलिखित हैं—

(क) क्रमपाठ में साधारणतया दो दो पदों का संधान (मेल) किया जाता है और प्रथम पद से प्रारम्भ करके अवसान तक (अर्धर्च के अन्त तक) दो दो पदों की सन्धि करके उच्चारण करना चाहिए। उत्तरवर्ती पद को पहले पूर्ववर्ती पद के साथ और पुनः परवर्ती पद के साथ संहित करके उच्चरित किया जाता है[५०] यथा— सं० पुत्रन्नायं प्र गायत = क्रमपाठ- पुत्रं नायं प्र। प्र गायत (ऋ० ७ १ २ १)। अवसान के नियम के अनुसार प्रथम अर्धर्च के अन्त में आने वाले पद को द्वितीय अर्धर्च के आदि में आने वाले पद के साथ संहित नहीं किया जाता है[५१]। क्रमपाठ में सन्धि के सभी नियम पूर्णतया उसी प्रकार लागू होते हैं जैसे संहितापाठ में।

(ख) **अक्रम**—क्रमपाठ में अपृक्त (एकाक्षर) पदों तथा कतिपय परिगणित पदों को अन्य पदों के समान पूर्ववर्ती तथा परवर्ती पद के साथ मिला कर नहीं दोहराया जाता है अपितु ऐसे पद को पूर्ववर्ती तथा परवर्ती पद के मध्य रख कर केवल एक बार उच्चरित किया जाता है[५२] यथा—सं० उदु त्यं जातवेदसम् = क्रमपाठ- उदु त्यम् (उत्+उ+त्यम्)। उ इत्यूँ। त्यं जातवेदसम् (ऋ० १ ५० १)। अब इस प्रकार तीन

पदों को क्रमपाठ में संहित करके उच्चारण किया जाता है, तब उसे त्रिक्रम कहते हैं। अपृक्त पदों के अतिरिक्त निम्नलिखित पद भी त्रिक्रम के मध्य में उच्चरित किये जाते हैं[५३]—

(१) जब सु तथा स्म के सकार का मूर्धन्यभाव हो जाय और इन से परे नः आए ; यथा—मो षु णः (ऋ० १,३८,६)। आसु ष्मा णः (ऋ० ६, ४४,१८)।

(२) जिस अपृक्त पद ईम् के अन्तिम वर्ण म् का लोप हुआ है।

(३) जिस पद के आदि वर्ण का छान्दस दीर्घत्व हुआ है ; यथा—योनिमारैगपं (= योनिम् + अरैक् + अपं- ऋ० १,१२४,८)।

(४) जिस स्कम्भनेन पद के आदि स् का लोप हुआ हो ; यथा—चित्कम्भनेन स्कभीयान् (= चित् + स्कम्भनेन + स्कभीयान्- ऋ० १०,१११,५)।

(५) "इतो पिब्बत" तथा ' आवर्तमः" में से प्रत्येक के प्रथम पद (इतो तथा आवर्), यथा—परीतो पिब्बत (ऋ० ९, १०७,१)। उषा आवर्तमः (ऋ० १,९२,४)। इन की सन्धिविशेषता के लिये दे० अनु० ५५ घ (विशेष) तथा ५५ च (विशेष)।

(६) "वीरास एतन" का द्वितीय पद (एतन) ; यथा—ऋ० ५, ६१, ४— वीरास एतन मर्यास (पपा०- वीरासः। इतन। मर्यास)।

अपवाद—यद्यपि अपृक्त पद आ त्रिक्रम के मध्य में आता है और क्रमपाठ के अन्त में नहीं रक्खा जा सकता, तथापि परवर्ती पद के साथ संहित हो कर यह क्रमपाठ के प्रारम्भ में आ सकता है[५४], यथा—मन्द्रमा वरेण्यम् =क्रमपाठ- मन्द्रमा वरेण्यम्। आ वरेण्यम् (ऋ० ९,६५,२९)। अ० प्रा० के अनुसार, अपृक्त पद ओ भी आ की भांति परवर्ती पद के साथ संहित होकर पदक्रम के प्रारम्भ में आ सकता है (दे० टि०५३), यथा—अ० ७, ७२,२— हुविरोषु = क्रमपाठ— हुविरो षु। ओ षु। ओ इत्यो। ऋ० प्रा० (१०,३) के अनुसार, अपृक्त पद ओ को त्रिक्रम के मध्य नहीं रक्खा जाता है और अन्य पदों के समान यह क्रमपाठ में पूर्ववर्ती तथा परवर्ती के साथ संहित होता है, यथा— अभूदो (ऋ० १,११३,११)।

तृतीयोऽध्यायः

(ग) चतु क्रम—वा० प्रा० के अनुसार जब सु पद से पूर्व कोई अपृक्त पद हो और इस से परे नकार हो तब क्रमपाठ में चार पदों की सन्धि करते हैं[५५] यथा—वा० स० १७ ८४— क्रमपाठ= एतादृक्षासउ सु णं। इसे चतु क्रम कहते हैं। वा० प्रा० कहता है कि कतिपय आचार्य सु से परे मकार आने पर भी चतु क्रम मानते हैं (टि० ५५)। ऋ प्रा ने भी निम्नलिखित पदों का चतु क्रम माना है।

संहितापाठ में जो पद अन्य पद के द्वारा दो भागों में पृथक् कर दिया जाय वह पद तथा पृथक् करने वाला पद चतुःक्रम में रख कर क्रमपाठ में उच्चरित किया जाता है[६] यथा—ऋ १ ८६,४२—ईयते नरां च शंस दैव्यम् = क्रमपाठ—इयते नरां च शंस दैव्यम् (पपा इयते। नराशंसम्। च। दैव्यम्)।

(घ) पञ्चक्रम—ऋ० प्रा० (१० ३) ने निम्नलिखित उदाहरण में पाँच संहित पदों का क्रमपाठ (पञ्चक्रम) माना है— ऋ १० १२७,३—निरु स्वसारमस्कृतोषसम् (पपा०—नि । ऊँ इति। स्वसारम्। अकृत। उषसम्)।

(ङ) क्रमपाठ में सन्धिविकार तथा प्रकृति—क्रमपाठ में साधारणतया संहितापाठ के अनुसार ही पदों के सन्धिविकार को दिखलाया जाता है, परन्तु इस सम्बन्ध में यह नियम विशेष ध्यान देने योग्य है कि जिस पद के निमित्त से सन्धिविकार हुआ है उस के साथ क्रमपाठ में संहितापाठ के विकृत रूप को ज्यों का त्यों उच्चरित किया जाता है और जिस पद के निमित्त से सन्धिविकार नहीं हुआ है उसके साथ क्रमपाठ में पद की प्रकृति दिखलाई जाती है[५७] यथा— ऋ० ७ ३३ ४— यच्छर्करीषु बृहता = क्रमपाठ—यच्छर्करीषु। शर्करीषु बृहता।

ऋ० १० ९ १—आपो हि ष्ठा मयोभुवं = क्रमपाठ—आपो हि। हि ष्ठ। स्था मयोभुवं।

क्रमपाठ के अवसान में आने वाले पद के सांहितिक दीर्घत्व तथा परवर्ती पद के निमित्त से होने वाले अन्य सांहितिक विकारों को हटा दिया जाता है[५८]; यथा—

ऋ० १०,१४१,१—अग्ने अच्छा वद = क्रमपाठ—अग्ने अच्छ । अच्छा वद ।

९४. **परिग्रह, परिहार, स्थितोपस्थित**—जब क्रमपाठ में प्रगृह्य, अवगृह्य, समापाद्य, अवसानगत इत्यादि निम्नलिखित प्रकार के पद आते हैं, तब परवर्ती पद के साथ ऐसे पद की सामान्य सन्धि दिखला कर पुन: पद-पाठ की चर्चा (दे० अनु० ९१) की भांति उस पद का दो वार उच्चारण किया जाता है और उन दो उच्चारणों के मध्य इति का उच्चारण किया जाता है[५९]। इस द्विर्वचनम् (दो वार उच्चारण) के लिये ऋ० प्रा० में परिग्रह, अ० प्रा० में परिहार और वा० प्रा० में स्थितोपस्थित संज्ञा का प्रयोग मिलता है (दे० टि० ५९)। इस सम्बन्ध में पं० युधिष्ठिर मीमांसक का निम्नलिखित मत ग्राह्य नहीं हो सकता— "ऋक्प्रातिशाख्य में अवग्रह के लिए 'परिग्रह' संज्ञा का व्यवहार मिलता है[६०]।" परिग्रह और अवग्रह (दे० टि० ९०) का भेद सर्वथा स्पष्ट है। ऋ० प्रा० (१,५२; ३,२४; ११,३२ इत्यादि) ने अवग्रह के लिए अवग्रह संज्ञा का ही प्रयोग किया है और ऋ० प्रा० (३,२३;१०,२०,११,३६,१३,५० इत्यादि) में परिग्रह संज्ञा का प्रयोग ऊपर समझाये गये (परिहार, स्थितोपस्थित) अर्थ में किया गया है। ऋ० प्रा० (११,३२) में अवग्रह तथा परिग्रह दोनों संज्ञाओं का प्रयोग साथ-साथ मिलता है। ऋ० प्रा० के अनुसार, जिस पद के साथ इति जोड़ा जाता है उसे उपस्थित कहते हैं; इति-रहित अकेले पद को स्थित कहते हैं; और जहां उपस्थित तथा स्थित दोनों की सन्धि करके उच्चारण किया जाय उसे स्थितोपस्थित कहते हैं (दे० टि० २०)।

परिग्रह में समापत्ति—परिग्रह में पदान्तीय न् का विकार, विसर्जनीयविकार, नति, दीर्घत्व, प्रश्लेष, स् का आगम इत्यादि सब सन्धिविकारों का निवारण करके पदों की प्रकृति को दिखलाया जाता है[६१]। परिग्रह में प्लुत का अप्लुतवत् और अनुनासिक का शुद्ध रूप दिखलाया जाता है[६२]।

क्रमपाठ में निम्नलिखित प्रकार के पदों का परिग्रह किया जाता है—

(क) **प्रगृह्यपद**—क्रमपाठ में प्रगृह्यसंज्ञक पद का परिग्रह किया जाता है—

(दे० टि० ५९) यथा—इन्द्राग्नी इतीन्द्राग्नी (ऋ० ६ ५९,६)।

(ख) **इतिकरणयुक्त पद**—प्रगृह्यसंज्ञक पदों के अतिरिक्त जिन पदों के साथ पदपाठ में इति जोड़ा जाता है (दे० अनु० ८८) क्रमपाठ में उन का परिग्रह किया जाता है (दे० टि० ५६) यथा—ऊँ इत्यूँ (ऋ १, ५० १)। अ० प्रा० के अनुसार अपृक्त पद के परिग्रह में दो बार इति जोड़ा जाता है[११] यथा—ऊँ इत्यूँ इति। ऋ० प्रा (१० १७ ११ ३०) का मत है कि स्वं का परिग्रह करते समय स्वं और इति के मध्य अवग्रहवत् उच्चारण करना चाहिए यथा—स्वंरिति स्वं (ऋ १ ५२ १२)।

(ग) **अवगृह्य पद**—पदपाठ में जिन पदों को अवगृहीत किया जाता है क्रमपाठ में उनका परिग्रह किया जाता है (दे० टि० ५६)। अवगृह्य पदों के परिग्रह का यह नियम है कि इति से पूर्व अवगृह्य पद का संहितारूप दिया जाता है और इति के पश्चात् उच्चरित किये जाने वाले रूप में अवग्रह दिखलाया जाता है (दे० टि० ४५) यथा—ऋषिभिरित्यृषि ऽभि (ऋ० १ १ २)।

(घ) **समापाद्य पद**—धृ॒रि इत्यादि जिन पदों के आदि वर्ण में सांहितिक विकार माना जाता है या जिन के आदि स्वर का छान्दस दीर्घ हुआ है या जिन में अन्त पदविकार हुआ है उनका परिग्रह किया जाता है[१४] यथा—पपा०— धृ॒क्षि॒=क्रमपाठ— धृ॒क्षीति धक्षि (संहितापाठ ऋ २,१, १०— दु॒रि॒) ऋ० १ ११३ १६ संहितापाठ— आरैंक्=क्रमपाठ— अरैंगित्यरैंक् (पपा अरैंक्) ऋ० ८, ५ ११ संहितापाठ— द्रा॒घ्व॒ घा॒ना=क्रमपाठ— वृद्वा॒घानेति वद्वाघाना (पपा० वृद्व॒घा॒ना)।

(ङ) त्रिक्रम या चतुष्क्रम के मध्य आने वाले पदों का परिग्रह किया जाता है[१५]। दे० अनु० ९३ (ख) (ग), (घ)।

(च) अवसान (अर्धर्च के अन्त) में आने वाले पद का परिग्रह किया जाता है[११] यथा— मी॒ळ्हुष इति मी॒ळ्हुषे (ऋ० ७,१ २ १)। अ० प्रा के अनुसार अवसान में आने वाले जिस समापाद्य पद के विकार का निमित्त

स्वयं पद में ही है उस का उच्चारण इति से पूर्व संहितावत् किया जाता है और इति के पश्चात् परिग्रह मे उसकी प्रकृति का उच्चारण किया जाता है, और इसके लिये आस्थापित संज्ञा का व्यवहार किया जाता है[१७]; यथा— अ० ५, ५, ९ संहितापाठ— सिष्युदे=क्रमपाठ— सिष्युदु इति सिस्यदे ।

(ज) यह भी माना जाता है कि क्रमपाठ के जिस पूर्वपद का अन्तिम वर्ण स्पष्ट न हो उस का परिग्रह करना चाहिए[१८], यथा— ऋ० १,१०७,३ संहितापाठ— तन्नः=क्रमपाठ— तदिति तत् ।

९५. **जटादि अन्य पाठ**— पदपाठ तथा क्रमपाठ पर आश्रित जटादि अन्य पाठ भी मिलते हैं जो वेदों की रक्षा में सहायक हैं। चरणव्यूह के महिदास-कृत भाष्य में इन पाठों की गणना निम्नलिखित प्रकार से की गई है—

जटा माला शिखा रेखा ध्वजो दण्डो रथो घनः ।
अष्टौ विकृतयः प्रोक्ताः क्रमपूर्वा महर्षिभिः ॥

चरणव्यूह के भाष्य में इन सब पाठों के लक्षण तथा उदाहरण प्रस्तुत किये गये हैं और यह माना जाता है कि व्याडि ने इन आठों विकृतियों के लक्षण बनाये थे। अत एव इस सम्बन्ध में यह श्लोक प्रचलित है—

शैशिरीये समाम्नाये व्याडिनैव महर्षिणा ।
जटाद्या विकृतीरष्टौ लक्ष्यन्ते नातिविस्तरम् ॥

यद्यपि वेदरक्षण मे इन सब विकृतियों का महत्त्व है, तथापि व्याकरण तथा प्रातिशाख्यों के अनुसार इनका विवेचन अनावश्यक है। इसलिये यहा पर इनका वर्णन करना अप्रासंगिक होगा ।

टिप्पणियां

१. अ० प्रा० ४, १०७— पदाध्ययनमन्तादिशब्दस्वरार्थज्ञानार्थम् ॥

२. ऋ० ७, ५९, १२;१०, २०,१, १०, १२१,१०,१०,१९०, १—३ ।

तृतीयोऽध्याय.

(दे० टि० ५९) यथा—इन्द्राग्नी इती न्द्राग्नी (ऋ ६ ५९ ६)।

(ख) **इतिकरणयुक्त पद**—प्रगृह्यसंज्ञक पदों के अतिरिक्त जिन पदों के साथ पदपाठ में इति जोडा जाता ह (दे० अनु० ८८) क्रमपाठ में उन का परिग्रह किया जाता है (दे० टि० ५६) यथा—ऊँ इत्यूँ (ऋ १, ५० १)। अ० प्रा० के अनुसार अपृक्त पद के परिग्रह में दो बार इति जोडा जाता है[११] यथा—ऊँ इत्यूँ इति। ऋ० प्रा (१ १० ११ ३२) का मत है कि स्वं का परिग्रह करते समय स्वं और इति के मध्य अवग्रहवत् उच्चारण करना चाहिए यथा—स्वऽरिति स्वं (ऋ १ ५२ १२)।

(ग) **अवगृह्य पद**—पदपाठ में जिन पदों को अवगृहीत किया जाता है क्रमपाठ में उनका परिग्रह किया जाता है (दे० टि ५६)। अवगृह्य पदों के परिग्रह का यह नियम ह कि इति से पूर्व अवगृह्य पद का संहितारूप दिया जाता है और इति क पश्चात् उच्चरित किये जाने वाले रूप में अवग्रह दिखलाया जाता है (दे० टि० ४५) यथा—ऋषिभिरित्यृषि ऽभि (ऋ० १ १ २)।

(घ) **समापाद्य पद**—धृत्रि इत्यादि जिन पदों के आदि वर्ण में सांहितिक विकार माना जाता है या जिन के आदि स्वर का छान्दस दीर्घ हुआ है या जिन में अन्त पदविकार हुआ है उनका परिग्रह किया जाता है[१४] यथा—पपा०—धृक्षि=क्रमपाठ—धृक्षीति धक्षि (संहितापाठ ऋ २,१, १०—दुत्रि) ऋ० १ ११३ १६ संहितापाठ—आरैक्=क्रमपाठ—अरैगित्यरैक् (पपा० अरैक्) ऋ० ८, ५ ११ संहितापाठ—वावृधाना=क्रमपाठ—ववृधानेति ववृधाना (पपा० ववृधाना)।

(ङ) निक्रम या उत्क्रम के मध्य आने वाले पदों का परिग्रह किया जाता है[१५]। दे० अनु० ६३ (ख) (ग), (घ)।

(च) अवसान (अधर्च के अन्त) में आने वाले पद का परिग्रह किया जाता है[१६] यथा—मीळ्हुषे इति मीळ्हुषे (ऋ० ७,१ २ १)। अ प्रा के अनुसार अवसान में आने वाले जिस समापाद्य पद के विकार का निमित्त

स्वयं पद मे ही है उस का उच्चारण इति से पूर्व संहितावत् किया जाता है और इति के पश्चात् परिग्रह में उसकी प्रकृति का उच्चारण किया जाता है, और इसके लिये आस्थापित संज्ञा का व्यवहार किया जाता है[१७]; यथा— अ० ५, ५, १ संहितापाठ— सि॒ष्यु॑दे॒=क्रमपाठ— सि॒ष्यु॑दु इति सिस्यदे।

(ज) यह भी माना जाता है कि क्रमपाठ के जिस पूर्वपद का अन्तिम वर्ण स्पष्ट न हो उस का परिग्रह करना चाहिए[१८]; यथा— ऋ० १,१०७,३ संहितापाठ— तर्न्नः=क्रमपाठ— तदिति तत्।

९५. **जटादि अन्य पाठ**— पदपाठ तथा क्रमपाठ पर आश्रित जटादि अन्य पाठ भी मिलते हैं जो वेदों की रक्षा मे सहायक हैं। चरणव्यूह के महिदास-कृत भाष्य में इन पाठों की गणना निम्नलिखित प्रकार से की गई है—

जटा माला शिखा रेखा ध्वजो दण्डो रथो घनः।
अष्टौ विकृतयः प्रोक्ताः क्रमपूर्वा महर्षिभि॰॥

चरणव्यूह के भाष्य में इन सब पाठों के लक्षण तथा उदाहरण प्रस्तुत किये गये हैं और यह माना जाता है कि व्याडि ने इन आठों विकृतियों के लक्षण बनाये थे। अत एव इस सम्बन्ध मे यह श्लोक प्रचलित है—

शैशिरीये समाम्नाये व्याडिनैव महर्षिणा।
जटाद्या विकृतीरष्टौ लक्ष्यन्ते नातिविस्तरम्॥

यद्यपि वेदरक्षण मे इन सब विकृतियों का महत्त्व है, तथापि व्याकरण तथा प्रातिशाख्यों के अनुसार इनका विवेचन अनावश्यक है। इसलिये यहा पर इनका वर्णन करना अप्रासंगिक होगा।

टिप्पणियां

१. अ० प्रा० ४, १०७— पदाध्ययनमन्तादिशब्दस्वरार्थज्ञानार्थम्॥

२. ऋ० ७, ५९, १२; १०, २०, १; १०, १२१, १०, १०, १९०, १–३।

तृतीयोऽध्यायः

३ The History of Indian Literature, pp 32 33 Vedische Studien III, pp 144 146

४ Oldenberg Prolegomena p 380 n Keith Aitareya Āraṇyaka, pp 239-240 Vedic Index II p 369

५ पा० १ १,१६ ६,१ १२७ ८ ३, १९ ८,४ ५१।

६ ऋ० प्रा० १, १५ (अवसान में पदान्तीय स्पर्श वर्ग का तृतीय) ६ ३६ (यम के पश्चात् नासिक्या स्वरभक्ति) ११, १७ २६ (क्रमपाठसम्बन्धी त्रिक्रम का विवेचन) १३ ३१ (पदपाठसम्बन्धी संज्ञा समापाद्य के व्याख्यान में व्याडि और पदकार शाकल्य के साथ गार्ग्य के नाम का उल्लेख)। वा प्रा० ९ १६५ (ख्या धातु में क् श् का संयोग)। निरुक्त १, ३ (उपसर्गों का अनेकार्थत्व) १ १२ (सब नाम आख्यातज नहीं हैं) ३ १३ (उपमा का लक्षण)।

पा० ७, ३ ९९—(रुदादि धातुओं से परे अपृक्त सार्वधातुक को अट् का आगम) ८ ३ २० (ओ के पश्चात् य् का लोप संधि में) ८ ४ ६७ (स्वरित का अभाव) इत्यादि।

७ बौ० गृ० सू० ३ ९ ७ भा गृ० सू ३ ११ हि० गृ० सू० २ २० १ आग्नि गृ सू० १, २ २। इन सब सूत्रों में ये पद मिलते हैं—'आत्रेयाय पदकाराय।

८ तै प्रा० ५ ३१ १० ८।

९ सु०—तै० प्रा० ३ १५=पपा० ३ ५ ८ १ ४ २९, १।
तै० प्रा० ५ ४=पपा० ३ ७ ५ १ ४, ७ १५ २।
तै प्रा० ५, ५=पपा० ४, ४ ४ ६ २, २ १२, ७।
तै प्रा० ५ ६=पपा० ५ ६ ६ ४ ६ ५ ५ २।
दे० तै० प्रा० ५ ७ ९ ५, १८ १९ इत्यादि।

१० दे० तै प्रा० ३ १५। ऋ० अ तथा वा० स के पदपाठ में प्राण का अवग्रह नहीं किया जाता है। अ० के पपा० में व्यान तथा समान में

अवग्रह दिखलाया जाता है, परन्तु -आन के आ को ह्रस्व नहीं किया जाता है, तु० अ० प्रा० ४, ३९। अ० के पपा० में अपान का अवग्रह नहीं किया जाता है। वा० सं० के पपा० मे अपान तथा समान में अवग्रह किया जाता है, परन्तु -आन के दीर्घ अक्षर को ह्रस्व नहीं किया जाता है, (तु० वा० प्रा० ५, ३३.३६)। दे० अनु० १०।

११. HOS., Vol. 18, p. XXX.

१२. दे० Maitrāyaṇī Saṃhitā, Schroeder's edition, I, pp. XXXI— XXXVII.

१३. निरुक्त ४, १५; Grassmann, W Z R., s.v.; Geldner, HOS., Vol. 33, p. 462, n. पदकार के समान सायण भी द्रुपदे इत्यादि उक्त पदों को सप्तमी एकवचन के मानता है। मेरा मत भी यही है कि द्रुपदे आदि पद सप्तमी एकवचन के रूप हो सकते हैं, क्योंकि द्रुपद शब्द के अन्य प्रयोग "द्रुपदेषु बद्धः" (ऋ० १, २४, १३) में भी सप्तमी विभक्ति का रूप मिलता है और समस्त ऋ० में इस शब्द के ये दो प्रयोग ही मिलते हैं।

१४. निरुक्त ४, १५। गेल्डनर यास्क के मत का अनुसरण करता है, दे० HOS., Vol 33, p. 462, n परन्तु ग्रासमन इसका पदविभाग "कनीनके व" (WZR, s v. iva) करता है और व्याकरण की दृष्टि से यह मत अधिक समीचीन है; दे०—अनु० ४५ ख (१) विशेष।

१५. निरुक्त ६, २८।

१६. HOS, Vol. 35, p. 173, n.

१७. The Journal of the Ganganatha Jha Research Institute, Vol. XVII, Parts 3-4, pp. 193 ff. —"A New Interpretation of the Vedic Word Mānusa."

१८. अ० प्रा० ४, ७३-७४— प्रकृतिदर्शनं समापत्तिः॥ पत्वणत्वोपाचारदीर्घटुत्वलोपान्पदानां चर्चापरिहारयोः समापत्तिः॥ उपाचार— क् प् से पूर्व विसर्जनीय का स् या ष् बनना उपाचार कहलाता है। दे० ऋ० प्रा० ४, ४१; १३, ३१ (टि० १९ में), सन्धि-प्रकरणम्। पदान्तीय -आन्

को स्वर से पूर्व संहिता में जो विकार होता है उसे आपद्या पदवृत्ति कहते हैं दे० ऋ० प्रा० ४ ६७ अनु० ५२ (ख)।

१९ ऋ० प्रा० १३ ३१— समापाद्य नाम वदन्ति पत्व तथा णत्व सामवशॉश्च सन्धीन् । उपाचार लक्षणतश्च सिद्धमाचार्या व्याळिशाकल्यगार्ग्याः ॥

२० ऋ० प्रा० १० १२ १४— उपस्थित सेतिकरणम् ॥१२॥ केवलं तु पद स्थितम् ॥१३॥ तस्थितोपस्थित नाम यत्रोभे आह संहिते ॥१४॥ दे०— ऋ० प्रा० ११ २९ १५ ९ ११ ६१।

२१ पा० ६ १ १२९— अप्लुतवदुपस्थिते ' पर महाभाष्य—" उपस्थिते' इत्युच्यते किमिदमुपस्थित नाम ? अनार्ष इतिकरण ।' काशिका— उपस्थित नामानार्ष इतिकरण समुदायादवच्छिद्य पदं येन स्वरूपे ऽवस्थाप्यते ।

२२ प युधिष्ठिर मीमांसक ने व० स्व० मा० के पृ १५४ पर ' स्तु इति स्तु । ऋ० ८।३।२ ॥" उदाहरण का स्थाननिर्देश अशुद्ध किया है क्योंकि ऋ ८ ३ २ के संहितापाठ में 'स्त रूप नहीं है अपितु 'स्तुरभिमातय" पाठ है जिस में √स्तृ से बना रूप स्तृर् है और जिस में रिफित विसर्जनीय भी नहीं है। अत एव इस का पदपाठ केवल स्तृ " दिया गया है।

२३ ऋ० प्रा १ २८— तावदवग्रहान्तरम् ॥ वा० प्रा ५, १— समासेऽवग्रहो ह्रस्वसमकाल ॥ पा १ १ ७ के महाभाष्य पर अवग्रह का उच्चारणकाल अर्धमात्रा मानते हुए कैयट कहता है— अर्धमात्राकालो ऽवग्रह इष्यते ।" प्रातिशाख्यों के मत के साथ कैयट के मत का समन्वय करते हुए नागेश (उद्योत में) कहता है कि एक वर्ण के अनन्तर दूसरे वर्ण के उच्चारण तक अर्धमात्रा का काल तो नियत ही है और अवग्रह में उस नियत अर्धमात्रा काल से अर्धमात्रा काल और अधिक लगता है। अतएव प्रातिशाख्यसम्मत एकमात्रा काल का इस से विरोध नहीं है— वर्णाद्वर्णोच्चारणेऽर्धमात्राकालस्य नियतत्वात्तदधिकोऽर्धमात्राकाल इष्यते । अत एव मात्राकालोऽवग्रह इति प्रातिशाख्यान्तरैरविरोध ।

२४. अ० प्रा० ४, १-२— उपसर्ग आख्यातेनोदात्तेन समस्यते ॥१॥ अनेकोऽनुदात्तेनापि ॥२॥

२५. अ० प्रा० ४, ७— पूर्वेणावग्रहः ॥ वा० प्रा० ५, १६— अनुदात्तोपसर्गे चाख्याते ॥

२६. अ० प्रा० ४, ५७; वा० प्रा० ५, ३३ । परन्तु तै० सं० के पदपाठ में ऐसे समास में अवग्रह किया जाता है ।

२७. अ० प्रा० ४, ५८— संपरिभ्या सकारादौ करोतौ । वा० प्रा० ५, ४३ ॥

२८. अ० प्रा० ४, ६२— उदो हन्तिहरतिस्थास्तम्भिषु ॥ वा० प्रा० ५, ३८— उत्तम्भनादीन्यादिसंशयात् ॥ तै० सं० का पदपाठ इन का अवग्रह दिखलाता है ।

२८क. वा० प्रा० ५, ४२.४५— परीत्तो ऽवत्ताना सुविताय सग्धिरिति च ॥४५॥ अ० प्रा० ४, ६१— ददातौ च तकारादौ ॥ दे० वा० प्रा० के उक्त सूत्रों पर उवटभाष्य । अ० प्रा० ४, ६३—दधातौ च हकारादौ ।

२९. अ० प्रा० ४, ९—समासे च ॥ वा० प्रा० ५, १ (टि० २३) ।

३०. अ० प्रा० ४, '१०— उपजाते परेण । वा० प्रा० ५, ७— बहुप्रकृतावागन्तुना पर्वणा ।

३१. अ० प्रा० ४, १२— अनिङ्गेन पूर्वेण ।

३२. अ० प्रा० ४, ४९— देवताद्वन्द्वे च ॥ वा० प्रा० ५, २८— द्वन्द्वानि द्विवचनान्तानि स्वरान्तपूर्वपदानि ॥ वा० प्रा० ५, २४— प्रतिषेधे नावग्रहः ॥

३३. अ० प्रा० ४, ५०— यस्य चोत्तरपदे दीर्घो व्यञ्जनादौ ॥

३४. अ० प्रा० ४, ५१ । दे० वा० प्रा० ५, ३७-३८ ।

३५ अ० प्रा० ४, ३१— भिर्भ्याम्भ्यः सु ॥ वा० प्रा० ५, १३— ह्रस्वव्यञ्जनाभ्यां भकारादौ विभक्तिप्रत्यये ॥ भिः, भ्याम्, भ्यः, तथा सु परे रहने पर पूर्व भाग की पद संज्ञा के निमित्त पा० १, ४, १७— 'स्वादिष्वसर्वनामस्थाने' सूत्र है ।

३६ अ॰ प्रा॰ ४, ३३— न दीर्घात् ॥

३७ अ॰ प्रा॰ ४ ३२ ३४—सौ च ॥३२॥ न दीर्घात् ॥३३॥ विनामे च ॥३४॥ वा॰ प्रा॰ ५, १४— स्विति चानतौ ॥

३८ अ॰ प्रा॰ ४ ३०— वसवस्वप्नसुम्नसाधुभिर्या ॥ वा॰ प्रा॰ ५ २ ॥

३९ Ved Gr Stu, p 211 M W D, s v WZR s v

४० अ॰ प्रा॰ ४ २९— यादाविच्छायां स्वरात्कमनामत मानिप्रेप्सुषु ॥ वा॰ प्रा॰ ५ १०— धात्वर्थे यकारे स्वरपूर्वे ॥ दे॰ पा॰ ३ १, ८ १

४१ अ॰ प्रा॰ ४ ३५— वसौ ह्रस्वात् ॥ वा॰ प्रा॰ ५, ११— वांसौ च भूतकाले स्वरेण ह्रस्वादनुषि च ॥ पा॰ ३ २ १०७ ।

४२ अ॰ प्रा॰ ४ ११ २६ वा प्रा॰ ५, २८ ६ १२ १७ २ २७ ।

४३ वा॰ प्रा॰ ५ ८— तद्धति तद्धिते न्यायसहित चेत् ॥

४४ पा॰ १ ४ १९ तसौ मत्वर्थे" क अनुसार मत् वत् प्रत्यय से पूर्व शब्दरूप की भसंज्ञा होती है और पदसंज्ञा नहीं। इस लिये भसंज्ञकों के लिये ऐसी सन्धि नियमित है और पदसंज्ञा न होने से अवग्रह नहीं करना चाहिए।

४५ अ प्रा॰ ४ १२३— प्रगृह्यावगृह्यचर्चायां क्रमवदुत्तरस्मिन्नवग्रह ॥ दे॰ अ॰ प्रा॰ ४ ७४ ॥ ऋ॰ प्रा॰ १० १६ ।

४६ ऋ॰ प्रा॰ ११ ६४ ६५—यथोपदिष्ट क्रमशास्त्रमादित पुन पृथक्त्व विविधैर्न साधुवत् ॥६४॥ इति प्र बाभ्रव्य उवाच च क्रम क्रमप्रवक्ता प्रथम शशास च ॥६५॥

४७ ऋ॰ प्रा॰ ११ ६६— क्रमेण नार्थ पदसंहिताविद पुराप्रसिद्धाश्रयपूर्व सिद्धिभि । अकृत्स्नसिद्धश्च न चान्यसाधको न चोदयापायकरो न च श्रुत ॥

४८ वा॰ प्रा॰ ४ १८१— क्रम स्मृतिप्रयोजन ॥

४९ अ॰ प्रा ४ १०८ १ ९— क्रमाध्ययन संहितापदार्थ्यार्थम् ॥१०८॥ स्वरोपजनश्चादृष्ट पदेषु संहितायां च ॥

५०. ऋ० प्रा० १०, १-२; ११, १; अ० प्रा० ४, ११०-१११; वा० प्रा० ४, १८२—द्वे द्वे पदे मन्द्रान्युत्तरेणोत्तरमाऽवसानादपृक्तवर्जम् ॥

५१. ऋ० प्रा० १०, १८; अ० प्रा० ४, ११२ ।

५२. अ० प्रा० ४, ११३-११४—त्रीणि पदान्यपृक्तमध्यानि ॥११३॥ एकादेश-स्वरसन्धिदीर्घविनामाः प्रयोजनम् ॥११४॥ वा० प्रा० ४, १८३—अपृक्तमध्यानि त्रीणि स त्रिक्रम. ॥ ऋ० प्रा० १०, ३; ११, ३ ।

५३. वा० प्रा० ४, १८५—सो पृणाभीगुणो च ॥ ऋ० प्रा० १०, ३; ११, ७-२४ ।

५४. ऋ० प्रा० १०, ११; ११, ३४; वा० प्रा० ४, १८४—पुनराकारेणो-त्तरम् ॥ अ० प्रा० ४, ११५—आकारौकारादि पुनः ॥

५५. वा० प्रा० ४, १८६-१८७—चवार्यपृक्तपूर्वे नकारपरे सौ ॥ मकारपरे चैके ॥

५६. ऋ० प्रा० १०, ३—पदेन च व्यवेतं यत्पदं तच्च व्यवायि च ॥ ऋ० प्रा० ११, १५ ।

५७. अ० प्रा० ४, ७८—क्रमे परेण विगृह्यात् ॥ ऋ० प्रा० १०, ५-६—पूर्वोत्तरकृतं रूपं प्रत्यादानावसानयोः । न ब्रूयात् ॥५॥ सर्वमेवान्यथा-संहितमाचरेत् ॥६॥

५८. अ० प्रा० ४, ७९ ।

५९. अ० प्रा० ४, ११७—प्रगृह्यावगृह्यसमापद्यान्तगतानां द्विर्वचनं परिहार इति मध्ये ॥

ऋ० प्रा० १०, ७—अवगृह्याण्यतिक्रम्य महेतिकरणानि च ।
धक्षिधुक्षिप्रयादौ च विकृतादौ प्लुतादि च ॥
अन्तःपदं च येषां स्याद्विकारोऽनन्यकारित. ।
एतानि परिगृह्णीयात् ॥ दे० ऋ० प्रा० ११, २५ (टि० ६४) ।

वा० प्रा० ४, १८९—पूर्वस्योत्तरसंहितस्य स्थितोपस्थितमवगृह्यस्य ॥

६०. वै० स्व० मी०, पृ० १४८ ।

——:०:——

३६ अ० प्रा० ४, ३३— न दीर्घात् ॥

३७ अ० प्रा० ४ ३२ ३४—सौ च ॥३२॥ न दीर्घात् ॥३३॥ विनामे च ॥३४॥ वा० प्रा० ५, १४— स्विति चानतौ ॥

३८ अ० प्रा० ४ ३०— वरववस्वप्नसुम्नसाधुभिर्या ॥ वा० प्रा० ५ १ ॥

३९ Ved Gr Stu, p 211 M W D, s v WZR s v

४० अ० प्रा० ४ २९— यादाविच्छायां स्वरात्कर्मनामत मानिप्रेप्सुषु ॥ वा० प्रा० ५ १०— धात्वर्थे यकारे स्वरपूर्वे ॥ दे० पा० ३, १ ८।

४१ अ० प्रा० ४ ३५— वमौ ह्रस्वात् ॥ वा० प्रा० ५, ११— वांसौ च भूतकाले स्वरेण ह्रस्वादनुपि च ॥ पा० ३, २ १०७।

४२ अ० प्रा० ४ ११ २६ वा० प्रा० ५, २ ८ ९ १२ १७ २० २७।

४३ वा० प्रा० ५ ८— तद्धति तद्धिते न्यायसहित चेत् ॥

४४ पा० १ ४ १९ तसौ मत्वर्थे" क अनुसार मत् वत् प्रत्यय से पूर्व शब्दरूप की भसंज्ञा होती है और पदसंज्ञा नहीं। इस लिये भसंज्ञकों के लिये ऐसी सन्धि नियमित है और पदसंज्ञा न होने से अवग्रह नहीं करना चाहिए।

४५ अ०प्रा० ४ १२३— प्रगृह्यावगृह्यचर्चायां क्रमवदुत्तरस्मिन्नवग्रह ॥ दे अ० प्रा ४ ७४ ॥ ऋ० प्रा० १० १६।

४६ ऋ० प्रा० ११ ६४ ६५—यथोपदिष्टे क्रमशास्त्रमादित पुन पृथक्त्व विविधैर्न साधुवत् ॥६४॥ इति प्र बाभ्रव्य उवाच च क्रमं क्रमप्रवक्ता प्रथम शशंस च ॥६५॥

४७ ऋ० प्रा० ११ ६६— क्रमेण नार्थ पदसंहिताविद पुराप्रसिद्धाश्रयपूर्व सिद्धिभि । अकृत्स्नसिद्धश्च न चान्यसाधको न चोदयापायकरो न च श्रुत ॥

४८ वा० प्रा० ४ १८१— क्रम स्मृतिप्रयोजन ॥

४९ अ० प्रा ४ १०८ १०९— क्रमाध्ययन संहितापदढार्ढ्यार्थम् ॥१०८॥ स्वरोपजनश्चादृष्ट पदेषु संहितायां च ॥

चतुर्थोऽध्यायः

नामिकप्रकरणम्

९६. **पदों के चार भेद**—निरुक्त तथा प्रातिशाख्यों में सारे पदों को चार श्रेणियों में विभक्त किया जाता है— (१) **नाम**, (२) **आख्यात**, (३) **उपसर्ग** तथा (४) **निपात**[१]। सत्त्व का अभिधान करने वाले पद नाम और क्रिया के वाचक पद आख्यात कहलाते हैं[२]। कतिपय आचार्य उपसर्गों तथा निपातो की परिगणना करते है और इनके स्वर का विवेचन भी करते हैं[३]। कतिपय आचार्य उपसर्ग तथा निपात का लक्षण समझाते हुए कहते हैं कि उपसर्ग क्रिया में विशेपता उत्पन्न करता है और निपात **पादपूरण** है (दे० टि० २), परन्तु ऐसा लक्षण सर्वमान्य नही हो सकता। नामों में संज्ञा, सर्वनाम, संख्यावाचक तथा विशेषण शब्दों का समावेश है। संज्ञावाचक तथा विशेपण शब्दों के रूपों मे कोई विशेप अन्तर नही है। परन्तु सर्वनाम तथा संख्यावाचक शब्दों के रूपों की कुछ अपनी विशेपताएं हैं। इसलिए सर्वनाम तथा संख्यावाचक शब्दों के रूपों का पृथक् विवेचन वाञ्छनीय है।

पाणिनीय व्याकरण की यह विशेपता है कि इस मे सब पदो को सुबन्त तथा तिङन्त इन दो श्रेणियों मे विभक्त किया जाता है[४]। प्रादि तथा अन्य निपातों को **अव्यय** संज्ञा देकर और अव्ययो से परे आने वाली विभक्तियों का लुक् करके **प्रत्ययलक्षण** द्वारा पाणिनि अव्ययों को भी सुवन्त पद मान लेता है[५]। और जिस शब्दस्वरूप के साथ सुप् विभक्तिया जोड़ी जाती हैं उसके लिए पाणिनि **प्रातिपदिक** संज्ञा का व्यवहार करता है[६]।

इस अध्याय में हम केवल **नामिक रूपों** का वर्णन करेंगे और अव्ययों का विवेचन अन्यत्र किया जायगा।

६१ ऋ० प्रा० १०, २० २२, ११, २६ ४३ ।

६२ अ० प्रा० ४, १२० १२१ वा० ६ १, १२९ (दे० टि० २१) ।

६३ अ० प्रा० ४ ११८— द्वाभ्यामुकार ॥

६४ ऋ प्रा० ११ २५ दे० ऋ० प्रा० १०, ७ (टि० ५९); वा० प्रा० ४, १९१ १९२ अ० प्रा० ४, १२६ ।

६५ ऋ० प्रा० १०, ८ ११, २५ वा० प्रा० ४, १८९ ।

६६ ऋ० प्रा० १० ९— अधर्चोत्य च ॥ वा० प्रा० ४, १५५— अवसाने च ॥

६७ अ० प्रा० ४, १२४ १२५— समापाद्यानामन्ते सहितावद्वचनम् ॥ तस्य पुनरास्थापितं नाम ॥ वेबर के अनुसार यह सज्ञा पुनरास्थापित है, परन्तु अ० प्रा० के भाष्यकार तथा ह्विटने के मतानुसार आस्थापित है । दे० *A Pr (JAOS Vol. 7) p 574*

६८ ऋ० प्रा० १० १५ ११, २७ ।

चतुर्थोऽध्यायः

नामिकप्रकरणम्

९६. **पदों के चार भेद**—निरुक्त तथा प्रातिशाख्यों में सारे पदों को चार श्रेणियों में विभक्त किया जाता है—(१) नाम, (२) आख्यात, (३) उपसर्ग तथा (४) निपात[1]। सत्त्व का अभिधान करने वाले पद नाम और क्रिया के वाचक पद आख्यात कहलाते हैं[2]। कतिपय आचार्य उपसर्गों तथा निपातों की परिगणना करते हैं और इनके स्वर का विवेचन भी करते हैं[3]। कतिपय आचार्य उपसर्ग तथा निपात का लक्षण समझाते हुए कहते हैं कि उपसर्ग क्रिया में विशेषता उत्पन्न करता है और निपात पादपूरण है (दे० टि० २), परन्तु ऐसा लक्षण सर्वमान्य नहीं हो सकता। नामों में संज्ञा, सर्वनाम, संख्यावाचक तथा विशेषण शब्दों का समावेश है। संज्ञावाचक तथा विशेषण शब्दों के रूपों में कोई विशेष अन्तर नहीं है। परन्तु सर्वनाम तथा संख्यावाचक शब्दों के रूपों की कुछ अपनी विशेषताएं हैं। इसलिए सर्वनाम तथा संख्यावाचक शब्दों के रूपों का पृथक् विवेचन वाञ्छनीय है।

पाणिनीय व्याकरण की यह विशेषता है कि इस में सब पदों को सुबन्त तथा तिङन्त इन दो श्रेणियों में विभक्त किया जाता है[4]। प्रादि तथा अन्य निपातों को अव्यय संज्ञा देकर और अव्ययों से परे आने वाली विभक्तियों का लुक् करके प्रत्ययलक्षण द्वारा पाणिनि अव्ययों को भी सुबन्त पद मान लेता है[5]। और जिस शब्दस्वरूप के साथ सुप् विभक्तियां जोड़ी जाती हैं उसके लिए पाणिनि प्रातिपदिक संज्ञा का व्यवहार करता है[6]।

इस अध्याय में हम केवल नामिक रूपों का वर्णन करेंगे और अव्ययों का विवेचन अन्यत्र किया जायगा।

९७ लिङ्गभेद—इण्डोयोरोपीय परिवार की अन्य भाषाओं के समान वैदिक भाषा के नामिक रूप पुंल्लिङ्ग, स्त्रीलिङ्ग तथा नपुंसकलिङ्ग इन तीनों लिङ्गों में बनते हैं। वैदिक तथा लौकिक संस्कृत में लिङ्गों का प्रयोग लगभग समान ही है। विशेषणों के रूप तीनों लिङ्गों में बनते हैं, परन्तु संज्ञावाचक शब्द प्रायेण नियतलिङ्ग हैं। अस्मद् तथा युष्मद् के रूप तीनों लिङ्गों में समान रहते हैं और तद्, एतद् आदि सर्वनामों के रूप तीनों लिङ्गों में भिन्न भिन्न बनते हैं। एक से चार तक संख्यावाचक शब्दों के रूप तीनों लिङ्गों में भिन्न भिन्न बनते हैं परन्तु पांच से प्रारम्भ करके ऊपर के सब संख्यावाचक शब्दों के रूप तीनों लिङ्गों में समान रहते हैं। यह बात ध्यान देने योग्य है कि वैदिक भाषा के आख्यातरूपों में कोई लिङ्गभेद नहीं है।

९८. वचनभेद—लौकिक संस्कृत की भांति वैदिक भाषा में भी नामिक रूप एकवचन द्विवचन तथा बहुवचन में बनते हैं। कतिपय वैदिक शब्दों के रूप केवल बहुवचन में ही मिलते हैं यथा—आपः 'जल' दाराः 'पत्नी' इत्यादि। प्रायेण नैसर्गिक जोड़ों के लिये और द्वित्ववाचक द्वन्द्व समासों में द्विवचन का प्रयोग किया जाता है यथा—अक्षी 'आँखें' मित्रावरुणा 'हे मित्र और वरुण' इत्यादि। कई बार नैसर्गिक जोड़ों के केवल एक शब्द के साथ द्विवचन का प्रयोग किया जाता है और ऐसा द्विवचनान्त रूप जोड़े के दोनों नामों का बोध कराता है यथा—पितरौ=मातरापितरौ मातरौ=मातरापितरौ उषासौ= उषासानक्ता द्यावा=द्यावापृथिवी मित्रा=मित्रावरुणा। एकत्व के अतिरिक्त, समाहार का बोध कराने के लिए भी एकवचन का प्रयोग किया जाता है, यथा—इष्टापूर्तम्, केशश्मश्रु। वैदिक भाषा में कहीं कहीं एकवचन तथा द्विवचन के लिए भी बहुवचन का प्रयोग मिलता है यथा—नदीसूक्त (ऋ० ३ ३३ ४) में द्विवचन के स्थान पर बहुवचन का प्रयोग नद्यः मिलता है और इसी प्रकार अपालासूक्त (ऋ० ८ ९१ ४) में एकवचन के स्थान पर बहुवचन का प्रयोग (नः, पतिद्विषः इत्यादि) किया गया है। ऋ० में नदियों के वर्णन में

वचनव्यत्यय के ऐसे अनेक उदाहरण मिलते हैं। यह बात भी ध्यान देने योग्य है कि एकवचन तथा द्विवचन के स्थान पर बहुवचन के प्रयोग प्रायेण अस्मद् के रूपों के सम्बन्ध में मिलते हैं। शतपथ-ब्राह्मण का निम्नलिखित उदाहरण भी इसी प्रकार का है—स होवाच— "नमो वयं ब्रह्मिष्ठाय कुर्मः।"

९९. **विभक्तियां**—भारतीय वैयाकरणों के मतानुसार प्रातिपदिकों के साथ जुड़ने वाली विभक्तियों की संख्या केवल सात है और उनको क्रमशः **प्रथमा, द्वितीया, तृतीया, चतुर्थी, पञ्चमी, षष्ठी तथा सप्तमी** कहते हैं। एकवचन, द्विवचन तथा बहुवचन के भेद से ये सात विभक्तियां इक्कीस बनती हैं और कतिपय विद्वानों का मत है कि अ० के प्रथम मन्त्र में त्रिषप्ताः शब्द इन इक्कीस विभक्तियों का निर्देश करता है। महाभाष्यकार पतञ्जलि पस्पशा-आह्निक में ऋ० ४, ५८, ३ के "सप्त हस्तासः" का व्याख्यान "सप्त विभक्तयः" करता है। पाणिनि ने अपने व्याकरण में सात विभक्तियों के ए०, द्वि० तथा ब० के प्रत्ययों की परिगणना की है। परन्तु पाश्चात्य विद्वान् सम्बोधन को पृथक् विभक्ति मान कर आठ विभक्तियां स्वीकार करते हैं। रूपरचना की दृष्टि से सम्बोधन के ए० में ही प्रथमा विभक्ति से कुछ भिन्नता है जिस के लिए पाणिनि (२, ३, ४९) सम्बुद्धि संज्ञा का व्यवहार करता है और द्वि० तथा ब० में सम्बोधन तथा प्रथमा के रूप सर्वथा समान हैं और पाणिनि (२, ३, ४७) ने सम्बोधन में प्रथमा विभक्ति का विधान किया है। परन्तु प्रथमा के अन्य रूपों से सम्बोधन की प्रथमा की भिन्नता को स्पष्ट करने के निमित्त से पाणिनि (२, ३, ४८) सम्बोधन-रूपों के लिए आमन्त्रित संज्ञा का प्रयोग करता है और आमन्त्रित रूपों के स्वरविषयक वैशिष्ट्य का भी वर्णन करता है। प्रातिशाख्यों में भी सम्बोधनरूपों के लिए आमन्त्रित संज्ञा का व्यवहार मिलता है। पाश्चात्य विद्वान् सम्बोधन को पृथक् विभक्ति मानने के पक्ष में यही युक्ति देते हैं कि स्वर की दृष्टि से सम्बोधनरूप और प्रथमा के अन्य रूप भिन्न हैं। स्वरविषयक इस तथ्य का प्रत्याख्यान नहीं किया जा सकता, परन्तु रूपसाम्य को ध्यान में रखते हुए हम केवल सम्बुद्धि के रूपों का पृथक् वर्णन करेंगे।

९७ लिङ्गभेद—इण्डोयोरोपीय परिवार की अन्य भाषाओं के समान वैदिक भाषा के नामिक रूप पुंल्लिङ्ग, स्त्रीलिङ्ग तथा नपुंसकलिङ्ग इन तीनों लिङ्गों में बनते हैं। वैदिक तथा लौकिक संस्कृत में लिङ्गों का प्रयोग लगभग समान ही है। विशेषणों के रूप तीनों लिङ्गों में बनते हैं, परन्तु संज्ञावाचक शब्द प्रायशः नियतलिङ्ग हैं। अस्मद् तथा युष्मद् के रूप तीनों लिङ्गों में समान रहते हैं और तद्, एतद् आदि सर्वनामों के रूप तीनों लिङ्गों में भिन्न भिन्न बनते हैं। एक से चार तक संख्यावाचक शब्दों के रूप तीनों लिङ्गों में भिन्न भिन्न बनते हैं परन्तु पांच से प्रारम्भ करके ऊपर के सब संख्यावाचक शब्दों के रूप तीनों लिङ्गों में समान रहते हैं। यह बात ध्यान देने योग्य है कि वैदिक भाषा के आख्यातरूपों में कोई लिङ्गभेद नहीं है।

९८. वचनभेद—लौकिक संस्कृत की भांति वैदिक भाषा में भी नामिक रूप एकवचन द्विवचन तथा बहुवचन में बनते हैं। कतिपय वैदिक शब्दों के रूप केवल बहुवचन में ही मिलते हैं, यथा—आपः 'जल' दाराः पत्नी" इत्यादि। प्रायेण नैसर्गिक जोड़ों के लिये और द्वित्ववाचक द्वन्द्व समासों में द्विवचन का प्रयोग किया जाता है यथा—अक्षी आंखें" मित्रावरुणा हे मित्र और वरुण" इत्यादि। कई बार नैसर्गिक जोड़ों के केवल एक शब्द के साथ द्विवचन का प्रयोग किया जाता है और ऐसा द्विवचनान्त रूप जोड़ के दोनों नामों का बोध कराता है यथा—पितरौ=मातरापितरौ मातरौ=मातरापितरौ उषासौ= उषासानक्तौ द्यावौ=द्यावापृथिवी मित्रा=मित्रावरुणा। एकत्व के अतिरिक्त, समाहार का बोध कराने के लिए भी एकवचन का प्रयोग किया जाता है, यथा—इष्टापूर्तम्, केशश्मश्रु। वैदिक भाषा में कहीं कहीं एकवचन तथा द्विवचन के लिए भी बहुवचन का प्रयोग मिलता है यथा—नदीसूक्त (ऋ० ३ ३३ ४) में द्विवचन के स्थान पर बहुवचन का प्रयोग नुर्द मिलता है और इसी प्रकार अपालासूक्त (ऋ० ८, ९१ ४) में एकवचन के स्थान पर बहुवचन का प्रयोग (नः, पतिद्विषः इत्यादि) किया गया है। ऋ० में नदियों के वर्णन में

१०१. अङ्गभेद के सम्बन्ध में पाश्चात्य तथा पाणिनीय मत—विभक्तिया जोड़ने पर कई प्रकार के प्रातिपदिकों के अङ्ग (Stem) में विविध विकार हो जाते हैं और इस के परिणामस्वरूप प्रातिपदिक के उदात्त का स्थान-परिवर्तन भी होता है। अङ्ग में होने वाले विकारों के अनुसार पाश्चात्य विद्वानों ने अङ्ग के दो मुख्य भेद माने हैं—शक्ताङ्ग (Strong stem) और अशक्ताङ्ग (Weak stem)। पुं० तथा स्त्री० की प्रथमा के ए०, द्वि० तथा वहु० और द्वितीया के ए० तथा द्वि० और नपुं० की प्रथमा तथा द्वितीया के वहु० की विभक्तियों से पूर्व आने वाले अङ्ग को शक्त माना जाता है और शेष विभक्तियों से पूर्व आने वाले अङ्ग को अशक्त मानते हैं, यथा— म॒हान्, म॒हान्तौ, म॒हान्तः, म॒हान्तम्, म॒हान्तौ मे विभक्ति से पूर्व आने वाला रूप म॒हान्त् पाश्चात्य विद्वानो के मतानुसार शक्ताङ्ग है, और म॒ह॒तः, म॒ह॒ता इत्यादि में विभक्ति से पूर्व आने वाला रूप म॒ह॒त् अशक्ताङ्ग है।

पाश्चात्य विद्वानों का मत है कि प्रातिपदिक के उदात्त का स्थान-परिवर्तन ही इस अङ्गभेद का मुख्य कारण है। शक्ताङ्ग मे प्रातिपदिक का उदात्त प्रातिपदिक पर ही रहता है, परन्तु अशक्ताङ्ग में उदात्त प्रातिपदिक से हट कर प्रायेण विभक्ति पर चला जाता है, यथा— म॒हान्तः और म॒ह॒तः मे उदात्त के स्थान-परिवर्तन पर ध्यान दीजिए। इस प्रकार का विकार तथा उदात्त का स्थान-परिवर्तन प्रायेण हलन्त प्रातिपदिको के अङ्ग में दृष्टिगोचर होता है। पाश्चात्य विद्वानों के मतानुसार, सम्बुद्धि मे दीर्घस्वर के ह्रस्वत्व का कारण भी उदात्त का स्थान-परिवर्तन है क्योंकि सम्बोधन में उदात्त प्रातिपदिक के प्रथम अक्षर पर चला जाता है, यथा— दे॒वी से देवि। शक्ताङ्ग में ही प्रातिपदिक पर उदात्त रहता है और अशक्ताङ्ग में वह विभक्ति पर चला जाता है। इसलिए पाश्चात्य विद्वानों के मतानुसार शक्ताङ्ग में ही प्रातिपदिक का पूर्णरूप प्रकट होता है। इस सिद्धान्त का अनुसरण करते हुए पाश्चात्य विद्वान् प्रायेण शक्ताङ्ग को पद की प्रकृति मानते हैं, यथा लैनमन, ह्विटने तथा मैक्डानल आदि विद्वान् रूप-रचना का विवेचन करते समय -वत्, -मत्,

पाणिनि तथा पाश्चात्य विद्वानों के मतानुसार विभक्तियों का साधारण स्वरूप निम्नलिखित है—

	एकवचन			द्विवचन		बहुवचन		
	पु०	स्त्री०	न	पु०, स्त्री०	न०	पु०	स्त्री	न
प्रथमा	स		×	औ	ई	अस्		इ
द्वितीया	अम्		×	औ	ई	अस्		इ
तृतीया	आ			भ्याम्		भिस्		
चतुर्थी	ए			भ्याम्		भ्यस्		
पञ्चमी	अस्			भ्याम्		भ्यस्		
षष्ठी	अस्			ओस्		आम्		
सप्तमी	इ			ओस्		सु		

१०० **विभक्तियों की सरूपता**—यद्यपि अर्थभेद के विचार से विभक्तियों की संख्या सात मानी जाती है तथापि रूपरचना की दृष्टि से नपुंसकलिङ्ग में एकवचन की पाँच विभक्तियाँ और पुँल्लिङ्ग तथा स्त्रीलिङ्ग में एकवचन की केवल छः विभक्तियाँ हैं क्योंकि पञ्चमी तथा षष्ठी विभक्ति के रूपों में पूर्ण समानता है। तीनों लिङ्गों में द्विवचन की विभक्तियों के केवल तीन रूप मिलते हैं—(१) प्रथमा तथा द्वितीया (२) तृतीया चतुर्थी तथा पञ्चमी और (३) षष्ठी तथा सप्तमी। साधारणतया यह कहा जा सकता है कि द्विवचन में मिलने वाले रूपों का भेद न्यूनतम है, बहुवचन में मिलने वाले रूपों का भेद द्विवचन की तुलना में अधिक है और एकवचन के रूपों का भेद सब से अधिक है। प्रयोग की दृष्टि से भी इन तीनों वचनों का अनुपात लगभग ऐसा ही है। वैदिक भाषा में द्विवचन का प्रयोग सब से कम है और एकवचन का प्रयोग सब से अधिक है। पाश्चात्य विद्वान् सम्बोधन के जिस रूप के लिए पृथक् विभक्ति (Case) की कल्पना करते हैं वह रूप भी केवल एकवचन में प्रथमा से कुछ भिन्न है और अन्य वचनों में प्रथमा के रूपों के समान है। अतएव यह स्पष्ट है कि रूपवैविध्य साधारणतया प्रयोगबाहुल्य से सम्बद्ध है।

१०१. अङ्गभेद के सम्बन्ध में पाश्चात्य तथा पाणिनीय मत— विभक्तियां जोड़ने पर कई प्रकार के प्रातिपदिकों के अङ्ग (Stem) में विविध विकार हो जाते हैं और इस के परिणामस्वरूप प्रातिपदिक के उदात्त का स्थान-परिवर्तन भी होता है। अङ्ग में होने वाले विकारों के अनुसार पाश्चात्य विद्वानों ने अङ्ग के दो मुख्य भेद माने हैं—शक्ताङ्ग (Strong stem) और अशक्ताङ्ग (Weak stem)। पुं० तथा स्त्री० की प्रथमा के ए०, द्वि० तथा बहु० और द्वितीया के ए० तथा द्वि० और नपुं० की प्रथमा तथा द्वितीया के बहु० की विभक्तियों से पूर्व आने वाले अङ्ग को शक्त माना जाता है और शेष विभक्तियों से पूर्व आने वाले अङ्ग को अशक्त मानते हैं, यथा— म॒हान्, म॒हान्तौ॑, म॒हान्तः॑, म॒हान्त॑म्, म॒हान्तौ॑ में विभक्ति से पूर्व आने वाला रूप म॒हान्त् पाश्चात्य विद्वानों के मतानुसार शक्ताङ्ग है, और म॒ह॒तः, म॒ह॒ता इत्यादि में विभक्ति से पूर्व आने वाला रूप म॒ह॒त् अशक्ताङ्ग है।

पाश्चात्य विद्वानों का मत है कि प्रातिपदिक के उदात्त का स्थान-परिवर्तन ही इस अङ्गभेद का मुख्य कारण है। शक्ताङ्ग मे प्रातिपदिक का उदात्त प्रातिपदिक पर ही रहता है, परन्तु अशक्ताङ्ग में उदात्त प्रातिपदिक से हट कर प्रायेण विभक्ति पर चला जाता है; यथा— म॒हान्तः॑ और म॒ह॒तः में उदात्त के स्थान-परिवर्तन पर ध्यान दीजिए। इस प्रकार का विकार तथा उदात्त का स्थान-परिवर्तन प्रायेण हलन्त प्रातिपदिकों के अङ्ग मे दृष्टिगोचर होता है। पाश्चात्य विद्वानों के मतानुसार, सम्बुद्धि मे दीर्घस्वर के ह्रस्वत्व का कारण भी उदात्त का स्थान-परिवर्तन है क्योंकि सम्बोधन में उदात्त प्रातिपदिक के प्रथम अक्षर पर चला जाता है; यथा— दे॒वी से देवि॑। शक्ताङ्ग में ही प्रातिपदिक पर उदात्त रहता है और अशक्ताङ्ग में वह विभक्ति पर चला जाता है। इसलिए पाश्चात्य विद्वानों के मतानुसार शक्ताङ्ग में ही प्रातिपदिक का पूर्णरूप प्रकट होता है। इस सिद्धान्त का अनुसरण करते हुए पाश्चात्य विद्वान् प्रायेण शक्ताङ्ग को पद की प्रकृति मानते हैं, यथा लैन्मन, ह्विट्ने तथा मैक्डानल आदि विद्वान् रूप-रचना का विवेचन करते समय -वत्, -मत्,

वम् इत्यादि का प्रयोग न करके Stems in vant, mant, vāṃs' इत्यादि शब्दों का व्यवहार करते हैं।

जिन प्रातिपदिकों के अशक्ताङ्ग में दो प्रकार के विकार होते हैं उन के अशक्ताङ्ग के दो उपभेद किए जाते हैं— मध्यमाङ्ग (Middle stem) तथा अत्यशक्ताङ्ग (Weakest stem)। द्वितीया के बहु०, तृतीया के ए० तथा चतुर्थी के ए० इत्यादि अजादि विभक्तियों से पूर्व आने वाले अशक्ताङ्ग के लिये अत्यशक्ताङ्ग संज्ञा का व्यवहार किया जाता है और हलादि विभक्तियों से पूर्व आने वाले अशक्ताङ्ग को मध्यमाङ्ग कहते हैं यथा— युग्म और युग्मभिः। जिन प्रातिपदिकों के अन्त में पाश्चात्य विद्वानों के अनुसार -अन्, -मन्, -वन्, -वन् तथा -वांस् और पाणिनि के अनुसार क्रमशः -अच्, अन्, मत्, -वत् तथा -वस् मिलता है उन के अशक्ताङ्ग के ये दो उपभेद—मध्यमाङ्ग तथा अत्यशक्ताङ्ग—बनते हैं। इस प्रकार के नपुं० प्रातिपदिकों का अङ्ग प्रथमा तथा द्वितीया के ए० से पूर्व मध्यम (Middle), प्रथमा तथा द्वितीया के द्वि० से पूर्व अत्यशक्त (Weakest) और प्रथमा तथा द्वितीया के बहु० से पूर्व शक्त (Strong) होता है और अन्य विभक्तियों से पूर्व पु० के अङ्ग के समान रहता है।

पाश्चात्य विद्वान् इस अङ्गभेद के हेतु से विभक्तियों में भी भेद करते हैं, यथा— जिन विभक्तियों से पूर्व शक्ताङ्ग मिलता है उन्हें शक्ताङ्ग विभक्तियां (Cases with strong stem) और जिनसे पूर्व अशक्ताङ्ग मिलता है उन्हें अशक्ताङ्ग विभक्तियां (Cases with weak stem) कहते हैं और संक्षेपतः इन्हें शक्त विभक्तियां (Strong cases) तथा अशक्त विभक्तियां (Weak cases) भी कहते हैं।

पाणिनि भी प्रातिपदिकों के अङ्गों में होने वाले विकार के अनुसार विभक्तियों तथा अङ्गों का सनाकरण करता है। पाश्चात्य विद्वान् जिन्हें शक्त विभक्तियां (Strong cases) कहते हैं उन के लिये पाणिनि सर्वनामस्थान संज्ञा का व्यवहार करता है[6]। और पाश्चात्य विद्वान् जिन्हें अशक्त-विभक्तियां (Weak cases) कहते हैं उन के लिये पाणिनि असर्वनामस्थान संज्ञा का प्रयोग करता है[7]।

पाणिनि ने अशक्ताङ्गों के दो उपभेद किये हैं। यकारादि तथा अजादि। असर्वनामस्थान संज्ञा वाली विभक्तियों से पूर्व आने वाले अशक्ताङ्ग के लिये पाणिनि भ संज्ञा का व्यवहार करता है और इन से भिन्न असर्वनामस्थान से पूर्व आने वाले अशक्ताङ्ग के लिये पद संज्ञा का प्रयोग करता है[१०]। पाणिनि का पदसंज्ञक अङ्ग पाश्चात्य विद्वानों का मध्यमाङ्ग (Middle stem) है और भसंज्ञक अङ्ग उन का अत्यशक्ताङ्ग (Weakest stem) है।

१०२. **प्रातिपदिकों का वर्गीकरण**—भट्टोजिदीक्षितप्रभृति भारतीय वैयाकरण सब प्रातिपदिकों को अजन्त तथा हलन्त इन दो वर्गों में विभक्त करके अजन्तपुंल्लिङ्ग, अजन्तस्त्रीलिङ्ग, अजन्तनपुंसकलिङ्ग, हलन्तपुंल्लिङ्ग, हलन्त-स्त्रीलिङ्ग तथा हलन्तनपुंसकलिङ्ग के क्रम से रूपरचना का वर्णन करते हैं। कई पाश्चात्य विद्वानों ने भी, इसी क्रम से, पहले अजन्त प्रातिपदिकों और पीछे हलन्त प्रातिपदिकों के रूपों का वर्णन किया है। परन्तु कतिपय पाश्चात्य विद्वान् पहले हलन्त प्रातिपदिकों के रूपों का विवेचन करते हैं और पीछे अजन्त प्रातिपदिकों के रूपों पर विचार करते हैं। इस पद्धति का वैशिष्ट्य यह है कि सर्वप्रथम ऐसे हलन्त प्रातिपदिकों के रूपों का वर्णन किया जाता है जिन के अङ्ग में न्यूनतम विकार होता है और जिन के साथ जुड़ने वाली विभक्तियों में भी कहीं कहीं अतिसाधारण विकार होता है। इस पद्धति से पाठकों को रूपरचना के मूल सिद्धान्त समझने में विशेष सुविधा रहती है। अधिकतर अजन्त प्रातिपदिकों के साथ जुड़ने वाली विभक्तियों में और प्रातिपदिकों के अङ्गों में अनेक विकार हो जाते हैं। इसलिये अजन्त प्रातिपदिकों के रूप सर्वप्रथम लेने से पाठकों को रूपरचना की प्रक्रिया सीखने में अधिक काठिन्य होता है।

अत एव हम पहले हलन्त प्रातिपदिकों के रूपों का वर्णन करेंगे और एक प्रकार के प्रातिपदिक के तीनों लिङ्गों के रूपों का यथासम्भव सारूप्य दिखलाने के लिये उन को यथावकाश साथ साथ रक्खा जायगा। कहीं पुं० तथा स्त्री० के रूपों में अधिक सारूप्य है, तो कहीं पुं० और नपुं०

के रूपों में अधिक साम्य है। अवसर आने पर इन समानताओं का विवेचन किया जायगा।

१०३ हलन्त प्रातिपदिकों का वर्गीकरण—सि० कौ० आदि भारतीय व्याकरणों में वर्णसमाम्नायक्रम से पु० स्त्री० और नपुं० के प्रातिपदिकों के रूप तीन भिन्न प्रकरणों में वर्णित हैं। अङ्ग के विचार से पाश्चात्य विद्वान् हलन्त प्रातिपदिकों के दो मुख्य भेद मानते हैं—(१) अविकार्याङ्ग प्रातिपदिक (Unchangeable stems) और (२) विकार्याङ्ग प्रातिपदिक (Changeable stems)। जिन हलन्त प्रातिपदिकों के अङ्ग में विकार नहीं होता है उन के रूप सरलतम होते हैं। इसलिये सवप्रथम ऐसे प्रातिपदिकों की रूपरचना पर विचार किया जाता है। यद्यपि अविकार्याङ्ग प्रातिपदिकों की श्रेणी में कतिपय ऐसे प्रातिपदिकों का भी सन्निवेश है जिन का अङ्ग सर्वथा अविकारि नहीं है तथापि प्रधानता के कारण से ऐसे सब प्रातिपदिक एक श्रेणी में रक्खे गये हैं। हलन्त प्रातिपदिकों के रूपों के सम्बन्ध में यह तथ्य ध्यान देने योग्य है कि जिन प्रातिपदिकों के अन्त में समान व्यञ्जन आता है उन से बनने वाले पु तथा स्त्री० के रूप समान बनते हैं और नपु० के रूप केवल प्रथमा तथा द्वितीया विभक्ति में भिन्न बनते हैं और अन्य विभक्तियों में पु तथा स्त्री० के रूपों के समान बनते हैं। अनेक हलन्त अङ्गों से स्त्री के रूप नहीं बनते हैं और स्त्री० के रूप बनाने के लिये उन के आगे ई (पा० ङीप्) जोड़ दिया जाता है[१]। इन में प्राय ऐसे अङ्गों का सन्निवेश है जिन के अन्त में इन्, -वत्, मत्, वस् -अच् इत्यादि आते हैं। अत एव जिन हलन्त अङ्गों से स्त्री० के रूप बनते हैं उन की संख्या पुं की तुलना में बहुत कम है।

१ हलन्त प्रातिपदिक

१०४ (क) अविकार्याङ्ग प्रातिपदिक—अविकार्याङ्ग प्रातिपदिकों में अधिकतर ऐसे उदाहरण मिलते हैं जिन का अङ्ग प्रायण धातु का शुद्धरूपमात्र होता है। पाणिनीय व्याकरण के अनुसार धातु के साथ क्विप् क्विन् विच् इत्यादि कृत्प्रत्यय जुड़ते हैं जिन का पूर्णतया लोप हो जाता है[२]। अङ्ग

में धातु का शुद्ध रूप मिलने के हेतु से पाश्चात्य विद्वान इन के लिये धातुज अङ्ग (Root stem, Radical stem या Primary stem) संज्ञा का व्यवहार करते हैं। यद्यपि कुछ अविकार्यङ्ग प्रातिपदिक ऐसे हैं जिन में क्विप् आदि कृत्प्रत्यय नहीं लाया जा सकता, तथापि रचना की दृष्टि से ये क्विबन्त प्रातिपदिकों के सदृश हैं। कतिपय तद्धितान्त शब्द भी अविकार्यङ्ग प्रातिपदिकों में सम्मिलित हैं। अविकार्यङ्ग प्रातिपदिकों से बनने वाले पुं० तथा स्त्री० के रूपों में पूर्ण साम्य मिलता है, और नपुं० के रूप केवल प्रथमा तथा द्वितीया विभक्ति में भिन्न बनते हैं। अविकार्यङ्ग प्रातिपदिकों में स्त्री० के शब्दों का बाहुल्य है। स्त्री० के धातुज अङ्ग (Radical stem) प्रायेण भाव की अभिव्यक्ति करते हैं और पुं० के धातुज अङ्ग कर्तृत्व का बोध कराते हैं। अविकार्यङ्ग प्रातिपदिकों के अन्त में सभी वर्गों के व्यञ्जन मिलते हैं। वैयाकरण वकारान्त प्रातिपदिकों की सत्ता को स्वीकार नहीं करता, परन्तु अन्य विद्वान् वकारान्त प्रातिपदिक भी मानते हैं (दे० अनु० १०५)।

जिन तद्धितान्त प्रातिपदिकों के अन्त में -अस् आता है उन को छोड़ कर शेष सब अविकार्यङ्ग हलन्त प्रातिपदिकों से बनने वाले सम्बोधन के रूप प्रथमा के रूपों के समान होते हैं।

सन्धि— हम पहले (अनु० ६६) बतला चुके हैं कि प्रातिपदिक और विभक्ति के बीच अन्तःपदसन्धि होती है। अजादि विभक्तियों से पूर्व अङ्ग का अन्तिम व्यञ्जन अविकृत रहता है, परन्तु भकारादि तथा सकारादि विभक्तियों से पूर्व उस में यथानियम विकार हो जाता है (दे० अनु० ७१)। पदान्तीय नियम (अनु० ३४) के अनुसार अङ्ग के व्यञ्जन पदान्त में यथावत क् ट् त् प् या विसर्जनीय में से किसी एक वर्ण में परिणत हो जाते हैं। पदान्त में तथा व्यञ्जनादि विभक्तियों से पूर्व अङ्ग के अन्तिम तालव्य वर्ण अपनी मूलध्वनि (क् या ट् में) परिणत हो जाते हैं (दे० अनु० २५)।

व्यञ्जनान्त अङ्ग से परे प्रथमा ए० की विभक्ति स् का लोप हो जाता है (दे० अनु० ७०)। ये सन्धिनियम प्रायेण सभी हलन्त

के रूपों में अधिक साम्य है। अवसर आने पर इन समानताओं का विवेचन किया जायगा।

१०३ **हलन्त प्रातिपदिकों का वर्गीकरण**—सि० की आदि भारतीय व्याकरणों में वर्णसमाम्नायक्रम से पु स्त्री० और नपु० के प्रातिपदिकों के रूप तीन भिन्न प्रकरणों में वर्णित हैं। अङ्ग के विचार से पाश्चात्य विद्वान् हलन्त प्रातिपदिकों के दो मुख्य भेद मानते हैं— (१) **अविकार्याङ्ग प्रातिपदिक** (Unchangeable stems) और (२) **विकार्याङ्ग प्रातिपदिक** (Changeable stems)। जिन हलन्त प्रातिपदिकों के अङ्ग में विकार नहीं होता है उन के रूप सरलतम होते हैं। इसलिये सर्वप्रथम ऐसे प्रातिपदिकों की रूपरचना पर विचार किया जाता है। यद्यपि अविकार्याङ्ग प्रातिपदिकों की श्रेणी में कतिपय ऐसे प्रातिपदिकों का भी सन्निवेश है जिन का अङ्ग सर्वथा अविकारि नहीं है तथापि प्रधानता के कारण से ऐसे सब प्रातिपदिक एक श्रेणी में रक्खे गये हैं। हलन्त प्रातिपदिकों के रूपों के सम्बन्ध में यह तथ्य ध्यान देने योग्य है कि जिन प्रातिपदिकों के अन्त में समान व्यञ्जन आता है उन से बनने वाले पु तथा स्त्री० के रूप समान बनते हैं और नपु० के रूप केवल प्रथमा तथा द्वितीया विभक्ति में भिन्न बनते हैं और अन्य विभक्तियों में पु तथा स्त्री० के रूपों के समान बनते हैं। अनेक हलन्त अङ्गों से स्त्री के रूप नहीं बनते हैं और स्त्री० के रूप बनाने के लिये उन के आगे ई (पा० ङीप्) जोड़ दिया जाता है[११]। इन में प्राय ऐसे अङ्गों का सन्निवेश है जिन के अन्त में -इन्, -वत्, मत्, वस्, -अच् इत्यादि आते हैं। अत एव जिन हलन्त अङ्गों से स्त्री० के रूप बनते हैं उन की संख्या पु की तुलना में बहुत कम है।

१. हलन्त प्रातिपदिक

१०४ **(क) अविकार्याङ्ग प्रातिपदिक**—अविकार्याङ्ग प्रातिपदिकों में अधिकतर ऐसे उदाहरण मिलते हैं जिन का अङ्ग प्रायेण धातु का शुद्धरूपमात्र होता है। पाणिनीय व्याकरण के अनुसार धातु के साथ क्विप् क्विन् विच् इत्यादि कृत्प्रत्यय जुड़ते हैं जिन का पूर्णतया लोप हो जाता है[१२]। अङ्ग

हुआ है। नपुं० में केवल एक रूप आपृक् "मिश्रित प्रकार से" मिलता है जो क्रि० वि० के अर्थ में प्रयुक्त किया गया है। समास के उत्तरपद में आने पर विशेषणरूपेण प्रयुक्त किये जाने वाले अनेक चकारान्त प्रातिपदिक पुं० में भी मिलते हैं। पदान्त में तथा झलादि विभक्ति से पूर्व अङ्ग के अन्तिम च् का क् बन जाता है (दे० अनु० ७६)। चकारान्त प्रातिपदिकों के जो वैदिक रूप उपलब्ध होते हैं उन के आधार पर वाच् "वाणी" के रूप इस प्रकार बनते हैं—

	ए०	द्वि०	ब०
प्रथ०	वाक् ;	वाचा, वाचौ ;	वाचः ।
द्विती०	वाचम् ;	,, ;	वाचः, कहीं कहीं वाचः ।
तृ०	वाचा ;	वाग्भ्याम् ;	वाग्भिः ।
च०	वाचे ;	,, ;	वाग्भ्यः ।
पं०	वाचः ,	,, ;	,, ।
ष०	,, ;	(वाचोः) ;	वाचाम् ।
स०	वाचि ;	,, ;	(वाक्षु) ।

कोष्ठक में दिये गये रूपों के उदाहरण मृग्य हैं।

निम्नलिखित चकारान्त प्रातिपदिकों के रूप भी इसी प्रकार बनते हैं—

स्त्री० चकारान्त प्रातिपदिक—ऋच् "ऋचा"; त्वच् "चमड़ी"; नि-म्रुच् "सूर्यास्त", मृच् "हिंसा", रुच् "दीप्ति"; शुच् "ज्वाला", सिच् "वस्त्राञ्चल"; स्रुच् "यज्ञीय चमच"।

पुं० चकारान्त प्रातिपदिक—अंहो-मुच् "संकटमोचक"; क्रुञ्च् "क्रौञ्च", त्रि-शुच् "तीन ज्वालाओं वाला"; पुरो-रुच् "सामने चमकने वाला"; मधु-पृच् "माधुर्य मिलाने वाला", सूर्य-त्वच् "सूर्य के समान कान्ति वाला"। उरु-व्यच् "दूर फैलने वाला" का शक्ताङ्ग (सर्वनामस्थान से पूर्व) उरु-व्यञ्च् बनता है; यथा—द्विती० ए० उरु-व्यञ्चम्। इसी प्रकार -सच् का शक्ताङ्ग -साच् बनता है; यथा—द्विती० ए० अपत्य-साचम्

प्रातिपदिकों से बने रूपों म लागू होते हैं। अन्य पदसन्धि के लिये देखिये अनु० ६२-७८।

विभक्तिगत वैशिष्ट्य—अविकारयुक्त प्रातिपदिकों के साथ जुड़ने वाली सभी विभक्तियाँ लौकिक संस्कृत की विभक्तियों के समान हैं। पु० तथा स्त्री० में प्रथ० तथा द्विती० के द्वि० की विभक्ति औ के स्थान पर कहीं कहीं आ हो जाता है। पा० ७, १ ३९ के अनुसार ऐसे रूपों में औ के स्थान पर आ आदेश होता है।

१०५. कवर्गान्त प्रातिपदिक—मैक्डानल के मतानुसार ऐसा कोई हलन्त प्रातिपदिक नहीं मिलता है जिस के अन्त में कवर्गीय वर्ण आता हो, क्योंकि प्रातिपदिकान्त कवर्गीय वर्ण उत्तरकालीन तालव्य ध्वनियों (दे० अनु० २५—द्वितीय तालव्यीकरण) घ ज् ह् में परिणत हो गये थे[1]। परन्तु लैन्मन तथा कतिपय अन्य विद्वान् सरघ् स्त्री० 'मधु मक्षिका' शब्द को घकारान्त प्रातिपदिक मानते हैं[2]। श० ब्रा० ३ ४ ३ १४ के वाक्य 'सरघो मधुकृत' में इस प्रातिपदिक का प्रथ० ब० रूप सरघं मिलता है। परन्तु प्रथ० ए० में सरट् (तै० सं० ५ ३ १२ २ श० ब्रा० १३ ३, १, ४) और च० ब० में सरड्भ्यः (ऋ० १ ११२, २१) रूप मिलता है। इस लिये कतिपय विद्वान् इन रूपों में सरट या सरड प्रातिपदिक की कल्पना करते हैं[3]। परन्तु लैन्मन का मत है कि उक्त रूपों में ड् (ट) इ० यो० मूलध्वनि gh का प्रतिनिधित्व करता है और टकारान्त या डकारान्त प्रातिपदिक की कल्पना करना अनावश्यक है क्योंकि तै० ब्रा० ३ १० १० १ के उदाहरण 'स्यं वै सरघा' तथा 'सारघं मधु' से सरघ प्रातिपदिक के पक्ष की पुष्टि होती है[4]।

१०६ चकारान्त प्रातिपदिक—जो अविकारयुक्त चकारान्त प्रातिपदिक एकाच् और असमस्त हैं वे प्रायेण स्त्री० में प्रयुक्त होते हैं। केवल क्रुञ्च् 'क्रौञ्च' पु० है और ऋ० में त्वच् से बना रूप त्वचि दो बार और ऋच् से बना रूप ऋचा एक बार (ऋ० ६ ३४ ४) पु० के अर्थ में प्रयुक्त

हुआ है। नपुं० में केवल एक रूप व्यादृक् "मिश्रित प्रकार से" मिलता है जो क्रि० वि० के अर्थ में प्रयुक्त किया गया है। समास के उत्तरपद में आने पर विशेषणरूपेण प्रयुक्त किये जाने वाले अनेक चकारान्त प्रातिपदिक पुं० में भी मिलते हैं। पदान्त में तथा झलादि विभक्ति से पूर्व अङ्ग के अन्तिम च् का क् बन जाता है (दे० अनु० ७६)। चकारान्त प्रातिपदिकों के जो वैदिक रूप उपलब्ध होते हैं उन के आधार पर वाच् "वाणी" के रूप इस प्रकार बनते हैं—

	ए०	द्वि०	ब०
प्रथ०	वाक् ;	वाचा, वाचौ ;	वाचः ।
द्विती०	वाचम् ;	,, ;	वाचः, कहीं कहीं वाच. ।
तृ०	वाचा ;	वाग्भ्याम् ;	वाग्भिः ।
च०	वाचे ;	,, ;	वाग्भ्यः ।
पं०	वाचः ;	,, ;	,, ।
ष०	,, ;	(वाचोः) ;	वाचाम् ।
स०	वाचि ;	,, ;	(वाक्षु) ।

कोष्ठक में दिये गये रूपों के उदाहरण अप्राप्य हैं।

निम्नलिखित चकारान्त प्रातिपदिकों के रूप भी इसी प्रकार बनते हैं—

स्त्री० चकारान्त प्रातिपदिक—ऋच् "ऋचा"; त्वच् "चमड़ी"; नि-म्रुच् "सूर्यास्त"; मृच् "हिंसा", रुच् "दीप्ति", शुच् "ज्वाला", सिच् "वस्त्राञ्चल"; स्रुच् "यज्ञीय चमच"।

पुं० चकारान्त प्रातिपदिक—अंहो-मुच् "संकटमोचक"; क्रुञ्च् "क्रौंच", त्रि-शुच् "तीन ज्वालाओं वाला"; पुरो-रुच् "सामने चमकने वाला"; मधु-पृच् "माधुर्य मिलाने वाला", सूर्य-त्वच् "सूर्य के समान कान्ति वाला"। उरु-व्यच् "दूर फैलने वाला" का शक्ताङ्ग (सर्वनामस्थान से पूर्व) उरु-व्यञ्च् बनता है; यथा—द्विती० ए० उरु-व्यञ्चम्। इसी प्रकार -सच् का शक्ताङ्ग -साच् बनता है, यथा—द्विती० ए० अपत्य-साचम्

'अपत्य-युक्त"। क्रुञ्च का प्रथ० ए० क्रुङ् (वा० स०) बनता है। पा० ३ २, ५९ में क्रुञ्च् धातु से क्विन् प्रत्यय का विधान कर के क्रुञ्च प्रातिपदिक की सिद्धि की गई है और संयोगान्त च का लोप होने पर पा० ८ २ ६२ के द्वारा पदान्त म ञ का ङ बनता है। सि कौ में क्रुङ्, क्रुञ्चौ, क्रुञ्च, क्रुङ्भ्याम् इत्यादि रूप दिखलाये गये हैं।

१०७ **छकारान्त प्रातिपदिक**—वैदिक वाङ्मय में केवल एक छकारान्त पु प्रातिपदिक बन्धु-पृच्छ् मिलता है जिस से प्रथ० द्वि० म बन्धु पृच्छा बन्धुओं को पूछने वाले" (ऋ० ३ ५४, १६) रूप बनता है। पृच्छ् अङ्ग से बने हुए अन्य वैदिक रूप तुमर्थक (Infinitive) माने जाते हैं, यथा—पृच्छे पूछना" सं पृच्छे अभिवादन करना"। ये दोनों रूप चतुर्थी ए० के रूप के सदृश हैं। वि पृच्छम् तथा सं पृच्छम् 'पूछना" ये दोनों रूप द्विती० ए० के रूप के सदृश हैं।

१०८ **जकारान्त प्रातिपदिक**—जो धातुज जकारान्त प्रातिपदिक एकाच् और असमस्त हैं व प्रायेण स्त्री में प्रयुक्त होते हैं और नपुंसकलिङ्ग में ऐसे प्रातिपदिक का कोई उदाहरण नहीं मिलता है। केवल समासों में नपु० के कुछ जकारान्त प्रातिपदिक उपलब्ध होते हैं।

मूलप्रकृति के अनुसार (अनु २५) प्रातिपदिकों के अन्त में आने वाला ज् पदान्त में तथा झलादि विभक्तियों से पूर्व ग् या इ में परिणत हो जाता है और सन्धिनियम के अनुसार ग या ड अपने वर्ग के प्रथम वर्ण में बदल जाता है। पूर्वकालीन तालव्य ज का ड् और उत्तरकालीन तालव्य ज का ग बनता है (दे० अनु० २५ ७५, ७६)। परन्तु ऋत्विज् उचित ऋतु में यज्ञ करने वाले" का ज इस नियम के अपवा० स्वरूप ग् में परिणत होता है जबकि इस प्रातिपदिक के उत्तरपद यज् का ज अन्य रूपों में ड् में परिणत होता है।

(क) **उत्तरकालीन तालव्य वाले प्रातिपदिक**—इन के प्रातिपदिक के ज का पदान्त में तथा झलादि विभक्ति से पूर्व ग बनता है और यथास्थान

ग् या क् बन जाता है। उपर्युक्त वैदिक रूपों के आधार पर उशिज् "उत्सुक" के रूप पुं० तथा स्त्री० में निम्नलिखित प्रकार से बनेंगे—

	ए०	द्वि०	ब०
प्रथ०	उशिक् ;	उशिजा ;	उशिजः ।
द्विती०	उशिजम् ;	× ;	,, ।
तृ०	उशिजा ;	× ;	उशिग्भिः ।
च०	उशिजे ,	× ;	उशिग्भ्यः ।
पं०	× ;	× ;	× ।
ष०	उशिजः ,	उशिजोः,	उशिजाम् ।
स०	×	,, ;	×

टिप्पणी—जिन विभक्तियों में शब्द का कोई वैदिक उदाहरण नहीं मिलता है वहां पर × चिह्न लगाया गया है।

निम्नलिखित जकारान्त प्रातिपदिकों के रूप इसी प्रकार से बनते हैं और ये पुं० तथा स्त्री० में प्रयुक्त होते हैं—अस्वप्नज् "निद्रारहित"; तृष्णज् "तृषित"; धृषज् "धृष्ट"; सनज् "पुराना"।

पुं० प्रातिपदिक—युज् "युक्त"; अ-भुज् "भोग न करने वाला"; अर्ध-भाज् "भागी"; ऋत-युज् "ठीक ऋतु में युक्त"; ऋत्विज् "ठीक ऋतु में यज्ञ करने वाला"; घृत-निर्णिज् "घृत रूपी वस्त्र वाला", चन्द्र-निर्णिज् "चमकते हुए वस्त्र वाला", परा-वृज् "परित्यक्त"; भिषज् "उपचार करने वाला"; वणिज् "बनिया", सं-वृज् "अधीन करने वाला"; स-युज् "साथी"; सु-युज् "सुष्ठु युक्त" (अ०)।

विशेष—जब युज् प्रातिपदिक समास में न हो तो सर्वनामस्थान से पूर्व शब्दांश युज् में उ तथा ज् के मध्य न् का आगम होता है[८]; यथा—प्रथ० ए० युङ्, द्वि० युञ्जा। परन्तु समास में नुम् का आगम नहीं होता है: यथा—स-युक्; और ऋ० में द्विती० ए० का रूप युञ्जम् एक बार और युजम् पन्द्रह बार आया है।

चतुर्थोऽध्यायः

स्त्री० प्रातिपदिक—ऊर्ज्'' जीवन-शक्ति'' तुज 'सन्तति'', निर्णिज 'चमकता हुआ वस्त्र'' स्रा ''हार''। स० ब में स्रज का रूप स्रजु मिलता है। भुज 'भोग'', अभि-युज् ''आक्रान्ता'' अश्व युज घोड़े जोतने वाली'' इत्यादि के रूप भी मिलते हैं।

नपु० प्रातिपदिक—असृज् रुधिर'' स्वार्इज सुखपूर्वक प्राप्त'' सु-युज 'सुयुक्त'' (क्रि वि०) इनान् भाज प्रबल करता हुआ'।

विशेष—(१) कहीं कहीं असृज के स्थान पर असन के रूप भी प्रयुक्त होते हैं, यथा—तृ ए० अस्ना, प० प० ए० अस्न ।

(२) तै० स० ७, ४ ९, १ म असृज् के स्थान पर तकारान्त रूप असृत् (द्वितीय ए०) मिलता है।

(ख) पूर्वकालीन तालव्य वाले प्रातिपदिक—इन के प्रातिपदिकान्त ज का पदान्त में तथा झलादि विभक्ति से पूर्व ड् बनता है और यथास्थान ड का ट बन जाता है परन्तु वेदों में स० ब० के सु से पूर्व ज का क् मिलता है और ट रूप वाला कोई उदाहरण उपलब्ध नहीं होता है। सम्राज से बनने वाले निम्नलिखित रूप वैदिकभाषा में मिलते हैं—

प्रथ० ए० सम्राट द्वि० सम्राजौ ब० सम्राजः ।

द्विती० ए० सम्राजम् ।

च० ए० सम्राजे ।

प० ए० सम्राजः द्वि० सम्राजोः ।

इस प्रातिपदिक के सब रूप वेद म नहीं मिलते हैं। निम्नलिखित पु जकारान्त प्रातिपदिकों के रूप भी इसी प्रकार बनते हैं परन्तु सब रूप उपलब्ध नहीं होते हैं—राज राजा'' एक राज 'अकेला शासक' जन-राज् जनता का राजा ' भ्राज् प्रकाशमान ' वन-राज 'वन में चमकता हुआ वि-भ्राज् 'प्रकाशमान ' वि-राज दूर तक शासन करने वाला'' विश्व-भ्राज सब को प्रकाशित करता हुआ ' सत्र राज सत्र का राजा इत्यादि।

विशेष—ऋ १ १६२ ५ में मिलने वाले रूप आ-वया होम करने वाला'' का प्रातिपदिक आव-यज माना जाता है[२१]।

स्त्री० प्रातिपदिक—राज् "राजमाना" (तै० आ०), विराज् "विराज् छन्दः"; प्रयज् "हविः"; सं-सृज् "सम्पर्क"; स्वराज् "स्वयं प्रकाशमान"; अव-यज् "हविर्भाग"; उप-यज् "विशेष यजुर्मन्त्रों की संज्ञा" (वा० सं० ६,२१)।

इन प्रातिपदिकों के निम्नलिखित रूप मिलते हैं—

प्रथ० ए० राट्, विराट्, उपयट्; ब० विराजः (वा० सं०)।
द्वितीय० ए० विराजम्, स्वराजम्।
तृ० ए० विराजा; द्वि० उपयड्भ्याम्; ब० उपयड्भिः।
पं० ए० विराजः।
ष० ए० विराजः।
स० ए० संसृजि; ब० प्रयक्षु (अ०)[१३]।

विशेष—अव-यज् "हविर्भाग" का रूप प्रथ० ए० में अवयाः (का० सं० ६५, १२; ऋ० १, १७३, १२, अ० २, ३५, १) बनता है[१४]।

नपुं० प्रातिपदिक—स्वराज् "स्वयं प्रकाशमान" का ष० ए० का रूप स्वराजः (ऋ० १०, १२०, ८) मिलता है।

१०९. टवर्गान्त प्रातिपदिक—(क) कोई असंदिग्ध टकारान्त प्रातिपदिक नहीं मिलता है। अ० ८, ७, २४ में मिलने वाले प्रथ० ब० रूप रघटः के प्रातिपदिक के विषय में सन्देह है। कतिपय विद्वानों का मत है कि यह रघवः "शीघ्रगामी" का अपपाठ है[१५]।

(ख) केवल दो टकारान्त स्त्री० प्रातिपदिक ईड् "स्तुति" और इड् "स्फूर्तिप्रद अन्न" वेद में दृष्टिगोचर होते हैं और इन के निम्नलिखित रूप मिलते हैं—

तृ० ए० ईळा (ऋ० ८, ३९, १), इळा (ऋ०)।
ष० ए० इळः (ऋ०)।

११०. तकारान्त प्रातिपदिक—वैदिकभाषा में तकारान्त प्रातिपदिक वाले बहुत से शब्द मिलते हैं, परन्तु इन में से अधिकतर शब्द समासों के उत्तरपद में आते हैं और कुछ तद्धितान्त हैं। कृदन्त तकारान्त प्रातिपदिकों की संख्या अधिक है और इस प्रकार के लगभग तीस

प्रातिपदिक इकारान्त उकारान्त तथा ऋकारान्त धातुओं से बने हुए हैं। ऐसे प्रातिपदिक प्रायेण समासों के उत्तरपद में मिलते हैं। समासों के उत्तरपद में आने वाले तकारान्त शब्द पु० तथा स्त्री० दोनों में प्रयुक्त होते हैं और दोनों लिङ्गों में उन के रूप सर्वथा समान बनते हैं। उपलब्ध रूपों के आधार पर त्रिवृत् 'तिगुना" शब्द के रूप पु० तथा स्त्री० में निम्नलिखित प्रकार से बनेंगे—

त्रिवृत् (पु० तथा स्त्री०)

	ए०	द्वि०	ब०
प्रथ०	त्रिवृत्	त्रिवृतौ त्रिवृतौ	त्रिवृतः ।
द्वि०	त्रिवृतम्		।
तृ०	त्रिवृता	त्रिवृद्भ्याम् ;	त्रिवृद्भिः ।
च०	त्रिवृते	,,	त्रिवृद्भ्यः ।
प०	त्रिवृतः	,	, ।
ष०	,	त्रिवृतोः	त्रिवृताम् ।
स०	त्रिवृति		त्रिवृत्सु ।

नपुं० की प्रथ० तथा द्विती० के ए० में त्रिवृत् रूप बनता है और प्रथ० तथा द्विती० के द्वि० और ब० को छोड़ कर शेष सब विभक्तियों में इस के रूप उपर्युक्त पु० तथा स्त्री० के रूपों के समान बनेंगे। प्रथ० तथा द्विती० के द्वि० और बहुवचन में नपुं० तकारान्त प्रातिपदिकों के रूपों का लगभग अभाव है। सर्वहुत् 'सम्पूर्ण होम करने वाला" प्रातिपदिक के प्रथ० ब० का रूप सर्वहुन्ति ऐ० ब्रा० में मिलता है और भृत् 'धारण करने वाला" तथा -स्तृत् 'मुड़ने वाला" से बने रूप भृन्ति तथा -स्तृन्ति ब्राह्मणों में मिलते हैं।

अधिकांशतः तकारान्त प्रातिपदिकों के रूप त्रिवृत् के रूपों की भाँति बनते हैं। धातुओं के द्वित्व वाले शत्रन्त प्रातिपदिक दर्दृत् दर्धृत् इत्यादि के रूप भी इसी प्रकार बनते हैं।

पुं० प्रातिपदिक—पुं० मे प्रयुक्त होने वाले अविकार्यङ्ग तकारान्त प्रातिपदिकों की संख्या वहुत वड़ी है और रूपविषयक कोई विशेषता नही है। इस लिये यहा पर परिगणना करनी अनावश्यक है। कुछेक प्रसिद्ध पुं० प्रातिपदिक ये हैं—चिकित् "ज्ञानी", मरुत् "मरुत् देव", पथिकृत् "पथ वनाता हुआ", नपात् "पौत्र", ददत् "देता हुआ", वाघत् "ऋत्विज्", शासत् "उपदेश करता हुआ", दाशत् "उपासना करता हुआ", सश्चत् "शत्रु", जाग्रत् "जागता हुआ"।

एकाच् स्त्री० प्रातिपदिक—एक अक्षर वाले तकारान्त प्रातिपदिक चित् "विचार", द्युत् "चमक", नृत् "नाच", पृत् "युद्ध", वृत् "शत्रुदल" स्त्री० मे प्रयुक्त होते हैं और शेष स्त्री० प्रातिपदिकों में एक से अधिक अच् हैं। कुछेक प्रसिद्ध अनेकाच् स्त्री० प्रातिपदिक ये हैं—प्र-वत् "ऊंचाई", देव-तात् "देवों की सेवा", सरित् "नदी", विद्युत् "चमकती हुई", उपभृत् "यज्ञीय चमच", योषित् "युवति", रोहित् "लाल घोड़ी", स्रवत् "जलधारा", वेहत् "वन्ध्या गाय"।

नपुं० प्रातिपदिक—अक्षि-पत् "आख में गिरने वाला", अनपाकृत् "दूर न हटने वाला", त्रिवृत् "तिगुना", यकृत् "जिगर", शकृत् "गोमय", सं-यत् "निरन्तर", जगत् "जीव-लोक" इत्यादि प्रातिपदिकों के रूप नपुं० मे वनते हैं।

विशेष—पा० ६, १, ६३ के अनुसार शस्प्रभृति विभक्तियों से पूर्व शकृत् के स्थान पर शकन् और यकृत् के स्थान पर यकन् आदेश हो जाता है। इन से वने हुए निम्नलिखित रूप मिलते हैं—

प्रथ० तथा द्विती० ए० शकृत् (ऋ०), यकृत् (ऋ०)।
तृ० ए० शकृता (का० श्रौ०), शक्ना (वा० सं०), यक्ना (वा० सं०);
व० शकभि: (तै० सं०)।
पं० ए० यक्न: (ऋ०)।
ष० ए० शक्न: (अ०)।

१११. थकारान्त प्रातिपदिक—वेद में केवल चार थकारान्त प्रातिपदिकों के

रूप मिलते हैं। पथ् "मार्ग" तथा सुपथ् "अच्छा मार्ग" पुं॰ में आते हैं। अभिश्नथ् "चुभता हुआ" विशेषण है और कपृथ् 'शिश्न' प्रायेण नपुं॰ शब्द माना जाता है परन्तु कतिपय विद्वान् इसे पुं॰ शब्द मानते हैं[१५]। ग्रासमैन ऋ॰ के पद श्रत् 'श्रद्धा' को श्रथ् प्रातिपदिक से सिद्ध करता है[१६] परन्तु अन्य विद्वान् इस में श्रत् या श्रद् प्रातिपदिक मानते हैं[१७]। पा॰ के अनुसार पथ् पथिन् का ही अल्पशक्ताङ्ग (Weakest stem) है और स्वतन्त्र प्रातिपदिक नहीं है[१८]।

इन प्रातिपदिकों से बने हुए निम्नलिखित रूप मिलते हैं—

प्र॰ ए॰ कपृत्।

द्वि॰ ए॰ कपृत्, श्रत् (आठ बार) पथम् (मै॰ सं॰ ३, ६, १), व पृथ (टि॰ २८)।

तृ॰ ए॰ सुपथा पथा पथाँ अनेहसा (ऋ॰ १ १२९, ९)।

च॰ ए॰ पथे (वा॰ सं॰)।

पं॰ ए॰ पथः, अभिश्नथः।

ष॰ ए॰ पथः व पथाम्।

स॰ ए॰ पथि।

११२ दकारान्त प्रातिपदिक—(क) दकारान्त प्रातिपदिकों की संख्या सौ से अधिक है। लगभग सौ दकारान्त प्रातिपदिक ऐसे हैं जिन के अन्त में अद् 'खाना' क्षद् 'काटना' छद् 'ढांपना', पद् 'जाना' सद् 'बैठना', स्यद् 'बहना' छिद् 'काटना', निद् 'निन्दा करना', भिद् 'भेदन करना' उद् 'गीला करना', नुद् 'धकेलना', मद् 'मस्त होना' मुद् 'मुदित होना' मृद् 'कुचलना' स्वद् 'सुभाना' रुद् 'रोना', विद् 'पाना', विद् 'जानना', मुद् 'आनन्द लेना' तथा सूद् 'यथाक्रम रखना' इत्यादि धातुओं का द् रहता है और क्विप् इत्यादि कृत्प्रत्यय का लोप हो जाता है। ऐसे दकारान्त प्रातिपदिक प्रायेण समासों के उत्तरपद में मिलते हैं यथा—अद्रिभिद् 'पर्वत का भेदन करने वाला'। और इन

में भी ऐसे प्रातिपदिक सब से अधिक हैं जिन के अन्त में -विद्, -सद् तथा -पद् आते हैं; यथा—सर्व-विद्, धूर्षद्, अनुपद् इत्यादि।

एक अच् वाले दकारान्त प्रातिपदिक केवल आठ मिलते हैं जिन में से उद् "तरंग", निद् "निन्दा", भिद् "भेदन करने वाला", मुद् "प्रसन्नता", मृद् "मिट्टी" तथा विद् "ज्ञान" ये छ प्रातिपदिक स्त्री० में प्रयुक्त होते हैं; केवल एक प्रातिपदिक पद् "पाँव" पुं० में और हृद् "हृदय" नपुं० में आता है।

इन दकारान्त प्रातिपदिकों के रूप उपर्युक्त अविकार्यङ्ग तकारान्त प्रातिपदिकों के रूपों की भांति बनते हैं और नपुं० की प्रथमा तथा द्वितीया विभक्ति के द्वि० तथा ब० और द्विती० ए० को छोड़ कर शेष सभी विभक्तियों में तीनों लिङ्गों के प्रातिपदिकों के रूप समान बनते हैं। परन्तु नपुं० के प्रथ० द्विती० द्वि० ब० के रूपों का लगभग अभाव है। विद् "ज्ञान" के रूप तथा -विद् "पाना" उत्तरपद में आने वाले प्रातिपदिकों के रूप तीनों लिङ्गों में (नपुं० द्विती० ए० और प्रथ० द्विती० द्वि० ब० को छोड़ कर) निम्नलिखित प्रकार से बनेंगे—

	ए०	द्वि०	ब०
प्रथ०	वित् ;	विदा, विदौ ;	विदः।
द्विती०	विदम्,	,, ,	,, ।
तृ०	विदा,	विद्भ्याम् ;	विद्भिः।
च०	विदे ;	,, ;	विद्भ्यः।
पं०	विदः,	,, ,	,, ।
ष०	विदः ;	विदोः ,	विदाम्।
स०	विदि ;	,, ,	वित्सु ।

पद् "पाँव" (पुं०)

सर्वनामस्थान (Strong cases) से पूर्व पद् के अकार का दीर्घ होकर पाद् अङ्ग बन जाता है। परन्तु इस के विपरीत पा० ६, १, ६३ के अनुसार शस्प्रभृति विभक्तियों (Weak cases) से पूर्व पाद्

के स्थान पर पद् आदेश हो जाता है और मूलशब्द पाद् है। उपर्युक्त रूपों के आधार पर पद् के रूप इस प्रकार बनेंगे—

	ए०	द्वि०	ब०
प्रथ०	पात्	पादा	पाद ।
द्विता०	पादम्		पद[२९] ।
तृ०	पदा	पद्भ्याम्	पद्भि[३०] ।
च०	पदे		पद्भ्य ।
पं०	पद		,, ।
ष०	पद	पदो	पदाम् ।
स०	पदि	,,	पत्सु ।

हृद् हृदय[३१] (नपुं०)

पाश्चात्य विद्वानों के मतानुसार अशक्त विभक्तियों (Weak cases) से पूर्व हृद् प्रातिपदिक आता है और प्रथ० तथा द्विता० के ब० और कुछ अन्य विभक्तियों से पूर्व ऋ० के अवरकालीन अंशों में इस के स्थान पर हृदय प्रातिपदिक का प्रयोग होता है। इस मत के विपरीत पा० ६ १ ६३ के अनुसार अशक्त विभक्तियों (शस्प्रभृति) से पूर्व हृदय का हृद् आदेश हो जाता है। हृद् से बने निम्नलिखित रूप मिलते हैं—

प्रथ० ए० हृत् (तै० स० ४, ४, ७ २)।

तृ० ए० हृदा ब० हृद्भि ।

च० ए० हृदे।

प० तथा ष० ए० हृद ।

स० ए० हृदि[३२] ब० हृत्सु।

उद् जल[३] का केवल एक रूप उदा (तृ० ए०) ऋ० में मिलता है।

(ख) जिन दकारान्त प्रातिपदिकों का अन्तिम दकार धातुज नहीं है और प्रत्यय का माना जाता है ऐसे प्रातिपदिकों की संख्या बहुत कम

है। दृषद् तथा धृषद् (ऋ०) "चक्की का निचला पाट", भसद् "स्त्री की पीठ", शरद् "शरद् ऋतु", ककुद् "शिखर" और काकुद् "तालु" स्त्री० प्रातिपदिक हैं। त्रिककुद् "तीन शिखरों वाला" पुं० है और वनद् "इच्छुक" का लिङ्ग संदिग्ध है। इन में शरद् का प्रयोग सब से अधिक है और अन्य प्रातिपदिकों का प्रयोग बहुत कम है। इन से बने हुए निम्नलिखित रूप मिलते हैं—

प्रथ० ए० ककुत्, काकुत्, धृषत्, भसत्, शरत्, त्रिककुत्,
व० वनर्दः, शरर्दः।
द्वि० ए० काकुर्दम्, दृषर्दम्, भसर्दम्, शरर्दम्, त्रिककुर्दम्;
व० शरर्दः।
तृ० ए० दृषर्दा, शरर्दा, व० शरद्भिः।
च० ए० शरर्दे।
पं० ए० काकुर्दः।
ष० व० शरर्दाम्।
स० ए० ककुर्दि, शरर्दि, व० शरत्सु।

कतिपय विद्वानो का मत है कि ककुद् वास्तव मे ककुभ् की विकृति है और कही कही अन्तिम भ् का द् बन गया है[३२]।

११३. धकारान्त प्रातिपदिक—बुध् "जागना", बाध् "कष्ट पहुंचाना", युध् "लड़ना", वृध् "बढ़ना" तथा रुध् "रोकना" इत्यादि सोलह धकारान्त धातुओं से बने हुए लगभग पचास धकारान्त प्रातिपदिक उपलब्ध होते हैं और वृध् धातु से बने हुए प्रातिपदिक सब से अधिक हैं। सभी धकारान्त प्रातिपदिक कृदन्त हैं और इन में से बहुत से प्रातिपदिक *समासों* के उत्तरपद में मिलते हैं, *यथा*—यज्ञ-वृध् "यज्ञवर्धक"। केवल सात धकारान्त प्रातिपदिक एकाच् हैं। क्षुध् "क्षुधा", नध् "बन्धन", मृध् "संग्राम", युध् "युद्ध", वृध् "वृद्धि" तथा स्पृध् "स्पर्धा (लड़ाई)" ये छः एकाच् प्रातिपदिक स्त्री० मे हैं और केवल एक वृध् "वर्धक" प्रातिपदिक पुं० विशेषण रूप मे

प्रयुक्त होता है। पुं० तथा स्त्री के प्रातिपदिकों के रूप सर्वथा समान हैं। प्रथ० तथा द्वितो० के द्वि० तथा ब० में नपुंसक के रूपों की विशेषता बताने वाला कोई रूप नहीं मिलता है और केवल चार नपु० रूप तथा स० में उपलब्ध होते हैं। किसी धकारान्त प्रातिपदिक में शक्तांग तथा आत्मांग का भेद प्रकट नहीं होता है। कतिपय प्रसिद्ध प्रातिपदिकों के निम्नलिखित रूप मिलते हैं—

वृध, युध उषर्बुध् 'प्रात जागने वाला" ऋतावृध "सत्यवर्धक"

प्रथ० ए० उषर्बुत्[१४क] द्वि० ऋतावृधा, ऋतावृधौ ब० ऋतावृध ।

द्विती० ए० वृधम युधम, उषर्बुधम्, द्वि० ऋतावृधा, ऋतावृधौ

ब० ऋतावृध युध ।

तृ ए० वृधा युधा ।

च० ए० वृध युधे उषर्बुध ऋतावृध ।

प० ए० युध ।

ष० ब० वृधाम्, ऋतावृधाम् ।

स० ए० युधि ब० युत्सु ।

११४ **नकारान्त प्रातिपदिक**—अविकार्यांग नकारान्त प्रातिपदिकों की संख्या अत्यल्प है और तन् 'फैलना" रन् आनन्दित होना" वन् प्रिय होना" सन् प्राप्त करना" तथा स्वन् 'ध्वनि करना" से बने हुए छ कृदन्त नकारान्त प्रातिपदिक उपलब्ध होते हैं। इन में से तन् स्त्री 'सन्तति" रन् पु० आनन्द", वन् पुं० 'वन" तथा स्वन् वि 'ध्वनि करता हुआ" ये चार एकाच् हैं और गोषन् गाय प्राप्त करने वाला" तथा तुविष्वन् जोर से गर्जता हुआ" ये दोनों विशेषण समासों के उत्तरपद में आते हैं। समासों के उत्तरपद में आने वाले हन् घातक" के पैंतीस प्रातिपदिक तथा अन्य नकारान्त प्रातिपदिक विकार्यांग हैं। इस लिये आगे चल कर विकार्यांग प्रातिपदिकों में उन का विवेचन किया जायगा।

अविकार्यांग प्रातिपदिकों से बनने वाले वैदिक रूप निम्नलिखित हैं—

प्रथ ब० सम्बो० तुविष्वण ।

तृ० ए० तना (एक बार ऋ) तना (१९ बार ऋ०)।

च० ए० रणे॑, तने॑ ।

प० ए० गोपणः (गोपणो नपात् सम्बो०); ष० वनाम् ।

स० ए० स्वर्नि (ऋ० ९, ६६, ९), तुविष्वणि, रन् (विभक्तिलोप);

ब० रंसु, वंसु ।

स्वरवैशिष्ट्य—उपर्युक्त रूपों में तुना तथा वनाम् को छोड़ कर शेष रूपों में स्वरसम्बन्धी नियम का अपवाद मिलता है, क्योंकि साधारण नियम के अनुसार इन एकाच् प्रातिपदिकों का उदात्त अशक्तविभक्ति पर चला जाना चाहिए ।

दन् या दम् ? अनेक पाश्चात्य विद्वान् दन् "गृह" नकारान्त प्रातिपदिक की कल्पना करते हैं और ऋ० १, १२०, ६; १, १४९, १; १, १५३, ४; १०, ९९, ६, तथा १०, १०५, २ में आने वाले दन् को कुछ विद्वान् स० ए० का रूप और अन्य विद्वान् प० ए० का रूप मानते हैं[११] । कतिपय विद्वान् दन् को दम् प्रातिपदिक की विकृति मानते हैं[१४] । सायण इन में से एक रूप को दम् धातु से बना शत्रन्त मानता है और अन्य रूपों को दा धातु से सिद्ध करता है । यहा पर यह बात ध्यान देने योग्य है कि दन् के उपर्युक्त रूप पतिः के साथ जुड़े हुए (पतिर्दन्) मिलते हैं और ऋ० १, १२०, ६ में पती दन् प्रयोग मिलता है । इस लिये पाश्चात्य विद्वान् 'पतिर्दन्' का अर्थ 'गृहस्य पतिः' 'गृहे पतिर्वा' करते है ।

११५. पकारान्त प्रातिपदिक—लगभग बीस पकारान्त प्रातिपदिक मिलते हैं । इन मे से सातों एकाच् प्रातिपदिक अप् "जल", क्रप् "सुन्दरता", क्षप् "रात्रि", क्षिप् "अंगुलि", रिप् "वञ्चना", रुप् "भूमि" तथा विप् "छड़ी या अंगुलि" स्त्री० मे प्रयुक्त होते हैं, परन्तु विशेषण के रूप में विप् पुं० में भी मिलता है । इन के अतिरिक्त समासों के उत्तरपद में आने वाले चार पकारान्त प्रातिपदिक आ-तप् "गर्म करने वाली", पति-रिप् "पति को धोखा देने वाली", ऋत-सप् "यजन करती हुई" तथा वि-स्रप् "शिखर" भी स्त्री० में आते हैं । शेष सभी पकारान्त

प्रयुक्त होता है। पु० तथा स्त्री० के प्रातिपदिकों के रूप सर्वथा समान हैं। प्रथ० तथा द्विती० के द्वि० तथा ब० में नपुंसक के रूपों का विशेषता वाला कोई रूप नहीं मिलता है और केवल चार नपु० रूप ष तथा स० में उपलब्ध होते हैं। किसी धकारान्त प्रातिपदिक में शक्तात्र तथा अशक्तात्र का भेद प्रकट नहीं होता है। कतिपय प्रसिद्ध प्रातिपदिकों के निम्नलिखित रूप मिलते हैं—

वृध, युध उपर्बुध् 'प्रात जागने वाला" ऋतावृध "सत्यवर्धक"

प्रथ० ए० उपर्भुत्[१२क] द्वि० ऋतावृधा ऋतावृधौ ब० ऋतावृध ।

द्विती० ए० वृधम् युधम्, उपर्बुधम्, द्वि० ऋतावृधा, ऋतावृधौ
  ब० ऋतावृध युध ।

तृ० ए० वृधा युधा।

च० ए० वृधे युधे उपबुध ऋतावृध।

प० ए० युध ।

ष० ब० वृधाम ऋतावृधाम्।

स० ए० युधि ब० युत्सु।

११४ **नकारान्त प्रातिपदिक**—अविकार्यत्र नकारान्त प्रातिपदिकों की सख्या अत्यल्प है और तन् 'फलाना" रन् आनन्दित होना" वन् प्रिय होना" सन् प्राप्त करना" तथा स्वन् "ध्वनि करना" से बने हुए छ कृदन्त नकारान्त प्रातिपदिक उपलब्ध होते हैं। इन में से तन् स्त्री 'सन्तति" रन् पु० आनन्द", वन् पुं० वन" तथा स्वन् वि 'ध्वनि करता हुआ" ये चार एकाच् हैं और गोषन् गाय प्राप्त करने वाला" तथा तुवि ष्वन् जोर से गर्जता हुआ" ये दोनों विशेषण समासों के उत्तरपद में आते हैं। समासों के उत्तरपद में आने वाले हन् घातक" के पैंतीस प्रातिपदिक तथा अन्य नकारान्त प्रातिपदिक विकार्यत्र हैं। इस लिये आगे चल कर विकार्यत्र प्रातिपदिकों में उन का विवेचन किया जायगा।

अविकार्यत्र प्रातिपदिकों से बनने वाले वैदिक रूप निम्नलिखित हैं—

प्रथ० ब० सम्बो० तुविष्वण ।

तृ ए० तना (एक बार ऋ०) तना (१९ बार ऋ०)।

प्रथ० ए० त्रिष्टुप् ।
द्विती० ए० त्रिष्टुभम्, व० त्रिष्टुभः ।
तृ० ए० त्रिष्टुभा ।
च० ए० त्रिष्टुभे ।
पं० ए० त्रिष्टुभः ।
स० ए० त्रिष्टुभि ।

११७. **मकारान्त प्रातिपदिक**—मकारान्त प्रातिपदिकों की संख्या अत्यल्प है और संनम् (अ०) ' नमस्कार" स्त्री० को छोड़ कर शेष सभी मकारान्त प्रातिपदिक एकाच् हैं। पृथिवीवाचक तीनों प्रातिपदिक क्षम्, **गम्** तथा **जम्** स्त्री० मे प्रयुक्त होते है। **हिम्** "वर्फ" पुं० और **दम्** "गृह" (अनु० ११४) तथा **शम्** "सुख" नपु० शब्द माने जाते हैं। परन्तु **शम्** "कल्याण" के केवल प्रथ० तथा द्विती० ए० के रूप मिलते हैं। इस लिये कतिपय विद्वानो के मतानुसार **शम्** अव्यय है। केवल **हिमा** (ऋ० १०, ३७, १०) के समाधान के लिये **हिम्** प्रातिपदिक की कल्पना की जाती है, परन्तु अकारान्त पद **हिम** के द्वारा भी **हिमा** रूप का समाधान किया जा सकता है। अत एव यह प्रातिपदिक संदिग्ध है। **गम्** तथा **जम्** के रूप केवल अशक्त (असर्वनामस्थान) विभक्तियों में मिलते हैं जहा इन की उपधा के **अ** का लोप हो जाता है। शक्त विभक्तियों (सर्वनामस्थान) से पूर्व क्षम् की उपधा के **अ** का दीर्घ हो जाता है। वेद मे निम्नलिखित रूप मिलते है—

प्र० ए० **शम्**, द्वि० **क्षामा**, द्यावा-क्षामा, व० **क्षामः**, **संनमः** (अ०)।
तृ० ए० क्ष्मा, ज्मा, हिमा ।
पं० ए० क्ष्मः, ग्मः, ज्मः[३८] ।
ष० ए० ग्मः, ज्मः, दन् (अनु० ११४), व० दमाम् ।
स० ए० क्षमि ।

११८. **रेफान्त प्रातिपदिक**—पचास से अधिक ऐसे रेफान्त प्रातिपदिक मिलते हैं जो धातुज माने जाते हैं। अधिकतर रेफान्त प्रातिपदिकों का अन्तिम रेफ **इ** या **उ** के पश्चात् आता है और केवल तीन रेफान्त

प्रातिपदिक समासों के उत्तरपद में आने वाले पुं० विशेषण हैं—
अग्नि-तप 'अग्नि-ताप का आनन्द लेने वाला", अभी-लाप-लप 'अत्यधिक वाचाट'' असु-तृप् 'दूसर के प्राणों (जीवन) से तृप होने वाला", केतु-सप 'आज्ञाकारी", परि-रप "चारों ओर चिल्लाने वाला" पशु-तृप 'पशुओं से तृप होने वाला'' प्र-सुप् 'सोता हुआ" तथा शीत्यप 'बहते हुए जल वाला''[१]। नपु० में कोई पकारान्त प्रातिपदिक नहीं मिलता है[२]। पु० तथा स्त्री० में इन के रूप सर्वथा समान बनते हैं।

प्रथ० के द्वि० तथा ब० में अप के अकार का दीर्घ हो जाता है[३], और भकारादि विभक्तियों से पूर्व प् का द् बन जाता है (दे० अनु० ७७)। अप् के निम्नलिखित रूप मिलते हैं—

प्रथ० द्वि० आपा ब० आपः।
द्विती० ब० अपः।
तृ० ए० अपा ब० अद्भिः।
च० ब० अद्भ्यः।
प० ए० अपः ब० अद्भ्यः।
ष० ए० अपः ब० अपाम्।
स० ब० अप्सु।

११६ भकारान्त प्रातिपदिक—पु० तथा स्त्री० में भकारान्त प्रातिपदिक मिलते हैं और नपु० में भकारान्त प्रातिपदिक से बना कोई रूप उपलब्ध नहीं होता है। क्षुभ 'क्षोभ', गृभ 'ग्रहण' नभ 'हिंसा' शुभ 'शोभा" तथा स्तुभ 'स्तुति" ये पांच एकाच् प्रातिपदिक और अनुष्टुभ 'ककुभ्' 'शिखर' तथा त्रिष्टुभ ये अनेकाच् प्रातिपदिक स्त्री० में प्रयुक्त होते हैं। जीव-गृभ 'जीवित पकड़ने वाला' सुत-गृभ 'सोम का ग्रहण करने वाला" रश्मि-गृभ् 'लगाम पकड़ने वाला' त्रि-ककुभ 'तीन शिखरों वाला' तथा छन्द-स्तुभ् 'छन्दों में स्तुति करने वाला' इत्यादि समासों में आने वाले अनेकाच् भकारान्त प्रातिपदिक पु० में प्रयुक्त होते हैं। त्रिष्टुभ के निम्नलिखित रूप मिलते हैं—

प्रथ० ए० त्रिष्टुप् ।
द्वितीं० ए० त्रिष्टुभम्, ब० त्रिष्टुभः ।
तृ० ए० त्रिष्टुभा ।
च० ए० त्रिष्टुभे ।
पं० ए० त्रिष्टुभः ।
स० ए० त्रिष्टुभि ।

११७. **मकारान्त प्रातिपदिक**—मकारान्त प्रातिपदिकों की संख्या अत्यल्प है और संनम् (अ०) ' नमस्कार" स्त्री० को छोड़ कर शेप सभी मकारान्त प्रातिपदिक एकाच् हैं। पृथिवीवाचक तीनों प्रातिपदिक क्षम्, गम् तथा जम् स्त्री० मे प्रयुक्त होते हैं। हिम् "बर्फ" पुं० और दम् "गृह" (अनु० ११४) तथा शम् "सुख" नपुं० शब्द माने जाते हैं। परन्तु शम् "कल्याण" के केवल प्रथ० तथा द्वितीं० ए० के रूप मिलते हैं। इस लिये कतिपय विद्वानों के मतानुसार शम् अव्यय है। केवल हिमा (ऋ० १०, ३७, १०) के समाधान के लिये हिम् प्रातिपदिक की कल्पना की जाती है, परन्तु अकारान्त पद हिम के द्वारा भी हिमा रूप का समाधान किया जा सकता है। अत एव यह प्रातिपदिक संदिग्ध है। गम् तथा जम् के रूप केवल अशक्त (असर्वनामस्थान) विभक्तियों मे मिलते हैं जहा इन की उपधा के अ का लोप हो जाता है। शक्त विभक्तियों (सर्वनामस्थान) से पूर्व क्षम् की उपधा के अ का दीर्घ हो जाता है। वेद मे निम्नलिखित रूप मिलते हैं—

प्र० ए० शम्, द्वि० क्षामा, द्यावा-क्षामा; ब० क्षामः, संनमः (अ०)।
तृ० ए० क्ष्मा, ज्मा, हिमा ।
पं० ए० क्ष्मः, ग्मः, ज्मः[३८] ।
ष० ए० ग्मः, ज्मः, दन् (अनु० ११४), ब० दुमाम् ।
स० ए० क्षामि ।

११८. **रेफान्त प्रातिपदिक**—पचास से अधिक ऐसे रेफान्त प्रातिपदिक मिलते हैं जो धातुज माने जाते है। अधिकतर रेफान्त प्रातिपदिकों का अन्तिम रेफ इ या उ के पश्चात् आता है और केवल तीन रेफान्त

दिव के रूप—पाणिनि दिव को प्रातिपदिक मान कर प्रथ ए में व के स्थान पर औ आदेश करके द्यौ रूप सिद्ध करता है[४१] और हलादि विभक्तियों से पूर्व दिव् के व को उ आदेश करके द्यु अङ्ग बनाता है[४२]।

मैक्डानल दिव् को द्यव् का सम्प्रसारण तथा अशक्त मान कर इन के रूपों का व्याख्यान करता है[४३]। ग्रासमैन तथा लन्मन प्रभृति विद्वानों का मत समीचीन प्रतीत होता है जिस के अनुसार दिव द्यु तथा द्यो परस्पर पूरक प्रातिपदिक माने जाते हैं[४४]। वैदिक भाषा में दिव प्रायेण तथा द्यु नित्य पु॰ में आते हैं और द्यो पु॰ तथा स्त्री में प्रयुक्त होता है। लौकिक संस्कृत में दिव् स्त्री॰ में ही प्रयुक्त किया जाता है। भारतीय वैयाकरण द्यो को पृथक् प्रातिपदिक मानते हैं और स्त्री में इस के रूप चलाते हैं (दे॰ टि॰ २२५)।

दिव् द्यु तथा द्यो से बने हुए निम्नलिखित रूप उपलब्ध होते हैं जो अधिकांश में परस्पर पूरक हैं—

द्यो की रूप-रचना के सम्बन्ध में दे॰ अनु॰ १४७।

	द्यो	दिव्	द्यु
प्रथ॰ ए॰	द्यौ, सम्बो॰ द्यौ[४०],	×	×
प्रथ॰ द्विती॰ द्वि॰	द्यावी (२६ बार) द्यवी[४८]	×	×
प्रथ॰ ब॰	द्यावं (२२ बार)	दिवं (ऋ॰ एक बार अ॰ दो बार)	×
द्विती॰ ए॰	द्याम्[४९]	दिवम् (२१ बार)	×
द्विती॰ ब॰	×	दिवं	द्यून्[५]
तृ॰ ए॰	×	दिवा दिवा	×
तृ॰ ब॰	×	×	द्युभिं (१९ बार)
च॰ ए॰	×	दिवे,	×
प॰ ए॰	द्यो (२ बार) द्यौ[५१]	दिव (५० बार)	×
ष॰ ए॰	द्यो (४ बार)	दिव (१८० बार से अधिक)	×
स॰ ए॰	द्यवि (१२ बार)	दिवि (११८ बार)	×

टिप्पणी—प्रयोग-संख्या का निर्देश केवल ऋ॰ से सम्बद्ध है।

१२०. **शकारान्त प्रातिपदिक**—वैदिक भाषा में ६० से अधिक शकारान्त प्रातिपदिक मिलते हैं और सभी धातुज हैं। इन में से ९ प्रातिपदिक एकाच् हैं और शेष समासों के उत्तरपद में आते हैं। शकारान्त प्रातिपदिक √दाश् "उपासना करना", √दिश् "आदेश करना" प्रभृति लगभग एक दर्जन धातुओं से बने कृदन्त शब्द हैं और अकेले √दृश् "देखना" धातु से लगभग २० प्रातिपदिक बनते हैं। लगभग ४० प्रातिपदिक पुं० में, २० स्त्री० में तथा आधा दर्जन नपुं० में प्रयुक्त होते हैं और कतिपय प्रातिपदिक विशेषणों के रूप में आते हैं। प्रथ० द्विती० के द्वि० व० में नपुं० का कोई रूप नहीं मिलता है जो पुं० तथा स्त्री० के रूपों से भिन्न हो सकता है। इस लिये तीनों लिङ्गों में शकारान्त प्रातिपदिकों के रूप समान बनते हैं। निम्नलिखित एकाच् शकारान्त प्रातिपदिक स्त्री० में प्रयुक्त होते हैं—दिश् "दिशा", दाश् "उपासना", दृश् "दृष्टि", नश् "रात्रि", पश् "दृष्टि", पिश् "अलंकार", प्राश् "विवाद", विश् "बस्ती या प्रजा", वृश् "अङ्गुलि"।

जकारान्त प्रातिपदिकों (अनु० १०८) की भाँति मूल प्रकृति के अनुसार शकारान्त प्रातिपदिक भी दो वर्गों में विभक्त किये जा सकते हैं—(१) पूर्वकालीन तालव्य श् वाले प्रातिपदिक और (२) उत्तरकालीन तालव्य श् वाले प्रातिपदिक।

पदान्त में तथा भकारादि विभक्तियों से पूर्व पूर्वकालीन तालव्य श् का ट् बनता है, परन्तु दिश् "दिशा" तथा दृश् "दृष्टि" के श् का क् बनता है और स० व० के सु से पूर्व भी क् बनता है। स० व० के सु से पूर्व श् के मूर्धन्यत्व का कोई उदाहरण नहीं मिलता है। उपलब्ध रूपों के आधार पर विश् के रूप इस प्रकार बनेंगे—

प्रथ० ए० विट् , द्वि० विशा, विशौ, ब० विशः।

द्विती० ए० विशम् ; द्वि० विशा, विशौ, ब० विशः।

तृ० ए० विशा ; ब० विड्भिः।

च० ए० विशे; ब० विड्भ्यः।

पं० ए० पुरः।
प० ए० पुरः; ब० पुराम्।
स० ए० पुरि; ब० पूर्षु।

द्वार् के रूप—पाश्चात्य विद्वानों का मत है कि अशक्त विभक्तियों (असर्वनामस्थान) से पूर्व द्वार् का अशक्ताङ्ग दुर् बन जाता है। द्वार् के निम्नलिखित रूप मिलते हैं—

प्रथ० ए० द्वाः (अ०); द्वि० द्वारौ; ब० द्वारः, दुरः (ऋ० १, १८८, ५)।
द्विती० ए० द्वारम् (अ०); द्वि० द्वारौ; ब० दुरः (२४ बार), द्वारः (ऋ० १, १३०, ३)।

स्वर् के रूप—पाश्चात्य विद्वानो का मत है कि च० ए० तथा प० ए० में स्वर् का सूर् अङ्ग बन जाता है और निम्नलिखित रूप बनते हैं—

प्रथ० ए० स्वर् (पाश्चात्य विद्वान्—सुवर् अ०)।
च० ए० सूरे (ऋ० ४, ३, ८)।
प० ए० सूरः (ऋ० ८, ७२, १७)[४९], स्वर् (ऋ० १, ६६, १०; १, ६९, १०)।
स० ए० स्वर् (५ बार; विभक्तिलोप)।

११९. **वकारान्त प्रातिपदिक**—वेदों में केवल दो वकारान्त प्रातिपदिक दिव् "द्युलोक" और दीव् "द्युतक्रीडा" ऋ० मिलते हैं।

दीव् के रूप—ऋ० में दीव् के केवल दो रूप मिलते हैं।

च० ए० दीवे (ऋ० १०, २७, १७)।
स० ए० दीवि (ऋ० ५, ८५, ८)।

इसी अर्थ में प्रयुक्त होने वाला प्रातिपदिक द्यू, दीव का पूरक कहा जा सकता है और अ० में उस से बने हुए निम्नलिखित रूप मिलते हैं—

द्विती० ए० द्युवम् (अ० ७, ५०, ९)।
च० ए० द्युवे (अ० ७, १०९, ५)।

चतुर्थोऽध्याय...

प्रातिपदिकों की उपधा में अ आता है और दा की उपधा में आ मिलता है। लगभग एक दर्जन रेफान्त प्रातिपदिक एकाच् हैं और शेष अनेकाच् हैं जिन में से अधिकतर समास हैं। कतिपय प्रसिद्ध रेफान्त प्रातिपदिक निम्नलिखित हैं—

पु० प्रातिपदिक—गिर् स्तोता" (ऋ०) प्र्र् प्रवर्दक", मुर् 'नाशक' गर्वाशिर् दुग्धमिश्रित" मुमुर् 'विजयी", अप्तुर् 'कर्मशील', भुरुर् भूख न होता हुआ'।

स्त्री० प्रातिपदिक—गिर् स्तुति" द्वार् "द्वार" धुर् 'धुरा या भार", पुर् दुर्ग' आशिर् 'मिश्रण" संस्तिर् 'आच्छादन', अमा जुर् घर में बुढ़िया होती हुई"।

नपुं० प्रातिपदिक—वार् जल" स्वर् 'प्रकाश'"[१], वर्धर् "आयुध"। अहर्, ऊधर्, उषर्—पाश्चात्य विद्वान् अहर् दिन" नपुं ऊधर् आपीन' नपुं० तथा उषर् 'उषा' स्त्री० को रेफान्त प्रातिपदिक मानते हैं। परन्तु पा० ८ २ ६८ ६९ अहर् को अहन्' नकारान्त प्रातिपदिक का रूप मानता है, और ऊधर् तथा उषर् का प्रातिपदिक क्रमश ऊधस् तथा उषस् माना जाता है (दे अनु० ११० ग, टि० १०६ इत्यादि)।

उपधादीर्घ—पदान्त में तथा हलादि विभक्ति से पूर्व रेफान्त प्रातिपदिक की उपधा के इ उ का दीर्घ हो जाता है" यथा—गिर् का प्रथ० ए गी तृ० ब० गीर्भि । र् का अविकार—स० ब को विभक्ति सु से पूर्व प्रातिपदिक का अन्तिम र् अविकृत रहता है" यथा—गिर् का स ब गीर्षु ।

उपलब्ध रूपों के आधार पर पुर् के रूप इस प्रकार बनेंगे—

प्रथ० ए० पू द्वि० पुरा, पुरौ ब० पुर ।
द्विती० ए० पुरम् , द्वि० पुरा, पुरौ ब० पुर ।
तृ० ए पुरा ब० पूर्भि ।
च० ए० पुरे ब० पूर्भ्य ।

पं० ए० पुरः ।

ष० ए० पुरः; ब० पुराम् ।

स० ए० पुरि; ब० पूर्षु ।

द्वार् के रूप—पाश्चात्य विद्वानों का मत है कि अशक्त विभक्तियों (असर्वनामस्थान) से पूर्व द्वार् का अशक्ताङ्ग दुर् बन जाता है । द्वार् के निम्नलिखित रूप मिलते हैं—

प्रथ० ए० द्वाः (अ०); द्वि० द्वारौ; ब० द्वारः, दुरः (ऋ० १, १८८, ५) ।

द्वन्द्व समास के विकास की अगली अवस्था उन उदाहरणों में लक्षित होती है जिनमें पूर्वपद का उदात्त नष्ट हो जाता है और समास के अन्तिम अक्षर पर उदात्त रहता है, यथा—सूर्याचन्द्रमसा (ऋ०), इन्द्रापूष्णोः (ऋ०), भवारुद्रौ (अ०)।

द्वन्द्व के विकास की अन्तिम अवस्था में पूर्वपद मे केवल प्रातिपदिक रूप प्रयुक्त होता है और समास के अन्तिम अक्षर पर उदात्त रहता है। ऋ० में ऐसे समासों के बहुत थोड़े उदाहरण मिलते हैं, परन्तु अन्य संहिताओं में तथा ब्राह्मणग्रन्थों में लगभग नियत रूप से ऐसा द्वन्द्व समास मिलता है; यथा—इन्द्र-वायू (ऋ० ७,९०,७), सत्यानृते (ऋ० ७,४९,

विशेषण के रूप में आता है उस शब्द का पु० प्रातिपदिक रूप समास के पूर्वपद में प्रयुक्त किया जाता है[१८] यथा—प्रयतदक्षिणम् (नरम्-ऋ १ ३१,१५) जिस पुरुष के द्वारा दक्षिणा दी गई है (प्रयता) उस को'।

१. द्वन्द्व समास

१८० द्वन्द्व का शाब्दिक अर्थ "जोड़ा" है और इस अर्थ में इस शब्द का प्राचीनतम प्रयोग तै० सं० १ ६ ९ ४ के 'द्वाद्वेन द्वन्द्वानि' तथा ए० ब्रा० २ २७ ३ ५० के द्वन्द्वम्" इत्यादि में मिलता है। प्रातिशाख्यों में तथा पाणिनीय व्याकरण में द्वन्द्व शब्द समासविशेष की संज्ञा के लिये प्रयुक्त होता है[१९]। वाक्य में अर्थ की दृष्टि से जो सुबन्त पद परस्पर सम्बद्ध तथा समानतया प्रधान होते हैं उनके समास के लिये द्वन्द्व संज्ञा का व्यवहार किया जाता है[१]। इस समास के दो भेद माने जाते हैं— (१) इतरेतरयोगद्वन्द्व (२) तथा समाहारद्वन्द्व। जिस समास में पदों के पारस्परिक साहचर्य का बोध होता है उसे इतरेतरयोगद्वन्द्व कहते हैं परन्तु जिस समास में केवल समाहार या समूह के अर्थ की प्रधानता रहे उसे समाहारद्वन्द्व मानते हैं।

(क) इतरेतरयोगद्वन्द्व—इस समास के विकास की विभिन्न अवस्थाओं के परिचायक उदाहरण संहिताओं में उपलब्ध होते हैं। इस द्वन्द्व के विकास की प्राचीनतम अवस्था में समास के दोनों पदों (पूर्वपद तथा उत्तरपद) के साथ द्विवचन की विभक्ति जोड़ी जाती है और दोनों पदों पर अपना अपना उदात्त भी रहता है[१] यथा—उषासानक्ता उषा और रात" मित्रावरुणा मित्र और वरुण' मातरा पितरा माता और पिता' द्यावा पृथिवी द्युलोक और पृथिवी। ऐसे द्वन्द्वसमासों के लिये देवताद्वन्द्व संज्ञा का प्रयोग किया जाता है और ऋ में मिलने वाले द्वन्द्व समासों में से लगभग तीन-चौथाई देवताद्वन्द्व समास हैं। देवताद्वन्द्व समासों के कतिपय उदाहरणों में पूर्वपद और उत्तरपद के बीच अन्य पद का व्यवधान मिलता है यथा—द्यावा ह क्षामा (ऋ १०।१२।१) द्युलोक और पृथिवी द्यावा दृशे पृथिवी

१८,६० में द्वि० रूप [illegible] भी मिलता है। मै० सं० में मिलने वाले उदाहरण इध्मा-बर्हिः "ईंधन और पवित्र घास" में पूर्वपद का द्वि० रूप और दोनों पदों पर उदात्त है"। इने गिने उदाहरणों को छोड़ कर सब समाहारद्वन्द्व समास का रूप नपुं० ए० में बनता है और समास के अन्तिम अक्षर पर उदात्त लगता है; यथा—केश-श्मश्रु (अ०) "केश और दाढ़ी"। प्रायेण प्राणियों के अङ्गवाचक, यज्ञ तथा विद्यासम्बन्धी विषय के वाचक, अप्राणियों के जातिवाचक (यथा तृण इत्यादि की जातिवाचक), तथा परस्पर विरोधी वस्तुओं या गुणों के वाचक शब्दों और ऐसे ही अन्य सम्बद्ध शब्दों का समाहार समास बनता है[१७], यथा—क्लोम-हृदयम् (शत० ब्रा०) "फेफड़े और हृदय", शिरो-ग्रीवम् (सं०) "सिर और गर्दन", इष्टि-यजुः (वा० सं०) "यज्ञ तथा याज्ञिक मन्त्र", इतिहास-पुराणम् (शत० ब्रा०) "इतिहास और पुराण", ओषधि-वनस्पति (शत० ब्रा०) "पौधे और वृक्ष"; कृताकृतम् (अ०) "जो किया गया है और जो नहीं किया गया है"[१८], भद्र-पापम् (अ०) "भला और बुरा"; भूत-भव्यम् (अ०) "भूत और भविष्य", नील-लोहितम् (ऋ०) "नीला और लाल"; उत्कूल-निकूलम् (वा० सं०) "ऊपर जाना और नीचे आना"; अजाविकस्य (शत० ब्रा० ४,५,५,४) "बकरियों और भेड़ों का"।

(ग) **द्वन्द्व में पूर्वपद**—इकारान्त तथा उकारान्त, अजादि तथा अकारान्त, न्यूनतर अक्षरों वाला, और कहीं-कहीं अधिक महत्त्वपूर्ण शब्द द्वन्द्व समास के पूर्वपद में आता है[१९]; यथा—कुरु-पञ्चालाः (का० सं०) "कुरुवासी और पञ्चालवासी", इन्द्राग्नी (ऋ०) "इन्द्र और अग्नि"; सूर्या-चन्द्रमसा (ऋ०) "सूर्य और चन्द्रमा"; पर्जन्या-वाता (ऋ०) "पर्जन्य और वात"।

(घ) **द्वन्द्व में समासान्त**—इतरेतरयोगद्वन्द्व तथा समाहारद्वन्द्व के अन्त में आने वाले बहुत से हलन्त शब्दों को अकारान्त बना दिया जाता है[२०]; यथा—धेन्वनडुहौ (शत० ब्रा०) "गाय और बैल", श्री-यशसानि (शत० ब्रा०) "लक्ष्मी और यश", स्त्री-पुंसौ (मै० सं०) "स्त्री और पुरुष", ऊर्वष्ठीवे द्वि० (वा० सं० १८,२३) "जंघा (ऊरु)

१) राय और अनत्य''; प्रस्तातृ प्रतिहर्तृभ्याम् (तै॰ सं॰ १,८,१८ १) प्रस्ताता और प्रतिहर्ता, के लिये'' दुहस्रुत् (तै॰ स॰) चातुर्य और बुद्धि'' शूद्रार्यौ (वा सं॰) शूद्र और आर्य'। परन्तु कतिपय ऋकारान्त प्रातिपदिकों का प्रथ द्वि॰ रूप ही द्वन्द्व के पूर्वपद में प्रयुक्त होता रहा है'' यथा—पितापुत्रा (अ) पिता और पुत्र नप्ता पोतारौ (पं॰ ब्रा॰) नेतृ-नामक और पोतृ-नामक ऋत्विज्'' नेष्टा-पोतृभ्याम् (तै॰ स॰ १ ८ १८ १) त्वष्टा वरूत्री (कपि॰ स ४६ ४ तु॰ ऋ॰ ७,३४ २१) 'त्वष्टा और वरूत्री' होताध्वर्यू (आ॰ श्रौ सू १५ ६ ४) होता और अध्वर्यु''।

प्रयोग के प्राचुर्य के कारण कतिपय द्विवचनान्त द्वन्द्वों का एक प॰ भी प्रसिद्ध जो के दोनों पदों क अर्थ का बोध करवाता है'' यथा—पितरौ पिता और माता'' मातरौ 'माता और पिता'' द्यावौ 'द्युलोक और पृथिवी ; मित्रा मित्र और वरुण' उषासौ उषा और रात्रि''।

ऋ॰ में बहुवचनान्त द्वन्द्व के उदाहरण बहुत थोड़े हैं परन्तु अन्य संहिताओं तथा ब्राह्मणग्रन्थों में इन के पर्याप्त उदाहरण उपलब्ध होते हैं। ऐसे समासों के पूर्वपद में प्रायेण प्रातिपदिक रूप मिलता है और समास के अन्तिम अक्षर पर उदात्त रहता है यथा—अजावय (ऋ) बकरियाँ और भेडें' अहोरात्राणि (ऋ॰) दिन और रात' देव मनुष्या (अ ८ १० ९) देव और मनुष्य' भद्रपापा (अ) 'अच्छे और बुरे' प्राणापानोदानेषु (तै स॰ ७ ३ ३ १) 'प्राण अपान और उदान में''। इस साधारण नियम के कुछ अपवाद भी मिलते हैं, यथा — द्यावापृथिवी पृथिवी (ऋ ८,९ १६) वे द्युलोक और पृथिवीलोक कहलाते हैं'' अह्ना पर्हेषि (तै॰ सं॰ २ ५ ६ १) अन्न और जोड़'' उक्था मदानि (अ) स्तुति और आनन्द'।

(ख) **समाहार द्वन्द्व**—समाहार-द्वन्द्व के कतिपय उदाहरणों के पूर्वपद में प्रथ द्वितीया द्वि का आकारान्त रूप मिलता है यथा—इष्टा पूर्तम् जो यज्ञ किया गया और दिया गया''[२४]। पाश्चात्य विद्वानों का अनुमान है कि इस का मूल रूप व॰ इष्टापूर्ती (नि) रहा होगा[२५]। वा॰ स

१८,६० में द्वि० रूप द्रुष्ट्रापूर्ते भी मिलता है। मै० सं० में मिलने वाले उदाहरण इध्मा-बर्हिः 'ईन्धन और पवित्र घास" में पूर्वपद का द्वि० रूप और दोनों पदों पर उदात्त है[११]। ऐसे कुछ गिने-चुने उदाहरणों को छोड़ कर समाहारद्वन्द्व समास का रूप नपुं० ए० में बनता है और समास के अन्तिम अक्षर पर उदात्त रहता है, यथा—केश-श्मश्रु (अ०) "केश और दाढी"। प्रायेण प्राणियों के अङ्गवाचक, यज्ञ तथा विद्यासम्बन्धी विषय के वाचक, अप्राणियों की जातिवाचक (यथा तृण इत्यादि की जातिवाचक), तथा परस्पर विरोधी प्राणियों या गुणों के वाचक शब्दों और ऐसे ही अन्य सम्बद्ध शब्दों का समाहार समास बनता है[२७], यथा—क्लोम-हृदयम् (शत० ब्रा०) "फेफड़े और हृदय", शिरो-ग्रीवम् (सं०) "सिर और गर्दन", समिष्ट-यजुः (वा० सं०) "यज्ञ तथा याज्ञिक मन्त्र"; इतिहास-पुराणम् (शत० ब्रा०) "इतिहास और पुराण", ओषधि-वनस्पति (शत० ब्रा०) "पौदे और वृक्ष"; कृता-कृतम् (अ०) "जो किया गया है और जो नहीं किया गया है"[२८], भद्र-पापम् (अ०) "भला और बुरा"; भूत-भव्यम् (अ०) "भूत और भविष्य", नील-लोहितम् (ऋ०) "नीला और लाल", उत्कूल-निकूलम् (वा० सं०) "ऊपर जाना और नीचे आना", अजाविकस्य (शत० ब्रा० ४,५,५,४) "बकरियों और भेड़ों का"।

(ग) **द्वन्द्व में पूर्वपद**—इकारान्त तथा उकारान्त, अजादि तथा अकारान्त, न्यूनतर अक्षरों वाला, और कहीं-कहीं अधिक महत्त्वपूर्ण शब्द द्वन्द्व समास के पूर्वपद में आता है[२९], यथा—कुरु-पञ्चालाः (का० सं०) "कुरुवासी और पञ्चालवासी", इन्द्राग्नी (ऋ०) "इन्द्र और अग्नि"; सूर्या-चन्द्रमसा (ऋ०) "सूर्य और चन्द्रमा"; पर्जन्या-वाता (ऋ०) "पर्जन्य और वात"।

(घ) **द्वन्द्व में समासान्त**—इतरेतरयोगद्वन्द्व तथा समाहारद्वन्द्व के अन्त में आने वाले बहुत से हलन्त शब्दों को अकारान्त बना दिया जाता है[३०], यथा—धेन्वनड्वाहौ (शत० ब्रा०) "गाय और बैल", श्री-यशसानि (शत० ब्रा०) "लक्ष्मी और यश"; स्त्री-पुंसौ (मै० सं०) "स्त्री और पुरुष", ऊर्वष्ठीवे द्वि० (वा० सं० १८,२३) "जंघा (ऊरु)

और धुम्ना (अह्नीवत्)'' दण्डापानहम् (शां गृ सू० ३ १ १८) डण्डा और जूते'' ऋक्सामाभ्याम् (ऋ) ऋचाओं और साम गान के द्वारा'' ऋग्यजुषम् (गौ० ध० सू०) ' ऋचाएं और यजुर्वेद के मन्त्र'। द्वन्द्व (तथा तत्पुरुष) समास के अन्त में आने वाला रात्रि शब्द वा रात्र बन जाता है (टि० ७० १०,१५) यथा—अहोरात्रे (अ त स) अहोरात्राणि (ऋ० तै० स०)।

२ तत्पुरुष समास

१८१ तत्पुरुष शब्द का अर्थ है 'तस्य पुरुष'' और समास के इस उदाहरण का ही इस समास की सज्ञा के रूप में प्रयुक्त किया जाता है। यद्यपि पाणिनि ने तत्पुरुष का क्षेत्र बहुत व्यापक माना है तथापि आधुनिक विद्वानों की पद्धति के अनुसार तत्पुरुष को दो मुख्य भेदों में विभक्त किया जा सकता है—(१) वह तत्पुरुष समास जिसका पूर्वपद द्विती तृ , च , प० ष० या स० में से किसी एक विभक्ति के अर्थ का वाचक है (२) और वह तत्पुरुष समास जिसका पूर्वपद उत्तरपद का विशेषण या क्रियाविशेषण है। पाश्चात्य विद्वान् प्रथम प्रकार के तत्पुरुष के लिये पराश्रित-तत्पुरुष (Dependent Determinative) और दूसरे प्रकार के तत्पुरुष के लिये विशेषणात्मक तत्पुरुष (Descriptive Determinative) सज्ञा का व्यवहार करते हैं। पाणिनि द्वारा विहित तत्पुरुष के सभी भेदों का उपयुक्त दो वर्गों में रखना पूर्णतया न्याय्य तो नहीं हो सकता परन्तु सुविधा के विचार से प्रायेण ऐसा वर्गीकरण कर दिया जाता है। हम तत्पुरुष का वर्णन निम्नलिखित शीर्षकों के अधीन करेंगे— (१) द्वितीयासमास इत्यादि (२) एकदेशिसमास (३) उपपदसमास (४) कर्मधारयसमास (५) द्विगुसमास (६) नञ् समास (७) कुगतिप्रादिसमास । यह वर्गीकरण पाणिनीय व्याकरण के अनुसार है परन्तु पाश्चात्य विद्वानों की पद्धति से भिन्न है।

१८२ द्वितीयासमास इत्यादि—जिन तत्पुरुष समासों के पूर्वपद में द्वितीया तृतीया, चतुर्थी पञ्चमी षष्ठी या सप्तमी विभक्ति के अर्थ को प्रकट करने वाला पद आता है वे समास उसी विभक्ति के नाम से जाने

जाते हैं; यथा—द्वितीयासमास, तृतीयासमास, चतुर्थीसमास, पञ्चमी-समास, षष्ठीसमास और सप्तमीसमास। वैदिकभाषा में षष्ठीसमास के उदाहरण सब से अधिक मिलते हैं और तृतीयासमास का प्रयोग इस से कुछ कम है। अन्य समासों के—विशेषत. चतुर्थीसमास तथा पञ्चमीसमास के—उदाहरण बहुत कम हैं।

(क) **द्वितीयासमास**—इस समास का पूर्वपद द्वितीयान्त रूप के अर्थ का वाचक होता है[११]; यथा—संवत्सर-भृत-(शत० ब्रा०) "एक वर्ष तक पाला हुआ"; गोष्ठगतम् (बौ० ध० सू०) 'गोष्ठ में गया हुआ", भूमि गताः (बौ० ध० सू०) 'भूमि में गये हुए"।

(ख) **तृतीयासमास**—इस समास का पूर्वपद तृतीयान्त रूप के अर्थ को प्रकट करता है और इस की तृतीया विभक्ति प्रायेण कर्ता और करण के अर्थ में आती है, परन्तु कहीं-कहीं अन्य अर्थों में भी इस का प्रयोग मिलता है[१२]; यथा—बल-विज्ञायः (ऋ० १०,१०३,५) "बल के द्वारा जानने योग्य", अग्नि-दग्ध (ऋ०) "अग्नि से जलाया गया"; रेष्म-छिन्न-(अ०) "तूफान से छिन्न किया गया"; नख-निर्भिन्न-(तै० सं०) "नाखून के द्वारा तोड़ा गया"; सोम-शित-(ऋ०) "सोम से तेज़ किया गया"; अद्रि-दुग्ध-(ऋ०) "शिला के द्वारा दुहा गया"; मधु-मिश्र-(तै० सं०), "मधु के साथ मिश्रित"; तिल-मिश्र-(अ०) "तिलों के साथ मिश्रित"।

(ग) **चतुर्थीसमास**—इस समास का पूर्वपद चतुर्थ्यन्त रूप के अर्थ को प्रकट करता है[१३]। प्राचीन वैदिक भाषा में चतुर्थीसमास के उदाहरण अतिविरल हैं, परन्तु उत्तरकालीन भाषा में इस के कुछ उदाहरण मिलते हैं; यथा—मर्नुर्हितम् (ऋ० ६,७०,२) "मनुष्यों के लिये हितकारी"[१४]; भूतबलिम् (गृ० सू०, ध० सू०) "भूतों के लिये बलि"।

(घ) **पञ्चमीसमास**—इस समास का पूर्वपद पञ्चम्यन्त रूप के अर्थ का वाचक होता है और उत्तरपद में प्रायेण भय या विश्लेष को प्रकट करने वाला शब्द रहता है[१५]। प्राचीन वैदिक भाषा में इस के उदाहरण अतिविरल हैं, परन्तु उत्तरकालीन भाषा में इस समास के कुछ उदाहरण

मिलते हैं, यथा— वृकभीति ' भेडिये का डर '।

(ङ) षष्ठीसमास—वैदिक तथा लौकिक संस्कृत में षष्ठीसमास के उदाहरण सब से अधिक मिलते हैं। इस समास का पूर्वपद षष्ठ्यन्त रूप के अर्थ को प्रकट करता है" यथा—राजपुत्र- (ऋ०) राजा का पुत्र" विश्पति- प्रजा का स्वामी' राजकर्तार (ऐ० ब्रा ८ १७ ५) राजा बनाने वाले" क्षीरहोतृ (शत० ब्रा०) दूध का होम करने वाला'। सोमपीति- (ऋ०) सोम का पान , सोमपीथम् (ऋ) सोम का पान"।

(च) सप्तमीसमास—इस समास का पूर्वपद सप्तम्यन्त रूप के अर्थ को प्रकट करता है' यथा—अह्नर्जात- (अ०) दिन में उत्पन्न हुआ" उद-प्लुतम् (अ० १० ४ ३) "जल में बहता हुई (लकड़ी) ।

(छ) अलुक्समास—सामान्य नियम के अनुसार समास के पूर्वपद की विभक्ति का लोप हो जाता है और शब्द का प्रातिपदिक-रूप पूर्वपद में आता है परन्तु ऐसे उदाहरण भी मिलते हैं जिनमें पूर्वपद की विभक्ति का लोप नहीं होता है। सि कौ० में ऐसे समासों के लिये अलुक्समास संज्ञा का प्रयोग किया गया है। अलुक् के अधिकतर उदाहरण षष्ठसमास में मिलते हैं।

तृतीयासमास में अलुक् के निम्नलिखित उदाहरण दिये जाते हैं" शुनेषितम् (ऋ ८ ४६ २८) कुत्तों द्वारा पहुंचाया गया " वाचा-स्तेनम् (ऋ० १० ८७ १५) वाणी के द्वारा चोर को।'

षष्ठीसमास में अलुक् के बहुत से उदाहरण मिलते हैं। कुछेक प्रमुख उदाहरण ये हैं—ग्नास्पति (ऋ० ७ ३८ ६) कुल का पति वास्तोष्पति (ऋ०) घर का पति जगतस्पति (का स) जगत् का पति' शुनःशेप (ऋ०) 'कुत्ते की पूछ (एक व्यक्ति का नाम) ' दिवोदास- (ऋ०) "स्वर्ग का दास (एक व्यक्ति का नाम) (टि० ४)।

सप्तमीसमास में अलुक् के जो उदाहरण मिलते हैं उनमें से कुछेक ये हैं—गविष्ठिर- (ऋ० अ० आप्व औ० सू०) एक ऋषि का नाम

(नाव में स्थित)"[४१]; नद्यंशु- (ऋ० ८,१०१,३) "उस्माद् या नदी में स्थित"; पदि-बद्ध- (तै० सं०) "पांव में बंधा हुआ"; मार्गे-हुत- (तै० सं०) "श्मशान में सुना गया"; नावि-दग्ध- (आ० श्रौ० सू०) "नाव में कृत", मासि-श्राद्ध- (आप० ध० सू०) "मास में (मासिक) श्राद्ध"; कर्णे-कृत- (अ०) "कान में कृत कृत्य"।

१८३. **एकदेशिसमास**—इस समास की अपनी विशेषता है। अत एव इस का पृथक् विवेचन आवश्यक है। इस प्रकार के समासों के उत्तरपद में आने वाला शब्द ऐसे द्रव्य का वाचक होता है जो एक सम्पूर्ण है परन्तु जिस के अनेक देश या अवयव (हिस्से) माने जा सकते हैं। समास के पूर्वपद में आने वाला शब्द (पूर्व, अपर, या अर्ध इत्यादि) इस द्रव्य के एक देश (हिस्से) का वाचक होता है[४२], यथा—पूर्वाह्ण- (सं०) "दिन का पूर्व भाग"; पूर्वकाय- (का० श्रौ० सू०) "शरीर का अग्र भाग"; अपराह्ण- (तै० सं०) "दिन का पिछला भाग", अर्ध-मास- (सं०) "मास का आधा भाग", अर्धर्च- (अ०, तै० सं०) "ऋचा का आधा भाग", अग्र-जिह्व- (वा० सं०) "जिह्वा का अगला भाग"। दे० अनु० १८९।

१८४. **उपपदसमास**—पाश्चात्य विद्वानों ने द्वितीयासमास इत्यादि और उपपदसमास का वर्णन एक साथ किया है, परन्तु उपपदसमास का पृथक् विवेचन आवश्यक है क्योंकि इस की अपनी विशेषताएँ हैं। उपपदसमास की सब से प्रमुख विशेषता यह है कि इस के उत्तरपद में केवल कृदन्त शब्द होता है। और ऐसे कृदन्त शब्द का प्रयोग प्रायेण उपपदसमास के उत्तरपद में ही मिलता है, परन्तु स्वतन्त्र शब्द के रूप में कहीं दृष्टिगोचर नहीं होता है, यथा— हविरद् "हवि को खाने वाला" के उत्तरपद में आने वाले -अद् "खाने वाला" शब्द का इस अर्थ में कोई स्वतन्त्र प्रयोग नहीं मिलता है, जबकि द्वितीयासमास इत्यादि में आने वाले शब्द सामान्यतया स्वतन्त्र रूप से भी प्रयुक्त होते हैं। पाणिनीय व्याकरण के अनुसार उपपदसमास के पूर्वपद में आने वाला शब्द उपपद कहलाता है और उपपद के पूर्वपद में रहने पर ही उत्तरपद का कृदन्त शब्द बन कर दोनों का नित्यसमास होता है[४३]।

मिलते हैं यथा— वृकभीति ' भेड़िये का डर'' ।

(ङ) **षष्ठीसमास**—वैदिक तथा लौकिक संस्कृत में षष्ठीसमास के उदाहरण सब से अधिक मिलते हैं। इस समास का पूर्वपद षष्ठ्यन्त रूप के अर्थ को प्रकट करता है'' यथा—राज पुत्र- (ऋ०) राजा का पुत्र विश्पति- प्रजा का स्वामी'' राजकर्तार (ऐ० ब्रा ८ १७ ५) राजा बनाने वाले' क्षीर होतृ (शत ब्रा०) दूध का होम करने वाला'; सोम पीति- (ऋ०) सोम का पान'' सोम पीथम् (ऋ०) सोम का पान''।

(च) **सप्तमीसमास**—इस समास का पूर्वपद सप्तम्यन्त रूप के अर्थ को प्रकट करता है' यथा—अहर्जात- (अ०) दिन में उत्पन्न हुआ'' उद प्लुतम् (अ १ ४ ३) ' जल में बहती हुई (लकड़ी) ।

(छ) **अलुक्समास**—सामान्य नियम के अनुसार समास के पूर्वपद की विभक्ति का लोप हो जाता है और शब्द का प्रातिपदिक-रूप पूर्वपद में आता है परन्तु ऐसे उदाहरण भी मिलते हैं जिनमें पूर्वपद की विभक्ति का लोप नहीं होता है। सि कौ० में ऐसे समासों के लिये अलुक्समास संज्ञा का प्रयोग किया गया है। अलुक् के अधिकतर उदाहरण षष्ठीसमास में मिलते हैं।

तृतीयासमास में अलुक् के निम्नलिखित उदाहरण दिये जाते हैं'' शुनेषितम् (ऋ० ८ ४६ २८) कुत्तों द्वारा पहुचाया गया'', वाचा-स्तेनम् (ऋ० १० ८७ १५) वाणी के द्वारा चोर को।

षष्ठीसमास में अलुक् के बहुत से उदाहरण मिलते हैं। कुछेक प्रमुख उदाहरण ये हैं—वास्पति (ऋ० ७ ३८ ६) कुल का पति वास्तो ष्पति (ऋ०) घर का पति जगतस्पति (वा सं) 'जगत् का पति ' शुनःशेप (ऋ) 'कुत्ते की पूछ (एक व्यक्ति का नाम) '; दिवोदास- (ऋ) ''स्वर्ग का दास (एक व्यक्ति का नाम) (टि ४)।

सप्तमीसमास में अलुक् के जो उदाहरण मिलते हैं उनमें से कुछेक ये हैं—गविष्ठिर- (ऋ अ० आप० श्री सू०) एक ऋषि का नाम

(गाय में स्थिर)"[४१]; मदेरघुः (ऋ० ८,१०१,२) "उत्साह या मस्ती में शीघ्र", पदि-बद्ध- (तै० सं०) "पांव में बंधा हुआ", वारे-वृत- (तै० सं०) "चुनाव में चुना गया"; नाव्युदक- (का० श्रौ० सू०) 'नाव मे जल", मासि-श्राद्ध- (आप० ध० सू०) "मास में (मासिक) श्राद्ध", स्वप्ने-दुःष्वप्न्यं- (अ०) "नींद में बुरा स्वप्न"।

१८३. **एकदेशिसमास**—इस समास की अपनी विशेषता है। अत एव इस का पृथक् विवेचन आवश्यक है। इस प्रकार के समासों के उत्तरपद में आने वाला शब्द ऐसे द्रव्य का वाचक होता है जो एक सम्पूर्ण है परन्तु जिस के अनेक देश या अवयव (हिस्से) माने जा सकते हैं। समास के पूर्वपद में आने वाला शब्द (पूर्व, अपर, या अर्ध इत्यादि) इस द्रव्य के एक देश (हिस्से) का वाचक होता है[४२], यथा—पूर्वाह्ण- (सं०) "दिन का पूर्व भाग"; पूर्वकाय- (का० श्रौ० सू०) "शरीर का अग्र भाग", अपराह्ण- (तै० सं०) 'दिन का पिछला भाग", अर्ध-मास- (सं०) "मास का आधा भाग"; अर्धर्च- (अ०, तै० स०) 'ऋचा का आधा भाग", अग्र-जिह्व- (वा० सं०) 'जिह्वा का अगला भाग"। दे० अनु० १८९।

१८४. **उपपदसमास**—पाश्चात्य विद्वानों ने द्वितीयासमास इत्यादि और उपपदसमास का वर्णन एक साथ किया है, परन्तु उपपदसमास का पृथक् विवेचन आवश्यक है क्योंकि इस की अपनी विशेषताएँ हैं। उपपदसमास की सब से प्रमुख विशेषता यह है कि इस के उत्तरपद में केवल कृदन्त शब्द होता है। और ऐसे कृदन्त शब्द का प्रयोग प्रायेण उपपदसमास के उत्तरपद में ही मिलता है, परन्तु स्वतन्त्र शब्द के रूप में कहीं दृष्टिगोचर नहीं होता है, यथा— हविरद् "हवि को खाने वाला" के उत्तरपद में आने वाले -अद् "खाने वाला" शब्द का इस अर्थ में कोई स्वतन्त्र प्रयोग नहीं मिलता है, जबकि द्वितीयासमास इत्यादि में आने वाले शब्द सामान्यतया स्वतन्त्र रूप से भी प्रयुक्त होते हैं। पाणिनीय व्याकरण के अनुसार उपपदसमास के पूर्वपद में आने वाला शब्द उपपद कहलाता है और उपपद के पूर्वपद में रहने पर ही उत्तरपद का कृदन्त शब्द बन कर दोनों का नित्यसमास होता है[४३]।

उपपदसमासों के पूर्वपद में आने वाले अधिकतर शब्द द्वितीयान्त रूप का अर्थ प्रकट करते हैं परन्तु तृतीयान्त पञ्चम्यन्त तथा सप्तम्यन्त रूप के अर्थ के वाचक शब्द भी उपपदसमासों के पूर्वपद में मिलते हैं। समासों के साथ दिये गये अर्थ से स्पष्ट है कि उन का पूर्वपद किस विभक्ति के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है। प्रसिद्ध कृत्प्रत्ययों के साथ उपपद समास के कुछ प्रमुख उदाहरण निम्नलिखित हैं—

(१) **उत्तरपद में केवल धातुरूपी कृदन्त** (पा॰ क्विप् ण्वि विट् ण्विन् विच्, क्वन्)[११]—हविरद्– (ऋ) हवि को खाने वाला" हविर्वह्– (ऋ) हवि का वहन करने वाला" ज्योतिष्कृत्– (ऋ तै॰ सं॰) प्रकाश करने वाला", वृत्रहन्– (ऋ) 'वृत्र को मारने वाला" सोमसुत्– (ऋ॰) सोम का सवन करने वाला" अग्निचित्– (शत॰ ब्रा॰) 'अग्नि का चयन करने वाला"'; बन्धुक्षित् (ऋ) बन्धुओं के मध्य रहने वाला ।

(२) **अ प्रत्यय** (पा॰ अण् क टक् अच् ट ड, खच् खश्)[१२]—अन्नाद– (तै॰ सं) 'अन्न का भक्षण करने वाला गोघ्न– (ऋ) 'गाय को मारने वाला' सत्रदुघ– (ऋ॰) अमृत का दोहन करने वाला हविरद– (अ॰) हवि को खाने वाला' रायस्काम (ऋ॰ १ ७८ २) धन की इच्छा करने वाला"[१३] पतिकामा (अ॰) पति की इच्छा करने वाली' (टि ४६क)।

(३) **इ प्रत्यय** (पा॰ इन्)[१४]—पथिरक्षि (ऋ॰) मार्ग की रक्षा करने वाला" हविर्मथि– (ऋ॰) 'हवि का मथन (नाश या वितरण) करने वाला' क्षत्रवनि– (वा॰ सं) क्षात्रिया से प्रीति करने वाला" ब्रह्मवनि– (वा सं॰) ब्राह्मणों से प्रीति करने वाला' गोसनि– (अ॰ वा सं॰, तै सं ऋ॰ गोषणि–) गायें प्राप्त करने वाला'।

(४) **इन् प्रत्यय** (पा णिनि)[१५]—उक्थशासिन् (ऋ) 'सूक्त गाने वाला ब्रह्मवादिन् (अ) वेद या यज्ञ पर विचार करने वाला व्रतचारिन् (ऋ) व्रत का पालन करने वाला ।'

वैदिक व्याकरण

५. **य प्रत्यय** (पा० क्यप्)[४९]—ब्रह्मोद्य- (ब्रा०, श्रौ० सू०) "ब्रह्म का विचार, ब्रह्म के सम्बन्ध में पहेली"; राज-सूय- (अ०, तै० सं०, इत्यादि) "एक यज्ञ का नाम"; कृष्ट-पच्य- (वा० सं०, पं० ब्रा०) "जोते हुए (कृष्ट) खेत में पकने वाली (फसल)"; देव-हूय- (ऋ०, शत० ब्रा०) "देवताओं का आह्वान" ।

६. **वन् प्रत्यय** (पा० क्वनिप्)[५०]—सोम-पावन् (ऋ०) "सोम पीने वाला"; बल-दावन् (अ०) "बल देने वाला"; पाप-कृत्वन् (अ०) "पाप करने वाला"; रथ-यावन् (ऋ०) "रथ में जाने वाला" ।

अलुक्-समास—पूर्वोक्त द्वितीया-समास इत्यादि की भांति उपपद-समास के बहुत से उदाहरणों में भी पूर्वपद की विभक्ति का लोप नही होता है। इस प्रकार के अलुक्-समास के प्रमुख उदाहरण निम्न-लिखित हैं—

द्वितीया का अलुक्—पाश्चात्य विद्वानों के मतानुसार निम्नोक्त उदाहरणों में तथा ऐसे ही अन्य समासों के पूर्वपद में द्वितीया का रूप है[५१], परन्तु पाणिनीय व्याकरण के अनुसार कृत्प्रत्यय खश् या खच् के निमित्त से एकाच् ईजन्त शब्द को अम् और शेष अजन्त शब्दों को मुम् आगम हो जाता है[५२], यथा—धनञ्जय- (ऋ०) "धन को जीतने वाला"; पुरन्दर- (ऋ०) "दुर्गों को नष्ट करने वाला (पुरम् ब० के अर्थ में)"; सुतम्भर- (ऋ०) "सोम-रस को पाने वाला"; पुष्टिम्भर- (ऋ०) "पुष्टि-कारक"; धियन्धा- (ऋ०) "बुद्धिमान्", उग्रम्पश्य- (अ०) "उग्रता से देखने वाला"; अयक्ष्मङ्करण- (अ०) "स्वस्थ करने वाला"; शृतङ्कर्तृ- (तै० सं०) "पकाने वाला"; देवङ्गम- (अ०) "देवताओं के पास जाने वाला" ।

तृतीया का अलुक्—गिरा-वृध्- (अ०) "स्तुति से बढ़ने वाला"; दिवा-कर- (अ०) "सूर्य"[५३]; धिया-जुर्- (ऋ०) "प्रार्थना (करने) में बूढ़ा होता हुआ" ।

पञ्चमी का अलुक्—दिवोजा- (ऋ०) "द्युलोक से उत्पन्न हुई (उषा)"; दिवोदुह्- (सा०) "द्युलोक से दूध निकालता हुआ"; दिवोरुच्- (ऋ०)

'द्युलोक से चमकता हुआ", दक्षिणात् सद्- (म सं० २ ६ १) दक्षिण की ओर बैठा हुआ' ।

सप्तमी का अलुक्—दिवि-यज्- (ऋ) 'द्युलोक में यज्ञ करने वाला' दिवि चर- (अ) द्युलोक में घूमता हुआ" दिवि-श्रय- (ऋ) 'द्युलोक में रहने वाला ' तल्पे शय- (अ) पलंग पर सोया हुआ", अप्सु षद्- (स०) जल में रहता हुआ" ।

१८५. **कर्मधारय-समास**—कर्मधारय-समास में प्रायण विशेषण और विशेष्य का समास होता है" यथा—महा ग्राम- (ऋ) "बड़ा समूह' कृष्ण शकुनि- (अ०) कौवा (शाब्दिक-काला पक्षी)" पूर्ण मास (तै स० ३ ४ ४ १) पूरा चन्द्रमा" सप्तर्षयः 'सात ऋषि", एक-वीर अनुपम वीर" सप्त गृध्रा (अ) सात गिद्ध"।

उपमा को प्रकट करने के लिये या कोई विशेषता प्रकट करने के लिये भी कतिपय शब्दों का समास होता है" यथा—शुक-बभ्रु (वा स) तोते के सदृश बभ्रु रंग का "श्येन जूत- (ऋ०) बाज के सदृश तेज", ऊर्णा मृदु (तै० ब्रा) ऊन के सदृश कोमल" पुरुष-मृग- (वा स० तै० स०) पुंलिङ्ग हिरण ' पुरुष-व्याघ्रः (वा० स०) पुंलिङ्ग बाघ (एक प्रकार का राक्षस)" । ऋ० ७ १०४ २२ तथा अ ८,४ २२ में आने वाले समास उलूकयातुम् 'उल्लूरूपी या उल्लू सदृश राक्षस' गृध्रयातुम् 'गिद्धरूपी या गिद्ध सदृश राक्षस" सन्दिग्ध हैं, क्योंकि इन का व्याख्यान अनेक प्रकार से किया जा सकता है" ।

१८६ **द्विगु समास**—द्विगु समास कर्मधारय समास का ही एक भेद है। जिस कर्मधारय-समास के पूर्वपद में संख्या-वाचक शब्द हो उसे द्विगु कहते हैं"। द्विगु का शाब्दिक अर्थ है 'दो गायों का जोड़ा '। समाहार द्विगु का प्रयोग केवल नपु० एकवचन में होता है । स्वर-वैशिष्ट्य की समानता को ध्यान में रखते हुए अनेक पाश्चात्य विद्वान् द्विगु का वर्णन बहुव्रीहि समास के साथ करते हैं" । द्विगु-समास के कुछ प्रमुख उदाहरण निम्न लिखित हैं—त्रि-युगम् (ऋ १० ९७ १) तीन युग" दशाङ्गुलम् (ऋ० १० ९० १) दस अङ्गुलियों की लम्बा॰ षड्हम्

"छः ऋचाओं का समूह"; <u>षळ्</u>वम् (शत० ब्रा०) "छः बैलों का समूह"; <u>षड्</u>ह- (अ०, तै० सं०) "छः दिन तक, छः दिनों का सोमयाग"; <u>त्रि-योज</u>नम् (अ०) "तीन योजन की दूरी"; <u>पञ्च-योज</u>नम् (अ०) "पांच योजन की दूरी।" दे० अनु० १८९।

१८७. **नञ्समास**—निषेध-वाचक[10] अव्यय न पूर्वपद में जोड़ कर नञ्समास बनाया जाता है[11]। हलादि शब्दों में पूर्व न के स्थान पर केवल अ और अजादि शब्दों से पूर्व अन् जोड़ा जाता है[12]; यथा—अ-कवि- (ऋ०) "जो कवि नहीं है"; <u>अ</u>-<u>साधु</u> (शत० ब्रा०) "जो भला नहीं है"; अ-दभ्र (ऋ०) "जो छोटा नहीं है"; अ-मर्त्य- (ऋ०) "जो मरने वाला नहीं है"; अनृजु (ऋ०) "जो ऋजु (सरल) नहीं है"; <u>अना</u>शु (ऋ०) 'जो शीघ्रगामी नहीं है।" कतिपय समासों के पूर्वपद में न का रूप ज्यों का त्यों भी मिलता है[13], यथा—न-चिकेतस् (तै० ब्रा०) "एक व्यक्ति का नाम"; न-पुंसक- (मै० सं०) "जो पुरुष (या स्त्री) नहीं है"; न-भ्राज्- (मै० सं०) "देवों के सोम-रक्षक का नाम"; न-मुचि- (ऋ०) "एक राक्षस का नाम"; नाक- (सं०) "स्वर्ग" (न+अक)।

१८८. **कुगतिप्रादिसमास**—अर्थ की दृष्टि से सम्बद्ध शब्द के साथ कु, सु, अति, दुर्, प्र, परि, निर्, इत्यादि निपातों का समास होता है और क्रियावाचक शब्दों के साथ भी प्र, परा इत्यादि उपसर्गों तथा <u>पु</u>रस्, <u>ति</u>रस्, <u>अ</u>न्तर् इत्यादि गतिसंज्ञक शब्दों का समास होता है[14]। समास के पूर्वपद में आने वाले निपात कु तथा दुर् बुराई के अर्थ में और सु तथा अति प्रशंसा के अर्थ में प्रयुक्त होते हैं[15], यथा—कुयवम् (वा० सं० १८,१०) "बुरा (घटिया) अन्न (फ़सल)"; <u>दु</u>र्मति- (ऋ०) "बुरी बुद्धि", <u>सु</u>-<u>म</u>ति- (ऋ०) "अच्छी बुद्धि", <u>अ</u>ति-<u>जी</u>व (अ०) "पूर्णतया जीवित", अति-पुरुष- (शत० ब्रा०), "बहुत बड़ा पुरुष"। इस के अतिरिक्त "बढ़ जाना या आगे निकल जाना" के अर्थ में भी अति पद समास के पूर्वपद में आता है और उत्तरपद द्वितीयान्त रूप के अर्थ में प्रयुक्त होता है (टि० ६५), यथा—<u>अ</u>ति<u>मा</u>त्रम् (अ०) "मात्रा से बढ़ कर",

अति-रात्र- (स०) 'जो रातों रात किया जाय एक सोम-याग'' अत्यंहस्- (वा स०) दुःख से परे'' अत्यवि- (ऋ०) ऊन के वस्त्र को पार करने वाला'' अतिमृत्यु (छा० उप०) मृत्यु से परे''। ऐसे समासों को पूर्वपद प्रधान मानते हैं (दे० अनु० १९१)।

प्र निपात 'गत'' के अर्थ में समास के पूर्वपद में प्रयुक्त होता है (टि० ६५), यथा—प्रपितामह- (स०) परदादा'' प्र णपात्- (ऋ०) परपोता', प्राचार्य- (आप० ध० सू०) आचार्य का आचार्य''।

पदकार तथा वार्तिककार आदि इव के साथ भी पूर्ववर्ती रूप का समास मानते हैं, परन्तु इस तथ्य को स्वीकार करते हैं कि रूपरचना तथा स्वर में इससे कोई विकार नहीं आता है'' यथा—सुदुघामिव (ऋ० १ ४ १) अच्छा दूध देने वाली गाय की तरह'।

प्र इत्यादि अव्यय का अव्यय के साथ भी समास मिलता है'', यथा— प्रप्र (स०)। पाश्चात्य विद्वानों के मतानुसार यह द्विरुक्तसमास है (दे० अनु० १९२)।

क्रियावाचक शब्दों के साथ उपसर्गों तथा गतिसंज्ञक शब्दों के समास के पर्याप्त उदाहरण मिलते हैं और बहुत से उदाहरणों में एक क्रियावाचक शब्द के साथ अनेक उपसर्गों का समास मिलता है। कुछेक प्रमुख उदाहरण निम्नलिखित हैं—

नि हित- 'स्थापित किया हुआ' पुरोहित- (ऋ०) 'सामने स्थापित किया हुआ'' प्रणीत (ऋ०) 'नेतृत्व' परा-भूत- (शत ब्रा०) हार हुआ', अनुनिर्वाप्य (तै० सं०) बखेरने के लिये निकाले जाने के योग्य' तिरोहित- (ऋ०) छिपाया हुआ''; अन्तर्याम- अन्दर से रोकना''। तिङन्त पद (आख्यात) के साथ उपसर्ग का समास प्रायेण तभी होता है जब तिङन्त पद पर उदात्त हो परन्तु एक से अधिक उपसर्गों का समास अनुदात्त आख्यात के साथ भी हो जाता है'' यथा— उप-याथ (ऋ० १ ३४ ९) तुम दोनों पास आते हो''; नि षीदथ (ऋ० ८ ९ २१) तुम दोनों बैठते हो''; अति-राईति (ऋ० १० ९० २) विकास को प्राप्त होता है'' परिप्रयाथ (ऋ० ४ ५१, ५)

"तुम सब चारों ओर बढ़ते हो"; अनुसंप्रयाहि (अ० १०,१,३६) "उन के पीछे मिल कर जाओ।"

१८९. **समासान्त**—अङ्गुलि का अङ्गुल– जिस द्विगु समास के अन्त में अङ्गुलि शब्द और पूर्वपद में कोई संख्यावाचक शब्द आए उस के अङ्गुलि का अङ्गुल (पा० अच् प्रत्यय) हो जाता है[६९], यथा— द्व्यङ्गुलम् (ऋ०)।

रात्रि का रात्र— कर्मधारय में सर्व, महा– इत्यादि से परे और एकदेशि-समास (अनु० १८३) द्विगु तथा प्रादिसमास (अनु० १८८) के अन्त में आने वाले रात्रि शब्द का रात्र (पा० अच् प्रत्यय) बन जाता है[७०]; यथा— सर्वरात्र– (का० श्रौ० सू०) "सारी रात"; महारात्र– (ब्रा०, श्रौ० सू०) "आधी रात"; अपर-रात्रः 'रात्रि का पिछला भाग"; पूर्व-रात्र– (ऐ० ब्रा०) "रात्रि का पूर्व भाग"; द्वि-रात्र– (अ०) "दो रात तक", अति-रात्र– (सं०) "जो रातों-रात किया जाय, एक सोमयाग।"

अहन् का अह्न—कर्मधारय में सर्व से परे और एकदेशिसमास तथा प्रादि-समास के अन्त में आने वाले अहन् शब्द का अह्न बन जाता है[७१]; यथा—सर्वाह्न– पुं० (मै० सं०) "सारा दिन", पूर्वाह्न– पुं० (ऋ० इत्यादि) "दिन का पूर्व भाग (दोपहर से पहले)", प्राह्न– पुं० (ष० ब्रा०) "प्रात."।

अहन् का अह—उपर्युक्त उदाहरण से भिन्न कर्मधारय में यथा एक, पुण्य, भद्र इत्यादि से परे और समाहारद्विगु के अन्त में आने वाले अहन् का अह (पा० टच् प्रत्यय) बनता है[७२]; यथा—एकाह– पुं० "एक दिन, सोम-यागविशेष", पुण्याह–पुं० (ब्रा०, श्रौ०, गृ० सू०) "शुभ दिन"; भद्राहम् (अ०) "शुभ दिन", षडह– पुं० (अ०, तै० सं०) "छः दिन, सोमयाग-विशेष"; द्व्यह– पुं० (शत० ब्रा०, श्रौ० सू०) "दो दिन, यागविशेष"।

राजन् का राज और सखि का सख—तत्पुरुष के अन्त में आने वाले राजन् का राज और सखि का सख (पा० टच् प्रत्यय) बनता है (टि० ७२); यथा—महाराज– (ब्रा०, श्रौ० सू०) "बड़ा राजा", देव-राज– (तै० ब्रा०) "देवताओं का राजा"; कुवासखः (पपा० कुवऽसखः, ऋ० ५,

३४,३) 'घुरे पुरुष का मित्र'''[१] देवसख (वा० स २३,४५) हे देवताओं के मित्र ।'

गो का गव—तत्पुरुष के अन्त में आने वाले गो का गव (पा० टच् प्रत्यय) बन जाता है[२] यथा—षड्गवम् छ बैलों का समूह" ब्रह्मगवी स्त्री (अ०, शत० ब्रा) ब्राह्मण की गाय' पुङ्गव (ला औ) साण्ड ।"

हलन्त शब्दों का अकारान्त में परिवर्तन—तत्पुरुष समासों के अन्त में आने वाले बहुत से हलन्त शब्द अकारान्त बन जाते हैं। कतिपय हलन्त शब्दों के अन्तिम व्यञ्जन का लोप हो जाता है और कतिपय हलन्त शब्दों के अन्तिम व्यञ्जन के पश्चात् अ जोड दिया जाता है[३], यथा—त्र्यायुष- नपु० (वा० स०) 'तिगुनी आयु' षडृर्चम् 'छ ऋचाओं का समूह' महोक्ष- (शत० ब्रा) ''बडा साण्ड'', ब्रह्म-वर्चसम् (अ० इत्यादि) ब्रह्म का तेज' देव कर्मेभिः (ऋ) तृ० ब० देव च्छन्दसम् (का० स०) 'देवताओं का छन्द ।''

बहुव्रीहि-समास

१९० बहुव्रीहि का शाब्दिक अर्थ है ''वह व्यक्ति जिस के पास बहुत व्रीहि (चावल) है' और तै० ब्रा० तथा आप० श्रौ० सू० में बहुव्रीहित्व-' का प्रयोग भी मिलता है। कल्याणवाचक होने के हेतु से बहुव्रीहि उदाहरण इस समास की संज्ञा के लिये प्रयुक्त होने लगा। यह समास प्रायेण अन्यपदार्थप्रधान है ' अर्थात् विशेषण के रूप में ही प्रयुक्त होता है। रूपरचना की दृष्टि से तत्पुरुष तथा बहुव्रीहि के बहुत से उदाहरण समान बनते हैं। केवल प्रसङ्ग तथा स्वर की सहायता से यह निर्णय किया जा सकता है कि इन दोनों में से कौन सा समास है यथा राजपुत्र- 'राजा का पुत्र'' तत्पुरुष और राजपुत्र- राजा जिस के पुत्र हैं' बहुव्रीहि समास है। इसी प्रकार सूर्यतेजस्- सूर्य का तेज तत्पुरुष और सूर्यतेजस्- सूर्य के समान जिस का तेज है'' बहुव्रीहि समास है इन्द्रशत्रु ''इन्द्र का शत्रु (नाशक)'' तत्पुरुष और इन्द्र शत्रु ''इन्द्र जिस का शत्रु (नाशक) है' बहुव्रीहि समास है।

(क) **समानाधिकरणपदबहुव्रीहि**— जिस बहुव्रीहि समास के दोनों पदों का अधिकरण[७७] (अभिधेय) समान हो उसे समानाधिकरणपदबहुव्रीहि कहते हैं। विशेषण तथा क्तान्त शब्द बहुव्रीहिसमास के पूर्वपद में रक्खा जाता है[७८]; यथा— उग्र-बाहुः (ऋ०) "जिस का बाहु उग्र है"; जीव-पुत्र- "जिस का पुत्र जीवित है"; रुशद्वत्सा (ऋ०) "जिस का बछड़ा प्रकाशमान है"; हिरण्य-नेमि- "जिस की नेमि सोने की है"; द्वि-पद् "जिस के दो पांव हैं"; अष्टा-पद् "जिस के आठ पांव हैं"; शुक्र-वर्ण- "जिस का वर्ण चमकीला है"; हत-मातृ- "जिस की माता मारी गई है"; रात-हविस्- "जिस के द्वारा हवि दी गई है"; प्रयत-दक्षिण- (ऋ०) "जिस के द्वारा दक्षिणा दी गई है"। कतिपय समासों में क्तान्त शब्द उत्तरपद में भी मिलता है[७९]; यथा— गर-गीर्ण- (अ० ५,१८,१३) "जिस ने विष निगल लिया है"[८०]। अनेक बहुव्रीहि समासों के पूर्वपद में नाम मिलता है; यथा— सुरोदक- (अ०) "सुरा जिस का पानी है"; वृक्ष-केश- (अ०) "वृक्ष जिस के केश हैं", इन्द्रज्येष्ठाः (ऋ०) "जिन (देवों) में इन्द्र ज्येष्ठ है", यम-श्रेष्ठ- (अ०) "जिन (पितरों) में यम श्रेष्ठ है"; सोम-श्रेष्ठ- (अ०) "जिन में सोम श्रेष्ठ है।" कतिपय बहुव्रीहिसमासों के पूर्वपद में उपमानवाचक शब्द मिलता है और वार्तिककार के अनुसार उपमान तथा उपमेय के मध्य अर्थतः विद्यमान पद का लोप माना जाता है[८१]; यथा—मनोजवस्- (ऋ०) "मन के वेग के सदृश जिस का वेग है"; मयूर-रोमन्- (ऋ०) "मोर के बालों के सदृश जिन के बाल हैं", अग्नि-तेजस्- (अ०) "अग्नि के तेज के सदृश जिस का तेज है", ऋक्ष-ग्रीव- (अ०) "रीछ की गर्दन के सदृश जिस की गर्दन है।"

पाणिनीय व्याकरण के अनुसार, प्रादि से परे आने वाले धातुज शब्द का अन्य पद के साथ बहुव्रीहि-समास होता है और धातुज शब्द का विकल्प से लोप भी हो जाता है[८२]। परिणाम-स्वरूप केवल प्रादि के साथ भी अन्य पद का बहुव्रीहि-समास मिलता है, यथा—वि-कर्ण- (अ०) "जिस के कान दूर दूर हैं", वि-ग्रीव- (ऋ०) "जिस की गर्दन विच्छिन्न है"; उद्बाहु- (शत० ब्रा०) "जिस के बाहु ऊपर उठे

हुए (उद्गत) हैं" निर्मन्यु- (अ॰) 'जिस का क्रोध उतर गया है"। सुपर्ण- जिस के पक्ष सुन्दर हैं" दुष्पद् 'जिस का पांव बुरा है"। कतिपय बहुव्रीहि-समासों के पूर्वपद में अन्य अव्यय भी मिलते हैं[८१] यथा- पुरोरथ- (ऋ॰) 'जिस का रथ आगे (सामने) है" इत्थाधी- जिस की बुद्धि ऐसी है' बहिर्लोम- (मै॰ सं॰) जिन के बाल बाहिर की ओर हैं' आरेशत्रु- (अ॰) जिस का शत्रु दूर है इह चित्त- (अ॰) जिस का चित्त यहां पर है' नीचावया (ऋ॰ १ ३२,९) जिस का बल नीचा है", एवंरूप- (शत॰ ब्रा॰) जिस का रूप ऐसा है"।

कतिपय समासों के पूर्वपद में सह या स मिलता है[८२], और ऐसा स प्रायेण 'समान' के अर्थ में आता है (अनु॰ १७७ ख टि ७८) यथा— सह वत्सा (ऋ) 'बछडे सहित (धेनु)" सह-गोपा (ऋ) ग्वाले सहित" सह पुरुष- (अ॰) 'पुरुषसहित", सगण (ऋ॰) गणसहित" साङ्ग- (अ॰) 'अङ्गसहित" सनाभि (ऋ) जिस की नाभि समान है' सबन्धु (ऋ॰) समान सम्बन्ध वाली दो स्त्रियां सवर्णाम् (ऋ॰) समान वर्ण वाली।'

निषेधवाचक अव्यय न का आदेश अ या अन् (अनु॰ १६७, टि॰ ६१ ६२) कतिपय बहुव्रीहि समासों के पूर्वपद में मिलता है[८३] यथा—अफलाम् 'फलरहित" तथा अपुष्पाम् "फूलरहित" (वाणी को) (ऋ॰ १०,७१ ७) अजानि- (अ॰) पत्नीरहित' अनुदक- (ऋ॰) जलरहित' अनपत्य- (ऋ॰) सन्तानरहित।'

(ख) **व्यधिकरणपदबहुव्रीहि**—जिस बहुव्रीहि समास के दोनों पदों का अधिकरण (अभिधेय) भिन्न हो उसे व्यधिकरणपदबहुव्रीहि कहते हैं। वदिक भाषा में इस के बहुत से उदाहरण मिलते हैं और अनेक उदाहरणों में पूर्वपद की विभक्ति का अलुक् रहता है यथा—धिया वसु (ऋ) जो बुद्धि (या प्रार्थना) से धनी है' भासा-केतु- (ऋ॰) जो प्रकाश के द्वारा ज्ञेय है' क्रत्वामघास (ऋ॰ ५ ३३ ९) बुद्धि के द्वारा प्राप्त पुरस्कार रूपी (अश्व)' वज्रबाहु (ऋ) जिस की बाहु

में वज्र है (या वज्रयुक्त है)", पात्र-हस्त- (गो०) "जिस के हाथ में पात्र है (या पात्रयुक्त है)"; मणि-ग्रीवम् (ऋ० १,१२२,१४) "जिस की गर्दन में मणि है (या मणियुक्त है)"; घृत-पृष्ठ- (ऋ०, अ०) "जिस की पीठ पर घी है (या घृतयुक्त है)"; मधु-जिह्व- (ऋ०, वा० सं०) "जिस की जिह्वा पर मधु है (या मधुयुक्त है)"; अश्रु-मुख- (अ०) "जिस के मुख पर अश्रु है (या अश्रुयुक्त है)"; दिवि-योनि- (ऋ०) "जिस का उत्पत्तिस्थान द्युलोक में है"; अप्सु-योनि- (शत० ब्रा०) "जिस का उत्पत्तिस्थान जलों में है"; दूरे-गव्यूती (अ० ४; २८,३) "जिन दोनों का संचरण-क्षेत्र दूर है"; आसन्निषून् (ऋ० १, ८४,१६) "जिन के मुख में तीर हैं उन्हें।"

(ग) **समासान्त—गो का गु तथा रै का रि**—बहुव्रीहिसमास के अन्त में आने वाले गो शब्द का गु बन जाता है[८१]; यथा—सुगु- (ऋ०, अ०, तै० ब्रा०) "अच्छी गायों वाला"; परन्तु ऋ० १,११६,२५ में सुगवः "अच्छी गायों वाला" तथा संगवे स० ए० (ऋ०, अ०, ब्रा०, श्रौ० सू०) "गायें एकत्र करने के समय पर" प्रयोग भी मिलते हैं (तत्पुरुष में गव- के लिये दे० टि० ७४)। इसी प्रकार बहुव्रीहि के अन्त में आने वाले रै "धन" का रि आदेश दृष्टिगोचर होता है, यथा—बृहद्रये च० ए० (ऋ० १,५७,१) "विशाल धन वाले (इन्द्र) के लिये" (टि० ८६)।

इकारान्त शब्दों का अकारान्त में परिवर्तन—बहुव्रीहि-समास के अन्त में अनेक इकारान्त शब्दों का अकारान्त में परिवर्तन हो जाता है। ऐसे कुछ प्रमुख शब्द सक्थि, अक्षि, अस्थि, अश्रि इत्यादि हैं[८७]; जिन के वैदिक उदाहरण उपलब्ध होते हैं, यथा—लोमश-सक्थ- (वा० सं०) "लोमयुक्त जङ्घा वाला", सहस्राक्ष- (सं०) "सहस्र आंखों वाला"; अनस्थ- (ऋ०, अ०) "अस्थिरहित"; चतुरस्र- (का० श्रौ० सू०) "चार कोनों वाला"। परन्तु वैदिक वाङ्मय में इन के अनेक अपवाद भी मिलते हैं।

नेतृ का नेत्र—बहुव्रीहि समास के अन्त में आने वाले नेतृ शब्द का

कतिपय वैदिक प्रयोगों में नेत्र बन जाता है“ यथा—अग्नि नेत्रा (वा० स०, त० सं०) जिन (देवों) का नेता अग्नि है।”

हलन्त शब्दों का अकारान्त में परिवर्तन—बहुव्रीहि समास के अन्त में आने वाले कतिपय हलन्त शब्द अकारान्त में परिणत हो जाते हैं“, और ऐसे कुछ प्रमुख उदाहरण निम्नलिखित हैं—बहिर्लोम- (मै स०) ‘जिस के बाल बाहिर की ओर हैं” सु दिव- (अ) ‘जिस के लिये अच्छा दिन है” अनाग- (ऋ) पाप (आगस्) रहित” परन्तु अनागस् का प्रयोग अधिक है।

प्राचीनतर वैकल्पिक प्रातिपदिक का प्रयोग—हम चतुर्थ अध्याय में इस बात पर विचार कर चुके हैं कि वैदिक भाषा में समान अर्थ वाले अनेक ऐसे प्रातिपदिक मिलते हैं जो कहीं कहीं एक दूसरे के पूरक भी हैं और जिन के रूप में विशेष सादृश्य भी है। भाषा के इतिहास की दृष्टि से विचार करने पर यह स्पष्ट होता है कि इन वकल्पिक प्रातिपदिकों में हलन्त प्रातिपदिक प्रायेण प्राचीनतर हैं (दे० अनु० ११६)। जहां अनेक वैकल्पिक प्रातिपदिक उपलब्ध होते हैं वहां प्रायेण प्राचीनतर प्रातिपदिक बहुव्रीहि के अन्त में मिलता है। उदाहरणार्थ धर्मन् और धर्म प्रातिपदिकों में से केवल धर्मन् प्रातिपदिक जो प्राचीन तर है बहुव्रीहि के अन्त में मिलता है यथा—सत्यधर्मन्- (स) जिस के धर्म सत्य हैं’। उत्तरकालीन प्रातिपदिकों के आधार पर ऐसे समासों का समाधान करते हुए पाणिनि उत्तरकालीन प्रातिपदिक में कोई आदेशज विकार मानता है अथवा किसी समासान्त प्रत्यय का विधान करता है यथा—धर्मशब्दान्त बहुव्रीहि के लिये पाणिनि अनिच् समासान्त प्रत्यय का विधान करता है‘। इस प्रकार के अन्य प्रमुख उदाहरण निम्नलिखित हैं—

ऊधस् = ऊधन्“—रुशदूधभि (ऋ० २ ३४ ५) जिन का आपीन पूर्ण है उन के साथ” अच्छिद्रोध्नी (ऋ० १० १३३,७) जिस का आपीन छिद्र (या दोष) रहित है।

जानु = ज्ञु“—असित ज्ञु- (अ) काले घुटने वाला’ मित ज्ञु- (ऋ०) ‘दृढ घुटनों वाला”।

जाया = जानि—भाविनता गंहिक प्रातिपदिक जानि है और उस में अकार के लोप के कारण जानि बनता है; यथा—युवं-जानिः (ऋ० ८.२.१९) "जिस की भार्या युवति है", अ-जानि- (अ०) "जो अविवाहित है।"

दन्त = दन्त् (पा० दतृ)—शुचि-दन् प्रथ० ए० (ऋ०) "चमकते हुए दांतों वाला (अग्नि)।"

धनुष् = धन्वन्—शत धन्वन्- (ऋ० सं०) "सौ धनुषों वाला"; [illegible]-धन्वन्- (अ०) "दुर्बल धनुष वाला।"

पाद = पाद्, पद्—अपाद्- (ऋ०, अ०) "पांव रहित"; सहस्र-पाद्- (ऋ०) "सहस्र पांवों वाला"; उत्तान-पद्- (ऋ०) "जिस के पांव फैले हुए हैं।"

प्रजा = प्रजस्—सु-प्रजस्- (ऋ०) "अच्छी सन्तान वाला"; बहु-प्रजस्- (ऋ०) "बहुत सन्तान वाला।"

मेधा = मेधस् (टि० ९७)—सु-मेधस्- (ऋ०) "अच्छी बुद्धि वाला", पुरु-मेधस्- (ऋ०) "बहुत बुद्धि वाला।"

शिरस् = शीर्षन्—सहस्र-शीर्षन्- (ऋ०) "सहस्र सिरों वाला"; त्रि-शीर्षन्- (ऋ०, ब्रा०) "तीन सिरों वाला।"

क (पा० कप्) समासान्त प्रत्यय—बहुव्रीहि के अन्त में आने वाले कतिपय हलन्त तथा अजन्त प्रातिपदिकों के पश्चात् क (पा० कप्) समासान्त प्रत्यय जोड़ा जाता है, यथा—अपादक- (तै० सं०) "पांव-रहित"; सहकण्ठिका स्त्री० (अ०) "जो कण्ठ से युक्त है"; विमन्युक- (अ०) "क्रोध-रहित"; अकर्णक- (तै० सं०) "कान रहित"; अनक्षिक- (तै० सं०) "आंख-रहित"; अच्छन्दस्क- (मै० सं०) "छन्द रहित" बहुहस्तिका स्त्री० (तै० ब्रा०) "बहुत से हाथियों वाली", पुण्यलक्ष्मीक- (शत० ब्रा०) "शुभ लक्षणों वाला", शत-तन्त्रीक- (पं० ब्रा०) "सौ तार वाला।" यद्यपि कल्पसूत्रों की भाषा में आकारान्त प्रातिपदिकों के पश्चात् कप् प्रत्यय के उदाहरण

भिन्न है यथा- अमातृक- (आप० सू०) माता रहित" और जीव पितृक (बा० श्री० सू०) 'जिस का पिता जीवित है" तथापि संहिताओं में ऋकारान्त प्रातिपदिक के पश्चात् कप् प्रत्यय नहीं आता है[100]; यथा—सप्त स्वसृ- (ऋ०) सात बहिनों वाला", हत मातृ- (ऋ०) 'जिस की माता मारी गई है।'

पूर्वपदप्रधान-समास

१९१ पाश्चात्य विद्वान् Governing Compound के नाम से पूर्वपदप्रधान समास का पृथक् वर्णन करते हैं और पूर्वपद के रूप के अनुसार इस समास के दो मुख्य उपभेद करते हैं— (1) Prepositional Compounds (अव्ययप्रधान समास) और (2) Participial Compounds (शत्रन्तप्रधान समास)[1]। पाणिनीय व्याकरण के अनुसार अव्ययीभावसमास और प्रादिसमास में अव्ययप्रधान समासों (Prepositional Compounds) का समावेश किया जा सकता है और शत्रन्तप्रधान समास को तत्पुरुष का एक भेद माना जा सकता है। प्रादि समासों में आने वाले पूर्वपदप्रधान-समास अतिमात्रम् (अ) 'मात्रा से बढ़ कर' इत्यादि का विवेचन पहले किया जा चुका है (दे० अनु० १८८)। अतएव यहाँ पर केवल अव्ययीभावसमास और शत्रन्त प्रधानसमास का वर्णन किया जायगा।

(क) अव्ययीभाव समास—जैसा कि हम ने अभी स्पष्ट किया है पूर्वपद प्रधान अव्ययीभाव समास में पूर्वपद कोई अव्यय होता है और समास में उसी के अर्थ की प्रधानता रहती है। पूर्वपद में आने वाले अव्यय कहीं किसी विभक्ति के अर्थ में प्रयुक्त होते हैं और कहीं सामीप्य सादृश्य आनुपूर्व्य इत्यादि अर्थों को प्रकट करते हैं[2]। वाक्य में अव्ययीभाव समास का प्रयोग प्रायः अव्यय की भाँति होता है[3]। अव्ययीभाव समास के कतिपय प्रमुख वैदिक उदाहरण निम्नलिखित हैं—अधिरथम् 'रथ पर' अनुकामम् 'इच्छा के अनुसार' परोक्षम् (अ० शत ब्रा०) 'आँखों से परे" अधियज्ञम् 'यज्ञ में' अध्यात्मम् (शत

ब्रा०) "आत्मा में"; प्रहिप्परिधि (तै० सं०, शत० ब्रा०) "घेरे से बाहिर"; आव्युषम् (अ० ४,५,७) "उषा-काल तक"; आजरसम् (शत० ब्रा०, ऐ० ब्रा०) "बुढ़ापे तक"; यथा-स्थानम् (तै० सं०) "अपने स्थान के अनुसार"।

(ख) **शत्रन्तप्रधान-समास**- इस समास के उदाहरण मुख्यतया ऋ० में मिलते हैं। इस की विशेषता यह है कि पूर्वपद में सकर्मक धातु का शत्रन्त रूप आता है और उत्तरपद में कर्मवाचक पद होता है; यथा— यातयज्जन- "लोगों को प्रेरित या एकत्र करता हुआ", धारयत्क्षिति- "प्रजा को धारण करता हुआ"; धारयत्कवि- "ऋषियों को धारण करता हुआ"; मन्दयत्सखम् (ऋ० १,४,७) "मित्रों को मुदित करते हुए को"; ऋधद्वार- "वरणीय वस्तुओं (वार) को बढ़ाता हुआ (ऋधत्)"; तरद्-द्वेषाः (ऋ० १,१००,३) "शत्रुओं को पार करता हुआ"; क्षयद्-वीर- "मनुष्यों पर शासन करता हुआ"; आभरद्-वसुः (ऋ० ५,७९,३) "धन लाती हुई (उषा)"; विदद्वसु- "धन को पाता हुआ", द्रावयत्सखम् (ऋ० १०,३९,१०) "मित्र को दूर भगाता हुआ", मंहयद्रयिः "धन देता हुआ", मन्दद्वीर- "मनुष्यों को मुदित करता हुआ"। ऋग्वेदभाष्य में सायण शत्रन्त-प्रधान समासों को अधिकतर बहुव्रीहि मानता है और कहीं कहीं तत्पुरुष[104] मान कर भी व्याख्यान करता है। परन्तु ऐसे समासों को बहुव्रीहि मानने से इन के अर्थ में खींचा-तानी करनी पड़ती है। मेरे मतानुसार, शत्रन्तप्रधान-समास तत्पुरुष का ही एक भेद है और इस के अन्त में द्वितीयान्त पद उसी प्रकार आता है जिस प्रकार पा० २,२,४ "प्राप्तापन्ने च द्वितीयया" के द्वारा प्राप्तजीविक' इत्यादि के अन्त में द्वितीयान्त पद आता है। और मन्दयत्सखम् इत्यादि में तत्पुरुष का समासान्त प्रत्यय आता है (दे० अनु० १८९)। इस समास के पूर्वपद पर प्रकृतिस्वर रहता है, परन्तु उस के लिये कोई पाणिनीय सूत्र मुझे नहीं सूझा है (दे० टि० १०४)।

पञ्चमोऽध्यायः

द्विरुक्त-समास

१९२ द्विरुक्त-समास में एक ही पद को दो बार बोला जाता है। 'अत्यधिक', नित्य' प्रत्यक' या 'बार बार' के अर्थ को प्रकट करने के लिये द्विरुक्त का प्रयोग किया जाता है। ऋ० प्रा० में द्विरुक्त के लिये आम्रेडित संज्ञा का प्रयोग किया गया है। परन्तु पाणिनि द्विरुक्त के उत्तर पद के लिये आम्रेडित संज्ञा का व्यवहार करता है और उसे अनुदात्त मानता है[10]। यद्यपि पाणिनि द्विरुक्त को समास नहीं मानता तथापि स्वर के विषय में विचार करते हुए वह स्वीकार करता है कि कतिपय द्विरुक्तों का स्वर बहुव्रीहि के तुल्य कहीं कर्मधारय के तुल्य और शेष द्विरुक्तों के पूर्वपद पर उदात्त रहता है । पद पाठ में समास की भाँति द्विरुक्त के दोनों पदों के मध्य अवग्रह दिखलाया जाता है। वैदिकभाषा में नाम, सर्वनाम विशेषण, अव्यय तथा संख्यावाचक शब्दों के द्विरुक्त उपलब्ध होते हैं और आख्यात के द्विरुक्त के उदाहरण अति विरल हैं। द्विरुक्तों के कुछ प्रमुख उदाहरण निम्नलिखित हैं—

नामों का द्विरुक्त—अहरह दिवे दिवे द्यवि द्यवि 'प्रत्येक दिन' गृहे गृहे, दमे दमे, विशे विशे 'प्रत्येक घर में'' पर्वणि पर्वणि 'प्रत्येक जोड़ में'' अङ्गादङ्गात् (ऋ १ १६३ ६) प्रत्येक अङ्ग से" दिशोदिश (अ०) प्रत्यक दिशा से' शत्रो शत्रो 'प्रत्येक शत्रु से' यज्ञस्य यज्ञस्य (ऋ० १० १ ५) 'प्रत्येक यज्ञ का'' अग्निमग्निम् (ऋ० ६,१५ ६) बार बार अग्नि को'' अन्नमन्नम् (अ) अन्न को बार बार।"

सर्वनामों का द्विरुक्त—त्वत्वमहयथा (ऋ १० ९९ ५) तुम ने नित्य चाहा'' यद्यचामि (ऋ० ८ ६१ ६) जो जो मैं माँगता हूँ" तत्तदुग्निवर्यो दध (ऋ० ८ ३९ ४) अग्नि उस उस अन्न को प्रदान करता है" वयंवयम् (ऋ० १० २२ १२) हम नित्य ।"

विशेषणों का द्विरुक्त—प्रियम्प्रियम् (ऋ ६ १५ ६) अत्यधिक प्रिय को' पन्यम्पन्यम् (ऋ ८ २ २५) 'बार बार या नित्य स्तुति करने योग्य'' प्राचींप्राचीं प्रदिशम् (अ १२ ३ ७) नित्य

पूर्व दिशा में"; उत्तरामुत्तरां समाम् (अ० १२,१,३३) "प्रत्येक उत्तरवर्ती वर्ष में।"

अव्ययों का द्विरुक्त—यथा-यथा "जैसे जैसे"; अ्द्यार्द्य "प्रतिदिन"; श्वःश्वः "प्रत्येक आगामी दिन में"; प्रप्र···दास्यते (ऋ० १,१३८,१) "नित्य स्तुति की जाती है" (दे० अनु० १८८, टि० ६७) उप, परा, सम् तथा उत् का द्विरुक्त भी मिलता है।

संख्यावाचक शब्दों का द्विरुक्त—पञ्च-पञ्च "पांच पांच", सप्त-सप्त "सात सात"; एकैकम् (तै० सं०, अ०) "एक एक करके", एकएकः (ऋ०) "प्रत्येक।"

आख्यातों का द्विरुक्त—पिब-पिब (ऋ० २,११,११) "बार बार पान करो"; यजस्व-यजस्व (शत० ब्रा०) "बार बार यज्ञ करो।"

अव्यवस्थित-समास

१९३ जिन समासों के लिये कोई निश्चित लक्षण नही दिया जा सकता, उन का वर्णन इस श्रेणी में किया जायगा। पाणिनीय व्याकरण के अनुसार, इस प्रकार के अव्यवस्थित समासों का समावेश तत्पुरुष में किया जा सकता है[१०८]। कतिपय प्रमुख वैदिक उदाहरण निम्नलिखित हैं—

याच्छ्रेष्ठाभिः (ऋ० ३.५३,२१) "जो सब से श्रेष्ठ (रक्षाएं) हैं उन के द्वारा"; यावृद्ध्यम् (ऋ० २,३८,८) "जहां तक हो सके उतना शीघ्र"; इतिहासः (शत० ब्रा०) "प्राचीन कथा (शाब्दिक—इति 'ऐसा' ह 'निश्चय से' आस 'हुआ था'), अहमुत्तर- (अ०) "प्रतिस्पर्धा अर्थात् वह कर्म जिस में प्रत्येक चाहता है कि मैं उच्चतर रहूं"; अहम्पूर्वः (ऋ० १,१८१,२) "जो प्रथम रहने का इच्छुक है"; काचित्करम् (ऋ० १०,८६,१२) "कुछ करने वाले को"; कित्वः (वा० सं० ३०,२८) "जो तिरस्कारपूर्वक कहता है 'तू क्या है'"; मम-सत्येषु (ऋ० १०,४२,४) "संग्रामों में (जिन में लोग कहते हैं कि यह धन निश्चय से मेरा ही है)"; ये-यजामहा. (वा० सं०)

" ये यजामहे' से प्रारम्भ होने वाले मन्त्र", माम्पश्य-(अ) एक पौदे का नाम (प्रिय के प्रेम को पाने की इच्छुक स्त्री 'माम्पश्य' मुझे देखो' कह कर इस पौदे से कुछ आथर्वण कर्म करती है) ।"

टिप्पणियां

१ ऋ० प्रा० ९,१ २४ २० ४६ तै प्रा ३ १ ७ वा० प्रा० ३ ९८ १०२ १०३ १०५ १०६ अ० प्रा० ३,१ ३ ६ १२ २३ २४ पा० ६ ३ ११४ १३१ ।

२ पा० ६,३ १ ९—पृषोदरादीनि यथोपदिष्टम् ॥

३ ऋ० १० ७१ ७ में आने वाले आदुग्नास के व्याख्यान में सायण आ को आस्य का आदेश मानते हुए कहता है— आस्यश दस्य पृषोदरादित्वा दाकारादेश ।' परन्तु पाश्चात्य विद्वान् इस में आस तथा दघ्न का समास मानते हैं दे० WZR s v MWD s v Alt Gr III p 57 Ved Gr p 146 Gr Lg Ved, pp 105, 116 अनु० १२२ख०

४ पा० ६ ३ ५७-६ —उदकस्योद सज्ञायाम् । पेषवासवाहनधिषु च । एकहलादौ पूरयितव्येऽन्यतरस्याम् । मन्थौदनसक्तुबिन्दुवज्रभारहारवीवध गाहषु च ॥ पाणिनि उदक के स्थान पर उद (अकारान्त) आदेश करता है । परन्तु उदन् प्रातिपदिक के रूपों के लिये देखिये अनु १३०ग ।

५ अनेक पाश्चात्य विद्वान् मह्ना महि मह् तथा महन् को पृथक प्रातिपदिक मानते हैं और ऋ २ २२,१ २ २४ ११ तथा ३ ४५ १ के महाम् पद को सायण के अनुसार ही महान्तम् के अर्थ में अथात् मह्ना का द्विती ए० मानते हैं दे० MWD s v Skt Gr p 128 Ved Gr p 146 f n 9 Alt Gr II 1 p 58 WZR s v

परन्तु पाणिनि ६, ३, ४६ "आन्महतः समानाधिकरणजातीययोः" के अनुसार, समानाधिकरण उत्तरपद से पूर्व महत् को महा आदेश हो जाता है।

६. Alt. Gr. II, I, pp. 73 ff.; Ved. Gr. p., 148; Gr., Lg. Ved., p. 118.

७. पा० ६,३,७८-८२—सहस्य सः संज्ञायाम्। ग्रन्थान्ताधिके च। द्वितीये चानुपाख्ये। अव्ययीभावे चाकाले। वोपसर्जनस्य॥ पा० ६,३,७८ पर काशि० "सादेश उदात्तो निपात्यते।"

८. पा० ६, ३, ८४-८९—समानस्य छन्दस्यमूर्धप्रभृत्युदर्केषु। ज्योतिर्जनपद-रात्रिनाभिनामगोत्ररूपस्थानवर्णवयोवचनबन्धुषु। चरणे ब्रह्मचारिणि। तीर्थे ये। विभाषोदरे। दृग्दृशवतुषु॥

९. पा० २,१,६,२,१,२०; तथा २,१,४९ पर महाभाष्य— "इह कश्चित्समासः पूर्वपदार्थप्रधानः। कश्चिदुत्तरपदार्थप्रधान। कश्चिदन्यपदार्थ-प्रधानः। कश्चिदुभयपदार्थप्रधानः। पूर्वपदार्थप्रधानोऽव्ययीभावः। उत्तरपदार्थप्रधानस्तत्पुरुषः। अन्यपदार्थप्रधानो बहुव्रीहि। उभयपदार्थ-प्रधानो द्वन्द्व.।" पा० २,१,६ के महाभाष्य के व्याख्यान में कैयट कहता है— "अन्यतमप्राधान्यसम्भवे अन्वर्थसंज्ञाविज्ञानात् पूर्वपदार्थ-प्राधान्य एवाव्ययीभावसंज्ञा भवति। वचनसामर्थ्यात्तु पूर्वपदार्थ-प्राधान्यासम्भवेऽपि सूपप्रति उन्मत्तगङ्गमित्यादौ प्रवर्तत एव।"

पा० १,२,५७ पर काशि०—"अन्यदप्येवंजातीयकमशिष्यमिति। तथा च पूर्वाचार्याः परिभाषन्ते मत्वर्थे बहुव्रीहि, पूर्वपदार्थप्रधानोऽव्ययीभावः, उभयपदार्थप्रधानो द्वन्द्व इत्येवमादि, तदशिष्यमिति।" कात्यायन ने समास के चार भेद माने हैं। अतएव वा० प्रा० १,२७ में कहा गया है— "तिङ्कृत्तद्धितचतुष्टयसमासाः शब्दमयम्।"

वा० प्रा० ५,१ के भाष्य में उवट समास की परिभाषा तथा समास-भेद का विवेचन करते हुए कहता है— "द्वयोः पदयोर्बहूना वा परस्पराकाङ्क्षया सम्बद्धाना यत्र द्वित्र्यादिपदसमूहोच्चारणं स समासः। स च समासश्चतुः-प्रकारो भवति। यथाव्ययीभावतत्पुरुषद्वन्द्वबहुव्रीहयः। तत्र पूर्वपद-

प्रधानोऽव्ययीभाव । यथा अनुरूपम् । उत्तरपदप्रधानस्तत्पुरुष । यथा अघर्मांस । उभयपदप्रधानो द्वन्द्व । यथा मित्रावरुणौ । अन्य पदप्रधानो बहुव्रीहि । यथा अनुमीरा ।''

१० पा० २ १,४— सह सुपा'' पर महाभाष्य— एव तर्हि सिद्ध सति यत्सहग्रहण करोति । तस्यैतत्प्रयोजनम् । योगाङ्ग यथा विज्ञायेत सति च योगाङ्गे योगविभाग करिष्यते— सह' । सुप च समस्यत । केन सह ? समर्थेन । अनुव्यचलद् अनुप्राविशत् । तत 'सुपा' सुपा च सह सुप्सम स्यते । अधिकारश्च लक्षण च । यस्य समासस्यान्यल्लक्षणं नास्ति इद तस्य लक्षण भविष्यति । पुनरुत्स्यूत वासो देयम्' 'पुनर्निष्कृता रथ' ॥
पा० २,१ ४ पर काशि — सहग्रहण योगविभागार्थं तिङापि सह यथा स्यात् । अनुव्यचलत् । अनुप्रावपत्'' ॥

पा० २ १,४ पर सि० कौ०— सह इति योगो विभज्यते । सुबन्तं समर्थेन सह समस्यत । योगविभागस्येष्टसिद्धयर्थत्वात् क्वचित्तिङन्तोत्तर पदोऽय समास । स च छन्दस्येव । पर्यभूषयत् । अनुव्यचलत् । सुपा' । सुप्सुपा सह समस्यते ॥

११ सि० कौ० का सकलसमासेषपप्रकरणम्'— 'समासश्चतुर्विध इति तु प्रायोवाद । अव्ययीभावतत्पुरुषबहुव्रीहिद्वन्द्वाधिकारबहिर्भूतानामपि सह सुपा (पा० २ १ ४) इति समासविधानात् । पूर्वपदार्थप्रधानोऽव्ययीभाव, उत्तरपदार्थप्रधानस्तत्पुरुष, अन्यपदार्थप्रधानो बहुव्रीहि उभयपदार्थ प्रधानो द्वन्द्व, इत्यपि प्रायो वाद प्रायोऽभिप्राय । सूपप्रति उन्मत्तगङ्गम् इत्यव्ययीभाव अतिमालादौ तत्पुरुषे द्वित्रा इत्यादिबहुव्रीहौ दन्तोष्ठम् इत्यादिद्वन्द्वे चाभावात् । तत्पुरुषविशेष कर्मधारय । तद्विशेषो द्विगु । अनेकधत्व द्वन्द्वबहुव्रीह्योरेव । तत्पुरुषस्य क्वचिदेवेत्युक्तम् । किं च—

सुपां सुपा तिङा नाम्ना धातुनाऽथ तिङां तिङा ।
सुबन्तेनेति विज्ञेय समास षड्विधो बुधै ॥''

१२ Alt Gr II I pp 142 ff Ved Gr, pp 154 ff Skt. Gr pp 480 ff Gr Lg Ved pp 123 ff

१३ पा० २ ४ २६—परवल्लिङ्ग द्वन्द्वतत्पुरुषयो ॥

१४. पा० २,४,२८—हेमन्तशिशिरावहोरात्रे च छन्दसि ॥

१५. पा० २,४,२९—रात्राह्नाहाः पुंसि ॥

१६. पा० २,४,२५—विभाषा सेनासुराच्छायाशालानिशानाम् ॥

१७. पा० २,४,१७-१८—स नपुंसकम् । अव्ययीभावश्च ॥ २,४,१-२—द्विगुरेकवचनम् । द्वन्द्वश्च प्राणितूर्यसेनाङ्गानाम् ॥ पा० २,४,१७ पर वार्तिक (काशि०) "अकारान्तोत्तरपदो द्विगुः स्त्रियां भाष्यते" के अनुसार, जिस द्विगु समास के उत्तरपद में अकारान्त शब्द हो उस का रूप स्त्री० में बनता है। परन्तु ऐसे रूप का वैदिक उदाहरण मुझे नही मिला है।

१८. पा० ६,३,३४-४२ ॥

१९. अ० प्रा० ४,४९, वा० प्रा० २,४८.५५; ३,१२८;५,२८.

२०. पा० २,२,२९—चार्थे द्वन्द्वः ॥

२१. यद्यपि पा० ६,३,२६.२९.३०.३१ ३२—"देवताद्वन्द्वे च। दिवो द्यावा। दिवसश्च पृथिव्याम्। उषासोषसः। पितरामातरा च छन्दसि।" के अनुसार ऐसे समासो मे पूर्वपद को आनङ् आदि आदेश होता है और ऐसा आ विभक्ति-प्रत्यय नहीं है, तथापि इन की रूप-रचना पर ध्यान देने से पाश्चात्य विद्वानों के इस मत की पुष्टि होती है कि पूर्वपद का अन्तिम आ वास्तव में प्रथ० द्विती० द्वि० विभक्ति का प्राचीन रूप है। वा० प्रा० ३,१२८ "पूर्वो द्वन्द्वेष्ववायुषु" देवताद्वन्द्व समासों के पूर्वपद के अन्तिम स्वर को दीर्घ मानता है।

२२. पा० ६,३,२५—आनङ् ऋतो द्वन्द्वे ॥ इस सूत्र के द्वारा पाणिनि पूर्वपद के अन्त में आ (आनङ्) आदेश करता है और व्याख्यान के अनुसार विद्यावाचक तथा योनिवाचक ऋकारान्त शब्दों के द्वन्द्व मे पूर्वपद को ऐसा आनङ् आदेश होता है।

२३. पाणिनीय व्याकरण में ऐसे रूपों को एकशेष कहते हैं, यद्यपि इन्हें समास तो नहीं माना जा सकता। पाणिनि के निम्नलिखित सूत्र इस सम्बन्ध में द्रष्टव्य हैं— पा० १, २, ६४-७३, विशेषतः— १,२,६८.७०.७१— भ्रातृपुत्रौ स्वसृदुहितृभ्याम्। पिता मात्रा। श्वशुरः श्वश्र्वा ॥

पञ्चमोऽध्यायः

२४ ऋ० १० १४ ८ के इष्टापूर्तेन का व्याख्यान ग्रासमैन ने 'इच्छाओं की पूर्ति या आनन्द के साथ" और सायण ने 'श्रौतस्मातदानफलेन' किया है। वा० स० १८ ६० पर महीधर ने 'श्रौतस्मातकर्मफले" व्याख्यान किया है।

२५ Alt. Gr II I p 160 Ved Gr p 158 Ved Gr Stu p 270 f n 2 (इस ग्रन्थ में मैक्डानल समास के दोनों पदों में द्वि० रूप मानता है, परन्तु यह मत Ved Gr में दिये गए स्वय अपने मत तथा वाकरनागल के मत के विरुद्ध है) Gr Lg. Ved p 125

२६ पा० २ ४ १४ 'न दधिपयआदीनि' में समाहार-द्वन्द्व का निषेध करके इध्माबर्हिषी' रूप दिया है।

२७ पा० २ ४,२-१३ ॥

२८ पाश्चात्य विद्वानों के मतानुसार यह द्वन्द्व समास है दे० Alt Gr II I p 161 Ved Gr, p 158 Ved Gr Stu p 270 Skt. Gr p 486 Skt Lg p 217 परन्तु पा० २ १,६० 'क्तेन नञ्विशिष्टेनानञ्' और इस पर काशि० तथा सि० कौ० के अनुसार, यह तत्पुरुष समास है।

२९ पा० १ २ ,२ ३४ द्वन्द्व चि। अजाद्यन्तम्। अल्पाच्तरम् ॥

३० पा० ५ ४ ७७। ५ ४ १०६- द्वन्द्वाच्चुदषहान्तात्समाहारे ॥

३१ पा० २ १ २४- द्वितीया श्रितातीतपतितगतात्यस्तप्राप्तापन्नै। इस पर वार्तिक— श्रितादिषु गमिगाम्यादीनामुपसंख्यानम्। दे० पा २ १ २४-२९ वाकरनागल (Alt Gr II I p 199) भूमिं निर्ऋतिदास (ऋ ७ १८ १०) 'पृथिवी में भेज गये' में द्वितीयासमास मानता है दे० Ved Gr, p 164 f n 3 परन्तु सायण इस में तृतीयासमास मानता है— 'मात्रा प्रहिता'।

३२ पा० २ १ ३ ३५ ॥

३३ पा० २ १ ३६—चतुर्थी तदर्थार्थबलिहितसुखरक्षितै ॥

३४. ग्रासमैन प्रभृति पाश्चात्य विद्वान् मर्नुर्हितम् को कतिपय प्रयोगों में चतुर्थी-समास और अन्य ऋग्वैदिक प्रयोगों में तृतीया-समास मानते हैं; दे० WZR., s v.; MWD., s. v., Alt. Gr. II, I, p. 199; सायण अधिकतर प्रयोगों में इसे तृतीयासमास मानता है, परन्तु कहीं-कहीं भिन्न अर्थ भी करता है; यथा ऋ० १,१०६,५ पर— "यद्वा मनुष्याणामनुकूलम्", ऋ० ६,७०,२ पर— "मनुष्येभ्यो हितम्।"

३५. पा० २,१,३७-३९—पञ्चमी भयेन । अपेतापोढमुक्तपतितापत्रस्तैरल्पशः । स्तोकान्तिकदूरार्थकृच्छ्राणि क्तेन ॥ पा० २,१,३७ पर वार्तिक—भयभीतभीतिभीभिरिति वाच्यम् । २,१,३९ पर वार्तिक (काशि०) शतसहस्रौ परेणेति वक्तव्यम् ॥ यथा— पुरः॒शुत–, पुरः॒सुहृस्र– ।

३६. पा० २,२,८-९—षष्ठी । याजकादिभिश्च ॥ २,२,८ पर वार्तिक— "कृद्योगा च षष्ठी समस्यत इति वाच्यम्।"

३७. पा० २,१,४०-४८ ॥

३८. मैक्डानल (Ved. Gr., p. 166) के अनुसार, ऋ० के युवादत्त–, युवानीत–, युष्मादत्त– तथा युष्मानीत– के पूर्वपद में तृतीया का रूप है, परन्तु इन शब्दों का ऐसा कोई स्वतन्त्र रूप तृतीया विभक्ति में नहीं मिलता है ।

३९. पाश्चात्य विद्वानों के मतानुसार इस समास में शुनः पद बहुवचन का अर्थ देता है और इषितम् का अर्थ "खींचा गया" है, दे० WZR , s. v.; MWD., s. v., Ved. Gr., p. 166, Ved. Gr. Stu., , p 273 f n. 1.

४०. पा० ६,३,२१ पर वार्तिक ४—शेपपुच्छलाङ्गूलेषु शुनः सञ्ज्ञायामुपसंख्यानम् । वार्तिक ५—दिवश्च दासे (महाभाष्य) ॥

४१. पा० ८,३,९५—गवियुधिभ्यां स्थिरः ॥

४२ पा० २,२,१-२— पूर्वापराधरोत्तरमेकदेशिनैकाधिकरणे । अर्धं नपुंसकम् ॥ दे० पा० २,२.३ ॥ पा०२,२,१ पर काशि०—"संख्याविसायपूर्वस्याह्नस्येति (६,३,११०) ज्ञापकात् सर्वेणैकदेशशब्देनाह्नः समासो भवति ।"; सि०

कौ॰— सर्वोऽप्येकदेशोऽह्ना समस्यते । सङ्ख्याविसाय—' इति ज्ञाप कात् । मध्याह्न । सायाह्न । केचित्तु सर्व एकदेश कालेन समस्यते न त्वह्न । ज्ञापकस्य सामान्यापेक्षत्वात् । तेन मध्यरात्र , उपारता पश्चिम रात्रगोचरा इत्यादि सिद्धमित्याहु ॥"

४३ पा॰ ३ १ ९२—तत्रोपपद सप्तमीस्थम् ॥ २ २ १९—उपपदमतिङ ॥ ६,२ १३९—गतिकारकोपपदात् कृत ॥

४४ पा॰ ३,२,५८ ६४ ६७ ६९ ७१ ७३ ७६ ७७ ८७ ९२ ॥

४५ पा॰ ३ २,८४ ९० ९१ के अनुसार सोमसुत् तथा अग्निचित् में क्विप प्रत्यय भूतकाल के अर्थ में आता ह ।

४६ पा ३ २ १ २२ ४८ ५० ५२ ५५ ६० ७० ७७ ९७ १ १ ॥

४६क पा ३,२ १ पर वार्तिक (काशि)— शीलिकामिभक्ष्याचरिभ्यो ण पूर्वपदप्रकृतिस्वरत्व च वक्तव्यम्' से ण प्रत्यय और पा॰ ६ ३,१४— तत्पुरुषे कृति बहुलम् से विभक्ति का अलुक । सायण इस में पा॰ ३ २ १ से अण् प्रत्यय मानता है। पाश्चात्य विद्वान् इस में तथा पर्तिकामा में बहुव्रीहि मानत हैं दे Ved Gr p 172 Ved Gr Stu p 277 Skt Gr p 503 Alt Gr II I p 277 Gr Lg Ved p 135 पा॰ ३ २ १ पर महाभाष्य में यह विचार किया गया है कि ऐसे समासों को बहुव्रीहि भी माना जा सकता है यथा— भवति बहुव्रीहिरपि मांसे कामोऽस्य मासकाम ।'

४७ पा॰ ३ २,२४ २७ ॥

४८ पा॰ ३ २ ५१ ७८ ८६ ॥ ३ २,७८ पर वार्तिक— ब्रह्मणि वद ।'

४९ पा॰ ३ १ १०६ १२३ ॥

५० पा॰ ३ २ ९४ ९६ ॥

५१ Alt Gr II, I pp 201 ff Ved Gr, pp 164 65 Ved Gr Stu p 272, Skt Gr pp 491 ff

५२ पा॰ ३,२,२८ ३७ (खश्) ३८ ४७ (खच्) ८३ (खश्) । ६ ३ ६७ (मुम्) ६८ (अम्) ६९ ॥

५३. इस सम्बन्ध में पा० २,१,२१ पर काशि० का मत है—"दिवाशब्दोऽधिकरणवचनः सुबन्तेन [समस्यते] । दिवारात्रम् ।" इस सूत्र पर सि० कौ० पर तत्त्वबोधिनी कहती है—"दिवा रात्रं करोमीति विग्रहः ।" और बाल-मनोरमा टीका का प्रणेता कहता है—"दिवशब्दात्रान्तमव्ययमधीयर्थे । तस्याधिकरणशक्तिप्रधानत्वात् शक्तिविषये तत्त्वं बोध्यम् ।"

५४. पा० १,२,४२; २,१,४९-५१.५७.५८.६१ ॥

५५. पा० २,१,५५-५६ ॥

५६. दे० सायणभाष्य, WZR., s. v.; Whitney, AV : MWD., s. v.; Alt, Gr., II, I, p. 252; Ved. Gr , p. 169, Ved. Gr. Stu., p. 274.

५७. पा० २,१,५२—संख्यापूर्वो द्विगुः ॥

५८. पा० २,४,१—द्विगुरेकवचनम् ॥ समाहारद्वन्द्व के लिये, दे० पा० २, १, ५१ ॥

५९. Skt. Gr., p. 505; Alt.Gr. II, I, pp. 305-306, Ved. Gr.,p.174; Ved. Gr. Stu.,p. 278; Gr. Lg. Ved., p. 135.

६०. कतिपय आचार्य नञ् के निम्नलिखित छ. अर्थ मानते हैं—

"तत्सादृश्यमभावश्च तदन्यत्वं तदल्पता ।
अप्राशस्त्यं विरोधश्च नञर्थाः षट् प्रकीर्तिताः ॥"

६१. पा० २,२,६—नञ् ॥

६२. पा० ६,३,७३—नलोपो नञः । इस पर वार्तिक—नञो नलोपस्तिङि क्षेपे ॥ ७४—तस्मान्नुडचि ॥

६३. पा० ६, ३, ७५-७७— नभ्राट्-नपात्-नवेदा नासत्या नमुचि-नकुल-नख-नपुंसक-नक्षत्र-नक्र-नाकेषु प्रकृत्या । एकादिश्चैकस्य चादुक् । नगोऽप्राणिष्वन्यतरस्याम् ॥

अनेक पाश्चात्य विद्वान् पाणिनि के मत को पूर्णतया स्वीकार नहीं करते हैं और उन के मतानुसार—नपात्, नवेदस् (ऋ), नासत्या, नकुल, नख तथा

इत्यादि शब्दों में नञ्समास का न नहीं है दे० SPW., s v WZR s. v MWD, s v

पा० ६ ३ ७६ के लिये, दे० अनु० १५३ और चतुर्थ अध्याय की टि २३२क।

६४ पा० २ २ १८—कुगतिप्रादय ॥ पा० १ ४ ५८ ६० के अनुसार प्र इत्यादि निपात क्रियावाचक शब्दों के योग में उपसर्ग तथा गति-संज्ञक कहलाते हैं परन्तु पा० १ ४,६१ ७९ में परिगणित शब्द केवल गति संज्ञक हैं।

६५ पा० २ २,१८ पर महाभाष्य में सौनागवार्तिक १ ६—स्वती पूजायाम्। दुर्निन्दायाम्। आङीषदर्थे। कु पापार्थे। प्रादयो गताद्यर्थे प्रथमया। अत्यादय क्रान्ताद्यर्थे द्वितीयया ॥

६६ पा० २ २,१८ पर महाभाष्य में वार्तिक ६—इवेन विभक्त्यलोप पूर्वपद प्रकृतिस्वरत्वं च ॥

६७ पा० २ २ १८ पर महाभाष्य में वार्तिक ७—अव्ययमव्ययेन ॥ पा ८, १,६— प्रसमुपोद पादपूरणे" पादपूर्ति के लिये इन अव्ययों का द्वित्व मानता है।

६८ पा० २ २ १८ पर महाभाष्य में वार्तिक ८—उदात्तगतिमता च तिङा ॥ इस पर भाष्य— उदात्तवता तिङा गतिमता च तिङाऽव्ययं समस्यत इति वक्तव्यम्।' दे० अ० प्रा० ४ १ २ (तृतीय अध्याय टि० २४)।

६९ पा० ५,४,८६—तत्पुरुषस्याङ्गुले सङ्ख्याव्ययादे ॥

७० पा० ५ ४ ८७—अहस्सर्वैकदेशसङ्ख्यातपुण्याच्च रात्रे ॥

७१ पा० ५,४ ८८—अह्नोऽह्न एतेभ्य ॥

७२ पा० ५ ४ ८९-९१— । सङ्ख्यादे समाहारे। उत्तमैकाभ्यां च। राजाहस्सखिभ्यष्टच् ॥

७३ कतिपय विद्वान् इसे बहुव्रीहि समास मानते हैं दे० Ved. Gr p 154 Ved Gr Stu p 279 Alt Gr, II I p 119

नक्षत्र, (ऋ०) MWD., s. v.; परन्तु समास-स्वर के विचार से तत्पुरुष मानना अधिक युक्तियुक्त है।

७४. पा० ५,४,९२—गोरतद्धितलुकि ॥ इस सूत्र के अनुसार तद्धितलुग्विषयक तत्पुरुष में टच् समासान्त प्रत्यय नहीं आता है, यथा पा० ५,१,२८ द्वारा तद्धितप्रत्यय ठक् का लोप होने पर बने पञ्चगुः तथा दशगुः द्विगुसमासों में टच् प्रत्यय नहीं आता है (काशि०)। परन्तु मुझे इन उदाहरणों के वैदिक प्रयोग नही मिले हैं।

७५. पा० ५,४,७७-८६.९३-९७.१०३-१०५ ॥

७६. पा० २,२,२४—अनेकमन्यपदार्थे ॥

७७. पा० २,१,४९ पर काशि०—भिन्नप्रवृत्तिनिमित्तस्य शब्दस्यैकस्मिन्नर्थे वृत्तिः सामानाधिकरण्यम् ॥

७८. पा० २,२,३५-३६—सप्तमीविशेषणे बहुव्रीहौ। निष्ठा ॥

७९. पा० २,२,३७—वाऽऽहिताग्न्यादिषु ॥ पा० २,२,३६ पर वार्तिक १—निष्ठायाः पूर्वनिपाते जातिकालसुखादिभ्य. परवचनम् ॥ काशि० तथा सि० कौ० पा० २,२,३७ के 'आहिताग्न्यादि' को 'आकृतिगण' मानते हैं।

८०. मैक्डानल इसे तत्पुरुष समास मानता है (Ved. Gr., p. 163; Ved Gr. Stu., p 271) और Ved. Gr. Stu., p. 271 f. n. 6 मे कहता है—"An example of the rare use of a past pass. part. in a transitive sense." परन्तु आश्व० श्रौ० सू० ९, ५,१ के व्याख्यान में नारायण इसे बहुव्रीहि मानते हुए कहता है—"गरो विषम्। गरो गीर्ण (?गीर्णो) येन स गरगीर्णः।" पा० ६,२,१७० के अनुसार, यह बहुव्रीहि समास अन्तोदात्त है।

८१. पा० २,२,२४ के महाभाष्य पर वार्तिक ९—सप्तम्युपमानपूर्वपदस्योत्तरपदलोपश्च ॥

८२. पा० २,२,२४ पर वार्तिक (सि० कौ०)—प्रादिभ्यो धातुजस्य वाच्यो वा चोत्तरपदलोपः ॥

८३. पा० २,२,२४ पर वार्तिक (सि० कौ०)—अव्ययानां च ॥

पञ्चमोऽध्यायः

८४ पा० २ ३ २८—तन सहृति तुल्ययोगे ॥

८५ पा० २ ३ २४ पर वार्तिक (सि कौ०)—नमोऽम्ययोनों वाच्यो वा चातरपदलोप ॥

८६ पा० १ २,४८—गास्त्रियोरुपसर्जनस्य ॥ पा० के मतानुसार, उपसर्जन भूत गो शब्द के ओ का ह्रस्व उ बनता है दे० पा० १,१,४८ ॥ पाश्चात्य विद्वानों के मतानुसार स्वरावस्था विकृति (Vowel gradation) के कारण ह्रासावस्था में गो का गु और रै का रि बनता है दे० Ved Gr pp 151 52, Alt Gr II I, pp 99 100

८७ पा० ५,४ ११३—बहुव्रीहौ सक्थ्यक्ष्णो स्वाङ्गात् षच् ; ५ ४ १२१ दे अधिक के लिये पा० ५,४ १२० ॥

८८ पा० ५ ४ ११६ पर वार्तिक २—छन्दसि च नेतुरुपसंख्यानम् ॥ दे० तै० स० १ ८,७ १=वा० स ९ ३५ ३६ ।

८९ पा० ५ ४,११७-१२०

९० पा० ५ ४,१२४—धर्मादनिच् केवलात् ।

९१ पा० ५ ४ १२१—क्रपसोऽनङ् ॥ कतिपय पाश्चात्य विद्वान् ऋ १० ११५ १ के अनुधा यदि' में अनुधा आपीनरहित' पद मानते हैं दे Alt Gr II I, p 99 n Ved Gr p 150 परन्तु अन्य विद्वान् पदकार के मत को स्वीकार करते हुए अनुधा पद मानते हैं दे० WZR s v MWD s v

पा० ५ ४ १२९—प्रसम्भ्यां जानुनोर्ज्ञु ॥ ज्ञु का कोई स्वतन्त्र रूप नहीं मिलता है ।

९३ पा० ५ ४ १३४—जायाया निङ् ॥

९४ पा० ५ ४ १४१ १४५ ॥

९५ पा० ५ ४ १३२ ३३—धनुषश्च । वा सञ्ज्ञायाम् ॥

९६ पा० ५ ४ १३८ ४० ॥ पाश्चात्य विद्वान् पाद् को पद् का शक्ताङ्ग (Strong Stem) मानते हैं ।

९७. पा० ५,४,१२२-२३—नित्यमसिच् प्रजामेधयोः । बहुप्रजाश्छन्दसि ॥ पाश्चात्य विद्वानों का मत है कि प्रजा या प्रजस् रूप केवल अनुकृति के प्रभाव से हुआ है, क्योंकि कोई प्रजस् प्रातिपदिक नहीं मिलता है, दे० Ved. Gr., p 151.

९८. पा० ६,१,६०—शीर्षंश्छन्दसि ॥

९९. पा० ५,४,१५१-५४ ॥

१००. पा० ५,४,१५८—ऋतश्छन्दसि ॥

१०१. Skt. Gr., pp. 511ff; Ved. Gr., pp. 175ff; Ved. Gr. Stu, pp 279-80; Gr.. Lg Ved., pp. 137 ff., Alt. Gr. II, I, pp. 308 ff.

१०२. पा० २,१,६-१६ ॥

१०३. पा० १,१,४१;२,४,१८ ॥

१०४. ऋ० १,४,७ के भाष्य मे मन्दयत्सखम् का व्याख्यान करते हुए सायण कहता है—" य इन्द्रो मन्दयति यजमानान् हर्षयति तस्मिन्निन्द्रे सखिभूतोऽयं सोमः ।...... । एवं मन्दयच्छब्दोऽन्तोदात्तः । मन्दयतीन्द्रे सखा । 'सप्तमी' (पा० २,१,४०) इति योगविभागात् समासः । 'तत्पुरुषे तुल्यार्थ०' (पा० ६,२,२) इति सप्तमीपूर्वपदप्रकृतिस्वरत्वम् ।" सि० कौ० में पा० ६,२,२ का व्याख्यान करते हुए भट्टोजिदीक्षित भी सायण का अनुकरण करता है और कहता है—"पतयन्मन्दयत्सखम् । मन्दयति मादके इन्द्रे सखेति सप्तमीतत्पुरुषः ।" मैं इस प्रकार के व्याख्यान से सहमत नहीं हूं ।

१०५. वा० प्रा० १,१४६—द्विरुक्तमाम्रेडितं पदम् ॥ दे० वा० प्रा० ५,१८,६,३॥

१०६. पा० ८,१,२-३ तस्य परमाम्रेडितम् ॥ अनुदात्तं च ॥

१०७. पा० ८,१,९-११; दे० टि० १०६ ॥

१०८. पा० २,१,७२—मयूरव्यंसकादयश्च ॥ इस सूत्र पर काशि० कहती है—"अविहितलक्षणस्तत्पुरुषो मयूरव्यंसकादिषु द्रष्टव्यः ।"

पञ्चमोऽध्यायः

षष्ठोऽध्याय.

तद्धित-प्रकरणम्

१९८ नाम सर्वनाम संख्यावाचक शब्द तथा अव्ययों से नये शब्द बनाने के लिये जो प्रत्यय जोड़े जाते हैं उन के लिये पाणिनीय व्याकरण में तद्धित संज्ञा का प्रयोग किया जाता है और पाश्चात्य विद्वान् इन्हें गौण प्रत्यय (Secondary Suffixes) कहते हैं। कतिपय समासों के साथ भी तद्धित प्रत्यय जोड़े जाते हैं। ब्राह्मण ग्रन्थों तथा कल्पसूत्रों की तुलना में संहिताओं की भाषा में तद्धित प्रत्ययान्त शब्द अल्पतर हैं और विशेषत ऋ में अल्पतम हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि तद्धित प्रयोगों की प्रवृत्ति क्रमश संस्कृत में बढ़ती गई है और कालान्तर में कतिपय विद्वान् स्वार्थ में भी (अर्थात् अर्थ-परिवर्तन के बिना भी) तद्धित शब्दों का प्रयोग करने लगे। महाभाष्यकार पतञ्जलि के कथन से प्रतीत होता है कि दाक्षिणात्य विद्वानों को तद्धित प्रयोग अधिक प्रिय था। अतएव पस्पशाह्निक में पतञ्जलि वार्तिककार कात्यायन के सम्बन्ध में कहता है—
'प्रियतद्धिता दाक्षिणात्या । यथा लोके वेदे च' इति प्रयोक्तव्ये यथा लौकिकवैदिकेषु' इति प्रयुञ्जते।'

तद्धित प्रत्यय अनेक अर्थों में जोड़े जाते हैं यथा—तुलना, मात्र निर्धारण सादृश्य, अपत्य परिमाण अनुकम्पा ह्रस्वत्व, विभक्ति इत्यादि अर्थों को प्रकट करने के लिये तद्धित प्रत्ययों का प्रयोग होता है, परन्तु सब से अधिक तद्धित शब्दों में सम्बन्ध को दर्शाने के लिये प्रत्यय का प्रयोग किया जाता है और उन में मुख्य अर्थ रहता है "उस से सम्बन्धी या उस से सम्बद्ध।" प्रसङ्ग के अनुसार सम्बन्ध वाचक अर्थ में साधारण परिवर्तन हो जाता है। हम सर्वप्रथम अन्य अर्थों के वाचक तद्धित प्रत्ययों पर विचार करेंगे और अन्त में सम्बन्ध-वाचक तद्धित प्रत्ययों पर विचार किया जायगा। पाणिनि के अनुसार समासान्त प्रत्यय भी तद्धितों में सम्मिलित हैं।

१९५(क) तद्धित प्रत्ययों से होने वाले विकार—तद्धित प्रत्यय जोड़ने से मूल शब्द में जो विकार होते हैं उन का संक्षिप्त परिचय निम्नलिखित है—

वृद्धि—पाणिनीय व्याकरण के अनुसार जिन तद्धित प्रत्ययों में इत् (लुप्त) होने वाला ञ्, ण्, अथवा क् आए, उन प्रत्ययों से पूर्व आने वाले शब्द के आदि अच् को वृद्धि आदेश हो जाता है[१]; यथा—देव+यञ्=दैव्य- (सं०) "देव-सम्बन्धी।"

गुण— यकारादि तद्धित प्रत्यय से पूर्व आने वाले उवर्णान्त शब्द के अन्तिम अच् को गुण हो जाता है[२] और फिर यकारादि प्रत्यय से पूर्व ओ का अव् बन जाता है[३], यथा—वायु+यत्=वायव्य- (मै० सं०) "वायु-सम्बन्धी"; मधु+यत्=मधव्य- "मधु से युक्त।"

इ तथा अ का लोप—यकारादि तथा अजादि प्रत्यय से पूर्व इवर्णान्त (इ ई) और अवर्णान्त (अ आ) शब्द के अन्तिम अच् का लोप हो जाता है[४]; यथा—देव+यञ्=दैव्य-, पृथिवी+ञ=पार्थिव- (सं०) "पृथिवी-सम्बन्धी।"

अन्तिम न् का लोप—कतिपय तद्धित प्रत्ययों से पूर्व नकारान्त शब्द के न् का लोप हो जाता है; यथा—वृषन्+त्व=वृषत्व- "पौरुष।" परन्तु कतिपय तद्धित प्रत्ययों से पूर्व अन्तिम न् का लोप नहीं होता है, यथा—राजन्+यत्=राजन्य- (सं०) "क्षत्रिय।"

(ख) **पाणिनीय प्रत्ययों का वास्तविक रूप**—पाणिनीय व्याकरण में कतिपय तद्धित प्रत्यय साधारण अनुबन्धों के साथ प्रयुक्त किये गये हैं और उन का वास्तविक रूप पहचानना सरल है; यथा—यत्, यञ्, ष्यञ् इत्यादि का अनुबन्धरहित रूप केवल य है और अण्, अञ्, ढण्, ण इत्यादि का अनुबन्धरहित रूप केवल अ है। परन्तु कतिपय प्रत्ययों का वास्तविक स्वरूप सर्वथा भिन्न है। ऐसे प्रत्ययों का संक्षिप्त परिचय निम्नलिखित है—यु=अन, वु=अक, ख=ईन, घ=इय; छ=ईय, ढ=एय; फ=आयन[५]। साधारणतया ठ=इक, परन्तु जिन शब्दों के अन्त में इस्, उस्, उ, ऋ या त् आए उन से परे ठ का केवल क बनता है[६]। प्रत्ययों के अन्त में जुड़े हुए अनुबन्ध- ण्, ञ्, क्- इत्यादि वृद्धि के

ल्यिे और मुख स्वर के लिये होते हैं। अतएव उन का लोप हो जाता है।

१९९ तुलना-वाचक प्रत्यय—दो वस्तुओं या व्यक्तियों की तुलना में जिस का उत्कर्ष दिखलाया जाय उस के विशेषण के साथ तर' (पा तरप्) या ईयस्' (पा॰ ईयसुन्) प्रत्यय जोड़ा जाता है", और दो से अधिक की तुलना में जिस को सब से उत्कृष्ट बतलाया जाय उस के विशेषण के साथ 'तम' (पा॰ तमप्) या इष्ठ (पा॰ इष्ठन्) प्रत्यय जोड़ा जाता है"क। तर तम तथा इष्ठ प्रत्यय वाले तद्धित शब्दों के रूप पु॰ तथा नपुं॰ में अकारान्त प्रातिपदिकों की भांति बनते हैं और आ प्रत्यय जोड़ने से स्त्री॰ रूप बनता है। ईयस्- प्रत्ययान्त के रूप -यस् अन्त वाले प्रातिपदिकों (अनु॰ १२८) के समान बनते हैं और इस से स्त्री॰ बनाने के लिये ई प्रत्यय जोड़ा जाता है।

(क) इयस् तथा इष्ठ—ये दोनों प्रत्यय प्रायेण विशेषणों के साथ जोड़े जाते हैं"ख; परन्तु वैदिक भाषा में कतिपय ऋकारान्त प्रातिपदिकों के साथ भी इन का प्रयोग मिलता है' यथा—कर्तृ+इष्ठ=करिष्ठ- (ऋ॰) सब से अधिक करने वाला।' पाश्चात्य विद्वानों का मत है कि ये दोनों प्रत्यय सीधे धातु के साथ जोड़े जाते हैं और धातु के अच् पर उदात्त रहता है' यथा—√तिज् 'तेज करना" से तेजीयस् 'अधिक तेज' और तेजिष्ठ सब से अधिक तेज'; √द्रु शीघ्र जाना' से द्रवीयस् अधिक शीघ्रगामी' और द्रविष्ठ सब से अधिक शीघ्रगामी" √यज् यज्ञ करना' से, यजीयस् अधिक अच्छा यज्ञ करने वाला' और यजिष्ठ सब से अच्छा यज्ञ करने वाला।' पाणिनि के मतानुसार इयस् तथा इष्ठ प्रत्ययों से पूर्व प्रशस्य का श्र तथा ज्य वृद्ध का भी ज्य अन्तिक समीप का नेद बाढ दृढ" का साध और युवन् तथा अल्प का कन् बन जाता है' यथा—श्रेष्ठ सब से अच्छा' ज्येष्ठ आयु में सब से बड़ा' नेदीयस् समीपतर' नेदिष्ठ समीपतम" साधिष्ठ सब से अधिक सीधा या अच्छा" कनिष्ठ (तै॰ स॰) सब से छोटा' कनिष्ठ आयु में सब से छोटा' कनीयस् दूसरे से न्यूनतर या आयु में छोटा।"

पाश्चात्य विद्वान् ज्येष्ठ इत्यादि को √ज्या से, कनिष्ठ इत्यादि को √कन् से, तथा साधिष्ठ इत्यादि को √साध् से बना हुआ मानते हैं। इन के अतिरिक्त युवन् से यविष्ठ "सब से अधिक जवान" और वृद्ध से वर्षीयस् "अधिक बड़ा" तथा वर्षिष्ठ "सब से बड़ा" तद्धितान्त शब्द भी बनते हैं (टि० ११ तथा १२)।

पाणिनीय व्याकरण के अनुसार ईयस् तथा इष्ठ प्रत्यय से पूर्व स्थूल, दूर, युवन्, ह्रस्व, क्षिप्र तथा क्षुद्र के अन्तिम अन्तःस्था से प्रारम्भ करके उस से परे आने वाले वर्णों का लोप हो जाता है और इन शब्दों के अच् को गुण हो जाता है[११], यथा—स्थविष्ठ (तै० सं०); दवीयस्, दविष्ठ; यविष्ठ, ह्रसीयस् (शत० ब्रा०), ह्रसिष्ठ, (शत० ब्रा०), क्षेपीयस् (शत० ब्रा०), क्षेपिष्ठ (तै० सं०); क्षोदिष्ठ (मै० सं०)। और पाणिनि के अनुसार, प्रिय का प्र, स्थिर का स्थ, उरु का वर्, वृद्ध का वर्षि, तथा दीर्घ का द्राघि बन जाता है[१२]; यथा—प्रेयस्, प्रेष्ठ, स्थेयस् (तै० सं०); वरीयस्, वरिष्ठ, वर्षीयस्, वर्षिष्ठ, द्राघीयस्, द्राघिष्ठ। ईयस् तथा इष्ठ से पूर्व शब्द के अन्तिम अच् तथा उस से परे आने वाले व्यञ्जनों का भी लोप हो जाता है[१३], यथा—वसु "अच्छा, धनी, प्रकाशमान" से वसीयस् (तै० सं०, ब्रा०), वसिष्ठ, अणु "सूक्ष्म" से अणीयस्, अणिष्ठ, लघु "छोटा" से लघीयस्, आशु "शीघ्र" से आशीयस् (ऋ०), आशिष्ठ (ऋ०), स्वादु "मज़ेदार" से स्वादीयस्, स्वादिष्ठ, नव "नया" से नवीयस्, नविष्ठ, ब्रह्मन् से ब्रह्मिष्ठ (तै० सं०) "सब से अच्छा ब्राह्मण", धर्मन् से धर्मिष्ठ (तै० आ०) "सब से अच्छा धर्म।" पाणिनि के मतानुसार, ईयस् तथा इष्ठ से पूर्व आने वाले हलादि शब्द के लघु ऋ का र और विकल्प से ऋजु "सरल" के ऋ का भी र बनता है[१४]; यथा—पृथु "विशाल" से प्रथीयस् (शत० ब्रा०), प्रथिष्ठ (ऋ०, शत० ब्रा०); रजिष्ठ (ऋ०) तथा ऋजिष्ठ (पा०)। पाश्चात्य विद्वानों के मतानुसार, √प्रथ् इत्यादि धातुओं के साथ प्रत्यय जोड़ कर ऐसे रूप बनाये जाते हैं।

कतिपय शब्दों में तुलनावाचक ईयस् प्रत्यय के स्थान पर यस्

प्रत्यय मिलता है यथा—भूयस् अधिकतर'[१५], ज्यायस् अधिक बड़ा'[१६], नव्यस् 'अधिक नया'' तव्यस् ''अधिक बलवान्'', पन्यस् अधिक आश्चर्यमय', रभ्यस् 'अधिक साहसी'; सह्यस् 'अधिक बलवान्'[१७]।

(ख) तर तथा तम प्रत्यय—इन तुलनावाचक प्रत्ययों का प्रयोग वैदिक भाषा में उत्तरोत्तर बढ़ता गया है। इन का प्रयोग नाम विशेषण तथा अव्ययों के साथ भी मिलता है यथा—रथी रथ का सवार'' से रथीतर (ऋ०), रथीतम (ऋ०)[१८], वह्नि ले जाने वाला' से वह्नितम (ऋ वा० सं०) प्रियतर अधिक प्रिय'' तवस्तर 'अधिक बलवान्'' वपुष्टर अधिक आश्चर्यजनक''; भगवत्तर अधिक भाग्यशाली' वृत्रतर (ऋ०) 'अधिक बुरा वृत्र विदुष्टर अधिक विद्वान्'' मीढुष्टम 'अधिक दयालु' मातृतमा (ऋ०) ''सब से अच्छी माता (हित कारिणी)' उद् अव्यय से उत्तर अधिक ऊँचा'' तथा उत्तम सब से अधिक ऊँचा''। तर तथा तम से पूर्व प्रातिपदिकों के अन्तिम न् का लोप नहीं होता है और कतिपय अन्त प्रातिपदिकों के पश्चात् न् का आगम होता है[१८] यथा—मदिन् आनन्दकारक'' से मदिन्तर वृषन् पौरुष युक्त'' से वृषन्तम मधु से मधुन्तम सुरभि सुगन्ध' से सुरभिन्तर, रयिन् 'धनी'' से रयिन्तम। समासों के साथ भी इन प्रत्ययों का प्रयोग मिलता है यथा—रत्नधा 'रत्न देने वाला' से रत्नधातम (ऋ०) पूर्भिद् दुर्गों का भेदन करने वाला' से पूर्भित्तम। इष्टप्रत्ययान्त शब्द के साथ भी तम का प्रयोग मिलता है[१८क] यथा—श्रेष्ठतम (ऋ० शत ब्रा०) ज्येष्ठतम (ऋ०)।

१९७ भाव-वाचक तथा कर्म-वाचक प्रत्यय—भाव को प्रकट करने के लिये निम्नलिखित प्रत्ययों का प्रयोग किया जाता है—

त्व[१९]— अमृतत्वम् अमरपन मघवत्वम् दान शीलता, भ्रातृत्वम् भाई पना।'' त्वान्त शब्द नपु० में प्रयुक्त होते हैं।

ता (पा० तद् टि० १९)—बन्धुता रिश्तेदारी वसुता अच्छापन या

धनवत्ता"; पुरुषता "पुरुषपन"। ता- प्रत्ययान्त शब्द का प्रयोग केवल स्त्री० में होता है।

इमन् (पा० इमनिच्)[20]—पृथु से प्रथिमन् "विशालता"; स्वादु से स्वादिमन् (का० श्रौ० सू०) "स्वादुपन"।

य (पा० ष्यञ्, यत, य, यक्)[21]—ब्राह्मण्यम् (शत० ब्रा०) "ब्राह्मणपन", स्तेन से स्तेयम् (सं० इत्यादि) "चोरी"; सख्यम् "मित्रता"; गार्हपत्यम् (सं० इत्यादि) "गृहस्थ"।

अ (पा० अञ्, अण्)[22]—अध्वर्यु से आध्वर्यवम् (ऋ०, वा० सं०, शत० ब्रा०) "अध्वर्युपन"; युवन् से यौवनम् "जवानी"; स्थाविरम् (ला० श्रौ० सू०) "बुढापा"।

उपर्युक्त प्रत्यय अनेक शब्दों के साथ जुड़ कर कर्म का बोध भी कराते हैं[23]; यथा—उपर्युक्त उदाहरणों में ब्राह्मण्यम् का अर्थ "ब्राह्मण का कर्म" भी है। सख्यम् का अर्थ "मित्रता या मित्र का कर्म", और आध्वर्यम् का अर्थ "अध्वर्युपन या अध्वर्यु का कर्म" भी है। स्तेयम्, "चोरी" इत्यादि में कर्म का अर्थ ही प्रधान है।

१९८. **"युक्त" (वाला) अर्थ में मतुवादि प्रत्यय**—जब किसी व्यक्ति के पास या अधिकार में किसी वस्तु का होना प्रकट किया जाता है, तब उस वस्तु के वाचक शब्द के साथ मतुप् इत्यादि प्रत्यय जोड़े जाते हैं और श्लोकवार्तिक के अनुसार ये प्रत्यय—बहुत्व, निन्दा, प्रशंसा, नित्ययोग, अतिशायन (बहुत आधिक्य या श्रेष्ठता), तथा संसर्ग (सम्बन्ध) के अर्थों में प्रयुक्त होते हैं[24]; यथा—गोमत् "गायों वाला"। ये प्रत्यय मत्, वत्, ल, इल, वल, श, न, इन्, इर, ई, वन्, विन्, र, युस तथा ग्मिन् हैं।

मत् (पा० मतुप् टि० २४)—गोमत् "गायों वाला"; अशनिमत् "वज्र वाला", क्रतुमत् "बौद्धिक शक्ति वाला"।

वत् (पा० वतुप्)[25]—अश्ववत् तथा अश्वावत् (पपा० अश्वऽवत्) "घोड़ों वाला"; सखिवत् "मित्र से युक्त", पयस्वत् "दूध से सम्पन्न"; मघवत् "दानशील"।

ल (पा० लच्)[१७]—जीवन्-ल- (अ०) "जीवन-युक्त" बहु-ल- बहुत्व वाला", मधुल- (श्र०) माधुर्य वाला" पांसुल- (शत० ब्रा०) 'धूलियुक्त"।

इल (पा० इलच्)[१८]— तुन्द 'तोंद' से तुन्दिल (गृ० सू०)।

वल (पा० वलच्)[१९]—रजस् धूलि" से रजस्वला (गृ० सू०) "ऋतुमती स्त्री' दन्तावल (गो० ब्रा०) व्यक्तिविशेष का नाम"।

श[२०]-रोमन् तथा लोमन् से रोमश- (श्र इत्यादि) रोमयुक्त' लोमश- (त० ब्रा०) 'रोम-युक्त"।

न (टि० २९)—पामन् से पामन- (शत ब्रा) 'पामन् (खुजली) रोग से ग्रस्त" श्लेष्मन् 'कफ" से श्लेष्मण (शत० ब्रा०) कफ वाला" सामन् से सामन- (श्र०) शान्तियुक्त"।

इन् (पा० इनि)[१] —अश्व से अश्विन् 'घोड़े वाला' मनीषा से मनीषिन् बुद्धिमान् सहस्रिन् (श्र) सहस्र वाला" माया से मायिन् (सं०) कपटी"।

इर (वार्तिक इरन् इरच्)[१] क—मघा से मघिर- (श्र०) बुद्धिमान्' रथ से रथिर- (श्र०) रथ वाला शीघ्रगामी"।

ई[१] ख—रथ से रथी प्रथ० ए० (श्र०, ऐ० ब्रा०) 'रथ वाला'। सुमङ्गली प्रथ० ए० (श्र० अ०) 'कल्याणवाली'।

वन् (वार्तिक-वनिप्)[१०ख]— मघ से मघवानम् द्विती ए० (श्र) दानयुक्त इन्द्र को" ऋत से ऋतावानम् द्विती० ए० (श्र० अ) ऋत का पालन करने वाले को"।

विन् (पा० विनि)[११]—यशस् से यशस्विन् (अ०) यश वाला' तपस् से तपस्विन् (तै स) तपस्या करने वाला' मेधा से मेधाविन् (अ इत्यादि) मेधा वाला अष्ट्रा 'अङ्कुश' से अष्ट्राविन् (श्र) अङ्कुश के सकेत पर चलने वाला'।

र[११]— पांसु से पांसुर- (श्र०) धूलियुक्त ऊष से ऊषर- (शत० ब्रा) लवणयुक्त भूमि" मुष्क से मुष्कर- (तै स ब्रा०) 'साण्ड"।

युस्[११]—ऊर्णा से ऊर्णायु- (तै० स) ऊन से युक्त शम् से शंयु- (सं०)

"कल्याणमय"; अहम् से अहंयुः (ऋ० १,१६७,७) "अहंकारवती"; शुभम् से शुभंयवः प्रथ० ब० (ऋ० १०,७८,७)[34]।

ग्मिन् (पा० ग्मिनि)[35]—वाच् से वाग्मिन् (प्रायेण वाग्मिन् लिखा जाता है; शत० ब्रा०, ला० श्रौ० सू०) "अच्छा वक्ता"।

१९९. **तुल्यता-वाचक वत् (पा० वति) प्रत्यय**—किसी व्यक्ति या वस्तु के साथ तुल्यता, सादृश्य इत्यादि को दिखलाने के लिये उस के वाचक शब्द के साथ वत् (पा० वति) प्रत्यय जोड़ा जाता है[36]; यथा—मनुवत् और मनुष्वत् (ऋ०) "मनु या मनुष्यों की तरह"; अङ्गिरस्वत् (ऋ०, वा० सं०) "अङ्गिरा की तरह", जमदग्निवत् "जमदग्नि की तरह"; पुराणवत्, पूर्ववत् तथा प्रत्नवत् "जैसे प्राचीनकाल में था"। प्राचीन वैदिकभाषा में अकेले उपसर्ग के साथ धातु के अर्थ में वत् (पा० वति) प्रत्यय का प्रयोग मिलता है[37]; यथा—उद्+वत् = उद्वत् "ऊंचाई", नि+वत् = निवत् "नीचाई"।

२००. **अपत्य-वाचक प्रत्यय**—वैदिक भाषा में निम्नलिखित अपत्य-वाचक प्रत्ययों का प्रयोग मिलता है—

अ (पा० अण्, अञ्)[38]—भारतः (ऋ० इत्यादि) "भरत का वंशज"; भारद्वाजः (शत० ब्रा० इत्यादि) "भरद्वाज का वंशज"; आर्ष्टिषेणः (ऋ०) "ऋष्टिषेण का पुत्र"।

आयन (पा० फञ्, फक्)[39]—दाक्षायण- (अ०, वा० सं०) "दक्ष का वंशज"; काण्वायनाः व० सम्बो० (ऋ०) "कण्व के वंशज", आमुष्यायण- (अ० इत्यादि) "अमुक का वंशज"।

इ (पा० इञ्)[40]—आग्निवेशि- "अग्निवेश का वंशज", पौरुकुत्सि- "पुरुकुत्स का वंशज", प्रातर्दनि- "प्रतर्दन का वंशज", प्राह्रादि- (अ०) "प्रह्लाद का पुत्र", सांवरणि- (ऋ०) "संवरण का वंशज"।

ईय (पा० छ)[41]—स्वस्रीय- (तै० सं० इत्यादि) "बहिन का अपत्य"।

एय (पा० ढक्, ढञ्)[42]—आदितेय- (ऋ० इत्यादि) "अदिति का पुत्र"; आत्रेय- (शत० ब्रा०) "अत्रि का वंशज"।

षष्ठोऽध्यायः

य (पा० ण्य, यञ् यत्)[१]— आदित्य- अदिति का पुत्र, साहदेव्य- (ऋ० ४ १५) सहदेव का पुत्र" माण्डव्य- (शत० ब्रा०) 'मण्डु का वंशज"।

२०१ सर्वनामों तथा संख्यावाचक शब्दों के साथ तद्धित प्रत्यय—

(क) सर्वनामों के साथ परिमाण वाचक प्रत्यय— (वत्, यत्, अति) परिमाण को प्रकट करने के लिये यद्, तद् तथा एतद् के साथ वत् (पा० वतुप्) प्रत्यय जोड़ा जाता है" और वत् प्रत्यय से पूर्व सर्वनाम को आकार अन्तादेश हो जाता है" यथा—यावंत् 'जितना" तावंत् 'उतना' एतावंत् 'इतना'। किम् तथा इदम् के पश्चात् यत् प्रत्यय जोडा जाता है" और प्रत्यय से पूर्व किम् का कि तथा इदम् का इ शेष बचता है" यथा—कियंत् 'कितना" इयंत् 'इतना'। संख्याविषयक परिमाण के लिये प्रयुक्त होने वाले किम् के साथ अति (पा० डति) प्रत्यय जोडा जाता है" और किम् के अन्तिम इम् का लोप हो जाता है यथा—कति 'कितने"। इसी प्रकार यद् से यति 'जितने' और तद् से बने तति 'उतने' का वैदिक प्रयोग भी उपलब्ध होता है।

(ख) सर्वनामों के साथ सादृश्य वाचक प्रत्यय (वत्)— प्राचीन वैदिकभाषा में सादृश्य को प्रकट करने के लिये युष्मद् तथा अस्मद् के साथ वत् (पा० वतुप्) प्रत्यय का प्रयोग मिलता है" यथा— त्वावंत्- (ऋ०) 'तेरे जैसा" मावंत्- (ऋ०) 'मेरे जैसा"। सर्वनामों के साथ दृश् का उपपदसमास (अनु १८४) बना कर भी सादृश्य को प्रकट किया जाता है यथा—एतादृश्- 'ऐसा", तादृश्- 'वैसा' यादृश् 'जैसा' कीदृश्- 'कैसा' ईदृश्- 'ऐसा' तादृशं- (ब्रा०) 'वैसा' यादृशं- (ब्रा०) 'जैसा' ईदृशं- (ब्रा०) 'ऐसा" ईदृक्ष- (वा० सं०) 'ऐसा" एतादृक्ष- (वा० सं०) 'ऐसा"।

(ग) अतर (पा० डतरच्) तथा अतम (पा० डतमच्) प्रत्यय—जब दो में से किसी एक के विषय में निश्चय करना हो तब किम् यद् तथा तद् के साथ अतर (पा० डतरच्) प्रत्यय जोड़ा जाता है" और जब बहुतों में से एक के विषय में निश्चय करना हो तब अतम (पा० डतमच्)

प्रत्यय जोड़ा जाता है[५७]; यथा—कृतर "दो में से कौन सा", यतर "दो में से जौन सा"; ततर "दो में से वही"; कृतम "बहुतों में से कौन सा", यतम "बहुतों में से जौन सा"; ततम (ऐ० उप०) "बहुतों में से वही"।

(घ) **प्रकारवाचक प्रत्यय था और थम्**—"प्रकार" अर्थ को प्रकट करने के लिये सर्वनामों के साथ था (पा० थाल्, था) प्रत्यय जोड़ा जाता है और इदम् तथा किम् के साथ थम् (पा० थमु) प्रत्यय जोड़ कर भी शब्द बनाये जाते हैं[५८क]; यथा—तथा "उस प्रकार से"; यथा "जिस प्रकार से"; इत्था (ऋ०) तथा इत्थम् "इस प्रकार से"; कथा तथा कथम् "किस प्रकार से"। "इव" के अर्थ में भी थाल् प्रत्यय कतिपय शब्दों के साथ जुड़ता है[५८ख], यथा—प्रत्नथा, पूर्वथा "पूर्वकाल की तरह"; विश्वथा "सब की तरह"।

(ङ) **युष्मद् तथा अस्मद् के साथ सम्बन्ध-वाचक प्रत्यय**—साधारण सम्बन्धवाचक प्रत्यय अ (पा० अण्) जोड़ने पर युष्मद् से युष्माकं- (ऋ०) "तुम सब का"; तथा तावक- "तुम्हारा" और अस्मद् से अस्माकं- (ऋ०) तथा आस्माक- (वा० सं०) "हम सब का" और ममक- (ऋ०) तथा मामक- (ऋ०) "मेरा" तद्धितान्त शब्द बनते हैं[५१]।

(च) **संख्यावाचक शब्दों से बने तद्धितान्त शब्द**—संख्यावाचक शब्दों से बनने वाले तद्धितान्त शब्दों का वर्णन चतुर्थ अध्याय में किया जा चुका है (अनु० १५९-१६२)।

२०२. **विभक्त्यर्थक प्रत्यय**—बहुत से सर्वनामों के पञ्चम्यन्त तथा सप्तम्यन्त रूप के अर्थ को प्रकट करने के लिये उन के साथ तद्धित प्रत्यय जोड़े जाते हैं और इन प्रत्ययों से पूर्व कतिपय सर्वनामों के रूपों में कुछ विकार भी हो जाते हैं। इन विकारों के सम्बन्ध में पाणिनि तथा पाश्चात्य विद्वानों में कुछ मतभेद है। पाणिनि के मतानुसार, विभक्ति-संज्ञक (टि० ५७) प्रत्ययों से पूर्व इदम् का इ (इश्) तथा एतद् का अ (अन्) बनता है परन्तु रेफादि प्रत्यय से पूर्व इन दोनों का एत और थकारादि प्रत्यय से पूर्व इत् बनता है[५४]। दकारादि प्रत्यय से पूर्व सर्व

का विकल्प से स बन जाता है[५५]। तकारादि तथा हकारादि प्रत्यय से पूव किम् का कु बन जाता ह[५६]। इन प्रत्ययों से पूव यद् तद् अदस इत्यादि सर्वनामों का वही अङ्ग प्रयुक्त होता है जो पञ्चमी तथा सप्तमी विभक्ति से पूव आता है[५७]। सवनामों क अतिरिक्त अभि, परि अव्ययों के साथ भी तस् प्रत्यय का प्रयोग मिलता है। इन तद्धित प्रत्ययों के जुडने से बनने वाले सभी शब्द अव्ययों क रूप में प्रयुक्त होते हैं। पाणिनीय व्याकरण के अनुसार विभक्तिसञ्ज्ञक (टि० ५७) प्रत्यय पञ्चमी या सप्तमी विभक्ति के स्थान पर आदेश रूप में नहीं आते हैं अपितु पञ्चम्यन्त या सप्तम्यन्त रूप से परे स्वार्थ में आते हैं और इन के जुडन पर विभक्ति का लोप (पा० लुक्) हो जाता है (दे० पा० ५ ३ ७ तथा १० पर महाभाष्य)। यद्यपि पाणिनीयव्याकरण प्रक्रिया के औचित्य के विचार से यह मत न्याय्य है तथापि वास्तव में यह मानना ही स्वाभाविक है कि प्रातिपदिकों के साथ इन विभक्तियों के अर्थ में ये प्रत्यय प्रयुक्त होते हैं।

(क) **पञ्चम्यन्त रूप के लिये तस् प्रत्यय**—पञ्चम्यन्त रूप के अर्थ को प्रकट करने के लिये सवनामों क साथ तस् (पा० तसिल्) प्रत्यय का प्रयोग किया जाता है[५८] यथा—अत इस से' इत यहां से' तत उस से'' अमुत वहां से' यत जहां स, जिस से' कुत कहां स'। अभि तथा परि के साथ भी इस प्रत्यय का प्रयोग मिलता है[५९] यथा—अभित तथा परित सब ओर से''। लगभग इसी अर्थ को प्रकट करने के लिये नामों तथा सवनामों के साथ उदात्त तस् (पा० तसि) भी जोडा जाता है (टि० ५८) यथा—हृत्त हृदय से मत्त मेरे से' ऋभुत ऋभु से' मुखत मुख से'।

(ख) **सप्तम्यन्त रूप के लिये त्र, त्रा तथा ह प्रत्यय**—सप्तम्यन्त रूप क अर्थ को प्रकट करने के लिये सवनामों के साथ त्र (पा० त्रल्) प्रत्यय का प्रयोग मिलता है[६०] यथा—अत्र 'यहां' यत्र 'जहां''; तत्र वहां' कुत्र कहां'' अमुत्र वहां उस दूर स्थान पर' अन्यत्र अन्य स्थान पर'' विश्वत्र 'सब स्थानों पर'।

कतिपय नामों तथा सर्वनामों के साथ इसी अर्थ में उदात्त त्रा प्रत्यय का प्रयोग भी उपलब्ध होता है और पाणिनि के मतानुसार त्रा प्रत्यय द्वितीयान्त तथा सप्तम्यन्त रूपों के साथ जोड़ा जाता है[११]: यथा—देवत्रा "देवों में"; मनुष्यत्रा 'मनुष्यों में"; पुरुषत्रा "पुरुषों में"; पुरुत्रा "बहुत से स्थानों में"; मर्त्यत्रा 'मनुष्यों में'; शयुत्रा "पलंग पर", सत्रा "समान स्थान पर"; दक्षिणत्रा "दक्षिण (हाथ) की ओर, दक्षिण में"; अस्मत्रा 'हम लोगों में"।

इदम् तथा किम् के साथ इसी अर्थ में ह प्रत्यय भी जोड़ा जाता है[१२]; यथा—इह "यहां पर"; कुह "कहा पर"; विश्व से विश्वह तथा विश्वहा "सदा" शब्द बनते हैं। किम् से क्व (कु + अत्) शब्द भी इसी अर्थ में बनता है[१३]।

(ग) **कालवाची सर्वनामों के साथ दा, र्हि इत्यादि प्रत्यय**—जब सर्वनामों का प्रयोग कालविशेष का बोध कराने के लिये किया जाता है, तब उन के सप्तम्यन्त रूप के अर्थ को प्रकट करने के लिये सर्व, किम्, यद्, तद् के साथ दा प्रत्यय जोड़ा जाता है[१४], यथा—सर्वदा तथा सदा, कुदा तथा कदा (ऋ०); यदा, तदा। ऋ० में इदम् से बना इदा "अब" शब्द भी मिलता है[१५]। इसी अर्थ में कतिपय सर्वनामों के साथ दानीम् तथा र्हि (पा० र्हिल्) प्रत्यय भी जोड़े जाते हैं[१६], यथा—इदानीम् "अब", तदानीम् 'तब"; विश्वदानीम् "सदा"; एतर्हि (तै० सं०, शत० ब्रा०) "अब"; तर्हि (अ० इत्यादि) "तब"; कर्हि (ऋ०) "कब", यर्हि (तै० सं०, ऐ० ब्रा०) "जब"; अमुर्हि (शत० ब्रा०) "उस समय"।

(घ) **दिक्शब्दों के साथ तस्, तात् तथा आहि प्रत्यय**— दिक्शब्दों के साथ तस् (पा० अतसुच्) तथा तात् (पा० अस्ताति) प्रत्ययों का प्रयोग मिलता है। पाणिनि के मतानुसार, दिशा, देश और काल को प्रकट करने वाले दिक्शब्दों के प्रथमान्त, पञ्चम्यन्त तथा सप्तम्यन्त रूपों के साथ अस्ताति प्रत्यय स्वार्थ में जोड़ा जाता है और दक्षिण, उत्तर इत्यादि के साथ अतसुच् प्रत्यय का प्रयोग होता है[१७]; यथा—पुरस्तात्

प्रस्तात् (ऋ०) 'सामने पूर्व में, या पूर्व की ओर से' अधस्तात् अवस्तात् नीचे, या नीचे की ओर से" परस्तात् दूर या दूर से", पश्चातात् (ऋ०) 'पीछे, या पीछे की ओर से' उपरिष्टात् 'ऊपर, या ऊपर की ओर से' उत्तरत (अ०, वा० स०) 'ऊपर उत्तर में या उत्तर की ओर से", दक्षिणत 'दक्षिण में या दक्षिण की ओर से"।

दूरी के अर्थ में उत्तर तथा दक्षिण शब्दों के साथ तात् (पा अस्ताति) के स्थान पर आहि प्रत्यय का प्रयोग होता है[18] यथा—उत्तराहि (शत० ब्रा०) दूर उत्तर में"; दक्षिणाहि दूर दक्षिण में'।

पाणिनि ने कतिपय पञ्चम्यन्त रूपों को तद्धितान्त अव्यय बनाने के लिये आति प्रत्यय[19] और तृतीयान्त रूपों को अव्यय बनाने के लिये एनप् तथा आच् प्रत्ययों का विधान किया है[20], यथा—उत्तरात् दक्षिणात् अधरात् पश्चात् उत्तरेण दक्षिणेन, दक्षिणा। इस में सन्देह नहीं कि ये शब्द अव्ययों के रूप में प्रयुक्त होते हैं परन्तु इस तथ्य का भी अपलाप नहीं किया जा सकता कि ये शब्द मूलत विभक्त्यन्त थे।

२०३ **समूहवाचक प्रत्यय**—वैदिकभाषा में समूहवाचक प्रत्ययों के कुछ प्रयोग मिलते हैं। कतिपय प्रमुख उदाहरण निम्नलिखित हैं—

अ (पा० अण्)[21]—साहस्रम् (तै० ब्रा०) सहस्रों का समूह" भैक्षम् (गृ० सू०) 'भिक्षाओं का समूह"।

ता (पा तल्)[1]—ग्रामता (ऐ० ब्रा०) ग्रामों का समूह' जनता (अ० तै० स इत्यादि) जनों का समूह"।

२०४ **ह्रस्वत्व वाचक क (पा कन्) प्रत्यय**—जब किसी वस्तु की ह्रस्वता अल्पता अनुकम्पनीयता या ह्रस्वता के विचार से प्रतिकृति (नमूना) प्रकट करना अभिप्रेत हो तब उस के वाचक शब्द के साथ क (पा० कन्) प्रत्यय जोड़ा जाता है[1] यथा—राजका इदं युके युके (ऋ० ८,२१ १८) जो दूसरे छोटे छोटे राजा कुमारक- (ऋ, शत० ब्रा०) "छोटा सा लड़का कुमारिका- (अ०) 'छोटी सी लड़की' पादक- (ऋ) छोटा सा पाँव शकुन्तक- (वा० स)

"छोटा सा पक्षी"; शकुन्तिका- (ऋ०) "छोटी सी चिड़िया"; पुत्रक- (ऋ० इत्यादि) "छोटा (प्यारा) बेटा"; अश्वकः (वा० सं० २३,१८) "छोटा सा (या निकम्मा) टट्टू"।

२०५. **ताति (पा० तातिल्) तथा तात् (?) प्रत्यय**—ताति-प्रत्ययान्त रूप प्रायेण ऋ० में मिलते हैं और कतिपय गिने चुने उदाहरण अ० तथा वा० सं० इत्यादि में उपलब्ध होते हैं। ताति-प्रत्यय के अर्थ के विषय में अनेक मत-भेद हैं। अधिकतर पाश्चात्य विद्वानों का मत है कि ताति प्रत्यय ता (पा० भाववाचक तल् अनु० १९७) प्रत्यय से सम्बद्ध है और यह भी ता की भाति भाव-वाचक है[७४]; यथा—देवताति- "देवत्व"; सर्वताति- "सम्पूर्णता", अरिष्टताति- "सुरक्षा"; ज्येष्ठताति- "ज्येष्ठता", अयक्ष्मताति- "नीरोगता"; दक्ष-ताति- "दक्षता (चतुराई)"। परन्तु पाश्चात्य विद्वानों में भी ताति-प्रत्ययान्त शब्दों के अर्थ के विषय में पूर्ण मतैक्य नही है और उन्होंने एक ही शब्द के अनेक अर्थ सुझाये हैं, यथा—मैक्डानल ने Ved. Gr. में सर्वताति- का अर्थ "completeness" (सम्पूर्णता) दिया है, जबकि Ved. Gr Stu. में इसी शब्द का अर्थ "complete welfare (Lat. salu-tāti-)" (पूर्ण कुशलता) दिया है (टि० ७४)। मोनियर विलियम्स ने "totality" और "completeness" के अतिरिक्त "perfect happiness or prosperity" (पूर्ण आनन्द या समृद्धि) तथा "soundness" (ठोसता) भी इस शब्द के अर्थों में गिनाये हैं (टि० ७४)। इसी प्रकार देवताति- शब्द के भी अनेक अर्थ सुझाये गये हैं (टि० ७४), यथा—"divine service" (देवों की परिचर्या), "the gods collectively" (समस्त देवगण) इत्यादि। इस के अतिरिक्त, मैक्डानल ने यह भी स्वीकार किया है कि शंताति- "good fortune" (सौभाग्य) तथा सत्यताति- "truth" (सत्यता) शब्द विशेषणों के रूप में भी प्रयुक्त होते हैं और उस रूप में इन का अर्थ क्रमशः "beneficent" (हितकारक) तथा "truthful" (सत्यपूर्ण) है[७५]।

पाणिनि ने ताति (तातिल्) प्रत्यय के चार अर्थ दिखलाये हैं—(१) वह सर्व तथा देव के साथ स्वार्थ में (अर्थात् इन शब्दो के अपने

ही अर्थों में) ताति का प्रयोग मानता है[७७] (२) शिव शम् तथा अरिष्ट के साथ करने के अर्थ में[७८] (३) और भाव के अर्थ में पाणिनि ताति का विधान करता है[७९] यथा—शिवताति- और शन्ताति- 'कल्याण करने वाला कल्याणत्व' (४) और ज्येष्ठ (तथा वृक ?) के साथ ताति का प्रयोग प्रशंसा के अर्थ में दिखलाया गया है[७९]।

सायण प्रभृति भाष्यकार भी ताति प्रत्ययान्त शब्दों के अर्थों का सुनिश्चित समाधान नहीं सुझा सके हैं। देवताति- तथा सर्वताति- इत्यादि कतिपय शब्दों के व्याख्यान में सायण पाणिनि के मतानुसार स्वार्थ' में तातिल् प्रत्यय मानता है[८०] परन्तु अरिष्टताति- तथा शर्वाति-इत्यादि कतिपय शब्दों के व्याख्यान में कहीं-कहीं पाणिनि के मत के विरुद्ध भी सायण ने इन में स्वार्थिक तातिल् प्रत्यय माना है[८१]। कतिपय स्थलों में सायण ने पाणिनि के मत के सर्वथा अनुकूल अरिष्ट ताति- तथा शर्वाति-शब्दों में करने" के अर्थ में तातिल् प्रत्यय माना है[८१]। कतिपय वैदिक शब्दों के व्याख्यान में सायण उवट तथा महीधर पाणिनि के मतानुसार तातिल् प्रत्यय मानने के साथ साथ, विकल्प से -ताति की व्युत्पत्ति √तन् धातु से भी दिखलाते हैं[८१]। सुवताति- तथा देवताति- के व्याख्यान में कहीं-कहीं सायण ने तातिल् प्रत्यय को सर्वथा नहीं माना है और इन में आने वाले -ताति की व्युत्पत्ति केवल √तन् धातु से दिखलाई है और इन शब्दों का अर्थ यज्ञ" इत्यादि किया है[८४]। ताति प्रत्ययान्त शब्दों के उपर्युक्त विभिन्न व्याख्यानों से स्पष्ट है कि भाष्यकारों के समक्ष कोई निश्चित परम्परा नहीं थी और वे अपनी विद्वत्ता के आधार पर आनुमानिक व्याख्यान करते थे।

इस में कोई सन्देह नहीं है कि कतिपय शब्दों में ताति प्रत्यय वा प्रत्यय (अनु० १९७) की भांति भाव-वाचक है जैसा कि पाणिनि ने भी सीमित रूप में स्वीकार किया है (टि० ७८)। यह भी लगभग निश्चित है कि पाणिनि के व्याख्यानानुसार (टि० ७७) कतिपय शब्दों का ताति प्रत्यय करने के अर्थ को प्रकट करता है। ऋ० में आने वाले

देवताति- तथा सर्वताति- इत्यादि शब्दों के प्रासङ्गिक अर्थ पर विचार करने से यह प्रतीत होता है कि कतिपय स्थलों में ताति प्रत्यय ता प्रत्यय (अनु० २०३) की भांति समूहवाचक भी है।

पाश्चात्य विद्वान् कतिपय शब्दों में तात् प्रत्यय मानते हैं और यह अनुमान लगाते हैं कि सम्भवतः अन्तिम इकार के लोप के कारण तात् प्रत्यय उपर्युक्त ताति का ही संक्षिप्त रूप है[८५]। तात् प्रत्यय से बनने वाले शब्द केवल ऋ० में मिलते हैं और उन के रूप केवल तृ० च० स० ए० में उपलब्ध होते हैं, यथा—देवतात् से तृ० ए० देवताता, च० ए० देवताते; स० ए० देवताति; सर्वतात् का तृ० ए० सर्वताता; सत्यतात् का तृ० ए० सत्यताता, वृकतात् का स० ए० वृकताति, और उपरतात् "सामीप्य" का स० ए० उपरताति। पाणिनीय व्याकरण के अनुसार, मुझे तात् प्रत्यय का कोई आधार नही सूझा है। सायण अपने ऋग्वेद-भाष्य में अनेक स्थलों पर तात्-प्रत्ययान्त तृ० ए० तथा स० ए० के रूपों को ताति-प्रत्ययान्त मान कर व्याख्यान करता है और कहीं-कहीं -"ताते" तथा -"ताति" इत्यादि की व्युत्पत्ति √तन् से दिखलाता है[८६]। इस में सन्देह नही कि तात्-प्रत्ययान्त का तृ० ए० और ताति-प्रत्ययान्त का स० ए० सर्वथा अभिन्न है, यथा—सर्वताता। इसी प्रकार तात्-प्रत्ययान्त का स० ए० ताति-प्रत्ययान्त के प्रथ० द्विती० ए० नपुं० के समान है, यथा—देवताति।

२०६. **सम्बन्ध-वाचक प्रत्यय**—यद्यपि पाणिनि ने सम्बन्ध-वाचक प्रत्ययों के अर्थों की सूक्ष्मता पर भी प्रकाश डाला है, तथापि हम यहां पर प्रमुख सम्बन्ध-वाचक प्रत्ययों का संक्षिप्त वर्णन करेंगे और तत्सम्बन्धी वैदिक उदाहरण प्रस्तुत करेंगे।

अ (पा० अण्, अञ्)—मारुत- "मरुत्-सम्बन्धी"; दैव- "देव-सम्बन्धी"; मानव-"मनु (मनुष्य) -सम्बन्धी", सारस्वत- "सरस्वती-सम्बन्धी"; यामुन- (अ०) "यमुना-सम्बन्धी"; वैश्वदेव- (अ०, वा० सं०) "सब देवों से सम्बद्ध"; त्रैककुद- (अ०) "त्रिककुद् में उत्पन्न", मानस-

मन सम्बन्धी' शारद- 'शरत्सम्बन्धी'', त्वाष्ट्र- त्वष्टा से सम्बद्ध'' ।

इक (पा० ठक् ठञ्)—वार्षिक- वर्ष सम्बन्धी वर्षा सम्बन्धी, एक वर्ष में किया जाने वाला'' मासिक- 'मास-सम्बन्धी एक मास में किया जाने वाला'' वासन्तिक- 'वसन्त सम्बन्धी'' कैरातिका- (अ) किरात सम्बन्धी''।

इय (पा घ)—इन्द्रिय- इन्द्र सम्बन्धी'' समुद्रिय- समुद्र सम्बन्धी', अभ्रिय- अभ्र (बादल) से उत्पन्न हुआ'', अश्विय-(ऋ०) अश्व सम्बन्धी'' अग्रिय- 'अग्रिम', यज्ञिय- यज्ञ के योग्य'' ऋत्विय- उचित ऋतु में होने या करने वाला'' (पा घस् प्रत्यय)।

ईन (पा० ख खञ्)—अर्वाचीन- तथा अर्वाचीन- सामने की ओर मुड़ा हुआ'', विश्वजनीन- (अ० मै० स०) सब लोगों का सब के लिये हितकारी''।

ईय (पा० छ)—गृहमेधीय- गृह्य-यज्ञ से सम्बद्ध' आहवनीय- आहवन (होम) से सम्बद्ध' पर्वतीय- (अ) पर्वत सम्बन्धी'।

एय (पा० ढ ढक् ढञ्)—पौरुषेय- पुरुष-सम्बन्धी'' सभेय- सभा के योग्य चतुर'' वास्तेय- (अ०) वस्ति (अङ्गविशेष) में होने वाला'' वासतेय- (अ०) 'वसति (निवास) के योग्य'', आग्नेय- (वा० मै० इत्यादि) अग्नि-सम्बन्धी'।

म (पा० म)—मध्यम- मध्य का'; अवम- तथा अधम- नीचे का'' परम- 'दूर का'।

य (पा० य यञ् यत्, ण्य)—उषस्य- (वा स०) उषा सम्बन्धी' ऋतव्य- (तै० स० इत्यादि) ऋतुसम्बन्धी वायव्य- (मै० स) वायु-सम्बन्धी' दैव्य- देव-सम्बन्धी'', प्राजापत्य- (अ०) प्रजापति-सम्बन्धी'' अश्व्य- 'अश्व सम्बन्धी'; पित्र्य- पितृ-सम्बन्धी मर्त्य- पुरुष-सम्बन्धी पुरुष के लिये उचित या पुरुष सम्बन्धी गुणों वाला' रथ्य- 'रथ-सम्बन्धी' गव्य- गाय का या गाय-सम्बन्धी''।

टिप्पणियां

१. पा० ७,२,११७ १८—तद्धितेष्वचामादेः । किति च ॥

२. पा० ६,४,१४६—ओर्गुणः ॥

३. पा० ६,१,७९—वान्तो यि प्रत्यये । इस पर वार्तिक—गोर्यूतौ छन्दसि; अध्वपरिमाणे च ॥

४. पा० ६,४,१४८—यस्येति च ॥

५. पा० ७,१,१-२ ॥

६. पा० ७,३,५०-५१ ॥

७. पा० ५,३,५७—द्विवचनविभज्योपपदे तरबीयसुनौ ॥

७क. पा० ५,३,५५—अतिशायने तमबिष्ठनौ ॥

७ख. पा० ५,३,५८—अजादी गुणवचनादेव ॥

८. पा० ५,३,५९—तुश्छन्दसि ॥

९ Skt Gr., p. 173; Ved. Gr. Stu., p. 95, Gr. Lg Ved., pp 163-64.

१०. पा० ५,३,६०-६४ प्रशस्यस्य श्रः । ज्य च । वृद्धस्य च । अन्तिकबाढयोर्नेदसाधौ । युवाल्पयोः कनन्यतरस्याम् ॥

११. पा० ६,४,१५६—स्थूलदूरयुवह्रस्वक्षिप्रक्षुद्राणां यणादिपरं पूर्वस्य च गुणः ॥

१२. पा० ६,४,१५७ ॥

१३. पा० ६,४,१५५— टे. ॥

१४. पा० ६,४,१६१-६२—र ऋतो हलादेर्लघोः । विभाषर्जोश्छन्दसि ॥

१५. पा० ६,४,१५८—"बहोर्लोपो भू च बहोः" के अनुसार, बहु का भू बनता है और ईयस् के ई का लोप हो जाता है, परन्तु पाश्चात्य विद्वानों के मतानुसार √भू के साथ यस् प्रत्यय जोड़ा जाता है।

१६ पा० ६ ४,१६०—'ज्यादादीयस्'' के अनुसार ज्य के पश्चात् ईयस् के इ का आ बनता है परन्तु पाश्चात्य विद्वान् √ज्या के साथ यस् प्रत्यय मानते हैं।

१७ ऋ० पर सायणभाष्य इत्यादि के अनुसार इन में से कुछ कृदन्त रूप माने जाते हैं।

१७क पा० ८ २ १७ (टि० १८) पर वार्तिक ईद्रथिन'' के अनुसार रथिन् के अन्त में तर तथा तम से पूर्व ई आदेश हो जाता है। इस पर काशि० कहती है— रथशब्दाद्वा मत्वर्थीयोऽयमीकार छन्दसीवनिपाविति''।

१८ पा० ८ २ १७—नाद् घस्य।

१८क पा० ५ ३ ५५ (टि० ७क) पर काशि०—'यदा च प्रकर्षवतां पुनः प्रकर्षो विवक्ष्यते तदातिशायिकान्तादपरः प्रत्ययो भवत्येव''।

१९ पा० ५ १ ११९—तस्य भावस्त्वतलौ ॥

२० पा० ५ १,१२२ ॥

२१ पा० ५ १ १२३-२६ १२८ ॥

२२ पा० ५ १ १२९ ३१ ॥

२३ पा० ५,१ १२४—गुणवचनब्राह्मणादिभ्यः कर्मणि च ॥

२४ पा० ५ २ ९४—तदस्यास्त्यस्मिन्निति मतुप्। इस पर वार्तिक—भूमनिन्दाप्रशंसासु नित्ययोगेऽतिशायने। संसर्गेऽस्तिविवक्षायां भवन्ति मतुबादयः॥

२५ पा० ८ २ ९ १५ के अनुसार कतिपय अपवादों को छोड कर निम्नलिखित प्रातिपदिकों के साथ जुडने वाले मतुप् प्रत्यय के म् का व् (अर्थात् वतुप् प्रत्यय) बन जाता है—(१) जिस प्रातिपदिक के अन्त में या उपधा में मकार वर्ण आए (२) जिस प्रातिपदिक के अन्त में या उपधा में अकार वर्ण आए (३) जिन प्रातिपदिकों के अन्त में वर्गों के प्रथम द्वितीय तृतीय या चतुर्थ वर्णों में से कोई वर्ण आए (४) कतिपय ऐसे प्रातिपदिक जिन के अन्त में इकार इवार या रेफ आए (५) कतिपय

संज्ञावाचक शब्दों में तथा उदुन्वत् "समुद्र" इत्यादि मे भी मतुप् का वतुप् बन जाता है।

२६. पा० ५,२,९६-९८ ॥

२७. पा० ५,२,९९-१००.१०५.११७ ॥

२८. पा० ५,२,११२-१४ ॥

२९. पा० ५,२,१०० ॥

३०. पा० ५,२,१०२.११५-११७.१२८-१३७ ॥

३०क. पा० ५,२,१०९ पर वार्तिक ३ (महाभाष्य)—मेधारथाभ्यामिरनिरचौ ॥ दे० काशि० ॥

३०ख. पा० ५,२,१०९ पर वार्तिक २ (महाभाष्य)—छन्दसीवनिपौ च ॥ दे० काशि०; और पा० ५,२,१२२ पर सि० कौ० ॥

३१. पा० ५,२,१०२.१२१-२२ ॥

३२. पा० ५,२,१०७ ॥

३३. पा० ५,२,१२३.१३८.१४० ॥

३४. पा० ५,२,१४० पर काशिका शुभंयु का व्याख्यान "कल्याणवान्" और सि० कौ० "शुभान्वित" करती है। परन्तु ऋ० १०,७८,७ पर सायण शुभंयवः का व्याख्यान "कल्याणकामा" और ग्रासमैन तथा मोनियर विलियम्स प्रभृति इस का अर्थ "आभूषण चाहने वाले" करते हैं।

३५. पा० ५,२,१२४—वाचो ग्मिनिः ॥

३६. पा० ५,१,११५-१७—तेन तुल्यं क्रिया चेद्वतिः। तत्र तस्येव। तदर्हम् ॥

३७. पा० ५,१,११८—उपसर्गाच्छन्दसि धात्वर्थे ॥

३८. पा० ४,१,८३-८४.८६ १०४.११२-११८ १७० ॥

३९. पा० ४,१,९८-१०३.११०-१११ ॥

४०. पा० ४,१,९५-९७.१५३.१७३ ॥

४१. पा० ४,१,१४२ ॥

४२ पा० ४,१,११९-१२७.१३५-१३६.

षष्ठोऽध्याय·

४३ पा० ४ १ ८५.१०५-१०८ १३७ १५१ १५२ १७२ ॥

४४ पा० ५,२ ३९—यत्तदेतेभ्य परिमाणे वतुप् ॥

४५ पा० ६ ३,९१—आ सर्वनाम ॥ इस पर वार्तिक—दृक्ष चेति वक्तव्यम् ॥

४६ पा० ५ २ ४०— किमिदम्भ्यां वो घ " के अनुसार इन सर्वनामों स परे वतुप् प्रत्यय के व् का घ् अर्थात् इय बन जाता ह ।

४७ पा० ६ ३ ९०—'इदङ्किमोरीश्की'' के द्वारा दृश् दृश तथा वतुप से पूर्व इदम् का इ और किम् का की बनता है और पा० ६ ४ १४८ (टि ४) के द्वारा अजादि प्रत्यय से पूर्व इन के अन्तिम ईकार का लोप हो जाता है ।

४८ पा० ५ २,४१—किम सख्यापरिमाणे इति च ॥

४९ पा० ५ २ ३९ पर वार्तिक-(काशि०)—वतुप्प्रकरणे युष्मदस्मद्भ्यां छन्दसि सादृश्य उपसख्यानम् ॥

५० पा० ३ २ ६०—त्यदादिषु दृशोऽनालोचने कञ्च । इस पर वार्तिक (काशि)—समानान्ययोश्चेति वक्तव्यम् । दृशे क्सश्च वक्तव्य ॥ इस सूत्र पर काशि०— तादृगादयो हि रूढिशब्दप्रकारा नवात्र दर्शनक्रिया विद्यते '। दृश् इत्यादि स पूर्व सर्वनामों के आकारान्त तथा ईकारान्त आदेश के लिये दे० टि० ४६ तथा ४७ ॥

५१ पा० ५ ३ ९२—किंयत्तदो निर्धारणे द्वयोरेकस्य डतरच ॥

५२ पा ५,३ ९३—वा बहूनां जातिपरिप्रश्ने डतमच् ॥

५२क पा० ५ ३ २३ २६—प्रकारवचने थाल् । इदमस्थमु । किमश्च । था हेतौ च छन्दसि । दे० टि० ५७ ॥

५२ख पा० ५,३,१११—प्रत्नपूर्वविश्वेमात्थाल् छन्दसि ॥

५३ पा० ४ ३ १ २ ॥ ऋ १ ३९ ८ के भाष्य में युष्माकाभि के व्याख्यान में सायण कहता है कि छान्दस होने के कारण आदि अच् की वृद्धि नहीं की गइ ह । ऋ० के भाष्य में अस्माक- की रूप-रचना पर विचार करते हुए सायण एक स्थल (१ ९७ ३) पर कहता है— छान्दसो

ऽप्यलक्षणस्य लोपः । संज्ञापूर्वकस्य विधेरनित्यत्वाद् वृद्ध्यभावः." और अन्यत्र (५,१०,६) कहता है— "छान्दसत्वाद्णो लोपः" ।

५४. पा० ५,३,३-५—इदम इश् । एतेतौ रथोः । एतदोऽन् (नि० कौ० तथा महाभाष्य), परन्तु काशि० में "एतदोऽश्" पाठ मिलता है । पाश्चात्य विद्वान् अ और इ को पृथक् प्रातिपदिक मानते हैं; दे० अनु० १६८ ।

५५. पा० ५,३,६—सर्वस्य सोऽन्यतरस्यां दि ॥

५६. पा० ७,२,१०४—कु तिहोः ॥

५७. पा० ५,३ १ पर वार्तिक ४—त्यदादिविधयश्च ॥ इस सूत्र पर काशि०—"तसिलादीनां विभक्तित्वे प्रयोजनं त्यदाद्यत्वविधयः, इदमो विभक्तिस्वरश्च ॥" पा० ५,३,१ के अनुसार, ५,३,२ से ५,३,२६ तक परिगणित प्रत्यय—तसिल्, त्रल्, ह, दा, दानीम्, हिं, था, थाल् इत्यादि—विभक्तिसंज्ञक हैं ।

५८. पा० ५,३,७-८—पञ्चम्यास्तसिल् । तसेश्च ॥ 'तसि' प्रत्यय के लिये दे० पा० ५,४,४४-४९ ॥ तसि-प्रत्ययान्त के अन्तिम अक्षर पर उदात्त रहता है, परन्तु तसिल्-प्रत्ययान्त शब्द के प्रत्यय से पूर्ववर्ती अक्षर पर उदात्त रहता है ।

५९. पा० ५,३,९—पर्यभिभ्यां च ॥

६०. पा० ५,३,१०—सप्तम्यास्त्रल् ॥

६१. पा० ५,४,५६—देवमनुष्यपुरुषपुरुमर्त्येभ्यो द्वितीयासप्तम्योर्बहुलम् ॥

६२. पा० ५,३,११.१३—इदमो हः । वा ह च च्छन्दसि ॥

६३. पा० ५,३,१२—किमोऽत् ॥ ७,२,१०५—क्वाति ॥

६४. पा० ५,३,१५—सर्वैकान्यकिंयत्तदः काले दा ॥

६५. पा० ५,३,२०—तयोर्दार्हिलौ च च्छन्दसि ॥

६६. पा० ५,३,१६.१८ १९.२१—इदमो र्हिल् । दानी च । तदो दा च । अनद्यतने र्हिलन्यतरस्याम् ॥ दे० टि० ६५ ॥

६७. पा० ५,३,२७-२९—दिक्शब्देभ्यः सप्तमीपञ्चमीप्रथमाभ्यो दिग्देश-

कालेष्वस्ताति । दक्षिणोत्तराभ्यामतसुच् । विभाषा परावराभ्याम् ॥ दे० पा० ५ ३ ३० ३१ ४१ ॥

६८ पा० ५ ३ ३७ ३८—आहि च दूरे । उत्तराच्च ॥

६९ पा० ५ ३ ३४—उत्तराधरदक्षिणादाति ॥ दे० पा ५,३ ३२-३३—पश्चात् । पश्च पश्चा च छन्दसि ॥

७० पा० ५ ३,३५-३६—एनबन्यतरस्यामदूरेऽपञ्चम्याः । दक्षिणादाच् ॥ दे० Ved Gr pp 428-29 Skt Gr pp 409 10

७१ पा० ४,२,३८—भिक्षादिभ्योऽण् ॥

७२ पा० ४ २,४३—ग्रामजनबन्धुसहायेभ्यस्तल् ॥

७३ पा० ५ ३ ८५ ८० ९६ ९७ ५ ३ ७५ ८२ ॥

७४ Skt. Gr pp 476 77 Ved Gr p 138 Ved Gr Stu p 262 Gr Lg Ved p 172 उदाहृत शब्दों के अर्थों के लिये दे० SPW WZR MWD

७५ Ved Gr, p 138

७६ पा० ४ ४ १४२—सर्वदेवात्तातिल् ॥

७७ पा० ४,४ १४३—शिवशमरिष्टस्य करे ॥ इस पर काशि — 'शिवं करोतीति शिवतातिः ।'

७८ पा० ४,४,१४४—भावे च ॥

७९ पा० ५ ४,४१—वृकज्येष्ठाभ्यां तिल्तातिलौ च छन्दसि । इस पर काशि०— प्रशंसायामित्येव । वृकज्येष्ठाभ्यां प्रशंसोपाधिकेऽर्थे वर्तमानाभ्यां यथासंख्यं तिल्तातिलौ प्रत्ययौ भवतश्छन्दसि विषये । स्वार्थेऽपवाद । वृकतिः । ज्येष्ठतातिः ।' सि० कौ० में भट्टोजि दीक्षित इन दोनों प्रत्ययों का प्रयोग स्वार्थे में मानते हैं और सि कौ० के स्वार्थे के व्याख्यान में तत्त्वबोधिनी टीका का प्रणेता ज्ञानेन्द्रसरस्वती कहता है— प्राशस्त्यविशिष्टे स्वार्थ इत्यर्थ '। ऋ० २ ३४ ९ के भाष्य में वृकताति का व्याख्यान करते हुए सायण वृक के साथ भी स्वार्थ में ताति प्रत्यय का प्रयोग मानते हुए कहता है— वृकतातिं आदाता वृक । वृक आदाने ।' वृकज्येष्ठाभ्यां तिल्तातिलौ च छन्दसि' इति स्वार्थिकस्तातिप्रत्यय । परन्तु

काशि० तथा सि० कौ० के अनुसार, वृक के साथ ति (तिल्) और ज्येष्ठ के साथ ताति (तातिल्) प्रत्यय का प्रयोग होता है। ऋ० ४, ४१,४ के भाष्य में सायण ने वृकति का व्याख्यान "अतिशयेनादाता" किया है। वा० सं० ७,१२ में आने वाले "ज्येष्ठतातिम्" के भाष्य में महीधर तथा उवट भी इस पाणिनीय सूत्र के ताति प्रत्यय का प्रयोग विकल्प से प्रशंसा के अर्थ में मानते हैं, यथा महीधर कहता है— "प्रशस्तो ज्येष्ठो ज्येष्ठेषु प्रशस्यो वा ज्येष्ठतातिः"।

८०. ऋ० १,३४,५; ३,१९,१ २.४ इत्यादि में देवताति- का व्याख्यान। ऋ० ३,५४,११ में सर्वताति- का व्याख्यान। ऋ० ५,४४,१ तथा अ० ६,३९,१ में ज्येष्ठताति- का व्याख्यान।

८१. ऋ० १०,६०,८ में अरिष्टताति- का व्याख्यान। अ० १९,४४,१ में शंताति- का व्याख्यान। दे० टि० ७७-७८।

८२ ऋ० १०,१३७,४; १०,९७,७ अरिष्टताति- का व्याख्यान। ऋ० ८, १८,७, १,११२,२० में शंताति- का व्याख्यान।

८३. ऋ० ६,१२,२, १०,१००,१ इत्यादि में सर्वताति- का व्याख्यान। ऋ० १०,१११,४ में सत्यताता का व्याख्यान। वा० सं० ७,१२ में ज्येष्ठताति- का व्याख्यान।

८४. ऋ० १,१०६,२, ५,६९,३, ६,१५,१८, १०,७४,३; ९,९६,४, ६,५६, ६, इत्यादि में सर्वताति- का व्याख्यान। ऋ० १,१२८,२; १,५८,१, १,९५,८; ४,६,१ ३ ९, १,१४१,१०, ९,९६,३, ८,७४,३; १०,८,२, इत्यादि मे देवताति- का व्याख्यान।

८५. Skt Gr., pp 144 477, Ved. Gr , p. 138.

८६. ऋ० १०,१११,४ (सत्यताता), १,१५१,५ (उपरताति), २,३४, ९ (वृकताति); ८,२६,३, ७,१८,१९, तथा ७,५७,७ में सर्वताता; ४,४,१४ (सत्यताति), ९,९६,३ तथा ९,९७,१९.२७ में देवताति, १०,८,२ तथा ८,७४,३ में देवताति।

षष्ठोऽध्याय.

INDIA OF VEDIC KALPA SŪTRAS

By

Dr RAM GOPAL, M A Ph.D

Royal Octavo pp xvi–504 Cloth bound Rs 35 00

REVIEWS AND OPINIONS

The Journal Asiatique Paris (reviewed by Prof L. Renou) Dr Ram Gopal s work is precious on account of abundance of facts well classified and very well interpreted Each text quoted is accompanied by a precise reference many translations have been improved and concordances with the Arthaśastra and the Smṛtis have been furnished In brief it is a work of reference that completes the Vedic Index of Macdonell and Keith which as we know rarely went up to Kalpa

The Journal of American Oriental Society The book is a storehouse of information on pre Buddhistic India

The Hindu Madras The book is a mine of information about the conditions of the people of pre Buddhistic and post Vedic periods The author is a deep and erudite research scholar as will be seen from the extensive quotations given by him from published and unpublished books

Prof T Burrow Oxford University You have done a very thorough piece of work and I shall find it most useful as a book of reference

Dr P V Kane National Professor of Indology Your documentation is good and notes are exhaustive As far as it goes your work is a creditable performance

Dr J Gonda University of Utrecht (Holland) Your book India of Vedic Kalpa Sūtras is a very learned and useful achievement which in my opinion will prove to be of great value not only to every student of Veda but also to students of Indian History Law and Sociology It is a worthy complement to Mr P V Kane s famous History of Dharmaśastra and a modern continuation of such books as Zimmer s Altindisches Leben It will be a mine of information for many years

East and West Rome (reviewed by Prof G Tucci) When the author comes to the contents of the Sūtras the rituals the social conditions the samsakaras the ornaments the marriag ceremonies the system of Government economic life etc he fully shows his mastery of the subject his very extensive information his acquaintance with the researches of his predecessors Indians as well as Europeans Therefore to my mind this is a digest of the Sūtras which [illegible] be consulted with great profit